डा. निगम शर्मा
एम.ए., पी.एच.डी.

ऋक्सूक्त

मंजरी

स्टूडेन्ट स्टोर, बरेली

ऋक्-सूक्त मञ्जरी

(RIKH-SUKTA-MANJARI)

वैदिक-साहित्य विषय को लेकर भारत के प्रमुख-विश्वविद्यालयों के
पाठ्य-क्रमों के अनुरूप ऋक् सूक्तों की सरल-सुबोध
व्याख्या तथा अथर्व-वेद का पृथिवी-सूक्त,
व्याख्या सहित।

व्याख्याकार--

डा० निगम शर्मा, एम० ए०, पी०-एच० डी०,
साहित्याचार्य, स्वर्ण-पदक प्राप्त,
रीडर-अध्यक्ष, संस्कृत-विभाग,
गुरुकुल-कांगड़ी, विश्वविद्यालय,
हरिद्वार [उ० प्र०]

स्टूडेन्ट स्टोर, रामपुर बाग, बरेली

प्रकाशक :

स्टूडेन्ट स्टोर,

रामपुर बाग, बरेली।

प्रथम संस्करण १९८२

भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये नियन्त्रित मूल्य के कागज पर मुद्रित।

मूल्य :

मुद्रक :

दया प्रिंटिंग प्रेस खुर्जा।

प्राक्कथन

वेद-साहित्य की सांस्कृतिक-गरिमा को देखते हुए विश्व के विश्वविद्यालयों ने यथा रुचि उचित पाठ्य-क्रम को अपनाया है। बीस वर्ष से अध्यापन करते-करते अपने अनुभव तथा छात्रों की कठिनाई के समाधान के लिए यह पाठ्य-क्रम मैंने बनाया है। आशा है, छात्र तथा विद्वान् विद्या-रसिक उपाध्याय महानुभाव इस ऋक्-सूक्त-मंजरी को अपना प्यार तथा सहानुभूति देंगे।

इस पुस्तक के प्रकाशन में अनेक विपत्तियां तथा कठिनाइयां आयीं पर आयुष्मान अजय कुमार जी ने बड़ी धीरता और सहृदयता के साथ उन समस्त कठिनाइयों पर विजय प्राप्त की। मैं उनकी सराहना करता हूँ तथा आशा करता हूँ कि उनका 'स्टुडेंट स्टोर' उत्तर-भारत में अपना श्रेयस्कर स्थान प्रकाशन-संस्थान के रूप में प्राप्त कर लेगा।

इस पुस्तक के छपने में अनेक अशुद्धियां आ गयी हैं। मेरी व्यस्तता तथा स्थानीय समस्यायें इनमें प्रमुख कारण हैं। प्रार्थना करता हूँ, विद्वान् और कृपालु पाठक उन अशुद्धियों से तथा उचित परामर्श से कृतार्थ करें ताकि दूसरी आवृत्ति में वे दोष दूर किये जा सकें तथा इस ऋक्-सूक्त-मंजरी को प्रगुण-गन्ध से सुरभित बनाया जा सके।

—निगम शर्मा

विषयानुक्रमणी

ज्ञान - 10 - 71
सुदासयुद्ध 7 - 83
[illegible] - 10 - 98
नदीसूक्त - 3 - 33
धनान्नदान - 10 - 117
श्रद्धा - 10 - 151
वरुण - 7 - 88
सूर्य - 1 - 115

[सूर्य तथा सुदासयुद्ध को [illegible]]
अश्विनी 7 - 71

आमुखम्

ऋग्वेद विश्व-साहित्य में अपना पूज्य एवं प्रतिष्ठित स्थान रखता है। भारतीय-संस्कृति का आदि स्रोत होने के कारण भारती-भाषा और पूजा के लिए प्राण-प्रद प्रतिष्ठा का हेतु है। इसी कारण भारत के सभी विश्वविद्यालयों ने संस्कृत-विभाग में ऋग्वेद को प्रमुख-स्थान दिया है। विश्व के अन्य विश्व विद्यालयों में भी ऋग्वेद के पठन-पाठन की विशेष व्यवस्था है। भाषा-विज्ञान, साहित्य-समीक्षा, रस-सिद्धान्त, नट्‌य-विद्या, गणित-काण्ड, उपनिषत्, ज्योतिष्, दर्शन, समाज-शास्त्र आदि विषयों को लेकर गहनता के साथ अब तक ऋग्वेद के अध्ययन तथा गवेषणा में जिज्ञासा वृत्ति रही है।

ऋग्वेद से संकलित इन सूक्तों में उत्तर भारत के प्रायः सभी विश्व-विद्यालयों के पाठ्य क्रम को अपनाकर रक्खा गया है। मंत्र-व्याख्या में भारतीय परम्परा के प्रमुख भाष्यकार सायणाचार्य, ऋषिदयानन्द का विशेष ध्यान रक्खा गया है। मंत्रार्थ को छात्रों के लिए सुखद—सरल भाषा में किया गया है। जहाँ कहीं कठिन अपरिचित से शब्द आये हैं उनकी निरुक्त-प्रक्रिया का सम्मान करते हुए अर्थ निकाला गया है। टिप्पणी में व्याकरण-प्रक्रिया से व्युत्यत्तिलम्प अर्थ का निर्देश किया गया है और हिन्दी में मन्त्रार्थ को अच्छे ढंग से समझा दिया गया है। मत्रों के ऋषि, देवता और छन्दों पर भी संक्षेप में टिप्पणी दे दी गई है। छात्रों की वेदाध्ययन की ओर रुचि और प्रवृत्ति हो, इस कारण भाषा-प्रवाह और सरसता का पूरा ध्यान रक्खा गया है और दुरूह वाक्यों को सरल कर दिया है।

गौ, गातु, स्वसर, दोषावस्तः आदि ऐसे शब्द हैं जिनकी प्रकरण, देवता आदि विषयों को देखते हुए मंत्रार्थ की संगति में अर्थ किया गया है इससे सहृदय पाठक को प्रसन्नता और सन्तोष होगा।

पाश्चात्य व्याख्याकार मैक्डानल, पटिर्सन ग्रिफिथ आदि के उपयोगी विचारों को यत्र तत्र स्वीकार किया गया है पर कहीं-कहीं अनभिमत विचार को सकारण अस्वीकार कर दिया गया है। गौ का अर्थ केवल 'गाय' नहीं है। कालिदास ने रघुवंश में गौ शब्द का 'केश' अर्थ में प्रयोग किया है। अथास्य गोदान विधेरनन्तरम्' रघु २—३३, टीकाकार मल्लिनाथ ने कहा है गावो, लोमानि केशा दीयन्ते खण्डयन्ते इति गोदान विधिः केशान्त संस्कारः। इसी प्रकार भारतीय परम्पर में गोपाल तथा गोस्वामी (तुलसीदास) में महान् अन्तर है। निरुक्तकार यास्क ने किरण, वाण पृथ्वी, आदि विशाल अर्थों में गो शब्द का प्रयोग उदाहरण के साथ प्रदर्शित किया है।

(१) मंत्रार्थ-प्रक्रिया

बृहद्देवता में १–८० पर लिखा कि नाम को यथावत् जाने-समझे बिना मंत्रार्थ अधिगत नहीं हो सकता—'न हि नामान्य विज्ञाय मंत्राः शक्या हि वेदितुम्'।

इस मंत्रगत रहस्य को जानने के लिए महर्षि यास्क ने जो शैली अपनायी है तथा पदगत रहस्य को अभिव्यक्त करने की जो दिशा दी है वह गूढार्थ के चिन्तन में दत्त चित्त मनीषियों के लिए उद्घाटनद्वार का कार्य करती आ रही है। भारतीय परम्परायोग-वेदान्त की प्रक्रिया, पुराण-मन्थन, आयुर्वेद-ज्योतिष् व्याकरण आदि सम्प्रदाय, काव्य-साहित्य मर्म आदि विषय इस महान् वेद-राशि की किंचिद्-उन्मेष-विवक्षामात्र है। हम यहाँ कुछ शब्दों की अर्थ-मीमांसा पर प्रकाश डालना इस प्रक्रिया की दिशा में उचित समझते हैं—द्यौः शब्द दिन, प्रकाश, द्युलोक आदि का बाचक है- लक्षणा वश स्वर्ग, आकाश आदि भी समझा जा सकता है, दीप्त, विजिगीषु शत्रु के लिए भी प्रयोग हुआ है। ४–८७–४ में 'अश्वैः के साथ 'नृभिः' प्रयोग हुआ है। अतः गतिशील मानव अर्थ अधिक उचित होगा। ५–५६–१ में 'अश्वान्' के लिये सायण ने 'उदय संघातान्' अर्थ सुसंगत ही किया है। इसी प्रकार मेघ के लिए 'वृक्ष' शब्द का प्रयोग ५–५४–६ में हुआ है। २–३४–६ में मेघ के लिए 'धेनु', १०–२७–७ में यतयः प्रयोग हुआ है। इस प्रकार ऋग्वेद में नाना प्रकार से विविध अर्थों में शब्द प्रयुक्त हैं। धातुज-अर्थ की मीमांसा के साथ लाक्षणिक तथा प्रकारणिक दृष्टिकोण को भी व्यवस्थित तथा सुरक्षित रखना चाहिये।

उपनिषदों तथा ब्राह्मण ग्रन्थों में भी इस प्रकार की अर्थ-मीमांमा की गई है—वाग् वा अग्निः, प्राणा वा आदित्याः, अहम् अन्नम्, पुरुषो वा यज्ञः, जारः अग्निः आदि प्रयोग कुशल मानव बुद्धि को एक लम्बे समय से आमंत्रित करते आ रहे हैं। इस समाज नेतोमुख वृत्ति का अभिप्राय यही है कि छात्र अथवा उपाध्याय की अपनी उपासना-निष्ठा क्या है? और कहाँ तक है। वाक् की महिमा और ममत्व में असक्त व्यक्ति के लिए यही परम उत्कृष्ट उपदेश है कि इस अनादिनिधना वाक् को ब्रह्माभिन्न रूप में अभ्यास करें पर पुनः प्रश्न उठता है कि यह वाक् भी संकल्प रूप में मन में अधिष्ठित है अतः 'मनोवा ब्रह्म' की श्रुति का प्रतिसचार हुआ और यह मन कहां अधिष्ठित है? परे प्राण में। अतः ब्रह्म तथा विशाल होने से प्राण ही ब्रह्म हुआ और फिर यह तो कहना ही है कि 'परे ब्रह्मणि सर्व एकी भवन्ति।'

(२) वैदिक-भाषा

भाषा—रूप की दृष्टि से लौकिक संस्कृत और वैदिक संस्कृत में कुछ अन्तर है। हमें सावधानी से देखने पर यह भेद अच्छी प्रकार से समझ में आ जाता है और अभ्यास करते रहने से वेद-साहित्य सुगम हो जाता है। वैदिक भाषा बहुत ही सरल, सुगम्य और स्वाभाविक है। लयात्मक ढंग से गाया जा सकता है। चिन्तन करते रहने से वेद-रस का माधुर्य अपने आप प्रकट होने लगता है।

वेद—साहित्य के पाठकों की कठिनाई को ध्यान में रखते हुए कुछ सामान्य नियम निवेदित हैं—

देवाः, जनाः के स्थान पर देवासः, जनासः आदि का प्रयोग भी होता है। संस्कृत के समान प्रायः सन्धियाँ हो जाती हैं पर कहीं-कहीं सन्धि नहीं भी होती—तितउ, प्रउग, गो ओपशा, गो ऋजीक आदि। संस्कृत में तुमुन् के स्थान पर 'असे, असेन्, कसे, कसेन्० आदि अनेक प्रत्यय लग सकते हैं। ग्रामं गन्तुम् के स्थान पर गन्तवे, गमध्यै, सर्तवे आदि प्रयोग मिलते हैं। अलङ्कृत भाषा में बोलने के लिये न, चित्, इव, नु आदि प्रयोग हुए हैं। वाक्यों में सौन्दर्य लाने के लिये किल, स्मत्, कुवित्, नु, हिं, सवट् आदि प्रयोग किये गये हैं। उपसर्गों का प्रयोग क्रिया से पूर्व भी हो सकता है और उपरान्त भी ; और कहीं-कहीं व्यवधान देकर भी प्रयोग हुए हैं। पुल्लिंग द्विवचन के प्रयोग में लोक-भाषा में रामौ, बालकौ आदि प्रयोग बनते हैं पर वेद में कहीं-कहीं 'आ' ही रह जाता है—दस्रा, नासत्या, जत्रिष्ठा, रोहिता आदि। संस्कृत भाषा के सभी नियम लगते भी हैं और नहीं भी लगते। 'त्वा' के स्थान पर 'त्वाय' हो जाता है—दत्त्वा, दत्वाय। कहीं-कहीं 'त्वी' प्रयोग भी होता है—स्नात्वी, पीत्वी (स्नात्वा, पीत्वा)। क्रिया के बहुवचन 'मस्' के स्थान पर मसि हो जाता है—भञ्जयामः, दीपयामः = भञ्जयामसि, दीपयामसि) ध्वम् के स्थान पर ध्वात् प्रयोग भी होता है—वारयध्वम्, वारयध्वात्। त के स्थान पर तात् का प्रयोग, जैसे कृणुत—कृणुतात्, खनत-खनतात् कहीं-कहीं पर तप्, तनप्, तन, थन आदि प्रयोग मिलते हैं—शृणुत-शृणोत, सुनुत-सुनोत, धत्त-दधातन, जुषत—जुजुष्टन, यदिच्छत—यदिष्ठन आदि। कहीं-कहीं तृतीया लुप्त सी दीखती है—धीती, मती, सुष्टुती—धीत्या, मत्या, सुष्टुत्या।

क्रियाक्षर कहीं-कहीं लुप्त से रहते हैं—तत्त्वा यामि (याचामि) द्वितीय बहुवचन आन् के स्थान में आत् का प्रयोग जैसे ताद् ब्राह्मणात्—तान् ब्राह्मणान्। यूयं, वयम् के स्थान पर 'या' का प्रयोग जैसे—उरुया, धृष्णुया = उरुणा, धृष्णुना। कहीं-कहीं 'इया' भी जैसे—उर्विया, दार्विया—उरुणा, दारुणा। सुक्षेत्रिया, सुगात्रिया—सुक्षेत्रिया, सुगात्रिणा। भाषा में घ्नन्ति का प्रयोग होता है पर वेद में 'घ्नन्ति'

का भी । शेते के स्थान पर शयते का भी प्रयोग होता है। वेद में एक पृथक् लेट् लकार भी होता है—भवति, भवाति, जोषिषत्, तारिषत् आदि। अकरत्, अमरत्, अदरत् (अदारीत्) आदि प्रयोग भाषा सौष्ठव को प्रकट करते हैं। लुङ्, लङ् और लिट् प्रत्यय प्राय: सभी कालों में प्रयुक्त होते हैं। 'स दाधार पृथिवीम्' आदि प्रयोगों में क्रिया-व्यापार मात्र लिया जाता है। कृत्यार्थ प्रयोगों में तवै, केन्, केन्य और त्वन् आदि प्रत्यय होते हैं— अन्वेतवै—अन्वेतव्यम्, परिधातवै—परिधातव्यम् नावगाहे—नावगाहितव्यम्, दिदृक्षेण्य:—दिदृक्षितव्यम्, शुश्रूषेण्य:—शुश्रूषितव्यम्, कर्त्वम्—कर्त्तव्यम्, नावचक्षे—नावख्यातव्यम्। संस्कृत में 'सदा' के स्थान पर सनम्, सदमित्, सना आदि प्रयोग होते हैं। सभ्य के स्थान पर सभेय का भी प्रयोग होता है। नपुंसक लिंग बहुवचन में वनानि—वना, धनानि—धना आदि प्रयोग भी होते हैं।

इस प्रकार धातु, संज्ञा और पदों के लिंग, वचन और कारकों के दृष्टि से बहुल प्रयोग हुए हैं। इस व्याख्या के साथ स्थान और अवसर देख कर ऐसे शब्दों के वैदिक रूप पर संकेत दे दिया गया है। पाणिनि, यास्क तथा प्रातिशाख्य ग्रंथों में इन पर विस्तार से विचार हुआ है।

(३) वैदिक वाङ्मय

वैदिक साहित्य का अपना एक विशिष्ट स्थान तथा मञ्जुल भण्डार है। चारों वेद (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद) ब्राह्मण-ग्रन्थ (ऐतरेय, शतपथ, ताण्डय, गोपथ) उपवेद (अर्थवेद, धनुर्वेद, गन्धर्व वेद और आयुर्वेद) आरण्यक ग्रन्थ, उपनिषदें आदि के रूप में हमारा विशाल वैदिक-साहित्य विस्तृत और अलंकृत है। चारों वेदों को अङ्ग और शाखाओं सहित अध्ययन की परम्परा पुराकाल से चली आ रही है।

ऋग्वेद का स्वरूप

ऋग्वेद १० मण्डलों में विभक्त है। प्रत्येक मंडल सूक्तों में तथा सूक्त मंत्रों में व्यवस्थित हैं। पूरे ऋग्वेद में १०२८ सूक्त हैं। इन सूक्तों में प्राय: एक गोत्र अथवा परिवार के सदस्यों द्वारा दृष्ट-प्रचारित मंत्र हैं। आरम्भ के मण्डलों में मधुच्छन्दा, गृत्समद, कण्व, विश्वामित्र, वामदेव, अत्रि, भरद्वाज, वसिष्ठ और इनके वंशज ऋषि हैं।

मंत्रों में नाम की व्याख्या क्रिया-व्यापार को देखते हुए धातुज-व्याख्या के साथ करनी चाहिये। स्वर, संस्कार, अर्थ-स्थिरता के साथ मन्त्रार्थ स्फुट होता है।

ऋग्वेद को अष्टक, अध्याय और वर्ग के रूप में भी विभाजित किया गया है पर इस रूप का प्रचार कम हुआ है। शाकल और वाष्कल ऋषियों को उक्त प्रकार से ऋग्वेद को विभाजन की प्रसिद्धि मिली है।

ऋग्वेद की भाषा अतीव सरल, सरस तथा प्रभावोत्पादक है। छन्द, लय, स्वरों के आरोह-अवरोह में भाषा का यान्त्रिक सौष्ठव अत्यन्त प्रशंसनीय है। प्रत्येक मंत्र तन्त्री स्वर के साथ अनुरूप स्वरों में गाया जा सकता है। प्रत्येक छन्द का अपना अनुध्वनित स्वर है।

काव्य सौन्दर्य—काव्य सौंदर्य की दृष्टि को "ऋग्वेद में काव्य-तत्त्व" ग्रन्थ में अभिव्यक्त किया गया है। अन्य भी पूर्व तथा पश्चिम के गहन विवेचकों ने ऋग्वेद के काव्य तत्व पर प्रकाश डाला है। उपाख्यान कथोपकथन, दूत-काव्य, प्रकृति-चित्रण, नायकवाद आदि की दृष्टि से ऋग्वेद एक रत्नाकर ग्रन्थ है। सरमा-पणि संवाद, उर्वशी—पुरुखा, दाल्भ्य, अगस्त्य—लोपामुद्रा, विश्वामित्र—नदी सम्वाद, अदिति—इन्द्र संवाद आदि बहुत ही गहन-स्थान साहित्य-मर्मज्ञों के समक्ष रखते हैं।

संग्राम भूमि में असुरों के साथ भयावह युद्ध में अदिति अपने पुत्र इन्द्र को प्रोत्साहन देती हुई कहती है—'पुत्र ! सावधान रहना, देवगण तुम्हें छोड़ते जा रहे हैं—

अथाब्रवीद् वृत्रमिन्द्रो हनिष्मन्
सखे विष्णो वितर विक्रमस्व ॥ ४·१८·११

कितना ओजस्वी बन्ध है ? पर्जन्म सूक्त, इन्द्रसूक्त इस प्रकार के ओजस्वी वर्णन के सुन्दर उदाहरण हैं। मरुत्सूक्त, अग्निसूक्त, वरुणसूक्त तथा उषः सूक्त में काव्य-सौष्टव का अतीव मार्मिक-स्पर्श मिलता है। प्रथम मण्डल के ६५ से ७८ तक के सूक्तों में उपमा-चमत्कार अतीव सजीव है।

स्वर संस्कार—वेदाध्ययन में स्वरों का मुख्य महत्त्व है। बहुत से शब्द स्वर महिमा के कारण अर्थान्तर में अतिक्रमण कर जाते हैं। एक भ्रातृव्य शब्द भतीजा तथा शत्रु वाचक केवल स्वर-महात्म्य से जाना जाता हैं। यदि स्वारित भ्रातृव्य शब्द है तो भतीजा अन्यथा आद्युदात्त होने पर भ्रातृव्य शत्रु वाचक होगा। इसी प्रकार कर्त्ता (लुट लकार=कल करेंगे) तथा कर्त्ता (तृच्=करने वाला)। गर शब्द विषवाचक अन्तोदात्त है और जलवाचक गरम् आद्युदात्त रहेगा। घञान्त प्रत्यय प्रायः अन्तोदात्त होते हैं, त्यागः, रागः, पाकः। वेग, वेद, वेष्ट और बन्ध शब्द करण में अन्त

दात्त तथा भाव और अधिकरण में आद्युदात्त रहेंगे। चित् प्रत्यय वाले समुदाय को अन्तोदात्त होगा मेदुरः, उच्चकैः, बहुपटुः। सु के अनन्तर क्त प्रत्यय अन्तोदात्त होता है—सुकृतम्।

जिस पर स्वर विधान किया जाय, उसे छोड़कर शिष्ट पदों में अनुदात्त होता है। नीचे पड़ी रेखा लगाकर (क) हम अनुदात्त की सूचना देते हैं। जहाँ पर ऊपर खड़ी लकीर लगी हो उसे स्वरित (क) कहते हैं। तित् प्रत्ययान्त स्वरित होता है कार्यम्; चिकीर्ष्यम्। ञित् और नित् प्रत्यय आदि उन्दात्त होते हैं—गार्ग्य।

निवास वाचक क्षय शब्द आद्युदात्त होता है पर विनाश अर्थ में अन्तोदात्त। क्षयः।

विशेष विवरण तथा जानकारी के लिये फिट् सूत्र तथा पाणिनि मुनि की अष्टाध्यायी के स्वर विधायक सूत्रों से सहायता लेनी चाहिये।

एक देवोपासना

एक देवपासना—ऋग्वेद में विधि देवों के नाम आते हैं। इससे बहुत से पाठकों को चाहे वे इस देश के हो अथवा अन्य देश के, एक भ्रान्ति-सी हो उठती है कि वेदों में नाना देवों की उपासना-पद्धति है।

वास्तव में ऐसा नहीं है। वस्तु-महात्म्य को देखकर वस्तुगत गुण का ख्यापन ही वेद को इष्ट रहा है। इस प्रकार वस्तुगत सौंदर्य अथवा वस्तु निष्ठगुण का सूक्ष्म-निरीक्षण करा देना ही इष्ट रहा है पर साथ ही वह भी इष्ट है कि उस वस्तु में जो कुछ वैभव है वह एक ब्रह्म की ही विभुता का परिचायक है। सुरेश्वराचार्य ने कहा है कि यह अस्ति-भाति-प्रीणाति रूप ब्रह्म के ही अस्ति-भाति प्रीणाति रूप का अनुव्याख्यान है। 'तेरी सत्ता के बिना हे प्रभु मंगल मूल' कह कर भाषा कवियों ने भी इसी तथ्य को दुहराया है। स्वयं ऋग्वेद में 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति' १—१६४—४६ ऋष्टि, मित्र, इन्द्र, वरुण आदि रूपों एक ही ब्रह्म की उपासना की प्रक्रिया को सिद्ध दर्शाया गया है। १०—९०—९ में भी यही प्रतिपादित किया गया है कि उसी यज्ञ रूप परमात्मा से ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामदेव तथा अथर्ववेद की उपस्थिति मानी गयी है।

बृहदारण्यक उपनिषद् १—४—६ में समझाया गया है कि 'यह जो कहा गया है कि, "इसे यजन करो, इसकी पूजा करो, यह एक-एक की पूजा नहीं है। यह तो एक उसी अखिलाधार की पूजा है।"

मंत्रार्थ--निर्वचन

उत त्वं सख्ये स्थिरपीतमाहु—
नैनं हिन्वन्त्यपि वाजिनेषु।
अधेन्वा चरति माययैष वाचं—
शुश्रुवाँ अफलामपुष्पाम् ॥ ऋ' १०-७१-५

मंत्रार्थ में शब्द प्रक्रिया की वैज्ञानिक गति-विधि तथा प्रकरण-परम्परा के प्रति आदर बुद्धि के साथ व्याख्या करनी चाहिये। षडङ्ग में शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष् आते हैं। अपने-अपने क्षेत्र में इनका महत्व है। और इनका प्रगुण-ज्ञान वेदार्थ की समीक्षा में संगत आधार प्रस्तुत करता है। वेद (४) अङ्ग (६) पुराण, मीमाँस, धर्मशास्त्र तथा न्याय (४)=१४ इन चतुर्दश विद्याओं में कुशल पुरुष को ही प्रवीण कहा गया है। वैदिक ऋषि शरीर को ही वीणा (वाण) मान कर चलते हैं। अति कर्षण से वीणा टूट जाती है और अकर्षण से शिथिल पड़ जाती है। अच्छी वीणा तन्त्रीलय समन्वित होकर गन्ध वं बलिका की भाँति कल-मधुर आलाप से गृह को पूजित और गुंजारित करती है इसी प्रकार नियम-बद्ध संयत शरीर ऐश्वर्य सम्पन्न तथा अध्यात्म-रस से पूजित और पूरित होकर गुणानुरणन में अन्तः करण को पवित्र बनाता है।

'सखिविदं सखायम्' (तै० आ० २—१५) में वेद-मंत्र को सखा कहा गया है। वेद रूप वाणी की मैत्री में स्थित होकर स्थिरता के साथ अर्थामृत का पान माना गया है। वेद वाणी ही देवों के साथ दिव्य-मैत्री का लाभ दिलाती है। पीतामृत व्यक्ति ही दिव्यत्व को प्राप्त करने में आनन्दित पौरुष प्राप्त करता है। ऐसे सभा-प्रगल्भ व्यक्ति को 'वाजिनः' (वाचाम् इनाः ईश्वराः वाजिनाः, तेषु वाजिनेषु) कहा गया है। अन्य सभी वाणियाँ पुष्प-फल रहित लताओं के समान रुक्षता, नीरसता और समाज में, शुष्कता उत्पन्न करती हैं। वागर्थ में सन्निविष्ट धर्म ही वाणी का पुष्प और ब्रह्म-ज्ञान ही उसका फल है। सामान्य रूप से भी वाग्-लता का पुष्प-स्थानीय शब्द और अर्थ उसका फल है। जिस प्रकार पुष्प फलोत्पादक हेतु है उसी प्रकार वेद के वचन से धर्म-ज्ञान उत्पन्न होता है और वही धर्मज्ञान ब्रह्म के विषय में जिज्ञासा की भावना उत्पन्न करता है। 'यज्ञ दान तपः कर्म पावनानि मनीषिणाम्' कहकर गीता ने भी इसी अनुष्ठान की प्रतिष्ठा की है। जिस प्रकार फल तृप्ति का हेतु है इसी प्रकार ब्रह्म-ज्ञान भी कृतकृत्यता का निष्पादक है। इस प्रकार के पुष्प-फल से रहित व्यक्ति अपनी माया-धेनु के साथ विचरण करता है। नव-प्रसूत गौ प्रीति का प्रीति पालन करने से धेनु (धिनोति इति) कहलाती है। केवल उलटे-सीधे पाठ मात्र करने वाले व्यक्ति तो माया-गौ के साथ विचरण करते हैं। यह गौ वास्तविक गौ नहीं है। यह तो इन्द्र जाल वाले व्यक्ति के द्वारा रचित कपट रूप गोसदृश है। इस माया-गौ से परम पुरुषार्थ की सिद्धि नहीं हो सकती। न तो यथार्थ धर्मफल मिलता है और न तो ब्रह्म-ज्ञान की निष्पत्ति ही हो पाती है।

व्याकरण शास्त्र और निरुक्त शास्त्र शब्दार्थ निरुपण में बहुत सहायता करते हैं। निर्वचन के साथ-साथ देवों के विषय-विवेचन में यास्क ऋषि ने बहुत अच्छे ऊंचे आधार प्रस्तुत किये हैं। इसी कारण आचार्य शंकर ने निरुक्त-शास्त्र की देव-शास्त्र कहकर सराहना की है। छन्दः शास्त्र तथा काव्य-शास्त्र के लिए भी प्रेरणप्रद स्रोत वेद से अधिगत होते हैं।

धर्म—देवों के विषय में श्रद्धावनत होकर उनकी स्तुति-उपासना, यज्ञ-सम्पादन ही ऋग्वेद का मुख्य-विषय है। मंत्रों के जहां स्तुति-विधान किया गया है वहाँ इस बात की भी प्रेरणा मिलती है कि उन-उन देवों के गुणों पर ध्यानानुचिन्तन किया जाय। इससे व्यवहार की भी दीक्षा मिलती है। सत्य-सम्पादन तथा उनके पालन के लिए ऋग्वेद के ऋषि अधिक तत्पर तथा जागरूक दीखते हैं। ४-२४-९ में कहा गया है कि मान लीजिये कोई व्यक्ति अधिक मूल्य देकर तुच्छ-स्तर का वस्त्र क्रय करके ले गया मार्ग में वह सोच में पड़ जाता है कि यह सौदा तो घाटे का रहा। अब वह पुनः उस वस्तु को लौटा कर उत्तम वस्त्र पाने की इच्छा से दुकान पर जाता है। ऋग्वेद का कहना है कि अब कुछ नहीं हो सकता। पहले ही देख-परख तथा चयन करके वस्त्र आप ले गये थे अब उसे परिवर्तन नहीं किया जा

सकता । अर्थान्तरन्यास के माध्यय से वेद-सूक्ति है—दीन हो या दक्ष, अपनी-अपनी वाणी का सम्मान तो करना ही चाहिये । मंत्र है—

भूयसा वस्नमचरत्कनीयो—
ऽ विक्रीतो अकानिषं पुनर्यन् ।
स भूयसा कनीयो नारिरेचीद्—
दीना दक्षा विदुहन्ति प्रत्राणम् ।। ऋ० ४·२४·६ ।।

ऋग्वेद की यह मान्यता है कि सोम--पान करने से अपूर्व आनन्द की यह तथा अमरता की प्राप्ति होती है । देव गण ऋषियों द्वारा सम्पादित यज्ञ में सोम-रस का पान करते हैं और ऋषिगण अपनी मनीषा से उमा-सहित महेश्वर (उमया सहितं सोमम्, उमया सहितं महेश्वरस्य अनुध्यानम्) के आनन्द दयान चित्तन में सोम-रस का आनन्द लेते हैं । देवगण सदा मानव के उपकार में संलग रहते हैं । ओषधि-वनस्पतियों में रस भरना, वर्षा तथा पर्वतीय नदियों द्वारा कृषि को उपजाऊ बनाना, पृथ्वी को रोग-शोक से मुक्त रखना, हानिकारक वस्तुओं और शक्तियों का निवारण करना तथा मनुष्य को प्रेय-श्रेय से सम्पन्न करना उनका काम है । मनुष्य भी अपने शारीरिक अभ्मुदय, मानसिक विकास तथा आत्मिक शान्ति एवम् आनन्द के लिए इन वैदिक शक्तियों का सहारा लेते हैं । एक ही विश्वविधायिनी परा शक्ति के अनत्र रूप में यह देवगण उपस्थित तथा प्रतिष्ठित हैं ।

आजीविका—ऋग्वेद में निर्दिष्ट मंत्रों में नाना प्रकार से आजीविका के सम्पादन के लिए प्रेरण दी गयी है कृषि-कार्य की प्रशंसा और सराहना की गयी है। औषधियां, हिरय-अलङ्कार, स्वर्ष, अयस्कान्त (चम्बक), तथा कृषि-कार्य में आने वाले नाना प्रकार के उपकरणों का विवरण तथा वर्णन ऋग्वेद में मिलता है । वस्त्र उद्योग, मूंज, चक्की, रस्सी, कूप तथा जल-निकास के बारे में संकेत मिलते हैं वीणा, वाद्य, नृत्य, संगीत, आलेख्य, केश-प्रसाधन आदि ललित कलाओं का भी निर्देश किया गया है । जंगली पशुओं के पालन, युद्ध आदि का भी वर्णन यत्र तत्र मिलता है । भोज्य पदार्थों में दूध-घृत, गेहूं, चना, शाक, फल आदि के निर्देश दिये गए हैं । गुण-कर्म और स्वभाव के अनुसार चारों वर्ग अपने-अपने ढंग से आश्रम व्यवस्था के नियमों का पालन करते थे । नाना प्रकार से सुन्दर गृह-निर्माण की व्यवस्था तथा योजना का पता ऋग्वेद में चलता है । उन शालाओं को निर्मित करने वाले कारु या शिल्पी कहलाते थे । ब्रह्म तथा आन्तरिक आक्रमण अथवा कलह को दूर करने के लिए राज शक्ति के निर्माण तथा व्यवस्था का संकेत दिया गया है यह राजा प्रजा से ही चुना जाना चाहिये तथा राष्ट्र धर्म को चलाने के लिए इसकी पृथक् अपनी संसद् होनी चाहिये ।

समाज—ऋग्वेद द्वारा निर्दिष्ट समाज कृपाल उदार तथा यज्ञ-निष्ट है । आस्तिक, धर्म से रुचि रखने वाला तथा सेवा परायण है । स्त्रियों के प्रति उचित श्रद्धा तथा सम्मान का आग्रह किया गया है तेज स्वी, युद्ध-कौशल से युक्त, अनु

शस्त्र सज्जा यथा नाना प्रकार के आयुधों को वर्णन देखकर लगता है कि शरीर और समाज की रक्षा के लिए उच्चतम आर्य-चेतना दी गयी है। रथ, अश्व, सारथि, धनुर्बाण तथा अंकुश, वज्र आदि का ओजस्विता के साथ वर्णन किया गया है। राष्ट्र-भावना, स्वराज्य की अर्चना, पृथ्वी की स्तुति, भाई-बहन, पति-पत्नी, पिता-पुत्र, वैद्य-रोगी, आर्य-शत्रु का बड़े विवेक के साथ वर्णन देखकर ऋषियों के व्यापक और विशाल दृष्टिकोण का पता चलता है। द्विपद्-चतुष्पद सभी प्राणियों के साथ सद्भाव से रहने की दीक्षा दी गयी है।

विज्ञान—ऋग्वेद के विषय में प्राचीन ऋषियों की साक्षी देकर ऋषि दयानन्द ने नाना प्रकार के विज्ञान-उपलब्धियों की ओर संकेत किया है। नौका, विमान, जलयान आदि के विषय में मन्त्रों के माध्यम से उच्च मनीषा का पता चलता है। आकाश में स्वच्छन्दता से विचरण करने वाले पक्षियों को मानव के उड़ने की प्रक्रिया में प्रेरणाप्रद स्रोत कहा गया है।

'वेदा यो वीनाँ पदमन्तरिक्षेण पतताम्।

वेद नावः समुद्रियः ॥ १·२५·७ ॥

औषधि—वनस्पतियों द्वारा चिकित्सा के विषय में बहुत ऊंची तथा अच्छी जानकारी दी गयी है। ऋभु लोग उच्च कोटि के शिल्पी थे। त्वष्टा ने ही इन्द्र के लिए संहारक शक्ति वाला वज्र बनाया है। अश्वि कुमारों की ओषधि-विज्ञान के विषय में बड़ी प्रशंसा की गयी है। केवल इतना ही, नाना प्रकार की शल्य-चिकित्साओं में भी अश्वि कुमारों की अत्यधिक ख्याति है। ज्योतिष्-शास्त्र के विषय में भी बहुत से संकेत और निर्देश मिलते हैं। बहुत से वैज्ञानिक इस विषय में एकमत हैं कि सूक्ष्म रूप से वेद मंत्रों में नाना प्रकार के विज्ञानों का रहस्य वर्णित है जिसकी व्याख्या और गवेषणा की आवश्यकता है।

मानव की बोध-मीमांसा की प्रक्रिया में ऋग्वेद का स्थान सर्वोपरि है। यह ज्ञान का आदि स्रोत तो है ही, इसकी उपलब्धि-प्रेरणा की दृष्टि से भी इसका महत्व है। संसार की समग्र सभ्य जातियाँ अपने आदि पूर्वजों की रीति-नीति, समाज व्यवस्था, राजनीतिक-विचार, सृष्टि-प्रक्रिया आदि विषयों को जानने के लिए ऋग्वेद का अध्ययन-मनन आवश्यक समझती हैं।

ऋग्वेद के अनुशील से ज्ञात होता कि इसमें मानव-ज्ञान की गहन-अनुभूति, भौतिक-ज्ञान के प्रेरणा-प्रद स्रोत तथा आत्मा सम्बन्धी गवेषणा के बारे में ऋषियों का महान् उत्साह परिलक्षित होता है। ऋग्वेद के ऋषि उच्च कोटि के मानवतावादी और सृष्टि-रहस्य के प्रगल्भ व्याख्याता प्रतीत होते हैं। भारतीय परम्परा के सूत्रकार, उपनिषत्कार तथ विभिन्न सम्प्रदायों के आचार्य वेदों के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट करते हैं और ईश्वर-वाक्य कहकर ऋचाओं की व्याख्या करते हैं।

रचना-काल—भारतीय परम्परा के आचार्य ऋग्वेद को अपौरुषय वाणी मानते हैं। शब्द का ज्ञान से अविनाभाव सम्बन्ध है और ईश्वर सर्वज्ञ तथा दयालु

है। मानव कल्याण के लिए वेद रूप प्राप्त यह एक अक्षय-कोष है। पाश्चात्य विद्वान् भी ऋग्वेद की भाषा, ज्ञान तथा प्रतिपाद्य-विषय को लेकर एक लम्बे समय से रुचि-कर गवेषणा तथा व्याख्या करते आ रहे हैं। स्वाभाविक है कि मानव-जीवन के लिए अन्य उपकरणों के समान ऋग्वेद के भी रचना-काल, प्रतिपाद्य-विषय, ऋषि-वेद-छन्द आदि विषयों पर अपना चिन्तन प्रस्तुत करें।

१—मैक्समूलर ने वेदों की रचना और काल के विषय में प्राचीन-संस्कृत-साहित्य' में अपने विचार अभिव्यक्त किये हैं। उनका कहना है कि तथागत बुद्ध का समय ईसा से ५०० वर्ष पूर्व का है। अतः ८०० ई० पू० से ६०० ई० पू० को सूत्रकाल, १०००—८०० ई० पू० तक मन्त्र-काल, १२००—१००० ई० पू० तक ब्राह्मण-काल तथा १२००० ई० पू० से प्रथम वेदों का अविभवि काल है। यह काल आनुमानिक है। आगे विभिन्न प्रकार की आलोचनाओं के प्रारम्भ होने पर मैक्स-मूलर ने स्वयं अपना विचार बदल दिया और घोषण की कि वेदों की रचना के सम्बन्ध में निश्चित निर्धारित समय नहीं दिया जा सकता।

२—मैक्डालल ने वेदों की रचना को ईसा की १३वीं शताब्दी से पहले का माना है। इन्होंने 'वैदिक--रीडर' की भूमिका में यह निर्देश किया है कि अवेस्ता की भाषा ८०० ई० पू० से लेकर ५०० ई० पू० तक की प्रतीत होती है। यदि देखा जाय तो वेद की भाषा को अवेस्ता की भाषा के रूप में अवतारित होने के लिए लगभग ५०० वर्ष की आवश्यकता पड़ सकती है। इस प्रकार वेदों की रचना का काल ई० पू० १३ सौ से पूर्व का निश्चित होता है।

मैक्डालल के इस मत की भी बड़ी समीक्षा की गयी और अन्त में इस मत को कल्पनाश्रित ही ठहराया गया क्योंकि यह कहना कठिन है कि अवेस्ता की भाषा ८०० ई०—पू० से ५०० ई० पू० के बीच की है और यह कहना तो नितान्त तुच्छ है कि ऋग्वेद की भाषा केवल ५०० वर्षों में ही अवेस्ता की भाषा के रूप में आ गयी।

३—जैकोबी ने तारा, नक्षत्र एवं ग्रहों की स्थिति पर गहन छान-बीन करके ऋग्वेद के काल के विषय में अनुसन्धान किया है। उनका कहना है कि विवाह-प्रकरण में 'ध्रुव इव स्थिरा भव' कल्प-सूत्रों के इस कथन से ध्रुव की स्थिरता तथा प्रकाश शालिता की सूचना उस समय की है जब कि ध्रुव उस समय अधिक स्थिर माना गया है। यह काल ईसा से २७०० वर्ष पूर्व का माना जा सकता है। ऋग्वेद की रचना इससे बहुत ही प्राचीन हैं। इस प्रकार जैकोबी ने ऋग्वेद की रचना का समय ईसा से ४५०० पूर्व निर्धारित करने की चेष्टा की है।

४—शंकर बालकृष्ण दीक्षित ने शत० ब्रा० २-१-२ को उद्धत करते हुए अपने ढंग से व्याख्या करने की चेष्टा की है। उनका कहना है कि उस समय कृतिका-नक्षत्र पूर्वी बिन्दु से कुछ हट कर उत्तर की ओर उदित होता है। पूर्वीय बिन्दु पर कृत्तिका नक्षत्र के रहने का समय ईसा से २५०० वर्ष पूर्व में लगभग था। इस प्रकार शतपथ ब्राह्मण का समय ईसा से लगभग २५०० वर्ष पूर्व निर्धारित हो जाने से ऋग्वेद का

का समय निर्धारित ज्योति विज्ञान के सहारे किया जा सकता है। ऋग्वेद ब्राह्मण-ग्रंथों से बहुत ही प्राचीन रचना है। अत: ऋग्वेद का समय ईसा से ३५०० वर्ष से पूर्व ही होना चाहिये। इधर नहीं।

श्री दीक्षित ने एक तर्क और प्रस्तुत किया है। उनका कहना है कि शतपथ ब्राह्मण के समय में कृत्तिका नक्षत्र पर वसन्त-सम्पात था। तब से अब तक साढ़े चार नक्षत्र पीछे हटकर पूर्वाभाद्र पद के चतुर्थ चरण पर है। वसन्त-सम्पात के साढ़े चार नक्षत्र पीछे हटने में लगभग ४½ सहस्र वर्ष लगे हैं क्योंकि उसके एक नक्षत्र पीछे हटने में लगभग ९७२ वर्ष लगते हैं। निष्कर्ष यह निकला कि शतपथ ब्राह्मण की रचना आज से ४½ सहस्र वर्ष पूर्व अथवा ईसा से लगभग ३००० वर्ष पूर्व की है। इस प्रकार भी वेदों की रचना ३५०० ई० पू० से पूर्व की है।

५—लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने भी ज्योति विज्ञान के ही आधार पर ऋग्वेद की काल-गणना के विषय में अपना चिन्तन प्रस्तुत किया है। अपने 'ओरायन' ग्रन्थ में वसन्त-सम्पात के मृगशिरा और पुनर्वसु नक्षत्रों पर स्थित होने का वर्णन किया है। यह समय लगभग ६००० ई० पू० पर पड़ता है। वैदिक ऋचाओं का रचना-काल यही हो सकता है। श्री तिलक ने अपने अध्ययन को प्रस्तुत करते हुए यह व्यवस्था दी है कि अदिति-काल अर्थात् ६००० से ४००० ई० पू० में वसन्त सम्पात अदिति देवता वाले पुनर्वसु नक्षत्र पर था। यही काल वैदिक युग का आदि-काल माना जा सकता है। द्वितीय मृगशिर: काल ४००० ई० पू० से २५०० ई० पू० के मध्य का काल रचना-विकास की दृष्टि से यह काल बहुत महत्व का है। २५००—१४०० ई० पू० में वसन्त-सम्पात की स्थिति कृतिका-नक्षत्र पर थी। यह काल विभिन्न संहिताओं तथा ब्राह्मण ग्रन्थों की रचना का काल है। अन्तिम काल अर्थात् १४०० ई० पू० से ५०० ई० पू० तक विभिन्न कल्प सूत्रों तथा दर्शन सूत्रों की रचना हुई होगी।

इस प्रकार तिलक जी ने वेदों की रचना का समय ईसा से ४००० सहस्र वर्ष पूर्व निर्धारित करने का प्रयास किया है।

६— श्री अविनाशचन्द्र ने भी वैदिव—समय के निर्धारण में प्रयास किया है। उनका कहना है कि ऋग्वेद में चार ससुद्र का वर्णन मिलता है।[1], एक ऐसे समुन्द्र का भी वर्णन मिलता है जिसमें सरस्वती तथा सिन्धु नदियां गिरती थीं।[2] यह समुद्र अब विद्यमान नहीं है। भूगर्भ-शास्त्र के विद्वान् राजपूताना-

---

१— राय: समुद्रां श्चतुरो ऽस्मभ्यं सोम विश्वत: ।
आ पवस्व सहस्रिण: ।। ९· ३३·६ ।।

२— एकाचेत सरस्वती नदीनां ।
शुचि र्यती गिरिभ्य आ समुद्रात् ।
राम श्चेतन्ती भुवनस्य भूरे-
र्घृतं पयो दुदुहे नाहुषाय ।। ऋ· ७· ९५·२ ।।

समुन्द्र की स्थिति ईसा से २५००० वर्ष पूर्व मानते हैं। इस कारण ऋग्वेद की रचना का समय ईसा से लगभग पच्चीस सहस्र वर्ष पूर्व का होना चाहिये।

इस प्रकार वेदों की रचना काल को लेकर विविध प्रकार से गवेषणा की जा रही है पर यह निरधारित नहीं किया जा सका कि निश्चित समय क्या हो सकता है। भारतीय भाष्यकार स्कन्द, सायण और दयानन्द आदि वेदों को अपौरुषेय तथा सृष्टि क्रम के आदि में ही वेदों का प्रादुर्भाव मानते हैं। दार्शनिक तथा उपनिषद् ग्रन्थों में वेदों को और वेदो के द्वारा प्रतिपाद्य ब्रह्म को निरन्तर अभ्यास में लाना निष्कारण-धर्म माना गया है। जो लोग काल-गणना की दृष्टि से समय निर्धारण की वात कहते हैं 'उनका भी कहना है कि ऋग्वेद मानव-सभ्यता की प्राचीनतम थाती है। साहित्य रूप में सुरक्षित इससे पुराना कोई ग्रन्थ नहीं है। अतः मानव-सभ्यता की मूल ऐतिहासिक सामग्री यहीं कहीं सुरक्षित है तो वह ऋग्वेद ही है।

४-- वेदों के भाष्यकार

प्रारम्भ में ऋषियों के गहन-विषय को देखते हुए वेद की व्याख्या को महत्व न देकर उसे गुरु-शिष्य परम्परा में अभ्यास का विषय मान इसी कारण व्याकरण की परम्परा वाले ऋषियों ने केवल वेद को समझने के लिए ही व्याकरण का परम प्रयोजन प्रतिपादित किया। निरुक्त-शास्त्र भी अति परोक्ष वृत्ति के शब्दों की प्रकृति-प्रत्यय के अनुसार अन्वख्यान किया। इसी प्रकार शिक्षा कल्प और छन्दः शास्त्र तथा ज्योति शास्त्र की प्रवृति वेद-मूलक तथा वेद तक पहुंचा के लिए सोपान रूप में निर्धारित की गयी ।

इसके अतिरिक्त अथवा अवान्तर भूत गणित-साहित्य-रसायन-भूत-रस-क्ष राजनीति-अर्थ-आयुर्वेद आदि विद्यायें भी वेद के आश्रित अथवा वेद को ही समझ के लिए बनी।

ऋषियों का मत है कि समस्त विद्यायें वेदों का ही उपव्याख्यान मात्र वे सभी विद्यायें सूत्र रूप में कह दीं गयीं हैं जिनका उपव्याख्यान इस दुर्गम्य शास्त्र में किया गया है। सभी शास्त्र अपनी गरिमा का वर्णन करते हुए प्रतिपादन कर हैं। कि यदि वेद को समझना है तो हमारे शास्त्र को समझो। योग-विद्या अ वेदान्त विद्या तो वेद-चिन्तन का ही चरण लक्ष्य है।

वेदों की व्याख्या का प्रारम्भ हम ब्राह्मण ग्रन्थों, उपनिषदों और आरण्यक-ग्रन के माध्यम से पाते हैं। इस समय उपलब्ध सामग्री में यास्क का निरुक्त सबसे अधि आदरणीय समझा जाता है। यास्क ने बहुत से मंत्रों की व्याख्या की और मंत्र-व्याख्या का प्रकार समझाया, साथ ही वेदों देव-वाद को सुरुचि और भव्यतापूर्ण ढंग समझने के कारण प्राचीन शास्त्रों में निरुक्त को देव-शास्त्र भी कहा जाने लगा महर्षि यास्क ने अपने से पूर्ववर्ती गार्ग्य, गालव, वार्ष्यायणि कौत्स, शाकपू आदि व्याख्याकारों का नाम बड़ी श्रद्धा से अपने शास्त्र में अन्वित किया है।

कहा जाता है कि रावण ने भी वेद -भाष्य किये थे पर यह सामग्री अब उपलब्ध नहीं है। उपलब्ध भाष्यकारों में स्कन्द स्वामी का नाम पहले आता है

इन्होंने लगभग विक्रम के ६८७ वर्ष उपराना ऋग्वेद पर भाष्य लिखा था। यह यह भाष्य कुछ खण्डित रूप में अब भी मिलता है। आचार्य सायण ने स्कन्द स्वामी का नाम कहीं-कहीं अपने भाष्य-ग्रन्थों में दिया है ।

स्कन्दस्वामी के अनन्तर वेंकट माधव, आनन्दनीर्थ, महधिर, उव्वट, हलायुध देवस्वामी और सायण आदि भाष्यकार हुए हैं। इस शताब्दी में पिछली परम्परा की मान्यता रखते हुए ऋषि दयानन्द ने यजुर्वेद का पूरा तथा ऋग्वेद के सातवें मण्डल के कुछ सूत्रयों तक भाष्य-रचना की ।

सायणाचार्य—प्राचीन भाष्यकारों में सायण का स्थान बहुत ऊंचा है। १४ वीं शताब्दी में विजयनगर महाराज बुक्क तथा हरिहर के राज्यकाल में प्रधानमंत्री रहे ।राजनीति में भारी उथल-पुथल के रहने पर भी इसी भाष्य-रचना का कार्य अबाध रूप से चलता रहा। यह बड़े शौर्य और श्रेय का कार्य था। चारों वेदों और ब्राह्मणों पर इनके भाष्य ग्रन्थ के उपलब्ध हैं ही, इनके अतिरिक्त भी इन्होंने बहुत से ग्रन्थों की रचनायें की हैं ।

ऋग्वेद पर इनका भाष्य बहुत ही गहन, बुद्धि-ग्राह्म एवं प्रमाणिक आधारों पर आधारित है। व्याकरण निरुक्त तथा प्राचीन परम्परा के ग्रन्थों साक्ष्य में इन्होने अपने भाष्य को बहुत ही सुबोध तथा भारतीय परम्परा के अनुरूप ही किया है। धातुज अर्थों की निष्पत्ति के साथ कर्म काण्ड को सायण बहुत महत्व देते हैं। सायण में पूर्ण आचार्यत्व की सृष्टि है। वे एक ही शब्द की प्रकरणानुसार सूक्त और देवता का ध्यान रखते हुए अनेक अर्थों की स्वीकृति प्रदान करते हैं और पौराणिक आख्यानों मूल रूप का वेदों में प्रतिपादन करते हैं। आश्चर्य है कि वेदों में इतिहास की मान्यता को स्वीकार करते हुए भी वेदों को अपौरुषेय मानते हैं।

आचार्य सायण ने प्राचीन भाष्यकारों की परम्परा की रक्षा की तथा आगे आने वाले भाष्यकारों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने ।

सायण के अनन्तर वेद भाष्यकारों में सर्वोच्च नाम ऋषि दयानन्द का आता है। इनका जन्म टंकारा गुजरात में १८८१ वि० में हुआ था। बाल्यावस्था में ही सच्चे शिव की गवेषणा में निकल पड़े । निष्ठावान् और व्रत में दृढ़ रहने के कारण विविध गुरुओं से विद्याओं में प्रगल्भता प्राप्त की । अन्त में मधुपुरी (मथुरा) में गुरु विरजानन्द से दीक्षा लेकर वेदों के प्रचार में लग गये ।

ऋषि दयानन्द ने ऋषियों को प्रामणिक आधार मानते हुए अवान्तर के भाष्यकारों की आलोचना की। अपनी ऋषित्व बुद्धि से मंत्रों की वैज्ञानिक और अध्यात्मिक भावना से सुबोध भाषा में व्याख्या प्रस्तुत की ।

ऋषि दयानन्द के भाष्य की विशेषता—

(१) वेदों की अनादिता का सिद्धान्त प्रतिपादित किया ।

(२) ब्राह्मण-ग्रन्थ तथा मीमाँसा में जो विषय सूक्ष्य रूप से थे उन्हें स्पष्ट रूप से प्रतिपादिल किया ।

(३) वेदों में लौकिक इतिहास का अभाव सिद्ध किया।

(४) वेदों के शब्द यौगिक और योगरूढ़ हैं, रुढ़ नहीं, यही आधार-शिला है।

(५) उपनिषद, सूत्र ग्रन्थों के उदाहरण तथा उपपत्ति से सिद्ध किया कि अग्नि आदि शब्द परमात्मा के लिए प्रयुक्त हुए हैं।

(६) अलङ्कार सामग्री के द्वारा अर्थों का स्पष्टी करण किया —वरुण के समान उपदेशक, मित्र के समान अध्यापक, उषा के समान कान्तिप्रद महिला आदि होनी चाहिये।

(७) वेदार्थ लौकिक-उपयोग में लाकर अनेक प्रकार के व्यवहार की शिक्षा का सूत्रपात किया।

(८) वैदिक उपासना के प्रचार से पुन: एकेश्वरवाद की स्थापना तथा अभयता का उपपादन किया।

(९) वैज्ञानिक-चिन्तन के लिए एक बड़ी देन।

(१०) यास्क के अनन्तर देवताओं के स्वरुप एवं प्रभाव की स्पष्ट व्याख्या तथा आलोचना की।

(११) व्याकरण-प्रक्रिया एव निर्वाचन के सम्मान की रक्षा की।

(१२) मंत्र, देवता, छन्द आदि की स्पष्ट व्याख्या करके वेदों के प्रति आस्था उत्पन्न करायी।

(१३) स्वरों की महत्ता की स्थापन करके मंत्रार्थ करने में स्वरों के योगदान को कृतज्ञता के साथ स्वीकार किया।

(१४) 'ऋषयों मन्त्रद्रष्टार:' का प्रचार करके ऋषियों को मत्र कर्तव्य से प्रथक किया।

(१५) भाषा-विज्ञान के लिए नवीन आधार प्रस्तुत किया।

(१६) शब्द के भीतर शब्दात्मा को देखने में अपूर्व ऋषित्व का परिचय दिया।

(१७) भाष्य करते हुए शब्दों के धातुज-अर्थ की मीमांसा की।

(१८) सर्व सत्य-विद्याओं का मूल स्रोत वेदों को ही स्वीकार किया।

(१९) अग्नि वरुण, इन्द्र, आदि शब्दों को पारिभाषिक-शब्द मानकर प्रसंगानुसार अर्थ-मीमांसा की है। अध्यात्म सम्बन्धी अर्थों की जिज्ञासा और मीमांसा करते हुए उनके भौतिक अर्थ-विकास पर भी ध्यान दिया गया है। प्रकाश, आकर्षण, दाहकत्व, अन्धकार (अज्ञान) के विनाशक रूप में अग्नि को प्रतीक रूप से स्वीकार किया गया है। इसी प्रकार ऐश्वर्य, वीज, भेदक 'मेघ-विदारक, आवरण-का विदारण करने वाला, तम को निवारण करने वाला, मेघ रूप में जल को घनत्व रूप देने वाला, गौ (इन्द्रिय, वाणी, जल, किरण, वीणा, गौ, वाण, वेणु आदि) में प्रखरता और निखार लाने वाला आदि अर्थ माना है। इसी प्रकार गुण दृष्टि से अन्य देवताओं की प्रक्रिया के अनुसार अर्थ किया है।

अशोक कुमार शर्मा एम० ए०

(२०) वेद में पुनरुक्त आदि उपस्थित होने पर व्युत्पत्ति के साथ उनकी काव्यगत सौन्दर्य दिखाते हुए अर्थ-चमत्कार दिखाया गया है साथ ही यह बताया गया है कि अनेकार्थक-प्रक्रिया के साथ अलंकृत रूप में प्रयुक्त हुए हैं।

(२१) मंत्रों के पद पाठ की सुलभ योजना तथा उपयुक्त अन्वय के साथ अर्थ-निर्धारण किया गया है।

(२२) भारतीय-परम्परा एवं चिन्तन की पूर्ण रक्षा तथा गरिमा दी।

(२३) वेद को सरल-सुगमार्थ करके सर्वसाधारण के लिए उपयुक्त और अनिवार्य बना दिया।

(२४) दैहिक, भौतिक राजनैतिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, आदि सभी प्रकार की उन्नति और विकास के लिए वेद को ही सर्वाङ्गीण उपाय सिद्ध किया और तर्क, प्रमाण तथा युक्तियों से सिद्ध कर दिया कि वेद अपौरुषेय-रचना है जो कि सृष्टि के आदि में ही मनुष्यों के विकास और कल्याण के लिए ऋषियों के माध्यम से ईश्वर की ओर से प्राप्त हुई है।

पाश्चात्य भाष्यकार

वैज्ञानिक युग के इस प्रखर प्रकाश में वेदों का प्रचार भी बहुत हुआ। रेल, तार, विमान तथा अन्य-अन्य देशों के साथ व्यवसाय के माध्यम से भाषाओं और विविध साहित्य-ग्रन्थों की आलोचना प्रारम्भ हुई। वेदों के बारे में जर्मन, फ्राँस, रूस और इंगलैंड आदि देशों में महत्वपूर्ण ग्रन्थ लिखे गए। वेदों के प्रकाशन तथा प्रचार में पाश्चात्य विद्वानों का बहुत बड़ा सहयोग रहा है।

कोल ब्रुक ने १८०५ ई० में 'एशियाटिक रिसर्चेज' में वेदों पर विवेचनात्मक लेख लिखे। उनके लेखों का पाश्चात्य जगत् में बहुत प्रभाव पड़ा।

एडोल्फ रॉथ ने इससे प्रोत्साहित होकर वेदों के बारे में अपनी गवेषणा प्रारम्भ की इन्होंने सायण आदि भाष्यकारों की व्याख्या को अग्राह्म ठहराया। इनका कहना था कि सायण आदि भारतीय भाष्यकार केवल परम्परावादी हैं जबकि हमारे पास भाषा विज्ञान का उपकरण उपस्थित है। उन्होंने एक ही शब्द को विविध स्थानों पर खोज करके उचित अर्थ की मीमांसा पर बल दिया। साथ ही विश्व की अन्य भाषाओं में वह शब्द कहां पर किस अर्थ में प्रयुक्त है, यह देखना आवश्यक माना। इस प्रकार सूक्ष्म एवं तुलनात्मक अध्ययन की प्रक्रिया का श्रेय रॉथ को प्राप्त है। इन्होंने वेद-अवेस्ता में शब्द-साम्य के साथ अर्थ की मीमांसा की और 'सेंट पीटर्स वर्ग' नाम से संस्कृत जर्मन कोष की रचना की। इस ग्रन्थ को इस युग में बहुत प्रशंसा प्राप्त है।

रॉथ तथा उनके शिष्यों ने इस प्रकार अनेक प्रकार से वैदिक भाषा का अनुमन्थन करके 'भाषा-विज्ञान' को जन्म दिया। इस प्रकार भाषा-विज्ञान ने भी ·दिक मन्त्रार्थ के विश्लेषण में बड़ी सहायता दी।

वैदिक-साहित्य के आलोचना में मैक्समूलर का भी बड़ा योगदान रहा है। सायण भाष्य का शुद्ध रूप में प्रकाशन करके इन्होने बड़ा श्रेय अर्जित किया है। वे स्वयं अपने को मोक्षमूलर आक्सफोर्ड नगर को गोतीर्थनगर कहते और लिखते थे। जर्मन देश को इन्होंने शर्मण्य देश लिखा है। इस प्रकार संस्कृत भाषा और भारत के प्रति इनकी श्रद्धा जानी जा सकती है।

इस प्रकार आफरेक्ट, प्रो० ह्राग, किडनर, स्टेंजलर, हिलब्रांट, ह्विटने आदि विद्वानों ने पश्चिम में वेद का प्रचार प्रसार का कार्य किया।

अंग्रेज विद्वान् विलसन ने सायण भाष्य को प्रमाण में मानकर ऋग्वेद का अंग्रेजी में अनुवाद किया। प्रसिद्ध जर्मन विद्वान ग्रासमान ने ऋग्वेद का जर्मन में अनुवाद किया उनका अनुवाद काव्यमय तथा आर्कषक है। इन्होंने एक 'वैदिक-कोष' का भी निर्माण किया जिसको बड़ी प्रशस्ति मिली। लुडविग ने भी सायण भाष्य को प्रमाण में मानकर ऋग्वेद का भाष्य जर्मन भाषा में प्रकाशित कराया। श्री ग्रिफिथ ने भी ऋग्वेद का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इस अनुवाद को भी बड़ी सराहना मिली। ओल्डेन वर्ग ने ऋग्वेद की व्याख्या की, जो दो भागों में बर्लिन से प्रकाशित हुई। ऋग्वेद के छन्दों पर भी इनकी विवेचन-पुस्तक उपलब्ध है।

इनके अतिरिक्त वेबर, आर्नाल्ड, श्रोदर, क्लायेर, कीथ, स्टेवेंसन, वर्नेल, विंटरनित्स, ब्लूमफील्ड, मैकडानल, पीटर्सन आदि विद्वानों ने भी वैदिक साहित्य के प्रचार में अपना महान् योगदान किया है। वेदों के प्रचार में जनरल ओटो का भी महान् योगदान माना जाता है। हम इन महान् मनीषी साहित्यकारों के प्रति अपनी प्रशंसा तथा कृतज्ञता प्रकट करते

(५) वेदों के देवता

७७

(१) इन्द्र—प्रभाव और क्षमता की दृष्टि से इन्द्र सर्वोपरि देवता माने जाते हैं। सर्वातिशायी विष्णु को भी 'उपेन्द्र' अर्थात् इन्द्र का छोटा भाई कहकर सराहा गया है। इन्द्र देवताओं के अधिराज हैं। पृथ्वी की रक्षा का भी भार इन्द्र पर ही है जो अपने मरुद्गण के सहारे युद्धों में रण-कौशल दिखाते हुए विजय प्राप्त करते हैं। मरुद्गण की सराहना 'इन्द्र मरुत्वान्' कह कर की जाती है।

आकार, आहार, वेष-भूषा, आयुध परिवार आदि की दृष्टि से अन्य देवताओं की अपेक्षा इन्द्र मानव-समाज के अति सन्निकट हैं। इन्द्र का सुन्दर वर्ण है। सुन्दर नासिका और चिबुक होने से इनको 'सुशिप्र' या 'शिप्री' कहा गया है। मस्तक पर मुकुट धारण करते हैं। सुन्दर ग्रीवा, चौड़ी छाती, भरे हुए उभरे शरीर, समाङ्ग,

विशाल-नयन तथा देदीप्यमान कलेवर के कारण इन्द्र को पृथक् पहचाना जा सकता है।

इन्द्र ऐश्वर्य और ज्योति के देवता है। विद्युत की गड़गड़ाट में इन्द्र के बल-वैभव को जाना जा सकता है। रण में दुर्मद-कार्य करने से इन्हें जिष्णु और प्रभविष्णु माना गया है। इन्द्र सोम-पान में अपनी तुलना नहीं रखने अतएव इन्हें 'सोमया' कहते हैं। सर्वदा ही अपने वज्र सदृश हस्त में वज्र धारण करते हैं, इस कारण इन्हें वज्रबाहु और वज्रहस्त कहा गया है। वृत्र का वध करने से इनका प्रसिद्ध नाम वृत्रहा हैं। शक्ति का स्वामी होने से इन्हें शचीपति और शक्र तथा शतक्रतु कहा गया है। अरि-नगरियों का विदारण करने से इनको पुरभित् अथवा पुरन्दर कहते हैं।

इन्द्र का रथ स्वर्णिम है। इस रथ का निर्माण ऋभुओं ने किया था। त्वष्टा ने इन्द्र के लिये सहस्त्र भृष्टि (अनेकों नोक वाले) वज्रका निर्माण किया। इन्द्र के घोड़े हरे रंग के हैं अतः इन्हें 'हरी' कहा गया है। अग्नि और पूषा को इन्द्र का भाई कहा गया है। वरुण, विष्णु, सोम भी इन्द्र के मित्रों और सहायकों में आते हैं। इन्द्र अथक युद्धाभ्यासी हैं। एक बार पणि नामक असुरों ने गायें चुरा लीं तब इन्द्र ने देवशुनी सरमा के द्वारा इसका पता लगा लिया और गायों का उद्धार किया।

वास्तव में ऊपर कही गयी विशेषतायें इन्द्र के प्राकृतिक और आध्यात्मिक रूप को अधिक चित्रित करती हैं। पाणिनि ने कहा है कि इन्द्रियों का अभिमानी देव होने से इन्द्र को इन्द्रत्व की श्री मिली है। मेघ का विदारण करके रुकी हुई जल धाराओं (गायों) का लाना ही इन्द्र द्वारा वृत्र-वध है क्योंकि वृत्र उसे कहते हैं जो वरण=आवरण करे। इसी कारण मेघ अथवा अन्धकार अथवा अज्ञान को आवरक वृत्र कहा गया है और वृत्रहा इन्द्र इनका विदारण करके सूर्य को ज्योतिष्मान् तथा आत्मा को योग-ज-समाधि से उमंगित करते हैं गौ उदक, किरण. पृथ्वी वाणी आदि का पर्याय है और इस प्रकार सर्वत्र इन्द्र का इन्द्रत्व प्रदर्शित हो जाता है।

इन्द्र ही ऊष्मा उत्पन्न करके वृष्टि करते हैं अतः वृष्टि के देवता इन्द्र हैं। किसानों के पूज्य इन्द्र हैं क्योंकि पृथ्वी में उत्पन्न करके इन्द्र ही बोये गए बीजों को प्रस्फुटित तथा अंकुरित करते हैं। चन्द्रमा में सूर्य-रश्मि का स्थापन इन्द्र के ही द्वारा होता है। रण-भूमि के देवता भी इन्द्र ही माने जाते हैं। इस प्रकार ऋग्वेद के राष्ट्र-देवता इन्द्र हैं। इन्द्र के सम्मान तथा स्तुतियों में ऋषियों ने सर्वाधिक श्रम किया है। (विशेष अध्ययन के लिए ऋग्वेद में 'काव्य-तत्व' का देवतावाद—अध्याय ६ देखें)

(२) अग्नि—ऋग्वेद में अग्नि ही इन्द्र के अनन्तर सर्वाधिक प्रभावी देवता हैं। अग्नि, सोम तथा सरस्वती इन तीनों देवताओं को देवता रूप में कम पर भौतिक रूप में अधिक जाना जाता है। अग्नि का अभिनन्दन बड़ा उत्कृष्ट तथा कोमल है। कहीं-कहीं भयावह रूप में भी इनका वर्णन मिलता है। इन्हें कविक्रतु. कवि, सत्यधर्मा, यज्ञ

का देव, रत्नधा, ईडय, देवों तक हवि को ले जाने वाला, देव-दूत, अंङ्गिरा आदि कह गया है। देवों को भी 'अग्नि-मुख' कहते हैं क्योंकि देवता लोग अग्नि को ही मुख बनाकर हव्य ग्रहण करते हैं। ज्वाला-समूह ही इनके केश हैं। इनकी छोटी दाढ़ी का भी वर्णन मिलता है। इनकी दाढ़ बहुत ही तीक्ष्ण है। दाँत सुनहरे हैं अपने देदीप्यमान शिर के कारण वे सभी ओर चमकते हैं। इन्हें घृतपृष्ठ कहा जाता है।

अग्नि की तुलना अनेकों पक्षियों और पशुओं से दी गयी है। जिस प्रकार पक्षी वृक्ष पर अपना नीड बनाकर रहता है उसी प्रकार अग्नि भी काष्ठ में छिप रहता है। यह आकाश का श्येन (बाज) है। यह जल में क्रीडा करने वाला हंस है यह एक दहाड़ता हुआ वृषभ है। यह उत्पन्न होता हुआ गौ का वत्स-सा प्यारा-प्यार लगता है। यह देवों को यज्ञ तक लाने वाला अश्व है।

रात में चमकने से इनको चित्रभानु, समस्त ज्ञान से युक्त होने के कारण जातवेदा तथा सभी प्राणियों पर कृपा करने के कारण 'वैश्वानर' कहा जाता है इनका शरीर ज्योतिमान है और इन्हें पुरोहित भी माना जाता है। पर्वतीय जंगल को दग्ध करके स्वच्छ कर देने के कारण इनको पर्वतों का नायित कहा जाता है बहुत साहस से ही अग्नि का प्रादुर्भाव किया जाता है अतः इन्हें 'सहसः सुनुः' कह गया है। अग्नि देवता मानव के अति निकट हैं अतः इन्हें गृहपति और अतिथि कह गया है।

सर्वदा युवा रहने के कारण अग्नि को यविष्ठय, सदा पवित्र होने से मेध्य ऋषियों से प्रशंसा पाते रहने के कारण इन्हें कवि-प्रशस्त, गृहस्थ का परम हितै होने के कारण 'दमूना' कहा गया है। अग्नि को जलीय पुत्र होने से अपां नपात् क गया है। अवेस्ता में भी इन्हें 'अयाँ नेपो' कहा गया है। अग्नि आर्यों का पवि देव है। कोई अनुष्ठान अग्नि के बिना नहीं हो सकता। देवों तक हव्य ले जाने कारण इनको 'हव्य वाहन' कहा गया है। सभी नर इनकी प्रशंसा करते हैं अ इनका नाम नाराशंस भी है। इन्हें घृत जिह्व भी कहा जाता है क्योंकि घृत इन बहुत प्रिय है।

यह उत्पन्न होते ही अपने उत्पादक (काष्ठ) को खा जाता है। इनकी प का नाम स्वाहा है। इन्हें धूम केतु भी कहा जाता है क्योंकि धुआँ ही इनकी पता है। इसी कारण इन्हें कृष्णवर्त्मा भी कहा गया है।

यद्यपि अग्नि का जन्म नित्य होता है इस कारण वह नित्य ही शिशु है यह बहुत प्राचीन है क्योंकि आदि ऋषियों के सामने भी प्रकट हो चुका है। अ एक स्वयम्भू देवता हैं। मातरिश्वा देव इन्हें धरणी पर लाने में सफल हुए। उ होते हुए सूर्य के समान प्रतिदिन प्रातःकाल में अग्नि का जन्म होता है। अग्नि विविध चरित्र है। देवों ने इनको त्रिविध रूप दिया है। इनका प्रकाश विविध ये त्रिशिरा कहे जाते हैं। इनका तीन शरीर और तीन स्थान है। पृ

पर अग्नि रूप से, आकाश में विद्युत रूप से और द्युलोक में सूर्य रूप से अग्नि ही प्रकाशित हैं। यही भारतीय मित्यवाद की आधार शिला भी है। इन्द्र यदि क्षत्र-बल के प्रतीक हैं तो अग्नि हमारे ब्रह्म-बल का प्रतिनिधित्व करते हैं। अग्नि का एक नाम क्रव्याद भी है जिससे दूर रहने की शिक्षा दी गयी है क्योंकि यह प्रेत-भक्षक है। अग्नि को तपुर्मूर्धा भी कहते हैं क्योंकि इनकी मूर्धा तपती रहती है।

ईरानी बन्धु भी अग्नि की पूजा में आदर-भावना रखते हैं अग्नि के लिये सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान्, महान् उपकारी और प्रधान देव कहते हैं। ग्रीक, इटली तथा यूरोप के अन्य भागों में भी अग्नि के प्रति विशेष महत्व तथा आदर-भावना है। अग्नि को लैटिन में इग्निस्, स्लोवाक् में ओग्नि कहा गया है। 'अग्निः कस्मात् न क्नोपयति इति' ऐसा कहकर आचार्य स्थौलाष्ठीवि ने अग्नि के अनार्द्र रूप को दर्शाया है। 'क्नूयी शब्दे, उन्दे च' जो गीला करे और ध्वनि करे यही जलीय रूप है पर अग्नि-धर्म इससे विपरीत है। वह गीला नहीं करता = शोषण करता है तथा जलीय शक्तियों की भांति गर्जन भी नहीं करता इसी वृषाकपिः = वर्षणशोषणयोः कर्ता कहा गया है। कपिः कं जलं पिबति = शोषयिता।

(३) सूर्य—सूर्य-मण्डल के अभिमानी देव सूर्य हैं। समस्त ग्रहों के चक्रवर्ती यही हैं। ये सौर-मण्डल के अधिष्ठाता तथा ऋषियों के मन को कान्तिमान् बनाने वाले हैं। सूर्य सदा प्राणियों के उपकार में दत्तचित्त रहते हैं। देव कोटि में इनका रूप बहुत शुभ्र है। सुर्य के चक्षु का वर्णन अनेक बार ऋग्वेद में आया है पर सूर्य को ही मित्र और वरुण का नेत्र कहा गया है। कहीं-कहीं अग्नि का भी नेत्र सूर्य को कहा गया है। सूर्य भगवान् को देवगण भी अपना नेत्र मानते हैं।

सूर्य दूरदर्शी है, सर्वदर्शी है। समस्त भुवन के गुप्तचर यही हैं। जगत् का कोई रहस्य इनसे छिपा हुआ नहीं है। सूयं सभी प्राणियों को अपनी दृष्टि में रखते हैं। मनुष्यों के यही कर्म-साक्षी हैं। मनुष्यों को अशुभ से हटाकर शुभ की ओर चलने के लिये सदा सावधान करते रहते हैं। सबके संरक्षक तथा शुभ-चिन्तक हैं। समस्त चर-अचर प्राणियों की सूर्य ही आत्मा है।

सूर्य के रथ को एक घोड़ा जोतता है जिसे 'एतश' कहा गया है। सूर्य से सात-अश्वों का भी वर्णन आता है जिन्हें हरी कहा गया है। उषा देवियां सूर्य को जन्म देती हैं। उनकी गोद में बाल-सूर्य दमकते हैं। उषा को सूर्य की पत्नी कहा गया है। सूर्य की मां का नाम अदिति होने से इन्हें आदित्य कहा गया है। इनके पिता द्यौः हैं। देवों ने सूर्य को सागर में छिपा लिया था फिर उन्होंने ही विश्व के कल्याण के लिए सूर्य को प्रकट किया। देवगण ही सूर्य को आकाश में स्थापित करते हैं।

सूर्य को यह नियमित खग के रूप में चित्रित किया गया है जो विश्व की यात्रा पर निकल पड़ा है। सूर्य को श्येन (बाज), वृषभ अथवा श्वेत अश्व भी कहा

गया है जिसे उषा खींचकर ले आती है। यह एक मूल्यवान् मणि है जो कि आकाश में जड़ दिया गया है। यह एक देदीप्यमान रथ है अथवा एक आयुध है जिसे मित्र तथा वरुण वर्षा तथा मेघों से छिपाते रहते हैं। यह उनका 'पवि' है। कई स्थलों पर सूर्य के चक्र रूप में वर्णन आया है पर कहीं-कहीं सूर्य को ही चक्र कहा गया है।

सूर्य देवता तथा मानव दोनों के लिए चमकता है। यह अन्धकार को चर्मवत् लपेट लेता है। सूर्य की किरणें अन्धकार को समेट कर सागर में फेंक देती हैं। यह दिवस का माप-साधन है और प्राणियों के आयुष्य को बढ़ाता है। यह रोग, महामारी तथा दुस्वप्नों का विनाश करता है। सभी प्राणियों का अवलम्बन सूर्य ही है। वही सब का आधार और सहारा है। इसी कारण सूर्य को विश्व कर्मा कहा गया है। अपनी श्रेष्ठता और प्रभाव के कारण सूर्य देवताओं के पुरोहित कहे गए हैं। प्राण-दाता होने के कारण सूर्य को असूर्य कहा गया है। उदय होते ही सूर्य मानवों को निष्पाप कर्म करने के लिए तल्ललीन करते हैं और मित्र, वरुण तथा अन्य देवताओं को मानवीय कल्याण के लिए प्रेरित करते हैं। सूर्य के अश्व बहुत तीव्र और फुर्तीले हैं। जिन्दावस्था में सूर्य को अहुरामज्दा का नेत्र कहा गया है। 77, 81

(४) **वरुण**—इद्र के अनन्तर अन्य देवों में वरुण का स्थान बहुत ऊंचा है वरुण के सम्बन्ध में प्रताप, ऐश्वर्य एवं स्तुतियाँ महत्वपूर्ण हैं। वरुण के हस्त, चरण आदि का वर्णन स्पष्ट रूप से किया गया है। हाथ घुमाना, चलना, रथ हांकना सोम-पान करना, भोजन करना, देखना आदि का वर्णन मानव—समीपता की दृष्टि से सुन्दर तथा अभिव्यक्त है। इनकी आंख सूर्य है। मस्तक पर मुकुट धारण करते हैं। यज्ञ में बिछे हुए आसन पर आसीन होते हैं। इनका रथ सूर्य की भांति चकाचौंध मचा देता है। स्फूर्ति युक्त सधे हुए घोड़े उसे खीचते हैं। स्वर्गीय पितृ-गण सदा वरुण की देख-रेख करते हैं समस्त प्राणियों का निरीक्षण-परीक्षण वरुण करते रहते हैं।

वरुण के गुप्तचर सदैव विचरण करते रहते हैं। स्वर्गिम पंख वाले सूर्य सदा सावधान होकर वरुण का दूतत्व सम्पादन करते हैं। वरुण क्षत्र-धर्म के पालक तथा क्षत्र-श्री से मंडित हैं। वरुण की माया—शक्ति से सारा विश्व चकित और मोहित रहता है। शारीरिक, भौतिक तथा पृथ्वी की नियम बहता वरुण के कारण है समस्त विधि-विधान के पूर्ति में वरुण ही सम्राट हैं। वरुण के ही नियमों की व्यवस्था में अमर तथा मर्त्य में अथवा स्वर्ग तथा पृथ्वी में भेद है। सूर्य के गमन तथा व्यवस्था के लिए विशाल मार्ग का निर्माण इन्होंने ही किया है।

वातावरण में पवन का उच्छ्वास वरुण का ही उच्छ्वास है। चमकते तारे तथा आह्लादक चन्द्रमा वरुण की ही देन है। समग्र प्रकाश-पुंज की व्यवस्था वरुण

ने ही की है। वरुण रात्रि के अभिमानी देव हैं और जल-राशि का भी नियंत्रण यही करते हैं। सारी व्यवस्थाओं को धारण तथा पोषण करने के कारण इनको धृत व्रत कहा गया है। आकाश को अरेणु, शीतल वरुण ही बनाते हैं समस्त नदियों को, आकाशीय जल-स्रोत को तथा गहरे सागर को वरुण ही व्यवस्थित रखते हैं।

देवगण की बड़े आदर के साथ वरुण की व्यवस्था का पालन करते हैं। वरुण समस्त ब्रह्माण्ड के प्रभावी नायक हैं। वरुण के साम्राज्य एवं प्रभाव की कोई सीमा नहीं है। सबका पूरा ज्ञान वरुण को है उनकी अज्ञानता में कोई पलक भी नहीं मार सकता।

पाप अथवा बुरे आचरण से वरुण कुपित हो जाते हैं। उनके आदेश का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। वरुण के पाश बहुत प्रसिद्ध हैं इनसे वे अपराधियों को बांध लेते हैं। वरुण उन लोगों पर कृपा रखते हैं जो अपने आप अपने किये पर शोक, पछतावा अथवा प्रायश्चित करते हैं।

वरुण अपने स्रोता के प्रति मैत्री भाव रखते हैं। वरुण सदा वरदान देते हुए पृथ्वी पर प्रशासन करते हैं। अवेस्ता में भी वरुण की चर्चा मिलती है। ग्रीक में भी वरुण का वर्णन मिलता है।

(५) **यम**—मृत प्राणियों के प्रधान यम हैं। अंगिरा की यम के साथ मैत्री है। अंगिरा—पितरों के साथ सोम-पान करने के लिए यज्ञ भूमि में पदार्पण करते हैं। यमी यम की भागिनी है। १०—१० में यम—यमी का परस्पर संलाप दिखाया गया है। यम विवस्वान् के पुत्र हैं। इनकी मां का नाम सरण्यू है। जो त्वष्टा की पुत्री है। यमी ने यम को मरणधर्मा कहा है। यम का वरुण और वृहस्पति से भी मैत्री—सम्बन्ध है। अग्नि के साथ यम की पुरानी मैत्री है। अग्नि को यम का पुरोहित भी कहा गया है। मृत व्यक्ति का सारा क्रिया—कलाप अग्नि से ही जुड़ा हुआ है। यम को मृत्यु का देवता माना गया है। पितरों से इनका सदा साहचर्य रहता है।

यम आकाश के दूर छोर पर रहते हैं। संगीत की मधुर-ध्वनि वंशी-रव इनकों बहुत प्रिय है। यम के लिए घृत, हव्य, सोम आदि सामग्री का निष्पादन किया जाता है। इनसे प्रार्थना की जाती है कि वे हमारे लिए दीर्घ-जीवन दें तथा देवों तक हमारी अर्चना पहुंचा दें। जीवन में शान्ति तथा आनन्द यम की कृपा से ही प्राप्त होता है।

यम ही उस मार्ग के ज्ञाता से जिस मार्ग से हमारे पूर्व पितर गए तथा जिस मार्ग से अन्य जाने वाले जायेंगे। जिस प्रकार वरुण का पाश प्रसिद्ध है उसी प्रकार यम की श्रृंखला है। उलूक तथा कपोत यम के दूत हैं पर चार आखों वाले, लम्बी नाक वाले मटमैले रंग के (शबल) दो कुत्ते इनके विशेष दूत हैं। इन कुत्तों की मां

का नाम सरमा है । अतः ये सारमेय कहलाते हैं । इनकी दृष्टि बड़ी सूक्ष्म है । मानव प्राणियों की गतिविधियों पर इनकी तीक्ष्ण दृष्टि रहती है । यम के साथ आमोद-प्रमोद में रहने वाले पितरों तक ये मृतक को पहुंचा देते हैं । सूर्य के सन्दर्शन में अधिक आयुष्य की प्राप्ति के लिए इनकी मनौति की जाती है ।

मानव के प्रथम पिता यम हैं जिन्होंने सर्व प्रथम मरणावस्था का दर्शन किया और मृत्यु के देवता बने । पृथ्वी से वियुक्त प्राणियों के यम ही अधिष्ठाता तथा व्यवस्थापक हैं । यम और यमी मानव जाति के आदि पूवज हैं । यहीं से मानव पीढ़ी का श्री गणेश हुआ । अवेस्ता में भी इस प्रकार के बहुत से सम्वाद यम के विषय में आये हैं । यिमा तथा यिमेह को पृथ्वी का सम्राट कहा गया है । ऋग्वेद में भी यम को स्वर्ग का अधिदेवता माना गया है ।

यम पुष्पात्मा लोगों को प्रकाश वाले स्थान में भेजते हैं । पितरों की पुत्रों द्वारा सेवा कराते हैं । इन पितरों की कई श्रेणियां हैं—अंगिरा, विरूप, दशग्व, नवग्व, अथर्वा, भृगु, वसिष्ठ आदि । कुछ विद्वानों का मत है कि प्राण शक्ति का अधिष्ठाता यम है तथा कुछ लोग दिन–रात के जोड़े को यम-यमी बतलाते हैं क्योंकि आयुष्य का नियमन इन्हीं के हाथ में है ।

(६) रुद्र—एक ही देव को विभिन्न नामों से पुकारा गया है । 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति ।' रुद्र स्वास्थ्य के देवता हैं । इस कारण 'रुद्र' शब्द का अनेक प्रकार से अर्थ निकलता है । 'रु शब्दे' रुतं शब्दं शब्दाश्रयं ज्ञानं राति ददाति', रुद्र ज्ञान के अधिष्ठाता हैं, अतः सबके गुरु हैं । वह एक अच्छे स्रोता, प्रकाशक तथा सुन्दर देव हैं । रुद्र दुःख के विनाशक हैं (रुत् दुःखं द्रावयति) । रुद्र शत्रुओं को रुलाते हैं अतः उनका रुद्र नाम है (रोदयिता) ।

रुद्र के माथे पर जटा-जूट है । रंग बादामी और आकार चमकीला है । वे प्रसिद्ध धनुर्धर हैं कभी-कभी वज्र भी धारण करते हैं । इनके आयुध अत्यन्त तीक्ष्ण और प्रभाव कारी हैं । रुद्र यद्यपि बहुत उग्र हैं पर शुचि और शक्ति भी कहे गए हैं । इनका हाथ शान्तिदायक, शीतल और दयालु हैं । इनका आग्नेय रूप रुद्र है तो जलीय रूप शिव है । इनके ओष्ठ सुन्दर बताये गए हैं । पृश्नि (पृथ्वी) के पुत्र मरुद्गण इनके पावन–पुत्र हैं । रुद्रों का अनन्तत्व तथा शंकर का एकत्व अनेक प्रकार से समझाया गया है ।

जल- अन्न, ओषधि-वनस्पति, बस्त्र–आच्छादन, शयन—आवरण आदि में नाना प्रकार के दोष हैं । रुद्र की कृपा से ही उन दोषों तथा दुःखों से बचाव हो सकता है । रुद्र अच्छे भिषक् तथा भैषज्य विद्या के गुरु हैं । रुद्र को काल अथवा महाकाल भी कहा गया है । रुद्र नीलग्रीव, शान्त शरीर तथा इषु-हस्त रहते हैं यक्ष्मा आदि रोगों से प्राणीयों को बचाते हैं । रुद्र का वर्ण कहीं-कही ताम्र—अरुण और कहीं पर बभ्रु बताया गया है । ऋषि-मुनि बताते हैं कि क्योंकि रुद्र शिवरूप हैं

जगत् का भरण करते हैं, अतः एव इन्हें प्रभु अथवा 'भूरि' कहा गया है। रुद्र को कपर्दी, युवा और सतत सावधान कहा गया है। रुद्र को प्रभु, मंत्री, वणिक्, स्थपति (राज), स्तेनपति (गुप्तचर), गिरिचर, सभापति और उष्णीष (पगड़ी) धारण करने वाला बताया गया है। रुद्र एक सुन्दर रथकार हैं और स्वर्णिम रथ पर बैठकर चलते हैं रुद्र के पास शुचि तथा आनन्ददायिनी ओषधियाँ सदा साथ रहती हैं जिनके कारण विविध प्रकार के रोग, दुःख तथा कष्टों का निवारण होता है तथा असीम सुख, आनन्द एवं शान्ति की प्राप्ति होती है। रुद्र अपने गले में मूल्यवान् हार (निष्क) धारण करते हैं। रुद्र के दीप्त नाम—जय का विधान है। रुद्र सदा ही कोमल-आशय वाले, और सुन्दर-सुमुख एवं रमणीय आकृति वाले हैं।

(७) मरुद्गण—पृश्नि (गौ, पृथ्वी, जलधर पटली) के पुत्र रूप में महान् चित्रित किये गए हैं। इनके पिता द्विव्य-हस्त तथा तेजस्वी वज्र वाले, नित्य युवक रुद्र हैं। ये सभी एक आयु, एक मत रखने वाले सहजात बन्धु हैं। देव-समूह के रूप में ही इनकी वन्दना की गयी है। इन्द्र के युद्ध में सदा सैनिक के रूप में भाग लेते रहते हैं। इनके रथ को 'मरुत्वान' कहा है। सुन्दर रथ पर सवार होते हैं। इनके रथ को 'लाल घोड़ियाँ (वडवा) खींचती हैं। रोदसी वधू के समान इस रथ पर बैठती हैं।

मरुत् वर्षा के अधिदेव हैं। यात्रा के समय जाने पर महिलाओं के समान अपने को सजाते हैं। चरण, हस्त, ग्रीवा तथा इनके शिर पर नाना-प्रकार से चमकदार आभूषण जगमगाते रहते हैं। चमकीली वर्छी (ऋषि) सदा इनके हाथों में जगमगाती रहती है। इनमें अथाह बल तथा अगाधज्ञान है। वर्षा की बौछार करते हुए जिस ओर को निकल जाते हैं टूटे हुए वृक्षों से इनके गमन-मार्ग की सूचना मिल जाती है। ये सभी एक ही स्थान पर एक ही वेष-भूषा में रहते हैं।

बड़े-बड़े पर्वतों, चट्टानों तथा वृक्षों को बड़ी ही सरलता से तोड़ते हुए ये निकल जाते हैं। एक ही इनका गणवेष है। मस्तक पर स्वर्ण-मुकुट, वक्षः स्थल पर चमकते हार धारण करते हैं। एक ही समान सदन में निवास करते हैं। मरुत महान् हैं तथा दूरदृष्टि रखते हैं। इनकी अपार शक्ति और दृष्टि के आगे नतमस्तक होना ही पड़ता है।

मरुद्गण को क्रीड़ा बहुत रुचिकर है। अवकाश के समय में मिलकर नाना प्रकार से खेल रचाते हैं। मनोरंजन करते हैं। बांसुरी बजाने में दक्ष हैं और वीणा-वादन में बहुत प्रवीण हैं। वीणा-वादन की सरसता तथा रण की कुशलता दोनों में ही इनको शोभा तथा विनय प्राप्त है। इनका आकार सुन्दर, आचार पवित्र तथा कार्य प्रशंसनीय है।

मरुद्गण गो-पालन में दक्ष तथा स्निग्ध दृष्टि रखते हैं। मरुद्गण के कार्य-

उल्लेख से वीरता पूर्ण तेज की आलोक-रेखा जगमगाने लगती है। इन्द्र के लिए स्तुतियों का गान करने में मरुद्गण विशेष रुचि रखते हैं।

मरुत् शब्द का अर्थ करते हुए ऋषियों ने समझाया है कि मर्-उत् मरने तक खड़े रहकर क्रिया शील रहने वाले, 'मा—रुत्' कभी न रोने वाले, मर्-उत्=अत्यन्त रूप माधुरी रखने वाले (कामदेव के लिए इसी हेतु 'मार' कहा गया है।)

मरुद्गण की मैत्री स्निग्ध तथा अक्षय है। अपने मित्र तथा भक्त के लिए स्पृहणीय रत्, औषधि तथा ऐश्वर्य धारणा करते हैं।

(८) **विष्णु**—विष्णु पालन और रक्षा के अधिदेव हैं। 'वेवेष्टि जगत्' इति विष्णुः' कहकर विष्णु की सर्वात्मकता बतायी गयी है। विष्णु को 'उरुगाय' कहा गया है क्योंकि सबकी गति विष्णु तक ही है अथवा विष्णु का ही यश—उद्गान सभी करते रहते हैं। दूसरा यशस्वी नाम उरु क्रम अथा त्रिविक्रम है। विष्णु शिशु रूप में मनोहर दिखायी देते हैं पर अपने विशाल-व्यापक चरण-विन्यास से तीनों लोकों (पृथ्वी—अन्तरिक्ष तथा द्युलोक) को आक्रान्त कर लेते हैं। सूर्य को ही विष्णु कहा गया है। इन्द्र का प्रिय भाई होने से इनको उपेन्द्र भी कहा गया है। युद्ध भूमि में विष्णु सदा इन्द्र के साथ रहते हैं। इनको ओजस्वी रूप को देखकर इन्द्र का भी तेज बढ़ता है। सखे विष्णु और पराक्रम दिखाओ (सखे विष्णो वितरं विक्रमस्व ऋ. ४. १८. ११) कहकर इन्द्र भी बराबर विष्णु को उल्लसित करते रहते हैं।

विष्णु का चक्र चलता है। ९० घोड़े जुते होते हैं (दिवस) इनके चार नाम हैं (ऋतुएं) यही ९०×४=३६० सौर्य—वर्ष है। इससे यह स्पष्ट है कि सूर्य की ही गति विधियों का रूपकीकरण करके विष्णु नाम दिया गया है। मानव की स्थिति तथा विश्रान्ति के लिए ही यह त्रेधा विक्रमण है। यही स्थूल-सूक्ष्म तथा आध्यात्मिक जिज्ञासा का भी विक्रमण है। इसी से होकर मानव शान्ति और समृद्धि का पात्र बनता है।

विष्णु के परम-पद का विस्तार से वर्णन किया गया है जहां पर मधु का उत्स परिपूर्ण है। इस पद को सब नहीं देख सकते केवल आत्म-रत, मुक्त पुरुष ही देख पाते हैं।

विष्णु के कर्म प्रशंसनीय हैं। विष्णु के वस्त्र, आभूषण, आयुध तथा आकार एवं शक्ति की तुलना इन्द्र से की जा सकती है। विष्णु की श्री में देवगण आनन्दित रहते हैं।

(९) **सोम**—सोम देवता रूप में तथा औषध रूप में स्तुति प्राप्त करते हैं। ऋग्वेद का नवाँ मण्डल सोम—स्तुति से परिपूर्ण है। अन्यत्र भी सोम की स्तुति में सूक्त (शोभन-कथन) हैं। यहाँ पर देवता रूप पर ही अधिक विचार रखना है।

सोम का वर्ण बभ्रु (भूरा) है। अच्छा नेतृत्व रखते हैं। आकार सुन्दर और आकर्षक है। निरन्तर तरुण करुणा-पूर्ण तथा शान्त-अन्तःकरण के देव हैं। स्वर्ण पूर्ण अलङ्करण में जगमगाते रहते हैं।

प्रमुखता और महात्म्य की दृष्टि से सोम का नाम अग्नि के अनन्तर आता है: अग्नि वरुण तथा इन्द्र की मानवीय प्रतिमा जितनी स्पष्ट है उतनी स्पष्ट मूर्ति सोम की नहीं मिलती है क्योंकि सोम का रसायनात्मक रूप ही अधिक स्पष्ट रहता है।

सोम के आयुध बहुत ही तीक्ष्ण है। उनके हाथ में धनुष् तथा अनेक फल वाले बाण भी रहते हैं। वे रथ में आसीन होते हैं तथा उस रथ को पवन जैसी शक्ति खींचती है। कहीं-कही इन्हें रथ पर इन्द्र अथवा अग्नि के साथ बैठे दिखाया गया है। सोम को एक अच्छे सारथि के रूप में भी चित्रित किया गया है। पूषा और रुद्र के साथ भी कहीं-कहीं इन्हें चित्रित किया गया है। मरुद्गण भी सहायक रूप में इनके साथ घटित किये गए हैं। यज्ञ की पवित्र वेदी पर सोम भी आते हैं और रवि को स्वीकार करते हैं।

सोम सौन्दर्य, कान्ति, शान्ति तथा आनन्द के देवता हैं। वे कोमल हैं तथा उनका रूप निखरा हुआ है। सोम—रस का निरापादन तीन बार होता है—प्रात: दोपहर (मध्याह्न) तथा सायंकाल: इसमें क्रमश: सोम, इन्द्र तथा ऋभु देवता बुलाये जाते हैं। अर्थात् प्रात: कालीन सोम-पान के देवता सोम ही हैं।

सोम के सम्बन्ध में अतिशयोक्ति तथा उपमायें बहुत कहीं गयी हैं सोम पर रहस्यात्मक वाक्य भी बहुत हैं। अध्यातम पक्ष में 'उमया सहितं महेश्वरस्य ज्ञानं सोम–ससं ब्रह्म–रसायनम्' अर्थात् उमा के साथ महेश्वर के ज्ञान का ब्रह्म–रसायन ही सोम-पान है। ब्रह्म-वेला में चिन्तारहित होकर जो आनन्द, शान्ति, क्षमा सतयता, शुचिता आदि का चिन्तन ही अध्यात्म-पक्ष में वही सोम-पान कहलाता है। आप: को सोम की माता अथवा भगिनी कहा गया है। वह भी इसी शान्तिदायक उद्देश्य से है। यह निर्झरिणी का स्वामी है तथा पृथ्वी एवम् आकाश को शीतलता प्रदान करता है। जल तरंगें यदि गायें हैं तो सोम उनमें वृषभ है। सोम की तीव्रता को देखते हुए से समर के घोड़े से तुलना की जा सकती है।

सोम अमरता के स्वामी हैं। यही कारण है कि मानव इनकी प्रार्थना और अभिनन्दन में रत रहते है और देवगण भी इनको सदा अपनाये रहते हैं, इनसे वियुक्त नसीं हो पाते।

(१०) पुरुष–देव गण सृष्टि-उपकरण में प्रमुख-कारण हैं पुर पुरुष ही इस समस्त सृष्टि-प्रपंच का मूल कारण है। यह सृष्टि यज्ञ रूप है। सभी प्राणी, सभी वेद, सभी भोग्य-भोक्त-प्रपञ्च तथा सभी वर्ण इस पुरुष के कारण पूर्णत्व की उन्मुख हुए। इस सृष्टि का उपादान-कारण तथा निमित्त-करण पुरुष ही है। संसार के सभी अवयव इसी पुरुष के करण आविर्भूत हुए हैं।

इन मन्त्रों में चारों वर्णों, चारों वेदों तथा यज्ञमय पुरुष के कारण सृष्टि-प्रपञ्च में समस्त जड़-चेतन के प्रादुर्भाव का वर्णन बड़ी तेजस्विता के साथ किया

गया है । यह भी कहा गया है कि जो कुछ हुआ और जो कुछ होने वाला है, वह सब कुछ पुरुष ही था और वही एक अविनाशी, स्वयम्भू अवश्य रहेगा ।

पुरुष ही भूत है, वही भाव्य है, इत्यादि वेदान्त-प्रक्रिया की बातों का विवरण एवं दार्शनिक सिद्धान्तों के संकेत यहाँ मिलते हैं । विशेषता पर प्रकाश डालते हुए उत्पत्ति-प्रक्रिया पर बहुत ही सुन्दर विवरण यहाँ मिलता है । बहु ईश्वर वाद का एकेश्वर वाद में समन्वय यहां समझाया गया है । यह बतलाया गया है कि वह पुरुष विराट् है और सारे संसार में—दृश्य-अदृश्य जगत् में परिव्याप्त है फिर भी यह सारी सृष्टि उसके एक अंश में ही अवस्थित है उसकी महिमा इतनी है पर केवल इतनी ही नहीं है । वह उससे भी ऊंचा है । महान् है और श्रेष्ठ है ।

इस शरीर की रचना की तुलना विश्व प्रपञ्च की रचना से दी गयी है । जिस प्रकार एक अवयव के अभाव में यह सारा शरीर निरर्थक है उसी प्रकार यह विश्व-शरीर भी एक अवयव या वर्ण के बिना निरर्थक और अपूर्ण है । लोक-व्यवस्था एवं कर्म-मीमांसा के लिए चारों वर्णों की भूमिका अनिवार्य है ।

(११) उषा—ब्रह्म-बेला की अभिमानिनी देवता उषा है । अनेक सूत्रों में उषा का वर्णन बड़े अलंकारिक ढंग से किया गया है । यह प्रभात-वेला में अत्यन्त प्रमुदित होकर आती है । सुन्दर वेष-भूषा में अलंकृत एक नर्तकी के समान अपने सुनहरे रथ पर जगमगाती हुई अपने वैभव का विस्तार करती है । उषा अन्धकार तथा अज्ञान का तिरस्कार करती हुई रात्रि के काले आवरण को हटाती है । उषा यद्यपि बहुत पुरानी है फिर भी सद्यः स्नात युवति-सी नित्य नवीन लगती है ।

उषा अपने जागरण के साथ ही पूर्व क्षितिज को संवारती है सजग सामन्ती रूप में सीमन्तिनी नायिका-सी उदित होती है । वह जागते ही स्वर्ग के द्वार को खोल देती है । टुकड़ों में विभक्त मेघ ऐसे लगते हैं मानों वह भेड़ें चरा रही हो । वह दुःखद स्वप्न, शोक पहुंचाने वाली दुरात्माओं को तथा आवरणों को दूर हटा देती है । छिपायी गयी धन-राशि का उदघाटन करती है तथा अन्यत्र उदार बन कर बांट देती है । प्रत्येक प्राणी को जगाना उसका काम है तथा जगे हुए प्राणी को जगाना उसका काम है तथा जगे हुए प्राणी को काम-धन्धे में प्रवृत्त करना उसका धर्म है ।

उषा भगवान् के निर्देश तथा पद्धति के नियमों का दत्तचित्त होकर पालन करती हैं । कभी अपने नियमों का उल्लंघन नहीं करती । प्रतिदिन उसी स्थान से प्रकट होती है जहाँ से पहले निकली थी । वह देवताओं का सबसे अच्छी सेविका है क्योंकि उसके सजग होते ही उपासक अपने यज्ञ-विधान का सम्पादन करने लगते हैं ।

उषा का घोड़ा बहुत ही सुन्दर है जिस पर बैठकर वह आती है । सूर्य उषा का बराबर पीछा करता है मानों कोई भावुक तरुण किसी तरुणी का पीछा कर रहा हो । उषा ही सूर्य के मार्ग को प्रशस्त करती है । सूर्य उषा का मनचाहा प्रियतम

है। वह अपने प्रियतम को देखकर फूली नहीं समाती। उषा रात की बड़ी बहन है। बाल-सूर्य उषा की गोद में प्रसन्नता के साथ खेलता है। उषा स्वर्ग की पुत्री तथा अग्नि पर प्रेम-दृष्टि रखती है। उषा जागते ही अश्वि-कुमारों को जगा देती है। अश्वि-युगल भी जागते ही सुनहरे वाणों के साथ अपनी यात्रा पर चल देते हैं। उषा अपने भक्तों के लिए जीवन और जीविका देती है। कवियों में प्रतिभा का सम्पादन उषा ही करती है। वह स्वभाव से ही अति उदार तथा स्नेहमयी है। उषा का श्वध्नी कहा गया है क्योंकि घोर अन्धकार पूर्ण गगन् कानन में वह अपने कुत्तों (तारों) के साथ बहेलियों की सरदारिन सी आखेट करती है। जो तन्द्रा रहित होकर सतत सावधान रहेगा वही बच पायेगा।

(१२) **पूषा**—पूषा गुप्तचर विभाग का श्रेष्ठ स्वामी है। तस्करों के समग्र रहस्यों का पता बड़ी सरलता के साथ लगा लेता है। यह समग्र मार्गों अथवा तथा पालक है। हर प्रकार निधियों का उपायों का ज्ञाता तथा उनके आगम न का प्रकार केवल पूषा को ही ज्ञात है।

इनके केश-कलाप घुंघराले तथा पटियादार हैं। इनकी दाढ़ी सुन्दर और आकर्षक है। इनके तलवार सुनहरी है। इनके हाथ में अंकुश भी रहता है। इनके रथ में बकरे जुड़ते हैं। भोजन में इनको दलिया या सत्तू (करम्भ) बहुत प्रिय है। सुनहरी बर्छी भी रखते हैं। परशु तथा नुकीले अस्त्र भी रखते हैं। इसकी दृष्टि इतनी निर्मल तथा तीक्ष्ण है कि एक ही निमेष में समस्त भुवन देख लेते है।

यह अपनी भगिनी उषा को बहुत प्यार करते हैं। सूर्य की वधू सूर्या को अपनी पत्नी बनाते हैं। इस प्रकार अपनी माँ से ही विवाह करते हैं' अपनी आकाशीय भेड़ों के साथ सूर्य के दूत बनकर विचरण करते हैं। पूषा जगत् के द्रष्टा तथा स्वच्छन्द गति से विचरण करते हैं। बहुत उत्तम सारथि इनको कहा गया है। सूर्य के रथ को ऊर्ध्व तथा निम्न दिशा में पूषा ही ले जाते हैं।

इन्हें विमुक्ति का पौत्र 'विमुचो नपात्' भी कहा गया है। इन्हें प्रसव का देवता भी माना जाता है। बहुत दयालु होने से इनको सदा 'आघृणि' कह कर पुकारा जाता है। सम्पन्नता अथवा समृद्धि के देव है अतः पोषण करने वाली धातु से इनका नाम सम्बन्धित है। इस प्रकार यह स्पष्ट हुआ कि पूषा भी सौर-मण्डल के ही देवता हैं जो सूर्य के उपकारक शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं और ब्रजभूमि को उर्वर तथा सम्पन्न बनाते हैं।

(१३) **पर्जन्य**—वर्षा कारी मेघ के अभिमानी देव को पर्जन्य कहा गया है। पर्जन्य वन, वृक्ष, पौधों, अनाज तथा पृथिवी के जीवन हैं। जलदान करना ही इनकी मुख्य विशेषता है। ये जलीय रथ में विचरण करते हैं। अपनी जलीय-त्वचा को बहुत शीघ्र छोड़ भी देते हैं। देवी पिता असुर के समान पर्जन्य भी जल के अधिष्ठाता हैं। अपनी शीतल वर्षा के द्वारा समग्र पृथ्वी को शान्त, तृप्त तथा कृतार्थ करते हैं। अशनि अथवा विद्युत् की कड़कभरी गड़गड़ाहट के साथ एवं चमक के साथ अपने

आगमन का पावन सन्देश देते हैं । समग्र प्रकार को ओषधि-वनस्पतियाँ इस सन्देश से पुलकित हो उठती हैं क्योंकि उनकी प्राण-यात्रा का मूल मंत्र पर्जन्य के ही पास है ।

नारी में सुशीलता, घोड़ों में स्फूर्ति तथा गायों में संजीवनी भर देना पर्जन्य का ही काम है । द्यु लोक इनका पिता तथा वसुन्धरा इनकी पत्नी है

(१४) **आप**—जलीय देवता को चार सूक्तों में अभिनन्दन किया गया है । कुछ और भी सूक्त हैं जहां पर निपात रूप से (गौण रूप से) आप की स्तुति की गयी है । ये देवों के मार्ग का अनुगमन करती हैं । इनकी माता, दिव्य देवियाँ तथा तरुण पत्नियों के रूप में वन्दना की गयी है ।

इन्द्र ने अपने वज्रसदृश हस्त में वज्र लेकर इनके मार्ग का निर्माण किया है इस कारण इन्द्र के आदेश तथा आदर्श का सदा पालन करती हैं। कभी उसका उल्लंघन नहीं करती । ये स्वर्गीय हैं पर पृथ्वी को चिर संगिनी हैं । देव-स्थान पर सदा मित्र और वरुण के साथ निवास करती हैं । सागर की ओर अभिगमन करना इनको सदा इष्ट रहता है । जो कुछ स्थावर- जंगम है, उसकी रक्षा का भार इन्हीं पर है । सबकी श्रद्धा तथा वन्दना को प्राप्त करती हैं अतः सबकी माता हैं । वरुण देव इन्हीं के सहारे प्राणियों के सत्य-असत्य का अवलोकन करते हैं जिससे मानव कभी प्रयादन करे ।

आयः देवियाँ मानवीय आक्रोश, द्रोह, अपराध तथा समसा पाप को बहा ले जाती हैं । ये मानव को स्वास्थ्य, रसायन, भैषज्य, धन तथा अमरता प्रदान करती हैं । उनके दान, वरदान तथा कृपा का अभिनन्दन किया गया है । यज्ञ भूमि में आकर सोमपान करने में देवों की सहायता करती हैं । इनका स्वर्गीय जल ही मधु, अमृत तथा रसायन में विद्यमान है । इनके जल की शक्ति ही सोम के माध्यम से इन्द्र में पहुंचती जिससे कि वीर कर्म करने में इन्द्र सक्षम होते हैं । इनके मधु का उल्लास ही देव तथा मानव को आनन्दित करता है । सोम आप की धारा में बहुत मद तथा आनन्द प्राप्त करते हैं । अवेस्ता में भी आपः का बहुत वर्णन एवम् अभिनन्दन मिलता है ।

(१५) **सविता**—ऋग्वेद के ११ सूक्तों में सविता का वर्णन मिलता है । अन्य भी बहुत से मत्रों में अन्य देवों के प्रसंग के साथ सविता का वर्णन आता है ।

सविता स्वर्णिम देव हैं । इन्हें स्वर्ण-नेत्र, हिरण्य हस्त, स्वर्ण-जिह्व तथा स्वर्ण-रथ कहे जाते हैं । इनके रथ के सभी अवयव स्वर्ण निर्मित हैं । इनके अश्व श्वेतचरण वाले तथा भूरे हैं । अपने आगमन से स्वर्ग, पृथ्वी तथा वातावरण को देदीप्यमान करते हैं । इनकी प्रभा बहुत ही प्रभावोत्पादक है । इनके हाथ विशाल हैं । ये सबको उत्साहित करते हैं, सहारा देते हैं तथा आशीर्वाद देते हैं । इनके हस्त दृढ़ तथा यशस्वी हैं ।

सविता सूर्य की किरणों में अपनी प्रभा भर देते हैं। सविता का मार्ग धूलि-धूसर नहीं है। अरेणु है। अपने इस प्राचीन मार्ग से प्रजाजनों की रक्षा करते हैं। दुःस्वप्न का नाश करके मानव को दोष-रहित बनाते हैं। राक्षसों, दस्युओं तथा दानवों को दूर भगाते हैं। जल तथा पवन पर अपना नियन्त्रण रखते हैं। सभी प्राणी सविता की इच्छा का अनुगमन करते हैं। देवगण इनको अपना नेता मानते हैं।

सविता के प्रभुत्व में ही मानव विचारों में जागरण आता है। सविता मानवीय विचारों में ज्योति की स्थापना करते हैं। अतः इनकी गायत्री को सावित्री का मंत्र कहा गया है। सूर्य और सविता में विशेष अन्तर नहीं है। सूर्य को ही ब्रह्म-वेला में सविता कहा गया है। जबकि पृथ्वी पर अँधेरा हो और गगन में प्रकाश आ जाये, यही सविता का समय है। प्रसव और ऐश्वर्य का निदान सविता के ही हाथ में है। जगत् में जीवन, क्रियाशीलता तथा प्रगति देने के कारण प्रसविता को सविता कहा गया है।

(१६) **वात**—केवल दो सूक्तों में वात का अभिनन्दन किया गया है। वायु का अभिमानी देव वात है। वर्षा की झंझा के साथ सहयोग होने के कारण वात का सम्पर्क पर्जन्य से तथा वायु का सम्पर्क इन्द्र के साथ (इन्द्रवायू) जुड़ा हुआ है।

रुद्र की भांति वात भी स्वास्थ्य, जीवन तथा भैषज्य को प्रदान करते हैं। वात के निकेतन में अमरता का निवास है। गर्जन भरी विद्युत् (अशनि) में वात की सक्रियता की जानकारी मिलती है। वात के ही कारण प्रकाश में लाली तथा उषा में क्रान्ति का प्रादुर्भाव होता है। वात की गति अत्यन्त वेगवान् अश्व से दी जा सकती है।

(१७) **मित्र**—दिन के अभिमानी देव मित्र हैं। अधिकतर वरुण के ही साथ रहते हैं। कृषकों के सुख-दुःख के द्रष्टा हैं तथा प्रयास के लिये उन्हें प्रेरित करते रहते हैं। सविता भी मित्र के साथ ही पहचाने जाते हैं। श्रेष्ठ आदित्य तथा मित्र में कोई विशेष अन्तर नहीं है। समस्त मानवों को एकता की दीक्षा देते हैं। मित्र के ही कारण सूर्य की यात्रा व्यवस्थित तथा निर्धारित होती है। मित्र सौर-मण्डल के अभिमानी देवता हैं। ईरान के धार्मिक ग्रन्थों के प्रमाण से भी यही बात सिद्ध होती है।

(१८) **अश्विनौ**—अश्वि-युग्म यमल-बन्धु (जुड़वां) हैं। ये अति प्राचीन होने पर भी नित्य युवा हैं। इनका मार्ग स्वर्णिम है। कमल-माला से सदा विभूषित रहते हैं। सुनहरी चमक मे सदा प्रसन्न रहते हैं। अदृश्य शक्तियों के स्वामी और अपरिमित बुद्धि रखते हैं। ये सत्य युक्त रहने के कारण नासत्या तथा विस्मयकारी होने के कारण दस्रा कहलाते हैं।

उषा और सूर्य के साथ सोम-पान करने के लिये अश्वि भी बुलाये जाते हैं। मधु इनको बहुत इष्ट है। ये जगमगाते रथ पर आसीन होते हैं। इनका रथ पवन

के समान वेगवान् है। इस रथ का निर्माण ऋभुओं ने किया है। इस रथ को सुन्दर पंखों वाले घोड़े खींचते हैं।

इनका रथ द्युलोक तथा भूलोक में विचरण करता है। ये स्वर्ग लोक, वा लोक अथवा समुद्र में निवास करते हैं। सूर्योदय से पूर्व पर उषा के आगमन अनन्तर इनका प्रादुर्भाव होता है। इन्हें विवस्वान् का पुत्र कहा गया है। इनकी सरण्यू है जो कि त्वष्टा की पुत्री है। सूर्या ने इन्हें पति रूप में वरण किया है।

अश्विनौ की उपासना से दुःख, दुर्भाग्य का अन्त हो जाता है। वे शा और दया के देवता हैं। वे अपने प्रभाव से भक्तों की रक्षा करते हैं। वे स्वर्ग वैद्य हैं। रोग तथा भय को दूर कर देते हैं। नये हाथ, पैर तथा आँखें देकर रा पुरुष को पुनः सम्बल देते हैं। देवताओं की शारीरिक दुर्बलता को दूर कर देते है भुज्यु नामक राजा का समुद्र में उद्धार इन्होंने किया।

प्रातः काल के अंधेरे और प्रकाश के मिलन काल को अश्विनौ का स कहा जाता है। वाम और दक्षिण नासा-पुटों को भी अश्विनौ कहा जाता है। यो की भाषा में इसे ही इडा-पिंगला भी कहते हैं।

(१९) वाक्—वाणी के प्रत्यक्ष तथा परोक्ष प्रभाव को रहस्यमय ढंग बतलाया गया है। वाक् और ब्रह्म की एकरूपता समझायी गयी है। वाक् देव अपनी कृपा से अपने आश्रित को ब्राह्मण, ऋषि अथवा तेजस्वी बना देती है। व राष्ट्री और देवों का संगमन कराती है। दर्शन के गूढ़ सिद्धान्त का रहस्य बं यहाँ विद्यमान है। योगज-शक्ति से मानव के विकास का महान् विस्तार समझाया गया है। वाग् देवता अम्भृण की पुत्री तथा देवों की प्रेरक शक्ति सूर्य, चन्द्र तथा रुद्र को यही शक्ति धारण करती है।

(२०) वास्तोष्पति—सोम देवता के समान वास्तोष्पति भी हमारे सदन अभिमानी देव है। इस देवता के विषय में एक ही सूक्त है। यह हमारे गृह अग्नि के समान ही गृहपति है। जब मानव अपने नए गृह में प्रवेश करता है उसे वास्तोष्पति का पूजन, अभिनन्दन अवश्य करना चाहिये। वेद मन्त्रों में गया है कि हमारे गृह (वास्तु) के देवता (पति) हमारे लिये सदा स्वस्ति का सृ करें। हमारे धन तथा पशु एवं गृह-उपकरण को सम्पन्न तथा सुशोभित करें। उ गृहपति की गृहसिद्धि के लिये जिन आवश्यक वस्तुओं की कामना होती है सबकी पूर्ति वास्तोष्पति की ही कृपा से सम्भव है। सम्पदा की सुरक्षा तथा अभ्यु की कामना भी इसी देवता के आधीन हैं।

इस प्रकार विशेष देवों का वर्णन उनके आकार, प्रकार, स्वभाव मानवीय साहचर्य की दृष्टि के निरूपित किया गया। कुछ अन्य भी देव हैं जि स्पष्ट रूप से प्रतिपादन नहीं किया गया है अथवा जिनका स्वरूप ऊपर कहे देवों ही अधिकतर मिलता जुलता है। उनमें बृहस्पति देवता की उपासना का व प्रभाव और स्वतन्त्रता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। कहीं-कहीं इनका वर्णन इन्द्र

साथ आया है। इन्हें ब्रह्मणस्पति भी कहा गया है। ये स्तोत्र-समूह के स्वामी तथा बुद्धि के देवता हैं। इनमें रण कौशल के साथ-साथ पौरोहित्य भी करना पड़ता है। इनमें ब्रह्म तथा क्षत्र दोनों के गुणों का समावेश है।

बृहस्पति मन्त्रों के प्रेरक हैं। इनके हाथ में धनुष-वाण तथा परशु रहता है। इनका वर्ण स्वर्णिम है। ये मनुष्यों को सुन्दर आयु और सौभाग्य प्रदान करते हैं।

नदियों में गंगा, यमुना, दृषद्वती, विपाशा, शुतुद्री आदि का वर्णन आता है पर सिन्धु और सरस्वती का नाम अधिक विस्तृत है। सरस्वती को अधिक महत्त्व और ममत्व मिला है। वेद की शुतुद्री ही आजकल सतलज और विपाशा व्यास कहलाती है। विश्वामित्र ऋषि का नदियों के साथ का वर्णन बड़ा ही मुग्धकारी तथा आलंकारिक है।

वेदों में पुरुष से हिरण्यगर्भ की उत्पत्ति का निर्देश मिलता है। हिरण्यगर्भ को प्रजापति, ब्रह्म तथा विराट भी कहा गया है। समस्त सृष्टि-प्रपंज का हिरण्यगर्भ ही एकमात्र स्वामी है। वही अपने बल से अन्तरिक्ष लोक को धारण करता है तथा पृथ्वी एवं द्युलोक का वही एक अवलम्बन है। उसके चरण में पृथ्वी तथा माल में द्यु लोक स्थित है। इसी की व्यापकता को लेकर वेदान्त के लिये 'सर्व खल्विदं ब्रह्म' का सूत्र-बीज मिला।

अदिति देवता मातृ-शक्ति की देवी है। वह असीम और असीमित सामर्थ्य वाली शक्ति है। वह बन्धनों (दिति) से रहित है। यह अनश्वर अन्तरिक्ष की ज्योति है। इन्द्र की कृपालु मां के रूप में भी इसे दर्शाया गया है। यह 'परमे व्योमन्' उच्च आकाश में निवास करती है और उषा के सदन में रहती है। अदिति को दक्ष की माता और पुत्री के रूप में भी कहा गया है। ब्रह्माण्ड की यह चिरन्तन परम्परा चली आ रही है। कौन किसका पिता है और कौन पुत्र है, यह अध्यात्म की दृष्टि से स्पष्ट नहीं किया जा सकता, इस दार्शनिक पृष्ठभूमि का बीज-मंत्र यहाँ निहित जानना चाहिये।

आदित्यों को अदिति का पुत्र कहा गया है। मित्र, वरुण, धाता, अर्यमा, अंश, भग, विवस्वान् तथा मार्तण्ड आदि आदित्य कहलाते हैं।

(६) छन्दः

ऋग्वेद की रचना छन्दोबद्ध है। इसमें लय, माधुर्य तथा पठन में धरिता आती है। बृहद् आकार में अभ्यास करने पर छन्दों की संख्या तथा नाम अधिक हैं। सामान्य रूप से सात छन्दों की ही प्रमुखता है—गायत्री, अनुष्टुप्, त्रिष्टुप्, उष्णिक्, बृहती, जगती और पंक्ति।

(१) **गायत्री**—यह छन्द २४ अक्षरों वाला होता है। न्यून या अधिक अक्षर होने पर गायत्री के अन्य-अन्य भेद माने जायेंगे। गायत्री को षड्ज स्वर में गाया जाता है। गायत्री त्रिपदा=तीन चरण की होती है और प्रत्येक चरण मे आठ अक्षर होते हैं।

(२) **अनुष्टुप्**—यह छन्द ३२ अक्षरों वाला होता है। इसका स्वर गान्धार है। इसमें आठ-आठ अक्षर के चार चरण होते हैं। इसमें भी न्यूनाधिक मात्रायें होती हैं।

(३) **त्रिष्टुप्**—इस छन्द में चार चरण तथा प्रत्येक चरण में ११ मात्रायें होती हैं। इस प्रकार पूरा छन्द ४४ अक्षरों का होता है। इस छन्द का स्वर धैवत है।

(४) **उष्णिक**—इस छन्द में तीन चरण होते हैं। पहले तथा दूसरे चरण में आठ-आठ अक्षर तथा तीसरे में १२ अक्षर होते हैं। इस प्रकार पूरे छन्द में २८ अक्षर होते हैं। इस छन्द का स्वर ऋषभ है।

(५) **बृहती**—इस छन्द में चार चरण होते हैं। प्रथम, द्वितीय तथा चतुर्थ चरणों में आठ-आठ अक्षर तथा तृतीय चरण में बारह अक्षर होते हैं। इस प्रकार इस छन्द में कुल छत्तीस अक्षर होते हैं और इसका स्वर मध्यम है।

(६) **जगती**—इस छन्द में बारह-बारह अक्षरों के कुल चार चरण होते हैं। ४८ अक्षरों का यह छन्द होता है। इस छन्द का स्वर निषाद है।

(७) **पंक्ति**—यह छन्द ४० अक्षरों का होता है। पूरे छन्द में पाँच चरण होते हैं और प्रत्येक चरण में ८ अक्षर होते हैं। इस छन्द का स्वर पञ्चम है।

संक्षेप में गायत्री–सा, उष्णिक–रे, अनुष्टुप्–ग, बृहती–म, पंक्ति–प, त्रिष्टुप्–ध और जगती–नि, इस प्रकार छन्दों के स्वरों को सा–रे–ग–म–प–ध–नि के रूप में संक्षिप्त रूप से कहा गया है। इसी क्रम में गायत्री का वर्ण श्वेत, उष्णिक् का सारङ्ग, अनुष्टुप् का पिङ्ग, बृहती का कृष्ण, पंक्ति का नील, त्रिष्टुप् का लोहित और जगती का गौर वर्ण माना गया है। देवता की दृष्टि से इन छन्दों के क्रमशः–अग्नि, सविता, सोम, बृहस्पति, मित्रावरुणा, इन्द्र तथा विश्वेदेवाः हैं। इसी प्रकार इन छन्दों के ऋषि भी क्रमशः—आग्निवेश्य, काश्यप, गौतम, आङ्गिरस, भार्गव, कौशिक और वसिष्ठ माने जाते हैं।

विस्तार से जानने के लिये आचार्य पिङ्गल रचित छन्दः शास्त्र को देखना चाहिये। वहाँ पर लौकिक-वैदिक छन्दों का बड़े विस्तार के साथ विवेचन किया गया है। षड् गुरु शिष्य ने वेदार्थ दीपिका में पिंगलाचार्य को पाणिनि का छोटा भाई बताया है।

वैदिक छन्दों का चित्र

		सा	रे	ग	म	प	ध	नि
		गायत्री	उष्णिक्	अनुष्टुप्	बृहती	पंक्ति	त्रिष्टुप्	जगती
१	आर्षी	२४	२८	३२	३६	४०	४४	४८
२	दैवी	१	२	३	४	५	६	७
३	आसुरी	१५	१४	१३	१२	११	१०	९
४	प्राजापत्मा	८	१२	१६	२०	२४	२८	३२
५	याजुषी	६	७	८	९	१०	११	१२
६	साम्नी	१२	१४	१६	१८	२०	२२	२४
७	आर्ची	१८	२१	२४	२७	३०	३३	३६
८	ब्राह्मी	३६	४२	४८	५४	६०	६६	७२

वैदिक छन्दों की विविधता है। यही छन्द लौकिक छन्दों के आदि स्रोत कहे जाते हैं। इस विषय में कुछ उदाहरण दिये जाते हैं—

(१) 'लिगति प्रमाणि' यह प्रमाणी छन्द की परिभाषा है। प्राकृत में भी 'लहू गुरू गिरन्तरा पमाणि अट्ठ अक्खरा' कह कर यही बात दुहरा दी है। लघु-गुरु अक्षरों के मेल से प्रमाणी छन्द बनता है। ऋग्वेद में ऐसी बहुत सी ऋचायें हैं जिनमें इस क्रम का प्रारूप देखने को मिलता है—

(१) अधारयन्त बह्नयः (१-२०-८), (२) हिरण्यपाणिमूतये (१-२१-५), (३) ऋतेन यावृतावृधा (१-२३-५), (४) हृदिस्पृगस्तु शन्तमः (१-१६-७)।

इसी प्रकार इन्द्रवज्रा 'पूषण्वते ते चकृमा करम्भम्' (३-५२-७), उपेन्द्रवज्रा 'स्तुहि श्रुतं गर्तसदं युवानम्' (२-३३-११), 'उरुं हि राजा वरुणश्चकार (१-२४-८)',

उपजाति—'अमी य ऋक्षा निहितास उच्चा नक्तं ददृश्रे कुह चिद् दिवेयुः' (१-२४-१०),

वंशस्थ—'हिरण्यपाणिः सविता विचर्षणिः' (१-३५-६),

इन्द्रवंशा—'यूना ह सन्ता प्रथमं विजज्ञतुः' (६-६८-५),

वातोर्मि—आ देवानामभवः केतुरग्ने (३-१-१७),

नराच—ऊथा न इन्द्र सोमया गिरामुपश्रुति चर (१-१०-३),

अनुष्टुप्—इन्द्रो विश्वस्य कर्मणो धर्ता वज्र पुरुष्टुतः (१-११-४)

शालिनी—इन्द्रासोमा दुष्कृते मा सुगं भूत् (७-१०४-७),

सभी ऋषियों और आचार्यों ने छन्दोज्ञान की महत्ता स्वीकार की है। महर्षि पाणिनि ने 'छन्दः पादौ तु वेदस्य' कह कर छन्दों को आधार-शिला के रूप में माना है। छन्दोब्राह्मण में ऋषि-देवता-छन्द की उपयोगिता पर प्रभविष्णु ढंग से वर्णन किया गया है। बृददेवता में छन्दो ज्ञान से रहित व्यक्ति की निन्दा की गयी है।

मण्डल १

अग्नि सूक्तम्

सूक्त १

ऋषि:—मधुच्छन्दा: । देवता—अग्नि: । छन्द:—गायत्री ।

अग्निमीळे पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम् ।

होतारं रत्नधातमम् ॥ १ ॥

पद-पाठ:—अग्निम् । ईळे पुर: ऽ हितम् । यज्ञस्य । देवम् । ऋत्विजम् ।

होतारम् । रत्नऽधातमम् ॥ १ ॥

संस्कृत व्याख्या—यज्ञस्य देवपूजासङ्गतिकरणदानादिकर्मण: पुरोहितम् अभीष्ट सम्पादकम्=सहायकरूपेण पुरोऽवस्थितम् देवम् दानशीलम् । होतारम् आह्वतारम् । ऋत्विजम्-ऋत्विग्भूतम् । रत्नधातमम् रमणीयानां रत्नानाम् अतिशयेन धारकं तं तथाविधं पोषयितारम् अग्निं परमात्मानम् अहम् ईडे स्तौमि ।

टिप्पणी—अग्निम्—अगिधातो र्निप्रत्ययेऽग्निशब्द: सिद्धयति । पुरोहितम्—पुर: + धा + क्त । धातो र्हि: । रत्नधातमम्—रत्न + धा + क्विप् । रत्नधा शब्दात् तमप् ।

हिन्दी व्याख्या—मैं 'अग्निम् ईडे' प्रकाशस्वरूप परमात्मा की वन्दना करता हूं । अगले सभी शब्द विशेषण रूप में प्रयुक्त हैं—पुरोहितम्—जो परमात्मा सहायक-रूप से सदा सामने ही अवस्थित हैं अथवा जो पुरोहित के समान सदैव ही अभीष्ट की पूर्ति करते हैं । 'यज्ञस्य देवम्' देवपूजा—संगति आदि कार्यों के सम्पादक हैं । दानशील हैं और 'ऋत्विजम्' ऋत्विक् के समान हमारे पूज्य हैं । 'होतारम्' देवों की पुकार करके पृथ्वी तक उन्हें लाने की कृपा करने वाले हैं तथा 'रत्नधातमम्' रमणीय रत्नों के धारक हैं, उस तेज स्वरूप परमात्मा की हम वन्दना करते हैं ।

अग्नि: पूर्वेभि ऋषिभिरीड्यो नूतनैरुत ।

स देवाँ एह वक्षति ॥ २ ॥

पद-पाठ:—अग्नि: । पूर्वेभि । ऋषिऽभि । ईड्य: । नूतनै: । उत । स: ।

देवान् । आ । इह । वक्षति ।। २ ।।

संस्कृत व्याख्या—अयम् अग्निः पूर्वेभिः पूर्वपुरुषैः पितृपितामह प्रभृति नूतनैः इदानीन्तनैरस्मदादिभिरपि ईड्यः स्तुत्यः । सः अग्निः परमात्मा पूजितः स इह देवान् आवक्षति आवहतु ।

टिप्पणी—पूर्वेभिः—पूर्वैः । 'बहुलं छन्दसि' इति ऐस् भावो न । वक्षति-वहधातो र्लेट् । 'सिब्बहुलम्०' इहि सिप् प्रत्यये ऽडागमे सति निष्पन्नम् । ईड्यः-ईड् स्तुतौक्यत् ।

हिन्दी व्याख्या—यह अग्नि 'पूर्वेभिः ऋषिभिः' हमारे पूर्ववर्ती ऋषियो द्वारा 'ईड्यः' स्तुति प्राप्त कर चुका है और यही 'नूतनैः उत' नवीन ऋषियों भी द्वारा मान्य और पूज्य है । वह अग्नि भली प्रकार सत्कार पाने पर देवों को य पर लाने में समर्थ होता है ।

अग्निना रयिमश्नवत्पोषमेव दिवेदिवे ।

यशसं वीरवत्तमम् ।। ३ ।।

पद-पाठ—अग्निना । रयिम् । अश्नवत् पोषम् । एव । दिवे ऽ दिवे । य सम् । वीरवत् ऽतमम् ।। ३ ।।

संस्कृत व्याख्या—तेन स्तुत्येन निमित्तभूतेन अग्निना रयिं धनेश्वर्यम् अश्न पुरुषः प्राप्नोति । तच्च धनं दिवे-दिवे पोषम् पुष्टिकरं पोषकत्वेन अहर्निशं वर्ध नैव क्षीयमाणम् यशसं कीर्तिकरं दानादिना जायमानं शौर्यादिना सम्पाद्यं च वत्तमम् अतिशयेन वीर पुरुषोपेतम् । स्तुत स्तुष्टश्चाऽभिप्रायम् अग्निः प्रपूरयति ।

टिप्पणी—अश्नवत्—अश्नोते र्लेटि + तिप्, इकारलोपोऽडागमश्च । दिवे—दिवशब्दात् 'सुपां सुलुग्', इत्यादिना 'शे' 'नित्यवीप्सयोः' इति द्वित्वम्

हिन्दी व्याख्या— सभी सुखों का निमित्तभूत परमात्मा ही है । उसी कृपा और सहायता से पुरुष नाना प्रकार के धनैश्वर्य को प्राप्त कर सकता परमेश्वर के द्वारा दिया गया धन प्रतिदिन पुष्टि और वृद्धि को देता है, जो क्षीण नहीं होता । यह धन 'यशसम्' दानादि से निष्पन्न कीर्ति, प्रशंसित का तुष्टि तथा वीरकर्म से यश का सम्पादन कराता है । ऐसी सम्पदा एवं प्रभु की के कारण वीर और शुभ-द्रष्टा पुरुषों का प्रादुर्भाव होता है ।

अग्ने यं यज्ञमध्वरं विश्वतः परिभूरसि ।

स इद्देवेषु गच्छति ।। ४ ।।

पद पाठ—अग्ने । यम् । यज्ञम् । अध्वरम् । विश्वतः । परिऽभूः । असि ।

सः । इति । देवेषु । गच्छति ॥ ४ ॥

संस्कृत व्याख्या—हे अग्ने ! त्वम् अध्वरं हिंसारहितं यज्ञं देवपूजासङ्गतिकरणादिधर्मयुक्तं शुभं यज्ञं यं विश्वतः सर्वतः परिभूः व्याप्तवान् असि । स इत् यज्ञः स एव यज्ञः तृप्ति हेतुः देवेषु तृप्तिसम्पादनार्थं गच्छति प्राप्नोति ।

टिप्पणी—अध्वरम्—ध्वरति हिंसाकर्मा, तत्प्रतिषेधः । हिंसारहितम् विश्वतः—विश्वशब्दात् सप्तम्यर्थे तसिल् ।

हिन्दी व्याख्या—हे अग्निस्वरूप परमात्मा ! आप जिस परम उदार अनुकम्पनीय हिंसा-रहित यज्ञ को सभी ओर से प्राप्त करते हैं, वह यज्ञ परमानन्द का सम्पादन करता हुआ देव-गण को प्राप्त होता है ।

अग्नि र्होता कविक्रतुः सत्य श्चित्र श्रवस्तमः ।

देवो देवेभिरागमत् ॥ ५ ॥

पद-पाठः—अग्निः । होता । कविऽक्रतुः । सत्यः । चित्रश्रवःऽतमः । देवः ।

देवेभिः । आ । गमत् ॥ ५ ॥

संस्कृत व्याख्या— अयम् अग्रभूतः देवः दिव्यगुणः अग्निः अस्माकं होता आह्वाता होमनिष्पादकः कविक्रतुः क्रान्तप्रज्ञानः क्रान्तकर्मा सत्यः सदैव निष्पायः सत्यभूतः फलदाता चित्रश्रवस्तमः अतिशयेन विविधख्यातियुक्तः देवेभिः दिव्यकर्मभिः सह आगमत् आगच्छतु अस्मत्प्रीत्यर्थं कृतार्थयतु ।

टिप्पणी—चित्रश्रवस्तमः—श्रूयते इति श्रवः कीर्तिः । चित्र + श्रवः + तमप् । आगमत्—आगच्छतु । लोटि छत्वाभावः उकारलोपश्छान्दसः । सत्यः—सत्सु साधुः सत्यः । 'सत्यादशपथे' इति निपातनात् ।

हिन्दी व्याख्या— होम का निष्पादन करने वाला यह अग्नि 'कविक्रतु' अतीत—अनागत को जानने वाला 'सत्यः' सदा समरस रहने वाला 'चित्रश्रवस्तमः' विविध प्रकार से ख्याति-युक्त 'देवः' सदा प्रकाशमान 'देवेभिः' दिव्यगुण-कर्म वाले देवगण के साथ 'आगमत्' हमारे यज्ञ में आगमन करें ।

यदङ्ग दाशुषे त्वमग्ने भद्रं करिष्यसि ।

तवेत्तत् सत्यमङ्गिरः ॥ ६ ॥

पद-पाठः—यत् । अङ्ग । दाशुषे । त्वम् । अग्ने । भद्रम् । करिष्यसि । तव इत् । तत् । सत्यम् अङ्गिरः ॥ ६ ॥

संस्कृत व्याख्या—अङ्ग अग्ने ! हे अग्ने ! त्वम् दाशुषे दानशीलाय पुरुषाय यत् भद्रं कल्याणं करिष्यसि तत् कल्याणरूपं कर्म 'तव इत्' तवैव नान्यस्य कस्य चित् । हे अङ्गिरः ! सत्यम् एतत् नात्र सन्देहावसरः ।

टिप्पणी—अङ्गिराः—गत्यर्थकाद् अगिधातोः इरच् । 'येऽङ्गारा आसंस्तेऽङ्गिरसोऽभवन् । दाशुषे—दाशृ दाने + क्वसुः । भद्रम—भदि कल्याणे + रः ।

हिन्दी व्याख्या— हे अग्निदेव ! आप हविष् का दान करने वाले उदार पुरुष के लिए सर्वदा कल्याण ही करते हैं, इसमें किसी प्रकार का सन्देह नहीं है। आप सदैव सत्य स्वभाव निष्कलङ्क, निरालस अंगारे के समान दिव्य स्वभाव हैं ।

उप त्वाग्ने दिवे दिवे दोषावस्त धिया वयम् ।

नमो भरन्त एमसि ॥ ७ ॥

पद-पाठः—उप । त्वा । अग्ने दिवेऽदिवे । दोषाऽवस्तः । धिया । वयम् । नमः भरन्त । आ । इमसि ॥ ७ ॥

संस्कृत-व्याख्या—हे अग्ने ! वयम् उपासकः दोषा रात्रिः तद्गतं तमोऽपि दोषा; तस्य रात्रिगतस्य अज्ञानगतस्य वा तमसः वस्तः 'वस—आच्छादने' स्वप्रकाश दानेन निवारयितः, तमस आच्छादयितः अग्ने दिवेदिवे प्रतिदिनं वयं धिया मनीषया नमो भरन्तः नमांसि सम्पादयन्तः तव समीपम् एमसि प्राप्नुमः ।

टिप्पणी—भरन्तः—भृ + शप् + शतृ । एमसि—'इदन्तो मसि'

हिन्दी व्याख्या—हे दोषावस्तः ! अपने स्वप्रकाश से अज्ञान रूप अन्धकार को स्वप्रकाश से आच्छादित करने वाले अग्नि देव ! 'दिवे-दिवे' प्रतिदिन हम लोग आपके समीप नमन के साथ प्राप्त हो रहे हैं । अर्थात् हम सदा आपकी ही शरण में सानन्द विचरण करते हुए सन्तुष्ट रहें ।

राजन्तमध्वराणां गोपामृतस्य दीदिविम् ।

वर्धमानं स्वे दमे ॥ ८ ॥

पद-पाठः—राजन्तम् । अध्वराणाम् । गोपाम् । ऋतस्य । दीदिविम् । वर्धमानम् । स्वे । दमे ॥ ८ ॥

संस्कृत व्याख्या—तम् राजन्तम् देदीप्यमानम् अध्वराणाम् हिंसारहितानां शुभकर्मणां यज्ञानां गोपाम् रक्षकम् ऋतस्य दीदिविम् सत्यस्य प्रकाशकं स्वे दमे स्वकीये गृहे वर्धमानं सदैव शोभमानम् तम् अग्निं वयं प्राप्नुमः ।

टिप्पणी—दीदिविम्—दिव् धातो र्यङ्‌लुङन्तात् कि प्रत्ययः ।

हिन्दी व्याख्या—हे अग्ने ! आप सदा प्रकाशमान हैं । यज्ञों के रक्षक तथा कर्मफल के प्रकाशक हैं और अपने स्थान में निरन्तर वर्धमान रहते हैं ।

स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव ।

सचस्वा नः स्वस्तये ॥ ९ ॥

पद-पाठः—सः । नः पिताऽइव । सूनवे । अग्ने । सुऽउपायनः । भव । सचस्व नः स्वस्तये ॥ ९ ॥

संस्कृत व्याख्या—हे अग्ने ! त्वं नः अस्मदर्थं सूपायनः शोभनगमनः अनायासेन प्राप्तियोग्यः भव स्याः । अस्माकं च स्वस्तये कल्याणाय सचस्व अभिमतो भव । पितेव । यथा पुत्राय पिता सुप्रायो भवति कल्याणप्रदश्च । तथा त्वमपि भव ।

टिप्पणी—सचस्व—षच् + लोट् ।

हिन्दी व्याख्या—हे अग्ने ! आप कृपा करके हमारे लिए सहज दयालु और प्राप्ति के योग्य बने रहिए और हमारे कल्याण के लिये सदैव उपदेश करते रहिये जिससे अपने अभिमन पितृतुल्य आपको पाकर हम सदा ही आश्वस्त और प्रसन्न रहें ।

मण्डल १

सूक्त १९

देवता—अग्निर्मरुतश्च । ऋषिः—मेधातिथिः काण्वः छन्दः—गायत्री

प्रति त्यं चारुमध्वरं गोपीथाय प्रहूयसे ।

मरुद्भिरग्न आगहि ॥ १ ॥

पद-पाठः—प्रति । त्यम् । चारुम् । अध्वरम् । गोऽपीथाय । प्र ऽ हूयसे

मरुद्ऽभिः । अग्ने आऽगहि ।। १ ।।

संस्कृत व्याख्या—हे अग्ने ! प्रकाशस्वरूप ! (चारुं त्यम् अध्वरम्) सा
युक्तम् अङ्गवैकल्यरहितं त्यम् तथाविधं पवित्रं शुभं सौख्यकरम् अध्वरम् अ
प्रतिष्ठितम् अस्माकं यज्ञं स्वीकृत्य (गोपीथाय) प्रतिलभ्य सोमपात्रय रक्षणायः
न्द्रियतर्पणाय त्वं प्र हूयसे प्रकर्षेण आहूयसे । त्वं (मरुभ्दिः) मरुद्गणैः सह (आ
पदार्पणं कुरु । आगच्छ ।। १ ।।

टिप्पणी— चारुम्— चरतेरुण् प्रत्ययः । गोपीथाय—गो + पा + थ
'घुमास्था०' इतीत्वम् । रक्षणाय इति श्रीधरस्वामीः गोशब्दस्य इन्द्रियाँर्थोऽपि—
दयानन्दः । आ गहि=आ गच्छ । आङ्पूर्वस्य गच्छते मध्यमपुरुषे कवत्य
इत्यादेशः ।

(२) गोपीथ शब्द का अर्थ मैक्समूलर ने 'गंध का घूँट' किया है ।

हिन्दी व्याख्या—हे अग्ने ! प्रकाशस्वामी (त्यम् पारुम् अध्वरम्) अ
उस सर्वाङ्गपूर्ण यज्ञ में (गोपीथाय) सोम-पान के लिए, रक्षा के लिए (प्र
आदर-श्रद्धा के साथ बुलावा भेजा गया है—बुलाया गया है । आप (मरुभ्दिः)
गण के साथ (आ गहि) अवश्य पधारें । आने की कृपा करें ।

नहि देवो न मर्त्यो महस्तव क्रतुं परः ।

मरुभ्दिरग्न आ गहि ।। २ ।।

पद-पाठः—नहि । देवः । न । मर्त्यः । महः । तव । क्रतुम् । परः । म

अग्ने । आ । गहि । २ ।।

संस्कृत व्याख्या—हे अग्ने ! (तव महः क्रतुम्) तव सम्बन्धिनं महान्तं
व्यापारं क्रियमाणम् उल्लंघ्य (नहि देवः परः) नैव देवः परः उत्कृष्टो भवितु
(न मर्त्यः) नैव च तव कर्म उल्लङ्घ्य मानवः उत्कष्टो भवितुं शक्नोति ।
स्वभावस्य मानवस्य कथैव का ? यदा देवोऽपि जहाति देवत्वम् (मरुद्भिः अ
गहि) देवविशेषै र्मरुद्भिः सह हे अग्ने ! मदीयं कर्मजातं शोधयितुम् उ
आगच्छ ।

टिप्पणी— क्रतुम्—कृधातोस्तुन् । आगहि—गमधातो र्लोटि मध्यम
वचने । सेर्हि । 'बहुलं छन्दसि' शपो लोपः, 'अनुदात्तोपदेश०' अनुनासिकलो
'असिद्धवदत्राभात् इतिः 'अतो हेः' इति हे र्लुङन ।

(२) पर्टिर्सन कहते हैं कि "देवता या मनुष्य तुम्हारी शक्ति का उल्लङ्घन नहीं कर सकता।" इस प्रकार 'क्रतु' का अर्थ वे 'शक्ति' मानते हैं। 'शतक्रतु' शब्द का अर्थ भी इसी हेतु वे 'सौ मनुष्यों की शक्ति वाला' करते हैं।

हिन्दी व्याख्या—हे प्रकाश स्वरूप अग्ने! आपसे सम्बन्धित कर्म का परित्याग करके न तो देवता देवत्व की प्राप्ति कर सकता है और न तो मनुष्य ही उत्कृष्ट हो सकता है। हे अग्ने! आप मरुद्गण के साथ पधारें।

ये महो रजसो विदु विश्वे देवास अद्रुहः।

मरुद्भिरग्न आगहि ॥ ३ ॥

पद-पाठः—ये। महः। रजसः। विदुः। विश्वेः। देवासः अद्रुहः। मरुत्-ऽभिः। अग्ने। आ। गहि ॥ ३ ॥

संस्कृत व्याख्या—हे अग्ने! ये मरुतः महो महतो रजसः उदकसंघातस्य वर्षणविधिं विदुः जानन्ति तैः मरुद्भिः त्वम् अस्मान् प्रति अनुकम्पया आयाहि आगच्छ। कीदृशाः मरुतः विश्वेदेव सः सर्वे दिव्यगणोपेताः 'सप्त गणा वै मरुतः' इति श्रवणात्। देवासः दिव्या विद्योतमानाः। अद्रुहः द्रोहरहिताः वर्षणविधिना सर्वोपकारित्वात्।

टिप्पणी—अद्रुहः—नञ्पूर्वस्य द्रुहधातोः क्विप्।

(२) पटिर्सन 'रजसः' का अर्थ आकाश करते हैं—'जो महान् आकाश लोक को जानते हैं। मैक्समूलर भी 'रजः' का अर्थ आकाश ही करते हैं।

हिन्दी व्याख्या—हे अग्ने! जो मरुद्गण (महो रजसः) महान् जल-संघात की वर्षाविधि को जानते हैं। जो (विश्वेदेवासः) सभी प्रकाशमान देवता हैं (श्रुतियों में कहा गया है कि मरुद्गण सात-सात के गण में रहते हैं) और जो (अद्रुहः) वर्षा करके सर्वोपकारी होने के कारण निरन्तर द्रोह-रहित हैं, उन मरुद्गण के साथ हमारे यज्ञ को शोभायमान कीजिये।

य उग्रा अर्कमानृचुरनाधृष्टास ओजसा।

मरुद्भिरग्न आगहि ॥ ४ ॥

पद-पाठः—ये। उग्राः। अर्कम्। आनृचुः। अनाधृष्टासः। ओजसा। मरुद्भिः। अग्ने। आ। गहि ॥ ४ ॥

संस्कृत व्याख्या— (ये) मरुतः उग्राः अत्यन्ततीक्ष्णाः सन्तः अर्कम् पूज्यं मुदकम् आनृचुः अर्चितवन्तः अर्चन्ति वा वर्षया सम्पादयन्ति । तै स्तथाविधै मरुद्भि स्त्वमागहि आगच्छ । ते मरुतः कीदृशाः ? ओजसा तेजसा बलेन च अनाधृष्टाः अनाभयिनः (आसमन्तात् बिभेति इति आभयी न आभयी अनाभयी ते अनाभयिनः) अतिरस्कृतस्वभावाः सर्वेश्वराः घर्षणशीलाः । प्रबलाः ।

टिप्पणी—उग्राः—उत्पूर्वस्य 'गुरी उद्यमने' 'गॄ निगरणे' वा धातुः । अर्कम् अर्चनीयं जलम् । आनृचुः—ऋच् धातो लिटि ।

(२) पटिर्सन ने 'अर्क' का अर्थ 'गान' किया है । 'आनृचुः' का अर्थ 'गाना गाते हैं' किया है । 'मरुतः स्वर्काः' ऋ–७–३५–६ में सायण ने भी 'मरुत स्तुतियों से युक्त' किया है । आयो वा अर्कः (शत० १०–६–५१) कह कर वाचक अर्क शब्द को माना गया है । कहा गया है—'अर्चतो वै मे कम् अभूत् तदेव अर्कस्य अर्कत्वम् ।'

हिन्दी-व्याख्या—जो मरुद्गण (ओजसा) अपने बल-वैभव से (अनाधृष्टाः) अतिरस्कृत हैं (निर्भय महाबली हैं) जो अत्यन्त उग्र स्वभाव के हैं (अर्कम् आनृचुः) जो अर्चनीय जल की अर्चना करते हैं=वर्षा के द्वारा सम्पादन करते हैं, उन के साथ हे अग्ने ! आप आइये ।

ये शुभ्रा घोरवर्पसः सुक्षत्रासो रिशादसः ।

मरुद्भिरग्न आ गहि ॥ ५ ॥

पद-पाठः—ये । शुभ्राः । घोरऽवर्पसः । सुऽक्षत्रासः । रिशादसः । मरुत्ऽभिः । अग्ने । आऽगहि ॥ ५ ॥

संस्कृत-व्याख्या—ये रुद्रपुत्रा मरुतः (शुभ्रा घोरवर्पसः सुक्षत्रासोरिशादसः) शुभ्राः शुचयो रागद्वेषविवर्जिताः घोरवर्पसः उग्रशरीराः रौद्रस्वभावाः सुक्षत्रासः नधनबलोपेताः रिशादसः ये रिशन्ति मुधैव रोषणस्वभावास्तान् अदन्तीति हिंसकानामपि हिंसकाः, तै रेवंविधै र्मरुद्भिः हे अग्ने त्वंमिहागच्छ ।

टिप्पणी— शुभ्राः— शुभधातो रक् । शोभन्ते इति शुभ्राः । घोरवर्पसः इति रूपनाम, घोरं वर्षो रूपं येषां ते घोर वर्पसः उग्ररूपधराः रिशादसः—रिशन्ति हिंसन्ति ते रिशाः, तान् अदन्ति इति ते रिशादसः हिंसकानां भक्षकाः, घातकाः, निवारकाः । सुक्षत्रासः=सुक्षत्राः, क्षत्रम्—बलम्, राज्यम्, धनम्, शोभनं क्षत्रं ते सुक्षत्राः. 'आज्जसेरसुक्' ।

हिन्दी व्याख्या—जो मरुद्गण (शुभ्राः) शुद्ध सात्विक स्वभाव वाले (घोरवर्पसः) उग्ररूपधारी (सुक्षत्रासः) धन-बल-वैभव से सम्पन्न सथा (रिशादसः) हिं

भी हिंसक (रोगों के निवारक) हैं। ऐसे मरुद्गण के साथ हे प्रकाशमय प्रभो! आप हमारे अज्ञान का निवारण करें।

ये नाकस्याधिरोचने दिवि देवास आसते।

मरुद्भिरग्न आ गहि ॥ ६ ॥

पद-पाठः—ये। नाकस्य। अधि। रोचने। दिवि। देवासः। आसते।

मरुत्ऽभिः। अग्ने। आ। गहि ॥ ६ ॥

संस्कृत व्याख्या—ये मरुतः नाकस्य सर्वानन्द प्रदस्य दुःखरहितस्य आदित्यस्य अधि उपरि दिवि द्योतनात्मके द्युलोके रोचने कान्तिप्रदे देवासः स्वयमपि प्रकाशित शरीरा आसते विद्यमानाः सन्ति, तैः मरुद्भिः सह हे अग्ने! त्वयस्मान् प्राप्नुहि।

टिप्पणी—नाकस्य—कं० सुखम्, नास्ति यस्मिन् तदकम्, न अकम्—नाकम्, नाको वा तस्य (६-३-७५ 'नभ्राण्नपात्० इत्यादिना नलोपाभावः। रोचनम्—रुच दीप्तौ इत्यस्मात् 'अनुदात्तेतश्च हलादेः' ३-२-१४९ इत्यादिना युच् प्रत्ययः।

(२) पीटर्सन ने 'नाक' का अर्थ आकाश और 'रोचने' का अर्थ प्रकाशमान किया है। मैक्समूलर ने 'सूर्य द्वारा प्रकाशित स्थानों में निवास करने वाले 'देवगण' किया है।

हिन्दी व्याख्या—जो मरुद्गण दुःखाभाव से युक्त सूर्य के द्वारा प्रकाशित द्युलोक में जगमगा रहे हैं, जो स्वयं भी प्रकाश करने वाले देवगण हैं, उन महान् मरुद्गण के साथ हे अग्ने! आप पधारें।

य ईङ्खयन्ति पर्वतान् तिरः समुद्रमर्णवम्।

मरुद्भिरग्न आ गहि ॥ ७ ॥

पद-पाठः—ये। ईङ्खयन्ति। पर्वतान् तिरः। समुद्रम्। अर्णवम्। मरुत्ऽभिः।

अग्ने। आ। गहि ॥ ७ ॥

संस्कृत व्याख्या—ये मरुद्गणाः पर्वतान् पर्ववन्तो मेघान् ईङ्खयन्ति प्रेरयन्ति अर्णवं जलमयं समुद्रं तरङ्गोत्पादनैः तिरस्कुर्वन्ति कम्पाकुलं कुर्वन्ति। तैस्तथाविधैः मरुद्भिः हे अग्ने! त्वमिहाभव।

टिप्पणी—समुद्रम्—सम् पूर्वस्य 'उन्दी क्लेदने' इति धातोः रक् प्रत्ययः। पर्वतान्—मेघान्। मत्वर्थीयस्तकारः, पर्वत पर्ववान्। पर्व पुनः पृणातेः। अर्णवम्= अर्णांसि जलानि। मत्वर्थीयो वकारः अर्णांसि प्रचुराणि अतिशयानि सन्ति यस्मिन् सोऽर्णवः।

हिन्दी व्याख्या—जो मरुद्गण घने जलार्द्र मेघों को इधर-उधर प्रेरि करते हैं तथा तरङ्गोत्पादन से समुद्र को भी तिरस्कृत करते रहते हैं, उन मरुद्गण साथ हे अग्ने ! आप यहाँ पधारें ।।

आ ये तन्वन्ति रश्मिभिस्तिरः समुद्र मोजसा ।

मरुद्भिरग्न आ गहि ।। ८ ।।

पद-पाठः—आ । ये । तन्वन्ति । रश्मिभिः । तिरः । समुद्रम् । ओजसा

मरुत्ऽभिः । अग्ने । आ । गहि ।

संस्कृत व्याख्या—ये खलु मरुतः रूद्रपुत्राः रश्मिभिः सूर्य-किरणैः सह तन्वन्ति आकाशं व्याप्नुवन्ति । अथ च ओजसा स्वसाहसेन समुद्रं तिरस्कुर्वन्ति, मरुद्भिः त्वं हे अग्ने ! अस्मान् आगच्छ ।। ८

टिप्पणी—रश्मयो रमणात् । ओजो मनोबलम् ।

हिन्दी व्याख्या—जो मरुद्गण सूर्य की किरणों तथा अपने मनोबल के सह सारे आकाश में फैल जाते हैं तथा जो नयी-नयी तरंगों से उत्पादन से समुद्र कम्पाकुल करते रहते हैं, उन रूद्रपुत्रों (मरुतों) के साथ शीघ्र कृपा करके हे अग्ने आप पधारिये ।

अभि त्वा पूर्व पीतये सृजामि सोम्यं मधु ।

मरुद्भि रग्न आगहि ।। ९ ।।

पद-पाठः—अभि । त्वा । पूर्वऽपीतये । सृजामि । सोम्यम् । मधु । म

ऽभिः । अग्ने । आ । गहि ।। ९ ।।

संस्कृत व्याख्या—पूर्वपीतये पूर्वकाले पानाय लब्धवृत्तये त्वा त्वां प्रति मधु सोम्यता सम्पादकं मधुरं सोमरसं हे अग्ने ! अभिसृजामि अभिमुखं सम्पाद त्वमपि मरुद्भिः सह आगहि आगच्छ ।

टिप्पणी— पूर्वपीतये— पूर्वा चासौ पीतिश्च पूर्वपीतिः तस्यै पूर्वपीत सोम्यम्—सोमम् अर्हति, इति यत् । मधु—'मनु अवबोधने' उप्रत्ययः, न का धकारः । छन्दः पूर्त्यर्थं 'सोम्यम्' इत्यत्र 'सोमियम्' इति पाठः करणीय; ।

हिन्दी व्याख्या—(पूर्वपीतये) सभी देवताओं में प्रथम-पान करने के लि अग्ने ! (त्वा अभि सृजामि) आप के ही लिये (सोम्यं मधु) सौम्य-गुणों को

ले सोमरस की मधुर सर्जना कर रहा हूं। अतः आप मरुद्गण के साथ अविलम्ब धारें।

मण्डल १

वरुण-सूक्तम्

सूक्त २५

ऋषि—शुनः शेष आजिगर्तिः। देवता वरुण; छन्दः—गायत्री

१— यच्चिद्धि ते विशो यथा प्र देव वरुण व्रतम्।

मिनीमसि द्यवि द्यवि ॥ १ ॥

पद-पाठः—यत्। चित्। हि। ते। विशः। यथा। प्र। देव। वरुण। तम्। मिनीमसि। द्यविऽद्यवि ॥ १ ॥

संस्कृत व्याख्या—हे वरुण ! यथा विशः क्रियाकुशलाः खल्वपि प्रजाः शुभ र्मणि यदा कदा प्रमादं कृत्वा क्लेशं भजन्ते तथा वयमपि ते त्वद्विषये यच्चिद्धि ज्ञानवशाद् यत् किंचित् द्यवि द्यवि दिने दिने व्रतं प्रमिनीमसि प्रमादेन विनाश-मः। तत् समग्रं व्रतं प्रमादराहित्येन अस्माकं शुभं कुर्विति व्यज्यते।

टिप्पणी— मिनीमसि—मीञ् हिंसायाम् क्र्यादिः, उत्तम पुरुष बहुवचने मीनाते निगमे' इतीकारह्रस्वता। श्ना इत्याकारस्य 'ईहल्यधोः' इतीकारः। 'इदन्तो सि'।

हिन्दी व्याख्या—हे वरुण ! जिस प्रकार प्रमाद आदि के कारण (विशः) जानन प्रमाद-वश त्रुटियां करते तथा फलस्वरूप नाना प्रकार से पीड़ित होते हैं। सी प्रकार 'द्यवि द्यवि' प्रतिदिन हम लोग भी प्रमाद कर जाते हैं और आपके व्रत ो 'मिनीमसि' हनन कर देते हैं। अज्ञान के कारण (यत् चित् हि) जो कुछ ऐसा शुभ हमसे हो गया है या हो जाता है, उसे आप क्षमा करें तथा जिसमें हमारा भ हो उसे सम्पादन करके हमें आनन्दित करें।

२— मा नो वधाय हत्नवे जिहीळानस्य रीरधः।

मा हृणानस्य मन्यवे ॥ २ ॥

पद पाठ—मा । नः । वधाय । हत्नवे । जिहीकानस्य ।

रीरधः । मा । हृणानस्य । मन्यवे ।।२।।

संस्कृत व्याख्या– हे वरुण ! 'जिहीकानस्य हत्नवे' पापं कृतवतः मनुष्यं हन्तुः 'वधाय' त्वत्कर्तृकाय 'मा नो रीरधः' अस्मान् संसिहान् तत्परायणान् कुरु । हृणानस्य' कुपितस्य तव 'मन्यवे' मा अस्मान् रीरधः कोपपात्रतां न नय ।

टिप्पणी—वधाय—हन् धातोः अप् प्रत्ययः, वधादेशः । हत्नवे-हन्धा कुः प्रत्ययः औणादिकः, नकारस्य च तकारे हत्नुः । चतुर्थी । जिहीडानस्य– अनादरे लिटः कानच् । द्वित्वे लोये ह्रस्व–श्चुत्व–जश्त्वानि । एकारस्य च ईका छान्दसः । रीरधः—राधसंसिद्धौ लुङ् । मध्यम पुरुषैकवचने चङ्, गिलोपः । माङ्योगे' इत्यडमाक । हृणानस्य-हृणीङ् रोषणे लज्जायां च, शानच् ।

हिन्दी व्याख्या– हे वरुण ! 'जिहीडानस्य हतृवे' अनादर करने वाले व के प्रति हननशील स्वभाव वाले 'वधाय मा नो रीरधः आपके रोष का पात्र ह बने । हमको अपने क्रोध के लिये उपयुक्त न समझें । मा हृणानस्य मण्यवे हुये आपके मन्यु के वशीभूत हम न हों ।

३— विमृडीकाय ते मनो रथीरश्वं न संदितम् ।

गीर्भि र्वरुण सीमहि ।।३।।

पद पाठ—वि । मृडीकाय ते । मनः । रथीः । अश्वम् ।

न । संऽदितम् । गीर्ऽभिः । वरुण । सीमहि ।।

संस्कृत व्याख्या— हे वरुण ! 'मृडीकाय' प्रीतितृप्तिहेतवे 'ते, तव हृदयं 'गीर्भिः' स्तुताभिः जाग्भिः 'वि सीमहि' विबध्नीमः' प्रसाद सम्भृतं कुर्मः । त्वं कृपयाऽनुग्रहं करिष्यसीति तथा कुर्मः । यथा रथी रथ स्वामी संदितम् दूरादागमनेन । श्रान्तं व्यथितम् अश्वं घासाहारा दिना सुखयति, स्निग्धं करोति तथा वयं त्वाँ सुखोयोतं सम्पादयामः ।

टिप्पणी—सन्दितम्–दोऽवखण्डने, निष्ठा । 'द्यति स्यतिः इतीकारा विसीमहि–षिञ् बन्धने, लिङ् व्यत्ययेनात्मनेपदम् ।

हिन्दी व्याख्या—हे वरुण ! 'मडीकाय' सुख प्राप्ति के लिये गी प्रसन्न वा गिलास के द्वारा 'ते मनः' आपके हृदय को 'विसीमहि' हम बांधते

आनन्द अपनी ओर उन्मुख करते हैं। जिस प्रकार 'रथी:' रथ का स्वामी 'सन्दितम् अश्वम' हारे-थके खण्डित अपने अश्व को घास अन्न जल आदि से प्रसन्नातृप्त करता है उसी प्रकार हम भी आपको अपनी ओर परमानन्दित करना चाहते हैं।

४— परा हि मे विमन्यवः पतन्ति वस्य इष्टये।

वयो न वसतीरुप ॥४॥

पद-पाठ—परा। हि। मे। विऽ मन्यवः। पतन्ति।

वस्य ऽ इष्टये। वयः। न। वसतीः। उप।

संस्कृत व्याख्या—हे वरुण। मे मम विमन्यवः आक्षेप रहिता मतयः वस्य इष्टये वसीयसोऽतिशयेन धववतो जीवनस्य प्राप्तये परा पतन्ति अभिमुखा आवृतिर-हिता आश्रयन्ते। वयो न पक्षिण इव। ते यथा वसती नीडानि निवासस्थानानि प्रति पूर्ण विश्रामाप्तये गच्छन्ति। उदितायां वति तिमिरायां मतौ न कदापि सुखमयं जीवनं परिहीयते। इति व्यज्यते।

टिप्पणी—वस्यः वसुमत् शव्दादीयसुन् विन्मतो लुक्' यकार लोपश्छान्दसः। वसती:—'वहिवस्यर्तिम्य श्चित्' इत्यौणादिकः तिप्रत्ययः।

(२) राथ ने 'विमन्यवः' का अर्थ स्तुतियाँ अथवा कामनाये की है। वस्य का अर्थ ग्रासमान ने भाग्योदय किया है।

हिन्दी व्याख्या—हे वरुण! मेरी आक्रोश रहित भावनायें 'वस्य इष्टये' धनागम की प्राप्ति के लिये 'परा पतन्ति' आपकी ओर निरन्तर उन्मुख हो रही हैं। सुखमय जीवन निरन्तर ही बना रहता है। 'वयो न' पक्षियों के समान। जिस प्रकार सायं काल होने पर पूर्ण विश्राम के लिये पक्षी अपने (वसतीः उप) निवास की ओर अभिमुख होते हैं उसी प्रकार कषाय-रहित बुद्धि में भगवद् भक्ति के उदित होने पर निरन्तर सुख-शान्ति बनी रहती है।

५— कदा क्षत्रश्रियं नरमा वरुणं करामहे।

मृळीकायोरुचक्षसम् ॥ ५ ॥

पद-पाठ— कदा । क्षत्रऽश्रियम् । नरम् । आ । वरुणम् ।

करामहे । मृडीकाय । उरुऽचक्षसम् ॥ ५ ॥

संस्कृत व्याख्या—'क्षत्रश्रियम्' क्षत्रमिति बलनाम, बलाश्रयभूतम् 'उरुच बहदर्शिनम् 'नरम्' नेतारम् 'वरुणं' वरणीयं देवं कदा कस्मिन् समये 'मृडीकाय' 'आ करामहे' आत्मवशं स्वकीयं करवाम । कदाऽसौ अस्मदीयो भूत्वा सुखयिष् व्यजमते ।

टिप्पणी—क्षत्रश्रियम्—क्षत्राणि श्रयतीति क्षत्रश्रीः, क्विप दीर्घश्च क्षत्रश्रियम् । नरम्—नृ नये अप् । करामहे—व्यत्ययेन उप्रत्ययस्य स्थाने शप् । क्षसम्चक्षो बंहुलं श्चिच, इत्यसुन् । शिच्चेति ख्यादेशो न । मृडीकाय—मृड सुखे प्रत्ययः ।

(२) मैक्स मूलर और पीटर्सन 'क्षत्रश्रियम्' का अर्थ वीरजयी किया नरम् का अर्थ मनुष्य ही किया है ।

हिन्दी व्याख्या—'कदा' वह माननीय समय कब आवेगा जबकि 'उरुच समस्त जग के द्रष्टा, 'नरम्' नेता, 'क्षत्रश्रियम्'—महान् बलशाली वरुण 'मृडीकाय' आनन्द प्राप्ति के लिए 'आ करामहे अपना कह सकेंगे । वरुण सुख-सुविधा के लिए आत्मीय बन जायेंगे ।

६— तदित्समानमाशाते वेनन्ता न प्र युच्छतः ।

धृतव्रताय दाशुषे ॥ ६ ॥

पद-पाठ— तत् । इत् । समानम् । आशातेइति । वेनन्ता । न ।

प्र । युच्छतः । धृतऽव्रताय । दाशुषे ॥ ६ ॥

संस्कृत व्याख्या—धृतव्रताय धृतं व्रतं येन तस्मै दाशुषे हविर्दत्तवते वेनन्तौ कामयमानौ मित्रावरुणौ समानं तद् इत् दन्तं तदेव हविराशाते अश्नु प्रयुच्छतः न कदाचिदपि प्रमादं कुरुतः ।

टिप्पणी—आशाते—अशु व्याप्तौ लिट् प्रथम पुरुष द्विवचने नुडागमो न त्यमागमशास्त्रमिति वचनात् । वेनन्ता-वेनतिः कान्तिकर्मा, शतृ प्रथमा द्विवचने श्छन्दसः । दाशुषे-दाश्ट दाने क्वसुः । द्वित्वाभावोऽनिट्त्वं च निपातनात् । धृत धृतव्रत शब्दो भक्तार्थ प्रयुक्तः व्रतपालकाय ।

हिन्दी व्याख्या—'धृतव्रताय दाशुषे' नियमाचरण का पालन और दानशील व्यक्ति के लिए 'वेनन्ता' आनन्दायक कामना करने वाले मित्र और वरुण 'तद् इत् समानम् आशाते' सामान्य रूप से प्राप्त और सुलभ होते हैं। 'न प्र युच्छतः' हवि और प्रार्थना की स्वीकृति में कभी भी प्रमाद नहीं करते।

७— वेदा यो वीनां पदमन्तरिक्षेण पतताम्।

वेद नावः समुद्रियः ॥ ७ ॥

पद-पाठ— वेद । यः । वीनाम् । पदम् । अन्तरिक्षेण ।

पतताम् । वेद । नावः । समुद्रियः ॥ ७ ॥

संस्कृत—टीका—यः वरुणः अन्तरिक्षेण आकाशमार्गेण गच्छतां पतनशीलानां वीनां खगानां पदं लिङ्ग वेद जानाति तथा समुद्रियः समुद्राभिजनो वरुणः सलिले गच्छन्त्या नावः जलयानभूतायाः पदं चिन्हं वेद जानाति। स एवास्मान् भवबन्धनान् मोचयुत, इति व्यज्यते।

टिप्पणी—समुद्रियः–समुद्रे भवः इत्यर्थे 'समुद्राभ्राद्घ' इति घः।

हिन्दी व्याख्या—जो वरुण 'अन्तरिक्षेण' आकाशमार्ग से 'पतताम्' गतागति करने वाले 'वीनाम्' विहंगामों के 'पदम्' चिन्ह को 'वेद' यथावत् जानते हैं तथा जो 'समुद्रियः' समुद निवासी होने के कारण 'नावः' गतागति करने वाले जल-वाहनों को भी यथावत् जानते हैं। वह वरुण देवता हमें इस भव-बन्धन से मुक्त करें, ऐसी व्यञ्जना है तथा आकाश-मार्ग एवं जल-मार्ग के सम्बन्ध में विद्या-रुचि की प्रेरणा दी गयी है।

८— वेद मासो धृतव्रतो द्वादश प्रजावतः।

वेदा य उपजायते ॥ ८ ॥

पद-पाठ— वेद । मासः । धृतऽव्रतः । द्वादश । प्रजाऽवत ।

वेद । यः । उपऽजायते ॥ ८ ॥

संस्कृत व्याख्या—स समग्रैश्वर्यसम्पन्नो वरुणः 'धृतव्रतः' धृतानि नाना विधानि शुभानि व्रतानि येनःसौ स्वीकृत शुभकर्मा 'प्रजावत द्वादश मासः वेद' यथा-काल मुत्पद्यामानान् संवत्सरे नियन्त्रितान् मासान् यथावज्जानाति। यश्च त्रयोदशोऽ-

धिको मास उपजायते स्वत एवोत्पद्यते तमप्यसावेव जानाति ।

टिप्पणी—मासः—'पदन्नो०' इति मासस्य मस् आदेश उपजायते—उप जनधातोः कर्मकर्त्तरि लट् कर्मवद्भावाद् आत्मने पदं यक् प्रत्ययः ।

(२) द्वादश को लेटिन में द्वादेसिम Du-o-de-cim कहते हैं ।

टिप्पणी—गव्यन्—गो + शतृ + क्यच् । इषितः—इष + क्त + इट् । इन्द्रजूतः—इन्द्र + जू + क्तः । संतरेयुः—सम् + तृ + लिङ् । सर्गतक्तः—तक् + क्तः । अर्षात्—ऋ + –लेट् । यज्ञियानाम्—यज्ञ + घ । टाप् । षष्ठी बहुवचन ।

हिन्दी-व्याख्या—विश्वामित्र कामनापूर्वक नदियों से प्रार्थना करते हैं—हे बहिनों ! आपकी कल्याणी कामना और दया की मैं भीख माँगता हूं । यदि कभी अपनी अभीष्ट-कामना के साथ भरतवंशीय आपको पार करना चाहें तो जिस प्रकार आज पार जाने की मेरी लालसा आपकी मंगल-कामना से पूर्ण हुई है इसी प्रकार उनकी भी याचना पूर्ण होवे । 'गव्यन्' जलधाराओं को पार करने की इच्छा वाला मैं 'इषितः' आपके द्वारा अनुगृहीत हुआ इसी प्रकार 'इन्द्रजूतः' इन्द्र के द्वारा प्रेरित 'ग्रामः' भरतवंशीयों का सार्थवाह 'अर्षात्' तैरने में=पार जाने में समर्थ और सफल होवें । 'सर्गतक्तः' गमन के लिए जिस प्रकार आपकी ओर से मुझे अनुज्ञा मिली इसी प्रकार भरतवंशीयों को भी अनुज्ञा मिले—मिलती रहे । मैं आपकी कल्याणी कामना का सदा अभिनन्दन करता हूं ।

१२–

अतारिषु भरिता गव्यवः सम्

अभक्त विप्रः सुमतिं नदीनाम् ।

प्र पिन्वध्वमिषयन्तीः सुराधा—

आ वक्षणाः पृणध्वं यात शीभम् ॥१२॥

पद-पाठः—अतारिषुः । भरताः । गव्यवः । सम् । अभक्त । विप्रः । सुऽमतिम् । नदीनाम् । प्र । पिन्वध्वम् । इषयन्तीः । सुऽराधाः । आ । वक्षणाः । पृणध्वम् । यात । शीभम् ॥१२॥

संस्कृत-व्याख्या—एवमैतिह्यमाचष्टे—गव्यवः आत्मनो गा इच्छन्तः पारे गन्तुकामा भरता अतारिषुः नदीः उत्तीर्णाः, पारं गताः खलु । विप्रः स्तोता विश्वामित्रः नदीनां सुमति कृपाम् अभक्त सम् अभजत । अलभत । इषयन्तीः धनं कुर्वाणाः सुराधाः शोभनधनोपेता यूयं प्र पिन्वध्वम् । तर्पयत प्रकृष्टतया । वक्षणा आ पृणध्वम् । कृत्रिम-सरितः कुल्याः पूरयध्वम् । शीभं यात । शीघ्र प्रवहत । सदैव तेजो जलराशिभिः सवेगाः प्रवाहोपेता भवत ।

टिप्पणी—गव्यवः—गो + क्यच् । अतारिषुः—तृ + लुङ् । समभक्तसम्-पूर्वस्य भजधातोर्लुङ् । इषयन्तीः—इष् + णिच् + शतृ । ङीप् । पिन्वध्वम्—पिवि (पिन्व) + लोट् । पृणध्वम् – पृणधातोर्लो रूपम् । यात—या प्रापणे लोट् ।

हिन्दी-व्याख्या—इस प्रकार इम मनोरञ्जक प्राकृतिक-सौन्दर्य का अभीप्सित आख्यान उपसंहार की ओर उन्मुख होता है—भरतवंशीय लोगों ने नदियों के विशाल लोगों ने नदियों के विशाल जल-राशि को पार-गमन की इच्छा से अपना सकल्प पूर्ण किया । विप्र स्तोता ऋषि ने भी नदियों की सुमति-कृपा प्राप्त किया । आशीर्वादित नदियों ! 'इषयन्तीः' धन-धान्य का कारण बनतीं हुई और 'सुराधाः' सुन्दर ऋद्धि-सिद्धि से सम्पन्न होकर 'प्र पिन्वध्वम्' सदा प्राणियों की प्रसन्न और तृप्त करती रहो । 'वक्षणाः' मनुष्यों द्वारा निर्मित कृत्रिम सरिताओं को (नहरों को) सदा लबालब भरती रहो । 'शीभं यात' शीघ्र बहती रहो । तुम्हारी तीव्र जल-धारा में सदा वेग-सामर्थ्य बना रहे ।

१३—

उद्व ऊर्मिः शम्या हन्तु

आपो योक्त्राणि मुञ्चत ।

मा दुष्कृतौ व्येनसा—

ऽघ्न्यौ शूनमारताम् ॥१३॥

पद-पाठः—उत् । वः । ऊर्मिः । शम्याः । हन्तु । आपः । योक्त्राणि । मुञ्चत । मा अदुः ऽ कृतौ । वि ऽ एनसा । अघ्न्यौ । शूनम् । आ । अरताम् ॥१३॥

संस्कृत व्याख्या—एवं विश्वामित्रः नदी स्तोत्ररूपेण प्राञ्चल वाचा तुष्टाव। ऋषि स्तत्सम्बन्धिनो भरता श्च पारं जग्मुः। यदा स ऋषिः उत्तिणीर्षुः पारं गच्छति तदा मध्येनदं प्रार्थयते—हे नद्यः युष्माकं ऊर्मिः तरङ्गः 'शम्या उद् हन्तु' बलीवर्द-संलग्ना रज्जवः ऊर्ध्वं यथा भवन्ति तथा हन्तु प्राप्नोतु। तरङ्गै रज्जव आर्द्रा न भवन्त्वित्यर्थ। हे आपः! तत्स्थिता नद्यः। 'योक्त्राणि मुञ्चत' योक्त्रसम्बद्धा रज्जूः मुञ्चत। नीचैः प्रवहत। अल्पतोया भवत्यो भवत। अदुष्कृतौ दोषरहितौ व्येनसा निरपराधौ अघ्न्यौ शूनं संकटं 'मा आरताम्' मा गमताम्।

टिप्पणी—हन्तु—हेन्सिागत्यो लोटि। योक्त्राणि—युजेः ष्ट्रन्। अदुष्कृतौ—नञ्+दुस्+कृ+क्विप्+तुक्। व्येनसा व्येनसौएनः पापकं व्यपगतम् ऐनः ययोः तौ व्येनसौ, व्येसना इति छन्दसि। अघ्न्यौ—हन् धातो र्यक्। नञ्। उपधालोपः। घत्वम्। शूनम्—श्वि+क्त। सम्प्रसारणम्। इकारस्य पूर्वरूपत्वम्। निष्ठा न त्वम्। आरताम्—ऋ गतौ लुङि।

सायणस्तु 'व्येनसा विगतपापे अत एवादुष्कृतौ कल्याणकारिण्यौ अघ्न्यौ अघ्न्ये न केनापि तिरस्करणीये विपाट्छुतुद्र्यौ शूनं समृद्धिम् आरताम् आगच्छतामिति' व्याख्यां चकार।

हिन्दी व्याख्या—नदी के बीच में विश्वामित्र प्रार्थना करते हैं—हे बहनो! आपकी चंचल तरगें पगहे (रस्सी) से नीचे ही रहें। 'आपो योक्त्राणि मुंचत' आप अल्प जल वाली हो जायँ जिससे हमारी रस्सियाँ भीगने से बच जायँ। हमारे ये निरपराध, दोष रहित, वृषभ 'शूनम्' किसी प्रकार के संकट में न फँसें इतनी कृपा आपकी होनी चाहिये।

मण्डल ३

मित्र-सूक्तम्

सूक्त ५९ ऋषि - विश्वामित्र

१- मित्रो जनान् यातयति ब्रुवाणो

मित्रो दाधार पृथिवीमुत द्याम् ।

मित्रः कृष्टीरनिमिषाभि चष्टे

मित्राय हव्यं घृतवज्जुहोत ॥१॥

पद-पाठः—मित्रः । जनान् । यातयति । ब्रुवाणः । मित्रः दाधार । पृथिवीम् । उत । द्याम् मित्रः कृष्टी । अनि ऽ मिषा । अभि । चष्टे । मित्राय । हव्यम् । घृत ऽ वत् । जुहोत ।

संस्कृत-व्याख्या—अयं मित्रः अहरभिमानी सूर्यो देवः जनान् सर्वान् प्रगिनः यातयति कर्मसु चेष्टयते । मित्र एव 'पृथिवीम् उत द्याम्' पृथ्वीलोकं द्युलोकं च धारयति । दृष्टि द्वारा संयोजयति । मित्र एव 'अनिमिषा' सावधानतया अनुग्रह-बुद्धया सर्वाः कृष्टीः कर्मवतो जनान् अभितः चष्टे पश्यति । अतः हे मनुष्याः । यूयं तस्मै मित्राय घृतवद् हविः जुहोत श्रद्धया प्रयच्छत ।

टिप्पणी—यातयति—'यती प्रयन्ते' लटि । दाधार—'तुजादीनाम्०' इति अभ्यासस्य दीर्घत्वम् । मैक्डानल ने 'ब्रुवाणः' का अर्थ कहता हुआ तथा कृष्टीः का अर्थ मनुष्य मात्र [कृषि करने वाला न करके] किया है ।

हिन्दी-व्याख्या—दिन के अभिमानी देवता मित्र रूप से समग्र मनुष्यों को 'यातयति' कर्म में प्रेरित करते हैं । मित्र ही पृथ्वी तथा आकाश को अपने आकर्षण में धारण किये हुए हैं । मित्र ही निर्निमेष (सावधान होकर) समस्त प्रजाओं की देख-

रेख करते हैं अतः सभी मनुस्यों का परम कर्त्तव्य है कि वे घृत, हवि आदि पवित्र सामाग्री से मित्र को प्रसन्न करें।

२- **प्र स मित्र मर्तो अस्तु प्रयस्वान्**

यस्त आदित्य शिक्षति व्रतेन।

न हन्यते न जीयते त्वोतो

नैनमंहो अश्नोत्यन्तितो न दूरात् ॥२॥

पद-पाठ—प्र। स। मित्र। मर्तः। अस्तु। प्रयस्वान्। यः। ते। आदित्य। शिक्षति। व्रतेन। न। हन्यते। न। जीयते। त्वा ऽ ऊतः। न। एनम्। अंहः। अश्नोति। अन्तितः न। दूरात् ॥२॥

संस्कृत-व्याख्या—हे आदित्य! व्रतेन नियमसंयमवताऽऽचारेण युक्तः यः पुरुषः ते तुभ्यं शिक्षति अहं त्वदीयोऽस्मीति हविः प्रयच्छति सः सदैव प्रयस्वान् अन्नधन सम्पन्नोऽस्तु भवतु। तदेतत् सत्यम्, त्वोतः पुरुषः त्वया संरक्षितः पुरुषः न केनापि हन्यते नापि जीयते पराभूयते। एनं श्रद्धोपेतं पुरुषं न कदापि अंहः पापं दुःखं वाऽन्तितः समीपात् न वा दूरात् अश्नोति प्राप्नोति।

टिप्पणी—शिक्षति—शिक्षति दीनार्थकः। व्यत्येन परस्मै पदम्। प्रय—अन्न नाम।

मैक्डानल ने—प्रयस्वान् का अर्थ 'मुख्य' किया है। शिक्षति का अर्थ 'नमस्कार' तथा 'व्रतेन' का अर्थ 'आदेश' किया है।

हिन्दी-व्याख्या—हे आदित्य! नियम-संयम के साथ जो व्यक्ति आदर और स्नेह पूर्वक आपके लिए हवि को प्रदान करता है वह सदैव अन्न धन आदि से सम्पन्न बना रहे। यह सत्य है कि मित्र देवता से संरक्षित पूरुष किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की पीड़ा नहीं प्राप्त कर सकता और न तो वह जीवन-संग्राम में कभी पराजित ही होता है। उस व्यक्ति को 'अन्नितो न इरात' निकट से अथवा दूर से पाप स्पर्श नहीं कर सकता।

३–

अनमीवास इलया मदन्तो

मितज्ञवो वरिमन्ना पृथिव्याः ।

आदित्यस्यं व्रत मुप क्षियन्तो
में

वयं मित्रस्य सुमतौ स्याम ॥३॥

पद–पाठः–अनमीवासः । इलया । मदन्तः । मित ऽ ज्ञवः वरिमन् । आ । पृथिव्याः । आदित्यस्य । व्रतम् । उप ऽ क्षियन्तः । वयम् । मित्रस्य । सु ऽ मतौ स्याम ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—हे मित्र ! वयं एते 'अनमीवासः' मीवा रोगः तद्रहिताः इलया अन्नेन मदन्तः सुखिनः सन्तः पृथिव्याः वरिमन् विस्तीर्णे स्थाने मितज्ञवः मितजानुकाः सर्वम् आदित्यस्य तव व्रतम् उपक्षियन्तः उपेत्य सम्पादयन्तः सुमतौ अनुग्रहबुद्धौ स्याम निवसेम ।

टिप्पणी—मदन्तः—'मदी हर्षे' व्यत्येन शप् । शतृ । वरिमन्—उरु शब्दात् इमनिच् । 'प्रिय स्थिर०' आदिना वरादेशं । 'सुपां सूलुक्०' इति सप्तम्या लुक् ।

मैक्डानल ने—मितज्ञवः का अर्थ 'दृढ़ जंघा वाले' किया है ।

हिन्दी- व्याख्या—हम लोग निरोग होकर अन्न धन से परितृप्त रहते हुए पृथ्वी के विशाल प्रदेश में मितज्ञवः—नमित जानु=घुटने टेक कर आदित्य सम्बन्धित वृतोपसना का सम्पादन करते हुए नित्य ही मित्र देवता की अनुग्रह–बुद्धि में आनन्दित बने रहें ।

४–

अयं मित्रो नमस्यः सुशेवो

राजा सुक्षत्रो अजनिष्ट वेधाः ।

तस्य वयं सुमतौ यज्ञियस्या—

पि भद्रे सौमनसे स्याम ॥४॥

पद-पाठ—अयम् । मित्रः । नमस्यः । सु ऽ शेवः । राजा । सु ऽ क्षत्रः । अजनिष्ट । वेधाः । तस्य । वयम् । सु ऽ मतौ । यज्ञियस्य । अपि । भद्रे । सौमनसे । स्याम ॥४॥

संस्कृत व्याख्या—अयं सुशेवः शोभनसुखः राजा प्रियतमः स्वामी सुक्षत्रः शोभनसामर्थ्यः सदैव अस्माभिः नमस्यः पूज्यः । यतो हि स वेधाः जगतो विधाता । अजनिष्ट—प्रादुरभूत् । तस्य यज्ञियस्य यज्ञार्हस्य देवस्य सुमतौ कल्याणायां बुद्धौ भद्रे सौमनसे सौमनस्ये वयं स्याम भवेम ।

टिप्पणी—नमस्यः—नमसि साधुः । यत् । सुक्षत्रः—क्षत्रेति—बलनाम । सुशेवः—शेव इति सुख नाम ।

मैक्डानल ने सौमनसे का अर्थ 'उत्तम प्रभाव वाला' । और सुशेव का अर्थ कृपालु किया है ।

हिन्दी-व्याख्या—यह दिन का अभिमानी देव सूर्य हम सभी के द्वारा अभिवादन के योग्य है । 'सुशेवः' सभी सुन्दर सुख इसी सूर्य से उपलब्ध होते हैं । यही सूर्य प्रकाशमान होने से राजा और सर्वाधिक प्रभावशाली होने से 'सुक्षत्र' हैं यही सूर्य विश्व के विधाता (वेधाः) हैं । ऐसे यज्ञर्ह पवित्र सूर्य देव की सुमति में हम सदा बने रहें और उन्हीं की सुमनस्कता में सभी प्रकार की शान्ति तथा सुख की प्राप्ति करें ।

५—

महाँ आदित्यो नमसोपसद्यो

यातयज्जनो गृणते सुशेवः ।

तस्मा एतत्पन्यतमाय जुष्टम्-

अग्नौ मित्राय हविराजुहोत ॥५॥

पद-पाठः—महान् । आदित्यः । नमसा । उप ऽ सद्यः । यातयत् ऽ जनः । गृणते । सुऽशेवः । तस्मै । एतत् । पन्य ऽ तमाय । जुष्टम् । अग्नौ । मित्राय । हविः । आ । जुहोत ।।५।।

संस्कृत व्याख्या—अयम् मित्रभूत आदित्यो महान् खलु । अत एव नमसा नमनेन उपसद्यः । उपसदनीयः उपगमनीयः कीदृशः सूर्यः ? यातयज्जनः । स्वकर्मणि प्रवर्तनीया जना येन तथाविधः । स च मित्रः गृणते स्तुतिं कुर्वते पुरुषाय सुशेवः सुखस्वरूपोऽस्ति । तस्मै पन्यतमाय स्तुत्यतमाय मित्राय जुष्टं तृप्तिकारि हविः आ जुहोत जुहुत । सम्पादयत ।

टिप्पणी—यातयज्जनः । 'यती प्रयत्ने' णिचि शतृ । पन्यतमायपन स्तुतौ, क्त ।

मैक्डानल ने जुष्टम् का अर्थ 'स्वीकरण योग्य' किया है ।

हिन्दी व्याख्या—यह मित्र रूप में अवस्थित अधित्य महान् है । अत एव अभिवादन—अभिनन्दन के साथ साक्षात्करणीय है । यह आदित्य कैसा है ? 'यातयज्जनः' अपने-अपने कर्म में मनुष्यों को प्रवृत्त होने के लिये प्रेरित करने वाला है । यह आदित्य अपने स्तोता के लिये सर्वदा सुखस्वरूप है । उस अत्यन्त स्तुत्य (पन्यतमाय) मित्र के लिये प्रीति-तृप्ति देने वाले हविष्य का सम्पादन करना चाहिये ।

६—

मित्रस्य चर्षणीधृतोऽवो देवस्य सानसि ।

द्युम्नं चित्रश्रवस्तमम् ।।६।।

पद-पाठः—मित्रस्य । चर्षणिधृतः । अवः । देवस्य । सानसि । द्युम्नम् । चित्रश्रवःऽतमम् ।।६।।

संस्कृत-व्याख्या—अस्य चर्षणीधृतः मेघाद् वृष्टिप्रदानेन कृषकाधारभूतस्य देवस्य मित्रस्य अवः अन्नं रक्षणसाधनं सानसि सर्वे जनैः प्रीत्या सेवनीयम् । संमजनीयम् । तदीयं च चित्रश्रवस्तमम् अतिशयेन कीर्ति युक्तं द्युम्नं द्योतनात्मकं धनं जनानां कृते सुलभम् अस्ति ।

टिप्पणी— चर्षणीधृतः—चर्षणयो मनुष्यास्तान् धारकत्वे पातीति । अवः—अन्ननाम । अवतीति । सानसि—वनषण संभक्तो । निपातनात् वृद्धि द्युम्नम्—धनम् । द्योतते इति । श्रवः – यशः ।

हिन्दी-व्याख्या—मेघ से जल प्रदान करने के कारण कृषकों के लिये मि... ही धारक-पालक हैं । उस मित्र के रक्षण साधन बने हुए 'अवः' अन्न की ... करनी चाहिये । उस मित्र का यश अत्यन्त व्यापक और धन-धान्य से परिपूर्ण है ।

७— **अभि यो महिना दिवं मित्रो बभूव सप्रथाः ।**

अभि श्रवोभिः पृथिवीम् ।।७।।

पद-पाठः—अभि । यः । महिना । दिवम् । मित्रः । बभूव । सप्रथाः ।

अभि । श्रवःऽभिः । पृथिवीम् ।।७।।

संस्कृत-व्याख्या—अयं मित्रः स्वकीयेन महिना महिम्ना दिवम् अभि... अभिव्याप्य वर्तते । सः सप्रथाः प्रभूतेन यशसा युक्तः सन् श्रवोभिः उत्पादितैः अन्नैः पृथिवीम् अपि बह्वन्नां सम्पादयन् अभिव्याप्नोति । सर्वोत्कर्षेण वर्तते । तं प्रत्य... नत इवि गम्यते ।

टिप्पणी—सप्रथाः—'प्रथ प्रख्याने' इति धातोरसुन् । 'वोपसर्जनस्य' इति सहस्य सभावः ।

मैक्डानल ने 'श्रवोभिः' का अर्थ 'कीर्ति' किया है ।

हिन्दी व्याख्या—यह मित्र अपनी महिमा से 'दिवम्' द्युलोक में भी ... व्यापक रूप में विराजमान हैं और अत्यन्त 'श्रवोभिः' वृष्टि जल से उत्पादित ... आदि के कारण 'पृथिवीम्' पृथ्वी लोक का भी संभरण एवम् अतिक्रमण कर... हैं ।

८— **मित्राय पञ्च येमिरे जना अभिष्टि शवसे ।**

स देवान् विश्वान् बिभर्ति ।।८।।

पद-पाठः—मित्राय । पञ्च । येमिरे । जनाः । अभिष्टि ऽ शवसे ।

देवान् । विश्वान् बिभर्ति ॥८॥

संस्कृत-व्याख्या—'अभिष्टि शवसे' शत्रूणामभिभवनसमर्थाय मित्राय 'पञ्च जनाः' निषादपञ्चमाः सर्वे वर्णाः 'येमिरे' हवींषि प्रयच्छन्ति। स मित्रः विश्वान् देवान् दिव्यकर्मस्वभावान् बिभर्ति धारयति।

टिप्पणी—अभिष्टि शवसे—इषेः क्तिन्।

मैक्डानल ने 'अभिष्टि शवसे' का अर्थ 'बलवान् सहायक' किया है।

हिन्दी-व्याख्या—'अभिष्टि शवसे' शत्रुओं के तिरस्कार में समृद्ध तथा समर्थ मित्रभूत सूर्य के लिये पांचों वर्ण ब्राह्मण—क्षत्रिय—वैश्य—शूद्र तथा निषाद) प्रीति से हविष्यान्न को समर्पण करते हैं। वह सूर्य भी अपने प्रताप से समस्त देवों को अपने अनुग्रह में धारण करते हैं।

९-

मित्रो देवेष्वायुषु जनाय वृक्तबर्हिषे।

इष इष्टव्रता अकः ॥९॥

पद-पाठ—मित्रः। देवेषु। आयुषु। जनाय। वृक्त ऽ बर्हिषे। इषः। इष्ट ऽ व्रताः। अकरित्यकः ॥९॥

संस्कृत-व्याख्या—मित्रभूतो भगवान् सूर्यः देवेषु अथ आयुषु आयुष्मत्सु मनुष्येषु वृक्तबर्हिषे जनाय लूनबर्हिषे पुरुषाय कर्मतत्पराय नितरां प्रसन्नो भवति तस्मै च 'इष्टव्रताः' इच्छितव्रत-साधिकाः इषः अन्नानि अकः करोति।

टिप्पणी—वृक्तबर्हिषे—'ओव्रश्चू छेदने' निष्ठा। 'यस्य विभाषा' इति इट्प्रतिषेधः। अकः कृ धातोः लुङि० च्लेः लुक्।

मैक्डानल ने 'वृक्तबर्हिषे' का अर्थ 'कुशा को वेदि के ऊपर फैलाने वाला' किया है।

हिन्दी-व्याख्या—आयु की अपेक्षा से परे रह कर स्वयं स्वेच्छा से आयु पाने वाले (त्रिदशाः=तिस्रो दशा येषां ते=अपनी इच्छा के अनुसार बालक-युवा—वृद्ध बन जाने वाले, देवों में तथा आयु के आधीन चलने वाले मनुष्यों में वेदि पर कुशा आदि का फैलाव करने में चतुर व्यक्ति की तत्परता को देख कर सूर्य प्रसन्न होते हैं और ऐसे सावधान एवं कर्त्तव्य परायण व्यक्ति के लिए 'इष्ट व्रताः' इच्छित व्रत में साधक 'इषः' अन्नों का उत्पादन करते हैं।

मण्डल ३

उषः-सूक्तम्

सूक्त ६१

ऋषि—विश्वामित्रः । छन्दः—त्रिष्टुप् । देवता—उषाः ।

१— उषो वाजेन वाजिनि प्रचेताः

स्तोमं जुषस्व गृणतो मघोनि ।

पुराणी देवि युवतिः पुरन्धि—

रनु व्रतं चरसि विश्ववारे ॥१॥

पद-पाठः—उषः । वाजेन । वाजिनि । प्रऽचेताः । स्तोमम् । जुषस्व । गृणतः । मघोनि । पुराणी । देवि । युवतिः । पुरंऽधिः । अनु । व्रतम् । चरसि । विश्वऽवारे ॥१॥

संस्कृत-व्याख्या—हे उषः दुःखदाहिके ! वाजिनि सम्पन्नधनयोगे ! मघोनि ऐश्वर्यसम्पन्ने ! प्रचेताः प्रचेतनामयी त्वं गृणतः तव स्तोत्रं कुर्वतो जनस्य स्तोमं स्तुतिसमूहं जुषस्व प्रीत्या सेवस्य । वाजेन अन्नेन कृपया सेवस्व । हे विश्ववारे सर्वजनवरणीये ! उषो देवि ! त्वं पुराणी नित्यनूतनाऽपि पुरातनि युवतिः युवतिरिव कमनीया तरुणी पुरन्धिः बहुना स्तोत्रलक्षणेन कर्मणा युक्ता सततशोभना । एतादृश्यां त्वयि वयं गुणोयेतायां श्रद्धालवः । त्वं च अनुव्रतं यज्ञकर्म प्रति चरसि अनुकूला वर्तसे ॥

टिप्पणी—पुरन्धिः—पुरम् + धा + किः । यद्वा—पुरुधीः—पुरुधी ... पुरु इत्यस्य स्थाने पृषदरादित्वात् 'पुरम्' बहुव्रीहि ह्रस्वश्च । मघोनि—मघ शब्दात् मत्वर्थीयो वनिप् । मघशब्दो धनवाची । 'ऋन्नेभ्यो ङीप्' इति ङीप् । 'श्वयुव मघोनाम्०' इति सम्प्रसारणे गुणश्च । सम्बोधन शब्दः । वाज शब्दस्य बहवो...

तीव्रः, संघर्ष, पुरस्कारः लाभः, कोषः, अन्नम्, हविः, वेगः, त्यागः, बलम्, युद्धम्, जयः, मित्रकेलिः, शत्रु क्रीडा, जयधनम्, रणश्रीः, सर्वमुषसः प्रभावाल्लभते ।

हिन्दी-व्याख्या—(उषः, वाजिनि, मघोनि, देवि !) हे दुःख-शोक को दग्ध करने वाली धन-धान्य सम्पन्न, वेग और कान्ति को देने वाली शुभदात्री उषा ! तुम स्तुति करने वाले महानुभाव की स्तुतियों को कृपा करके श्रवण करो । तुम प्राचीन काल के आख्यानों से नित्य परिचित रहने पर भी नित्य सुन्दर तथा कमनीय तरुणी के सदृश आकर्षक हो । तुम्हारे कार्य और सौंदर्य की कोई सीमा नहीं है । संसार ने तुम्हारा वरण किया है और शुभाचारण को संसार के अन्तःकरण में तुम्हीं धारण करती हो ।

२—

उषो देव्यमर्त्या वि भाहि

चन्द्ररथा सूनृता ईरयन्ती ।

आ त्वा वहन्तु सुयमासो अश्वा

हिरण्यवर्णां पृथुपाजसो ये ॥२॥

पद-पाठ—उषः । देवि । अमर्त्या । वि । भाहि । चन्द्रऽरथा । सूनृताः । ईरयन्ती । आ । त्वा वहन्तु । सुऽयमासः । अश्वाः । हिरण्यवर्णाम् । पृथुऽपाजसः । ये ॥२॥

संस्कृत-व्याख्या—चन्द्ररथा सुवर्णरथोपेताऽऽनन्दमयी अमर्त्या मरणधर्मरहिता हे उषो देवि ! त्वं वि भाहि सूर्यकिरणसम्बन्धेन विमानं कुरु । दीप्ता भव सूनृताः प्रियसत्यरूपा वाच ईरयन्ती उच्चारयन्ती नितरां त्वं दीप्यस्व । सुयमासः सुष्ठु नियन्त्रिता दान्ताः पृथुपाजसः प्रभूतबलवर्णा येऽश्वां सन्ति ते त्वाम् आ वहन्तु ।

टिप्पणी—सुयमासः—सु + यम + खल् । सूनृता—सु + ऋत, नुडागमः ऊकारदीर्घश्च । हिरण्यवर्णाम्—हितरमणीयवर्णाम्, स्वर्णवत्कमनीयवर्णाम् । चन्द्ररथा—चन्द्रशब्दः स्वर्णपर्यायः । चदि आह्लदाने दीप्तौ च । स्वर्णवत्कमनीयरथोपेता ।

हिन्दी-व्याख्या—'चन्द्ररथा उषो देवि !' हे स्वर्णमय रथ पर आसीन होकर विचरण करने वाली उषा ! तुम 'सूनृता ईरयन्ती' प्रिय मधुर वाणी का उच्चारण करती हुई—प्रेरणा प्रदान करनी हुई 'विभाहि' विभान (विहान) करो जिससे समग्र संसार विकास की आभा से आभासित हो उठे । 'पृथुपाजसः सुयमासः अश्वा' अत्यन्त वलवर्ण वाले सुगठित—नियन्त्रित अश्व निरन्तर तुम्हें वहन करके विश्व को आनन्दित करते रहें और तुम्हारा हिरण्यवर्ण रूप इसी प्रकार जगमगाता रहे।

३— उषः प्रतीची भुवनानि विश्वो—

ध्वा तिष्ठस्यमृतस्य केतुः ।

समानमर्थं चरणीयमाना

चक्रमिव नव्यस्या ववृत्स्व ॥३॥

पद-पाठः—उषः । प्रतीची । भुवनानि । विश्वा । ऊर्ध्वा । तिष्ठसि । अमृतस्य केतुः समानम् । अर्थम् । चरणीयमाना । चक्रम् ऽ इव । नव्यसि । आ । ववृत्स्व ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—प्रतीची विश्वा सर्वाणि भुवनानि प्रति अञ्चतीति आभि-मुख्येन प्राप्नोति इति प्रतीची । अमृतस्य केतुः अमृतस्य निर्मणस्य सूर्यस्य त्वमेव प्रज्ञापयित्री । उषस दृष्ट्वैव सूर्यागमनं प्रति विश्वसिति लोकः । ऊर्ध्वा तिष्ठति नभसि औन्नत्यं प्राप्य वर्तसे । समानम् अर्थम् एक मेव मार्गम् आश्रित्व नव्यसि पुनः पुन-रुत्पन्ना सती नवतरा—हे नवीने उषो देवि । एकमेव मार्गमाश्रित्य चरणीयमाना अभिमुखं चरन्ती चक्रमिव यथा चक्रं रथाङ्गं पुनः पुनरावर्तते तथा त्वमपि पुनः पुनस्तस्मिन्नेव मार्गे आवर्तस्य आवृता भव सूर्यस्य चक्रमिव ।

टिप्पणी—प्रतीची—'अञ्चते श्चोपसंख्यानम्' इति ङीप् । अर्थम्अर्यते गम्यते इत्यर्थो मार्गः । ऋ गतौ स्थन् प्रत्ययः । चरणीयमाना चरन्ति । यत्र तत्र चरणं मार्गः । चरणम् इच्छति इति क्यप् । आत्मनेपदम्, शानच् । टाप् । केतुः—चाय-की, तुन् प्रत्ययः । नव्यसि—नवशब्दाद् ईयसुन्, ईकारलोपश्छान्दसः । आववृत्स्व—वृतु धातो 'वंहुलं छन्दसि' शपः श्लुः । आत्मनेपदम्, लोट्, मध्यमपुरुषैकवचने ।

हिन्दी-व्याख्या—'अमृतस्य केतुः' अमरधर्मा सूर्य की पताका प्रज्ञापयित्री बनकर सभी भुवनों पर व्याप्त होती हुई उषा गगन की ऊँची स्थली पर जगमगा रही है। अपने नित्य के ही परिचित मार्ग पर विचरण करती हुई सूर्य-चक्र के ही समान हे कल्याणी तुम अपने मार्ग पर सानन्द आवर्तन करती रहो।

४—

अवस्यूमेव चिन्वती मघो—

न्युषा याति स्वसरस्य पत्नी।

स्व ऽ र्जनन्ती सुभगा सुदंसा

आन्ताद्दिवः पप्रथ आ पृथिव्याः ॥४॥

पद-पाठः—अव। स्यूम ऽ इव। चिन्वती। मघोनी। उषाः। याति। स्वसरस्य। पत्नी। स्वः। जनन्ती। सुऽभगा। सुऽदंसाः। आ। अन्तात्। दिवः। पप्रथे। आ। पृथिव्याः ॥४॥

संस्कृत-व्याख्या—इयमुषाः स्वसरस्य स्वयं सारिणः सूर्य पत्नी पालयित्री सती स्यूमेव वस्त्रमिव विस्तीर्ण तमः अवचिन्वती अपक्षयं प्रापयन्ती मघोनी धनैश्वर्यसम्पन्ना याति मार्गानुसरणं करोति। स्व र्जनन्ती स्वकीयं तेज उत्पादयन्ती सुभगा कल्याण-मना सौभाग्यवती सुदंशाः शोभनकर्मा सा खलु उषा दिव आ अन्तात् पृथिव्याश्च आ अन्तात् पप्रथे प्रथते प्रकाशं तनुते।

टिप्पणी—स्वसरस्य—सुष्ठु अस्यति क्षिपति तम इति स्वसरः सूर्यः। इति व्यायणः। स्यूम—सिवु 'अवि णिवि शुषिभ्यः कित्' इति कित् मन् प्रत्ययः। वकारस्य ऊठ्। यण्। सुलुक्। जनन्ती— जन जनने णिच्, शत्, ङीप्। छन्दस्युभयथा इति णिलोपः। स्वसरः—सु + असु + अरक्।

(२) पीटर्सन ने 'स्वसरस्य पत्नी' का अर्थ किया है संसार की महारानी। सुदंसाः का अर्थ भी 'सुन्दर रूप वाली' किया है। स्यूम का अर्थ राथ ने लगाम (रश्मि) किया है। लुडविग ने भी 'लगाम को ढीला करती हुई' अर्थ किया है।

हिन्दी-व्याख्या—स्वयं सर्वशक्तिमान् सूर्य की पालिका उषा अन्धकार के आवरण को विध्वंस करती हुई ऐश्वर्य सम्पन्न महारानी के समान अपनी यात्रा पर

अग्रसर है । अपने तेज से विश्व को आक्रान्त करती हुई पृथिवी और आकाश के बीच में अपने शुभकर्म और सौभाग्य का विज्ञापन उषा कर रही है ।

५—
अच्छा वो देवी मुषसं विभातीं

प्र वो भरध्वं नमसा सुवृक्तिम् ।

ऊर्ध्वं मधुधा दिवि पाजो अश्रेत्

प्र रोचना रुरुचे रण्वसंदृक् ॥५॥

पद-पाठः—अच्छ । वः । देवीम् । उषसम् । विऽभातीम् । प्र । वः भरध्वम् । नमसा । सुऽवृक्तिम् । ऊर्ध्वम् । मधुधा । दिवि पाजः । अश्रेत् । प्र । रोचना । रुरुचे । रण्वऽसदृक् ॥५॥

संस्कृत-व्याख्या—हे स्तोतारः यूयं विभातीं शोभमानां देवीं दिव्याम् उषसं प्रति अभिलक्ष्य सुवृक्तिं शोभनां स्तुतिं नमसा नमनभावेन प्रभरध्वं संपादयध्वम् । मधुधा मधुराणि सुखकराणि सौम्यानि स्तुतिलक्षणानि वाक्यानि दधातीति मधुधा उषा । सेयमुषा दिवि द्योतनात्मके नभसि ऊर्ध्वमूर्ध्वाभिमुखं पाजः स्वकीयं तेजो विभानं सा अश्रेत् आश्रयति । रोचना रोचनशीला रण्वसंदृक् रमणीयसंदर्शना सेयमुषाः प्ररुरुचे प्रकर्षेण दीप्यते ।

टिप्पणी—मधुधा—मधुः सोमः, तं दधाति धारयतीति मधुधाआदित्यः । यद्वा—मधुधा उषाः, सा च मधुं सूर्यं दधाति । सुवृक्तिम्—सु + वृजी + क्तिन् सुष्ठुतया वर्ज्यते आवर्ज्यते जनो यया सा सुवृक्तिः स्तुतिः । अश्रेत्—श्रिञ् + लङ् प्रथमपुरुषैकवचने ।

हिन्दी-व्याख्या—हे स्तुति करने में निपुण महानुभाव ! आप अत्यन्त नम्रता के साथ इस प्रभात वेला में देदीप्यमान उषा देवी के प्रति उत्तम स्तुतियां प्रारम्भ कीजिये । ऊपर गगन में आदित्य को धारण करने वाली उषा अपने दिव्य अलौकिक

तेज से जगमगा रही है। नयन के लिए हितकर रमणीय विभा चारों ओर सानन्द बिखरा रही है।

६— ऋतावरी दिवो अर्कैरबोध्या—
रेवती रोदसी चित्रमस्थात्।
आयतीमग्न उषसं विभातीं
वाममेषि द्रविणं भिक्षमाण ॥६॥

पद-पाठः—ऋतऽवरी। दिवः। अर्कैः। अबोधि आ। रेवती। रोदसी इति। चित्रम्। अस्थात्। आऽयतीम्। अग्ने। उषसम्। विऽभातीम्। वामम्। एषि। द्रविणम्। भिक्षमाणः ॥६॥

संस्कृत-व्याख्या—ऋतावरी सत्यशीलस्वभावा इयमुषा दिवः द्युलोकात् अर्कैः स्वकीयैस्तेजोभिः अबोधि सर्वैः सम्यक् प्रज्ञायते। इयं रेवती धनैश्वर्यसम्पन्ना उषा रोदसी द्यावापृथिव्यौ अभिव्याप्य चित्रं नानाविधम् अस्थात् उपस्थिता तिष्ठति। हे अग्ने! भिक्षमाणः याचमानस्त्वम् उषसं विभातीं भासमानां यदा याचसे तदा वामं कमनीयं द्रविण धनम् एषि प्राप्नोषि।

टिप्पणी—ऋतावरी—ऋत+वनिप्। 'मनोरच' नकारस्य स्थाने रेफः। 'ऋन्नेभ्यो ङीप्'। अर्कैः—अर्कशब्दः सूर्यपर्यायः बहुवचन निर्देशात् लक्षणया 'तेजोभिः' इत्यर्थः। रेवती—रयि+मतुप्। 'रये र्मतौ बहुलम्' यकारस्य सम्प्रसारणम् पूर्वरूपता गुणश्च। 'छन्दसीरः' मकारस्य वकारः। तथा 'उगितश्च' इति ङीप्। आयतीम्—आङ्+इण्+शतृ+ङीप्।

हिन्दी-व्याख्या—'ऋतावरी' पदार्थों के यथार्थरूप को प्रकाशित करने वाली उषा गगन से आने वाले अपने तेज पुंज के कारण 'अबोधि' पहचान ली जाती है। 'रेवती' यह धनैश्वर्य की स्वामिनी अपने अंगलावण्य से जगमगा रही है। 'विभातीम्' अपनी विभा से अत्यन्त कमनीय कान्ति वाली इस उषा से हे अग्नि देव जब-जब आप भिक्षा मांगते हैं। कमनीय रत्न-धन को प्राप्त करते हैं।

७—

ऋतस्य बुध्न उषसामिषण्यन्

वृषा मही रोदसी आ विवेश ।

मही मित्रस्य वरुणस्य माया

चन्द्रेव भानुं विदधे पुरुत्रा ॥७॥

पद-पाठः—ऋतस्य । बुध्ने । उषसाम् । इषण्यन् । वृषा । मही इति । रोदसी इति आ । विवेश । मही । मित्रस्य । वरुणस्य । माया । चन्द्राऽइव । भानुम् । वि । दधे । पुरुत्रा ॥७॥

संस्कृत-व्याख्या—उषसाम् इषण्यन् प्रेरयन् अयं वृषा धर्मभूतः सूर्यः वृष्टिकारी मही महत्यौ रोदसी द्यावापृथिव्यो आ विवेश सर्वतः प्राप्नोति । कदा ? ऋतस्य सत्यभूतस्य दिवसस्य बुध्ने मूलभागे प्रभातकाले इति यावत् इयमपि उषा मित्रस्य दिनाभिमानिनो देवस्य वरुणस्य रात्र्यभि—मानिनो देवस्य च मही महती माया प्रभारूपा, सा च चन्द्रा इव सुवर्णानीव भानुं स्वकीयां विभां पुरुत्रा सर्वेषु विदधे विस्तारयति ।

टिप्पणी—बुध्ने—बुफधातो र्नङ् । इषण्यन्—इच्छतीति इषन्, इषन्तम् आत्मानम् इच्छतीति इषण्यति—इष + शतृ + क्यच् । मही—महत् + ङीप् । उपधातकारयोर्लोपश्छान्दसः । पुरुत्रा—पुरु शब्दात् 'देव मनुष्य०' इति त्र प्रत्ययः । चन्द्रा—चन्द्रशब्दोऽत्र सुवर्णवाची ।

हिन्दी-व्याख्या—'ऋतस्य बुध्ने' यथार्थरूप से दीप्तमान् दिवस के मूल में स्वर्णपीतवसना उषा को 'इषण्यन्' प्रेरित करता हुआ 'वृषा' वर्षा करने वाला सूर्य 'मही रोदसी' विशाल पृथ्वीलोक एवम् आकाशलोक के अन्तराल में 'आ विवेश' प्रवेश पा रहा है । यह उषा 'मित्रस्य वरुणस्य' दिवस और रात्रि के मिलन की 'मही माया' एक बड़ी विभा-विभूत है जो स्वर्ण के समान पीतप्रभा 'पुरुत्रा' सभी ओर 'विदधे' विस्तीर्ण कर रही है ।

मण्डल–४

उष: सूक्तम्

सूक्त ५१

ऋषि:—वामदेव: । देवता—उषा: । छन्द:—त्रिष्टुप् ।

१- इदमु त्यत् पुरुतमं पुरस्तात्—

ज्योति तमसो वयुनावदस्थात् ।

ननं दिवो दुहितरो विभातो—

गातुं कृणवन्नुषसो जनाय ॥१॥

पद-पाठ:—इदम् । ऊँ इति । त्यत् । पुरु ऽ तमम् । पुरस्तात् । ज्योति: । तमस: । वयुन ऽ वत् । अस्थात् । नूनम् । दिव: । दुहितर: । वि ऽ भाती: । गातुम् । कृणवन् । उषस: । जनाय ॥१॥

संस्कृत-व्याख्या—'इदमु व्यत् पुरस्तात्' इदं तत् प्राच्यां दिशि 'पुरुतमं ज्योति: वयुनावत्' आनन्द प्रदं तेज: 'तमस:' अन्धकारात् नि: सृत्य 'अस्थात्' उत्तिष्ठति । कीदृशं ज्योति: पुरुतमम् अत्यन्त-प्रभास्वरं प्रभूतम् । 'नूनं दिवो दुहितर:' स्पष्टं दिवो ललनाया दुहितर: दुहितृस्थानीया उषस: 'विभाती:' विमानं प्रभातं कुर्वाणा: जनाय मनुष्याणां कृते 'गातुं कृणवन्' गमनादिव्यापार सामर्थ्यम् अकुर्वन् ।

टिप्पणी—दुहिता—दोग्ध इति दुहिता । गातुम्—इण् गतौ । तुन् प्रत्यय: । गा आदेशश्छान्दस: एति येन स गातु: मार्ग: । जीवन साधन-प्रकार: । वयुनम् —इति पदनाम निघण्टौ ।

हिन्दी-व्याख्या—'इदमु त्यत्' यह वह है 'वयुनावत् ज्योति:' आनन्द प्रद तेज जोकि 'पुरस्तात्' सामने पूर्व दिशा से 'तगस: अस्थात्' अन्धकार में से निकलता

हुआ 'पुरुतमम्' प्रभास्वर रूप में 'अस्थात्' प्रकट हो रहा है। 'नूनम् निश्चय ही 'दिवो दुहितरः' द्युलोक की पुत्रियाँ 'विभातीः' विभान करती हुई 'जनाय' मनुष्य के लिये 'उषसः देवियाँ 'गातुं कृणवन्' गमनादि व्यापार के लिये सामर्थ्य प्रदान कर रही हैं।

२– अस्थुरु चित्रा उषसः पुरस्तान्
मिता इव स्वरवो ऽध्वरेषु।
व्यू व्रजस्य तमसो द्वारो–
च्छन्ती रव्रञ्छुचयः पावकाः ॥२॥

पद-पाठः—अस्थुः। ऊँ इति। चित्राः। उषसः पुरस्तात्। मिताः इव स्वरवः अध्वरेषु। वि। ऊँ इति। व्रजस्य। तमसः द्वारा। उच्छन्तीः। अव्रन्। शुचयः। पावकाः ॥२॥

संस्कृत-व्याख्या—चित्राः चायनीया उषसः पुरस्तात् प्राच्यां दिशि 'अस्थुः' स्पष्ट प्रभावाः तिष्ठन्ति। 'मिता इव अध्वरेषु स्वरवः' अध्वरेषु मिताः खाताः स्वरवो यूपा इव। ते यथा प्रभूताः स्वर्णमया दीप्यन्ते तथा प्राच्यां दिशि उषसो द्योतन्ते। एता उषसः 'व्रजस्य तमसः द्वारा' व्रजस्य निवारकस्य अन्धकारस्य द्वाराणि 'वि उच्छन्तीः' उत्सारयन्त्यः 'शुचयः' शुद्धाः 'पावकाः' शोधयित्र्यः। 'अव्रन्' तेजसा आवृणवन्।

टिप्पणी—अव्रन्—लङ्। विकरण लोप श्छान्दसः। शुचयः—शुच्यतीति शुचिः 'इगुपधात् कित्' इन्प्रत्यय औणादिकः। स्वरवः—स्वृधातोः उप्रत्ययः। स्वर्यन्त इति स्वरवः। तमः—ताम्यतीति तमः। तमु कांक्षायाम्। असुन् प्रत्ययः।

हिन्दी-व्याख्या—'चित्रा उषसः' अद्‌भुत शोभा प्रदान करने वाली उषा देवियाँ 'पुरस्तात्' प्राची दिशा में 'मिताः स्वरव इव' स्थापित किये गए यूप स्तम्भों की भाँति 'अस्थुः' जगमगा रही हैं। जिस प्रकार सजाये गए यज्ञस्तम्भ लाल-पीले

चमकते जगमगाते हैं उसी प्रकार स्वर्णिम-प्रकाश के साथ प्राची दिशा में लालिमा चमक रही है। यह उषा देवियाँ 'शुचयः पावकाः' अत्यन्त शुभ और शोधक हैं जो 'व्रजस्य तमसः द्वारा वि उच्छन्तीः' आवरण करने वाले अन्धकार के द्वारों का स्वकीय प्रकाषमय तेज से उद्घाटन करती हैं।

३–

उच्छन्तीरद्य चितयन्त भोजान्

राधो देयायोषसो मघोनी।

अचित्रे अन्तः पणयः ससन्त्व—

बुध्यमानास्तमसो विमध्ये ॥३॥

पद-पाठः—उच्छन्तीः। अद्य। चितयन्त। भोजान्। राधःऽदेयाय उषसः। मघोनीः। अचित्रे। अन्तरिति। पणयः। ससन्तु। अबुध्यमानाः। तमसः। विऽमध्ये ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—अद्य उच्छन्तीः तमो विवासयन्त्यः 'मघोनीः' धनैश्वर्य-सम्पन्नाः 'राधो देयाय' धनप्रदानाय 'चितयन्त' प्रबोधयन्ति। 'अबुध्यमानाः' शयाना एव 'पणयः' कृपणाः 'अचित्रे अन्तः ससन्तु' अचायनीये प्रभावहीने 'तमसो विमध्ये' गाढान्धकारे ससन्तु स्वपन्तु।

टिप्पणी—उच्छन्तीः—उच्छी विवासे। मघोनीः—मघ इति धननाम। तद्वतीः। राधः—धनम्। पणयः—कुसीदिनः कृपणाः। ससन्तु—षस—षसने, षसनं च स्वप्नः।

हिन्दी व्याख्या—आज प्रभातवेला में (उच्छन्तीः) अन्धकार को निर्वासन देती हुई उषा देवियाँ 'भोजान् चितयन्त' दानशील, उदार महानुभावों को प्रबुद्ध कर रही हैं। 'पणयः अचित्रे अन्तः अबुध्यमानाः तमसो वि मध्ये ससन्तु' पर पीड़ाकारी कन्जूस लोग गाढ़ अन्धकार में प्रभावहीन होकर सोते रहें।

४- कुवित्स देवीः सनयो नवो वा

यामो बभूयादुषसो वो अद्य।

येना नवग्वे अङ्गिरे दशग्वे

सप्तास्ये रेवती रेवदूश ॥४॥

पद-पाठः—कुवित् । सः । देवीः । सनयः । नवः । वा । यामः । बभूयात् । उषसः । वः । अद्य । येन । नव ऽ ग्वे । अङ्गिरे । दश ऽ ग्वे । सप्त ऽ अस्ये । रेवती । रेवत् । ऊष ।

संस्कृत-व्याख्या—हे उषसः वः युष्माकं 'यामः' यमनसाधनः रथः 'सनयो वा नवो वा' पुराणो वा नवीनो वा अद्य कुवित् बहुवारं 'बभूयात्' अस्माकं यज्ञं भूषयेत्। येन रथेन सप्तास्ये सप्तछन्दोयुक्तमुखे 'नवग्वे दशग्वे अङ्गिरे' नवनीतगतये नवाश्वगतये दशाश्वगतये वा ऽङ्गिरः समूहाय 'रेवत्' धनवत् कुलं यथा भवति तथा 'रेवतीः' रेवत्यः धनवत्यः यूयं भवत ।

टिप्पणी—देवीः—द्योतमानः । यामः— रथः, गमनसाधनः । नियमनसाधनो वा । नवग्वेः—अंगिरसः नवग्वा उच्यन्ते नवगमनाः, नवाश्वगमना वा । अङ्गं प्राणा वा अङ्गिरसः । सनयः—पुराणः ।

हिन्दी व्याख्या— हे उषा देवियों ! 'सनयः नवो वा यामः' आपका रमणीय रथ चाहे प्राचीन हो या नवीन; वह रथ आज इस यज्ञ की पावन-वेला में हमारे लिए 'बभूयात्' शुभ और आनन्द का निष्पादन करे जिससे 'सप्तास्ये' सप्त छन्दोयुक्त मुख वाले 'नवग्वे' नव अश्वों पर अथवा 'दशग्वे' दश अश्वों पर (=नव संधारक प्राणों पर अथवा दशेन्द्रिय युक्त अश्वों पर) यात्रा के लिए चलने वाले 'अङ्गिरे' अंगिरा ऋषियों के लिए 'रेवत्' उनका कुल-कुटुम्ब धन-सम्पन्न हो; ऐसा 'रेवतीः ऊष' धनसम्पन्न उषा देवियाँ सम्पादन करें ।

५—

यूयं हि देवी ऋतयुग्भिरश्वैः

परिप्रयाथ भुवनानि सद्यः ।

प्रबोधयन्तीरुषसः ससन्तं

द्विपा च्चतुष्पाच्चरथाय जीवम् ।।५।।

पद-पाठः—यूयम् । हि । देवीः । ऋतयुक् ऽ भिः । अश्वैः । परि ऽ प्रयाथ । भुवनानि । सद्यः । प्र ऽ बोधयन्तीः । उषसः । ससन्तम् । द्वि ऽ पात् । चतु ऽ पात् । चरथाय । जीवम् ।।५।।

संस्कृत-व्याख्या—हे उषसः ! ऋतयुग्भिः यज्ञगामिभिः अश्वैः यूयं भुवनानि सद्यः परिप्रयाथ परितः प्रयाणं कुरुथ । कथं गच्छथ ? ससन्तं स्वपन्तं जीवलोकं प्रबोधयन्तीः प्रबोधयन्त्यः येन द्विपात् चतुष्पाद् मनुष्य-खग-गवादियणः चरथाय स्व-स्वकर्मव्यापारार्थं प्रवर्तेत । प्रवृत्ति लभेत ।

टिप्पणी—चरथाय—चरधातोरथच् प्रत्यय औणादिकः ।

हिन्दी-व्याख्या—हे दिव्य उषा देवियो ! आप अपने ऋत (यज्ञ) गामी अश्वों के साथ समस्त भुवन में एक साथ ही अभिव्याप्त हो जाती हो । समस्त स्वप्न-ग्रस्त जीवों को प्रबोधन देती हो और दो चरण वाले तथा चार चरण वाले (मानव-खग-गवादि) प्राणियों को अपने-अपने व्यापार में प्रवृत्त होने के लिए प्रेरित करती हो ।

६—

क्व स्विदासां कतमा पुराणी

यया विधाना विदधु ऋभूणाम् ।

शुभं यच्छुभ्रा उषसश्चरन्ति

न वि ज्ञायन्ते सदृशीरजुर्या ॥६॥

पद-पाठः--क्व । स्वित् । आसाम् । कतमा । पुराणी । यया । वि ऽ धाना ।

वि ऽ दधुः । ऋभूणाम् । शुभम् । यत् । शुभाः । उषसः । चरन्ति । न । वि ।

ज्ञायन्ते । सादृशीः । अजुर्याः ।

संस्कृत-व्याख्या—एतासाम् उषसां माध्ये का स्वित् पुराणी पुरातनी उषा क्व स्वित् आसीत् यया ऋभूणाम् उपासकाः विधाना विधानानि निर्माणानि विदधुः अकुर्वन् । इमा उषसः शुभा देदीप्यमानाः शुभं तेजः (चरन्ति) उत्पादयन्ति । तेन एव अजुर्याः अशीर्णाः सदृशीः एकरूपाः समानाकाराः अतो न विज्ञायन्ते एतासु का नवीना कतमा वा पुराणी ।

टिप्पणी—अजुर्याः—नञ् उपपदात् जृधातोः । शुभ्राः—स्फायितञ्चि इत्यादिना रक् ।

हिन्दी-व्याख्या—इन उषा देवियों में कौन-सी पुरानी उषा थी जिसके कारण ऋभु ऋषियों के उपासकों ने 'विधाना' अपने यज्ञ-विधानों का 'विदधुः' सम्पादन किया । यह सभी उषा देवियों शुभ्र देदीप्यमान होकर अपने तेज का निरन्तर निष्पादन करती हैं । इनका वयोवर्णरूप एक-सा ही समान है अतः यह जाना नहीं जाता कि इनमें कौन प्राचीन है और कौन-सी नवीन है ।

७–

ता घा ता भद्रा उषसः पुरासु–

रभिष्टिद्युम्ना ऋतजातसत्या ।

यास्वीजानः शशमान उक्थैः

स्तुवञ्छंसन्द्रविणं सद्य आप ॥७॥

पद-पाठः—ताः । घ । ताः । भद्राः । उषसः । पुरा । आसुः । अभिष्टि ऽ द्युम्नाः । ऋतजात ऽ सत्याः । यासु । ईजानः । शशमानः । उक्थैः । स्तुवन् । शंसन् । द्रविणम् । सद्यः । आप ॥७॥

संस्कृत-व्याख्या—'पुरा ता घा ता भद्रा उषस आसुः' पुरा काले ता एव उपकारिण्य उषस आसन् । 'अभिष्टिद्युम्नाः' अभिगमनमात्रेण द्युम्नं द्योतकं धनम् अन्तर्बाह्यविभवौ यासां ताः । 'ऋतजातसत्याः' यज्ञार्थं जाताः सत्याः सत्यफलाश्च । यासु उषः सु ईजानः यागं कुर्वाणः उक्थैः स्तोत्रलक्षणैः शशमानः प्रशंसमानः स्तुवन् स्तुतिं निष्पादयन् शंसन् प्रशंसन् द्रविणम् वैभवजातम् सद्यः तत्कालमेव आप प्राप्नोति ।

टिप्पणी—भद्राः—भदि कल्याणे सुखे च । औणादिको रन् प्रत्ययः । नकारलोपः । द्युम्नम्—द्योतकम् । द्युम्नमिति पद नाम निघण्टौ ।

हिन्दी-व्याख्या—वही उपकार-परायण उषा देवियाँ प्राचीनकाल में आविर्भूत हुई 'अभिष्टिद्युम्नाः' जिनके अभिगमन स्पर्श से ही कान्ति-प्रद धन-वैभव की प्राप्ति हुई । 'ऋतजातसत्याः' जिनका प्रादुर्भाव ही देवपूजा, संगतिकरण दान आदि शुभ कर्मों के लिए हुआ है और जो प्रवृत्ति की सफलता में मूल कारण हैं । 'यासु ईजानः' जिन उषा देवियों के साक्ष्य में देव-पूजा आदि के माध्यम से प्रगति करता हुआ मानव 'उक्थैः शशमानः' स्तुति-वचनों से सराहना करता हुआ 'स्तुवन् शंसन्' स्तुति=गुण-विस्तार एवं शंसन्=गुणानुरागपूर्वक प्रशंसा के कारण 'द्रविणं सद्य आप' तत्काल ही धन आदि सिद्धियों को प्राप्त करता है ।

८–

ता आ चरन्ति समना पुरस्तात्

समानतः समना पप्रथानाः ।

ऋतस्य देवीः सदसो बुधाना

गवां न सर्गा उषसो जरन्ते ॥८॥

पद-पाठः—ताः । आ । चरन्ति । समना । पुरस्तात् । समानतः । समना

पप्रथानाः । ऋतस्य । देवीः । सदसः । बुधानाः । गवाम् न । सर्गाः । उषसः

जरन्ते ॥८॥

संस्कृत-व्याख्या—समानतः समानाद् देशाद् अन्तरिक्षात समानाः समानमनस्काः समानाराश्च 'समना पप्रथानाः' सर्वस्मिन् प्रदेशे पुरस्तात् प्राच्यां दिशि विस्तीर्णास्ता उषसः चरन्ति प्रादुर्भावं गच्छन्ति । इमा उषसः 'ऋतस्यदेवीः' यज्ञरूपस्य संकलन-विकलनरूपस्य देव्यः प्रज्ञापयित्र्यः 'सदसः बुधानाः' दिव्यरुचीन् सदस्यान् बोधयन्त्यः 'गवां सर्गा न' किरणानां सृष्टय उद उदकानां सृष्टय इव जरन्ते स्तूयमानाः प्रादुर्भवन्ति ।

टिप्पणी——सदः 'सर्वधातुभ्यो ऽसुन् । उषाः—'उषः किच्च' । ओषति दहति इति उषाः ।

हिन्दी व्याख्या—समान देश अन्तरिक्ष से समान-आकार और मन वाली पूर्व दिशा में सभी ओर फैलने वाली उषा देवियाँ विचरण कर रही हैं । 'ऋतस्य देवी' यह सत्य का प्रज्ञापन करती हैं । 'सदसो बुधानाः' दिव्य रुचि वाले सत्पुरुषों को निरन्तर सावधान करती रहती हैं । 'गवां न सर्गाः' उदक-सृष्टि के समान, किरण-सृष्टि के समान सुख-सुविधा की प्राप्ति के लिए उषा देवियां स्तुति-पात्र बनती हैं ।

९—

ता इन्न्वे३व समना समानी—

रमीतवर्णा उषस श्चरन्ति ।

गूहन्तीरम्वमसितं रुशद्भिः

शुक्रास्तनूभिः शुचयो रुचाना ॥९॥

पद-पाठः—ताः । इत् । नु एव । समना । समानी । अमीत ऽ वर्णाः ।

उषसः । चरन्ति । गूहन्तीः । अभ्वम् । असितम् । रुशत् ऽ भिः । शुक्राः । तनूभिः ।

शुचयः रुचानाः ।

संस्कृत-व्याख्या—ता एवः अभीतवर्णाः, अपरिमित स्वरूपाः समानीः समानाख्यानाः समना समानरूपाः उषसः चरन्ति । विचरन्ति । स्वकीयैः रुशद्भिः अतिदीप्तैः प्रकाशैः असितं रूपं कृष्णमन्धकारं गूहन्तीः पृथक् स्थापयन्त्यः एताः शुचयः रागद्वेष विवर्जिताः शुद्धाः तनूभिः रुचानाः रोचमानाः शुक्राः दीप्ताः सन्तीति ।

टिप्पणी—शुक्राः—शुच्यते पवित्री भवतीति शुक्रः । रन् प्रत्ययः औणादिकः । अभीतवर्णाः—अहिंसितवर्णाः, अपरिमिवर्णा वा । मीञ् हिंसायाम् । क्तः । गूहन्तीः—गूहू संवरणे ।

हिन्दी-व्याख्या—वही अपरिमित-स्वरूप वाली, समान रूप और आख्यान वाली उषा देवियाँ विचरण कर रही हैं । अपने वे 'रुशद्भिः तनूभिः' कान्तिमान् और देदीप्यमान शरीर-अवयवों से अन्धकार को 'गूहन्तीः' निराचरण करती हुई, 'शुक्राः' अत्यन्त शुभ-वर्ण में जगमगाती हुई रुचाना' रुचिकर रूप में अवस्थित होकर 'शुचयः' राग-द्वेष को दूर करती हुई नेत्रों के लिये आनन्द की स्थापना करती हैं ।

१०—

रयिं दिवो दुहितरो विभातीः

प्रजावन्तं यच्छतास्मासु देवीः ।

स्योनादा वः प्रतिबुध्यमानाः

सुवीर्यस्य पतयः स्याम ॥१०॥

पद-पाठ—रयिम् । दिवः । दुहितरः । वि ऽ भातीः । प्रजा ऽ वन्तम् । यच्छत । अस्मासु । देवीः । स्योनात् । आ । वः । प्रति ऽ बुध्यमानाः सु ऽ वीर्यस्य ।

पतयः । स्याम ॥१०॥

संस्कृत-व्याख्या—हे दिवो दुहितस्य द्योतनात्मकस्य सूर्यस्य दुहि उषसः ! विभातीः भानं प्रकाशं कुर्वाणाः दिव्याः यूय 'प्रजावन्तं रयिम्' पौत्रादिसंवर्धनरूपं धनम् अस्मासु शरणपरायणेषु यच्छत प्रयच्छत । हे देव्यः ! स्योनात् मुद-मङ्गलरूपात् सुखात् 'प्रतिबुध्यमानाः' निरन्तरं सावधानाः प्रतिबो सुवीर्यस्य सुपुष्टस्य परिवारोपेतस्य धनस्य पतयः स्वामिनः स्याम भवेम ।

टिप्पणी—दिवः—द्योतनात्मकस्य आदित्यस्य । स्योनात्—'सिवे यूं च' इति बाहुलकात् केवलोऽपि न प्रत्ययः । तेन ऊठादेशे कृते स्योनम् । सुवीर्य भवे यत् ।

हिन्दी-व्याख्या—हे 'दिवो दुहितरः' सूर्य भगवान् की पुत्रीरूप उषा देवि 'विभातीः देवीः' दिव्यरूप में द्युलोक से प्रकाश—किरणें फेंकने वाली आप 'अस हम शरणागत उपासकों के लिये 'प्रजावन्तं रयिम्' संतति—सम्वर्धन रूप ध 'यच्छत' देती रहो जिससे कि प्रतिदिन आनन्दमय वातावरण से अत्यन्त (स्यो आनन्द की ओर 'प्रतिबुध्यमानाः' सावधान होकर हम बढ़ते-वृद्धि पाते रहें 'सुवीर्यस्य पतयः स्याम' सदा हृष्ट-पुष्ट—प्रगतिशील परिवार से युक्त होकर लोक तथा परलोक के सुखों की प्राप्ति में दत्तावधान रहें ।

११—

तद्वो दिवो दुहितरो विभातीः

उप ब्रुवे उषसो यज्ञकेतुः ।

वयं स्याम यशसो जनेषु

तद् द्यौश्च धत्तां पृथिवी च देवीः ॥११॥

पद-पाठ—तत् । वः । दिवः । दुहितरः । वि ऽ भातीः । उप । ब्रुवे । उषसः । यज्ञ ऽ केतुः । वयम् । स्याम । यशसः । जनेषु । तत् । द्यौः । च । धत्ताम्

पृथिवी । च । देवी: ॥११॥

संकृत व्याख्या—यज्ञकेतु: यज्ञ एवं केतु: संकेतस्थानो यस्य सोऽहम् उपब्रुवे उप सामीप्यं प्राप्य ब्रुवे प्रार्थये । हे दिवो दुहितर: प्रकाशात्मकस्य आदित्यस्य दुहितृरूपा: विभाती: प्रकाशस्थानीया: उषस: 'वयं जनेषु यशस: स्याम' वयं शौर्यादिना जायमानस्य दानादिना प्रादुर्भूतस्य च यशस: स्वामिनो भवेम। तद् यशो नयनरमणीयेयं पृथ्वी देवी धारयतु द्यौश्च भग्नावरणा धारयतु ।

टिप्पणी—दिव:—द्योतनात्मकस्य सूर्यस्य । यज्ञकेतु:—यज्ञ एव केतु: प्रज्ञापको यस्य ।

हिन्दी व्याख्या—'हे दिवो दुहितर:' सूर्य भगवान् की पुत्री बनी हुई उषा देवियो ! मैं 'यज्ञकेतु:' यज्ञरूप विधान से ज्ञान प्राप्त करने वाला 'उपब्रुवे' निरन्तर आपकी प्रार्थना में संलग्न रहा करूं । 'विभाती:' हे प्रकाशस्वरूप वाली उषा देवियो ! हम 'जनेषु यशस: स्याम' मनुष्यों में सदा कीर्ति प्राप्त करते रहें और उस कीर्ति से यह आनन्ददात्री वसुधा सदा पुलकित रहे तथा द्युलोक भी प्रशंसित रहे जिससे पृथ्वी के पुत्र उत्तरोत्तर श्रेष्ठ कार्यों में संलग्न रहें ।

मण्डल-४

सवितृ-सूक्तम्

सूक्त ५४

ऋषि:—वामदेव: । देवता—सविता । छन्द:—त्रिष्टुप् ।

१-

अभूद्देव: सविता वन्द्यो नु न-

इदानीमह्न उपवाच्यो नृभि: ।

वि यो रत्ना भजति मानवेभ्य:

श्रेष्ठं नो अत्र द्रविणं यथा दधत् ॥१॥

पद-पाठः—अभूत । देवः । सविता । वन्द्यः । नु । नः । इदानीम् । अह्नः ।

उपवाच्यः । नृभिः । वि । यः । रत्ना । भजति । मानवेभ्यः । श्रेष्ठम् । नः । अत्र ।

द्रविणम् । यथा । दधत् ।।१।।

संस्कृत-व्याख्या—अयं सविता प्रसविता सर्वप्रेरक उत्पत्तिकर्त्ता च देवोऽभूत् स्व महिम्ना प्रादुरभूत् । असौ देवो नु नोऽस्माकं सर्वेषां वन्द्यो वन्दनीयः खलु । अत्र देवाऽह्नः दिवसस्य सवनकाले इदानीं नृभिः नेतृभिः उपवाच्य उपेत्य स्तुत्यो भवति यो देवः मानवेभ्य रत्ना रमणीयानि धनानि विभजति वितरति । स देवः नः अस्मभ्यं श्रेष्ठं प्रशस्यं द्रविणं धनं यथा दधत् दद्यात् तथा ऽस्माभिः स प्रणम्यः ।

टिप्पणी—उपवाच्यः – ब्रुवो वच् 'ऋहलोर्ण्यत्' इत्युपधावृद्धि नु-क्षिप्रवाची । रत्ना—रत्नानि, रमणीयानि धनानि । देवः—द्योतनशीलः सूर्यः अह्न इति तृतीय सवनोपलक्षणम् ।

हिन्दी-व्याख्या —जगत् के उत्पत्तिकर्त्ता और सर्वप्रेरक सविता देव का उदय काल है । यह समय भगवान् सविता देव के लिये नमन का समय है । सभी नेताओं को चाहिये वे इस समय मधुर, प्रिय एवं मननशील वाणी में उस देवता की प्रशंसा और अभिनन्दन करें । यही तो वे देव जो मनुष्यों के लिये विविध प्रकार के रमणीय सुख-साध और रत्नों को धारण करते हैं और देते हैं । वह प्रभु हमारे लिये प्रशंसनीय द्रव्यों से अलंकृत करें इस कारण सभी के द्वारा वही प्रणम्य एवम् अभिनन्दन के योग्य हैं ।

२-

देवेभ्यो हि प्रथमं यज्ञियेभ्यो-

ऽमृतत्वं सुवसि भागमुत्तमम् ।

आदिद्दामानं सवित र्व्यूर्णुषे-

ऽनूचीना जीविता मानुषेभ्यः ।।२।।

पद-पाठः—देवेभ्यः । हि । प्रथमम् । यज्ञियेभ्यः । अमृत ऽ त्वम् । सुवसि ।

भागम् । उत् ऽ तभम् । आत् । इत् । दामानम् । सवितः । वि ऽ ऊर्णुषे । अनुचीना ।

जीविता । मानुषेभ्यः ।।२।।

संस्कृत-व्याख्या—यज्ञार्हेभ्यो देवेभ्योऽमृतत्वम् अतीवानन्दप्रदं सुखहेतुम् उत्कृष्टतया सोमादिरूपम् उत्पादयसि सुवसि प्रेरयसि च। आदित् अनन्तरमेव च दामानं दातारं हे सवितः ! त्वं वि ऊर्णुषे विशेषेण प्रकाशयसि। अनुचीना अनुक्रम-युक्तानि जीविता जीवितानि च मानुषेभ्यो मानवेभ्यस्त्वमेव प्रकाशयसि।

टिप्पणी—भागम्—भज् भावे घञ्। दामानम्—दा + मनिम्। अनुचीना—अनुक्रमयुक्तानि पितृ पुत्र पौत्रादिरूपाणि। अन्वग्—भवा अनुचीना—अनु + अञ्च् + ख।

हिन्दी-व्याख्या—हे सर्वप्रेरक ! जगत् के उत्पत्तिकर्ता ! सूर्यदेव ! आप ही यज्ञोपयोगी देवों के लिये 'अमृतत्वं सुवसि' उस आनन्द की सृष्टि करते हैं जिससे अमरता धर्म की सृष्टि होती है। यही जीवन का उत्कृष्ट भाग है। 'आदित्' अनन्तर है। 'दामानम्' हवि पदार्थों के दाताओं के लिये 'अनुचीना-जीविता' अनुक्रम युक्त (पिता-पुत्र-पोत्र आदि रूप) जीवन मनुष्यों के लिये 'विऊर्णुषे' विशेष कर प्रकाशित करते हैं जिससे कि मानव स्वस्थ, प्रसन्न जीवन प्राप्त करके जीवन के अमृत-आनन्द को प्राप्त कर लेता है।

३-

अचित्ती यच्चकृमा दैव्ये जने

दीनैर्दक्षैः प्रभूती पूरुषत्वता।

देवेषु च सवित र्मानुषेषु च

त्वं नो अत्र सुवतादनागसः ।।३।।

पद-पाठः—अचित्ती। यत्। चकृम। दैव्ये। जने। दीनैः। दक्षैः। प्र ऽ भूती। पूरुषत्वता। देवेषु। च। सवितः। मानषेषु। च। त्वम्। नः। अत्र।

सुवतात् । अनागसः ।।३।।

संस्कृत-व्याख्या—हे सवितः ! दैव्ये जने त्वादृशे दिव्यस्वभावके महात्मनि 'अचित्ती यत् चकृम' अचित्याऽप्रज्ञानेन यत् किमपि दुष्टं कर्म कृतवन्तः 'दीनैः दक्षैः प्रभूती पुरुषत्वता' यत् किमपि वा दीनतया दक्षतया प्रभुतया पुरुषतया वा पापं वयं कृतवन्तः । तत् पापकर्म स्यात् देवमुद्दिश्य वा कृतं भवेन् मानवं वा, हे देव सवितः ! त्वमत्र नोऽस्मान् अनागसः निष्पापान् सम्पादय सुवतात् । क्षमस्व कुरुष्व च निरपराधान् ।

टिप्पणी—अचित्ती, प्रभूती 'सुपां सुलुक्०' इति पूर्वसवर्णता । सुवतात्—'षुञ् अभिषवे' शप् । अनागसः—आगः पापम्, न विद्यते, आगो यस्यासौ अनागास्तेऽनागसः ।

हिन्दी-व्याख्या—हे सविता देव ! 'अचित्ती' अज्ञान के कारण 'दैव्ये जने' आप जैसे देवता के प्रति अथवा महामानव के प्रति यदि कुछ हमसे अपराध हो गया हो तो आप कृपया क्षमा करें । 'दीनैः दक्षैः' चाहे वह अपराध देने के कारण हो गया हो अथवा 'दक्षता' के कारण हुआ हो 'प्रभूती पूरुषत्वता' चाहे प्रभुता (ऐश्वर्यमद) के कारण हो गया हो अथवा मैं ही पुरुष हूं, मुझमें ही पौरुष है, इस कारण हो गया हो, 'देवेषु च सवितः मानुषेषु च' चाहे वह अपराध देवताओं के प्रति हुआ हो अथवा मानवता के प्रति हो गया हो, 'त्वं नो अत्र' आप ही यहाँ पर अन्तर्यामी रूप से अवस्थित हैं, अतः आप हमें 'अनागसः सुवतात्' निष्पाप बना दें । और कृपा करके क्षमा करें जिससे हम प्रायश्चित् आदि करके पुनः उज्जवल भविष्य की कल्पना-कामना कर सकें ।

४—

न प्रमीये सवितु दैंव्यस्य तद्-

यथा विश्वं भुवनं धारयिष्यति ।

यत् पृथिव्या वरिमन्ना स्वङ्गुरि-

वर्ष्मन् दिवः सुवति सत्यमस्य तत् ।।४।।

पद-पाठः—न । प्र ऽ मीये । सवितुः । दैव्यस्य । तत् । यथा । विश्वम् ।

...न् । धारयिष्यति । यत् । पृथिव्याः । वरिमन् आ । सु ऽ अङ्गुरिः । वर्ष्मन् ।

...ः । सुवति । सत्यम् । अस्य । तत् ॥४॥

संस्कृत-व्याख्या—'यथा विश्वं भुवनं धारयिष्यति' येन सामर्थ्येन सविता ...समग्रं भुवनं धारयति, तत्तस्य सामर्थ्यं सवितु देवात् न प्रमीये न प्रमीयेत नैव ...येत। नैव कोऽपि तदपहर्तुं शक्नोति। विश्वधारण रूपं सामर्थ्यं तत्सवितुरेव ...स्ति नान्यस्य कस्यचित्। तस्य च दैव्यं कर्म अहिंस्यम् 'स्वङ्गुरिः' शोभ-...ङ्गुलिः शुभलक्षणहस्तः पृथिव्या वरिमन् वरिमणि उरुत्वे यद् आसुवति प्रेरयति ...च दिवः द्युलोकस्य वर्ष्मन् उरुत्वे चासुवति, तदस्य देवस्य सत्यभूतं कर्म सदैव ...त्यम्।

टिप्पणी—प्रमीये—प्र+मीञ् हिंसायाम्, कृत्यार्थे केन प्रत्ययः। धातोश्च ...देशः। वरिमन्—उरु+इमनिच् 'प्रिय स्थिर०) इत्यादिना वरादेशः। ...ति—'षूप्रेरणे' तुदादौ लटि।

हिन्दी-व्याख्या—जिस साहस एवं सामर्थ्य से सविता देव समस्त भुवनों का ...-पोषण कर रहे हैं (तत् न प्रमीये) यह सामर्थ्य उनसे क्षीण नहीं किया जा ...ता। उनका यह दिव्य कर्म सदैव पूज्य और अहिंस्य है। 'पृथिव्या वरिमन्' ...वी के विस्तीर्ण प्रदेश में तथा 'दिवः वर्ष्मन्' द्युलोक के विशाल क्षेत्र में भी ...ङ्गुरिः' सुन्दर अंगुली वाले (शुभहस्त) सविता देवता अपने ऐश्वर्य युक्त चमत्कार ...विस्तार कर रहे हैं। यह सविता का यथार्थ कार्य सदैव निर्बाध तथा शिष्टानु-...त है।

५-

इन्द्रज्येष्ठान् बृहद्भ्यः पर्वतेभ्यः

क्षयां एभ्यः सुवसि पस्त्यावतः।

यथा यथा पतयन्तो वियेमिर-

एवैव तस्थुः सवितः सवाय ते ॥५॥

पद-पाठः—इन्द्र ऽ ज्येष्ठान्। बृहत् ऽ भ्यः। पर्वतेभ्यः। क्षयान्। एभ्यः।

सुवसि । पस्त्य ऽ वतः । यथा ऽ यथा । पतयन्तः । वि ऽ येमिरे । एव । एव । तस्थुः ।

सवितरिति । सवाय । ते ॥५॥

संस्कृत व्याख्या—'इन्द्रज्येष्ठान्' इन्द्र एव त्वमेव ज्येष्ठः श्रेष्ठः पूज्यो येषां ते, तान् अस्मान् 'बृहद्भयः ,पर्वतेभ्यः' पर्वतेभ्यः खल्वपि अधिकान् सुखविलासान् सुवसि उत्पादयसि । किंच 'यस्त्यावतः क्षयान् एम्यः सुवसि' गृहवतः क्षयान् निवासान् एभ्यः गृहक्षेत्रादीन् सुवसि प्रकाशयसि । यथा-यथा पतयन्तः गच्छन्तः प्राणिनः स्त्वया वियेमिरे विशेषेण निमम्यन्ते 'एवैव' एवमेव तथा तथा सवाय ते प्रसवाय अनुशासनाय ऐश्वर्याय च यथानियमं नियममनतिक्रम्य तस्थुः तिष्ठन्ति मर्यादायां स्थिता भवन्ति ।

टिप्पणी—इन्द्रज्येष्ठान्—इन्द्रः सविता, स एव ज्येष्ठो येषां ते, इन्द्रज्येष्ठाः तान् । पस्त्यावतः—पस्त्यावतः, पस्त्या इति गृहनाम्, मतुप् तद्वतो गृहवतः । पतयन्तः—स्वार्थे णिच्, ततः शतृ । वियेमिरे—वि + यम + लिट्, प्रथम पुरुष बहुवचने । तस्थुः—स्था + लिट् ।

हिन्दी-व्याख्या—'इन्द्र ज्येष्ठान्' इन्द्रकोर आप को ही' ज्येष्ठ-श्रेष्ठ मानने वाले हम लोगों के लिये आप 'बृहद्भयः पर्वतेभ्यः' पर्वतों से भी बढ़कर सुख-सुविधा की सामग्री एकत्र करते हैं । 'पस्त्यावतः क्षयान् एभ्यः सुवसि' गृह लक्ष्मी से युक्त सुन्दर निवास-स्थानों का भी आप ही निर्माण करते हैं । जिस-जिस प्रकार से 'पतयन्तः' क्रियाशील प्राणी 'वियेमिरे' आपके द्वारा नियमन एवं नियन्त्रण पाते हैं 'एवैव' उसी-उसी भाँति 'सवाय' ते तस्थुः' हे सविता देव ! आपकी अनुज्ञा से ऐश्वर्य प्राप्ति के लिये वे अपने को उपयोगी एवं समर्थ बनाते हैं ।

६—

ये ते त्रिरहन्तसवितः सवासो

दिवे-दिवे सौभगमासुवन्ति ।

इन्द्रो द्यावा पृथिवी सिन्धु-

रद्भिरादित्यै र्नो अदितिः शर्म यंसत् ॥६॥

पद-पाठः—ये । ते । त्रिः । अहन् । सवितरिति । सवासः । दिवे ऽ दिवे । सौभगम् । आ ऽ सुवन्ति । इन्द्रः । द्यावापृथिवी इति । सिन्धुः । अत् ऽ भिः । आदित्यैः । नः । अदितिः । शर्म । यंसत् ॥६॥

संस्कृत-व्याख्या—हे सवितः ! जगत्पितः! ये मनीषिणः ते तुभ्यं त्रिरहन् प्रतिदिनं वारत्रयं (प्रातरादीनि सवनानि=प्रातः सवनं माध्यन्दिनं तृतीय सवनं चेति) सवासः अभिषवाः सोमाः सोमान् (द्वितीयार्थे प्रथमा) (=यद्वा सवासः सवनानि) दिवे-दिवे प्रतिदिनं सौभगं सौभाग्यं शुभोपलक्षणम् आसुवन्ति अभि-षुण्वन्ति । तस्मादस्मान् इन्द्रः शर्म यंसत् शान्तिं सुखं च प्रयच्छतु । द्यावा पृथिव्यौ सिन्धुः आपः आदित्या अदितिः सर्वे नः अस्मान् शर्म यंसत् शान्तिं सुखमानन्दं च प्रयच्छन्तु ।

टिप्पणी—त्रिः—त्रिशब्दाद् भृशार्थे सुच् । अहन्—विभक्ते लुक् सप्तमी । सवासः—सवाः- दितीयार्थे प्रथमा, सवान् । सौभगम् सुभगशब्दाद् भावेऽण् । भगशब्दोऽत्रैश्वर्यवाची । आसुवन्ति—श्नुप्रत्ययस्य स्थाने व्यत्ययेन शप् । यंसत्—यम धातो लेटि 'सिब्वहुलं लेटि' सिबागमः । तिप इकारलोपश्छान्दसः ।

हिन्दी-व्याख्या—हे जगत् के पिता सविता देव ! एक ही दिन में जो आपके तीन सवन हैं, उनको सम्पादन करने वाले मनीषी लोग प्रतिदिन आपके लिये अभिषव निर्माण करते हैं और ये तीनों सवन शुभ सम्पादित होकर हमारे लिये सौभाग्य का सृजन करते हैं। उन मनीषी पुरुषों के लिये इन्द्र देवता सदैव (शर्म यंसत्) सुख-शान्ति की व्यवस्था करते रहें तथा द्युलोक की अभिमानिनी देवता, पृथिवी, सिन्धु, जल, आदित्य, मास, ऋतु तथा अदिति आदि देवता एवं उन-उन स्थानों के अभिमानी देवगण सदैव हमारे लिये 'शर्म यंसत्' सुख-सुविधा एवं शान्ति की व्यवस्था करते रहें ।

मण्डल ५

पर्जन्य-सूक्तम्

सूक्त ८३

ऋषि— अत्रिः— छन्दः—१, ५, ६, ७, ८, १० त्रिष्टुप्
२, ३, ४ जगती, ९ अनुष्टुप्

१—
अच्छा वद तवसं गीर्भिराभिः

स्तुहि पर्जन्यं नमसा विवास ।

कनिक्रदद् वृषभो जीरदानू—

रेतो दधात्योषधीषु गर्भम् ॥१॥

पद-पाठः—अच्छ । वद । तवसम् । गीः ऽ भिः । आभिः । स्तुहि । पर्जन्यम् । नमसा । आ । विवास । कनिक्रदत् । वृषभः । जीर ऽ दानुः । रेतः । दधाति । ओषधीषु । गर्भम् ॥१॥

संस्कृत-व्याख्या—हे स्तोतः ! आभिः प्रशस्ताभिः वाग्भिः एनं तवसं प्रतवसं प्रवृद्धं बलोपेतं तर्पयितारं पर्जन्यं अच्छ स्वच्छाशयेन वद ब्रूहि । स्तुहि च । स्वकीयेन नमसा हविः साधनेन 'विवास' परिचर । अयमेव वृषभः वर्षणशीलः पर्जन्य कनिक्रदत् गर्जन् स्वाभिप्रायम् आविर्भावयन् 'जरिदानुः' शिप्रदानकुशलः औषधीषु रेत गर्भ स्थानीयम् उदकं दधाति स्थापयति ।

टिप्पणी—पर्जन्य—तृपेराद्यन्तविपरीतस्य । तर्पयिता । परोजेता वा । अर्जयिता वा । पार्जयिता रसानाम् । आ विवास—आविवासय णिच् । लोट् कनिक्रदत्—अतिशयेन क्रन्दति । शतृ । निवातनाम् । वृषभः—वर्षिता । जीरदानु—जीवेरदानुक् ।

मैक्डानल ने नमसा का अर्थ 'नमस्कार', कनिक्रदत् का अर्थ दहाड़ता हुआ बैल, गर्भ का अर्थ बीज तथा रेतः का अर्थ वीर्य किया है। राथ ने विवास का अर्थ जीतना और जीरदानु का अर्थ 'शीघ्र दानी' किया है।

हिन्दी-व्याख्या—हे स्तोता, इन प्रशस्त वचनावलियों से तृप्ति करने वाले पर्जन्य देवता की स्तुति, प्रशंसा तथा परिचर्या कर। क्षिप्र दानशील पर्जन्य 'कनिक्रदत्' गर्जन करता हुआ ओषधियों में वृष्टि के साथ जलीय गर्भ का स्थापन करता है।

२—

वि वृक्षान् हन्त्युत हन्ति रक्षसो

विश्वं बिभाय भुवनं महावधात्।

उतानागा ईषते वृष्ण्यावतो

यत्पर्जन्यः स्तनयन् हन्ति दुष्कृतः ॥२॥

पद-पाठ—वि । वृक्षान् । हन्ति । उत । हन्ति । रक्षसः । विश्वम् । बिभाय । भुवनम् । महा ऽ वधात् । उत । अनागाः । ईषते । वृष्ण्य ऽ वतः । यत् । पर्जन्य । स्तनयन् । हन्ति । दुष्कृतः ॥२॥

संस्कृत-व्याख्या—अस्य पर्जन्यस्य महान् हि वधः। अवृष्ट्या ऽ तिवृष्ट्या चास्य महावधात् विश्वं भुवनं समस्तं जगत् बिभाय बिभेति। अयं प्रकुपितः पर्जन्यः वात्यया दृढानपि वृक्षानुन्मूलयति। समस्तानि च रक्षांसि रक्षः स्वाभावानुद्वेजयति। अनागाः खल्वपिनिरपश्वाधो ऽ पि पुरुषः वृष्ण्यातः वर्षकर्मवतः पर्जन्यात् ईषते भयहेतोः पलायते। करकापात समुद्यतो मेघाभिमानी पर्जन्यः स्तनयन् गर्जन् यदा दुष्कृतः दूषितमनोव्रतान् वृष्ण्यावतः वृषलवत् दुष्टाचारान् हन्ति लब्धपरिणामान् करोति तदा स्थिरानपि अधीरयति।

टिप्पणी—वृष्ण्यावतः—वृष्ण्यावतः वर्षकर्मवतः। वृषणं पावम् तदिच्छति इति वृष्ण्यः। अकारलोपः। दीर्घश्छान्दसः। अनागाः—न विद्यते आगः अपराधो यस्येति अनागाः। महावधः—वज्रवधः।

बूलन्ट ने मेघाभिमानी दैत्यों को ही 'दुष्कृतः' माना है।

हिन्दी-व्याख्या—इस मेघाभिमानी पर्जन्य देव का प्रहार वज्र-प्रहार के समान महान् वध है। अवृष्टि अथवा अतिवृष्टि के द्वारा प्रजा में भय-विह्वल शङ्का उपस्थित करने वाले पर्जन्य के महावध से सारा संसार थर्रा उठता है। यह प्रकुपित पर्जन्य अपने हिमानी झंझावात से महान् से महान् वृक्षों को भी उखाड़ फेंकता है। समस्त राक्षस स्वभाव वालों को भी सर्षप-तिल तुल्य निपीडित कर देता है। 'वृष्ण्यावतः' वर्षा करने वाले पर्जन्य के भीषण रूप को देखकर 'अनागाः' निष्पाप व्यक्ति भी घबरा जाता है। ओलावृष्टि के साथ गर्जन करता हुआ मेघाभिमानी पर्जन्य जब 'वृष्ण्यावतः' वृषल की भांति दुष्ट कर्म करने वालों पर अपने भयानक प्रहार से उनके पापों का फल-स्वाद दिखाता है तब बड़े-बड़े ध्यानवान् के भी हृदय में भय व्याप जाता है।

३—

रथीव कशयाश्वाँ अभिक्षिपन्

आवि दूतान् कृणुते वर्ष्यां३ अह।

दूरात् सिंहस्य स्तनथा उदीरते

यत्पर्जन्यः कृणुते वर्ष्यं१ नभः ॥३॥

पद-पाठ—रथीऽइव। कशया। अश्वान्। अभिऽक्षिपन्। आविः। दूतान्। कृणुते। वर्ष्यान्। अह। दूरात्। सिंहस्य। स्तनथाः। उत्। ईरते। यत्। पर्जन्यः। कृणुते। वर्ष्यम्। नभः ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—यथा 'रथी' रथ स्वामी कशया अश्वतर्जन्या अश्वान् अभिक्षिपन् अभिप्रेरयन् दूतान् स्वकीयान् युद्धकुशलान् भटान् आविष्करोति तथाऽयं पर्जन्योऽपि कशया विद्युता अश्वान् मेघान् अभिक्षिपन् अभिप्रेरयन् स्वकीयान् दूतवदवस्थितान् वर्ष्यान् वर्षकान् मेघान् प्रकटयति। यत् यदा पर्जन्यः नभः आकाशं वर्ष्यं वर्षोपेतं कृणुते करोति तदा दूरादेव सिंहस्य 'स्तनथाः' गर्जनानीव उदीरते उद्भवन्ति।

टिप्पणी—स्तनथाः—स्तनात् थन् प्रत्ययः। बहुवचनम्।

संस्कृत-व्याख्या—(यमस्य दूतौ जानान् अनु चरतः) यमस्य दूतौ सम्बन्धिनौ जनान् अनु प्राणिनः प्रति लक्ष्यीकृत्य अबाधगत्या विचरतः। तौ श्वानौ कीदृशौ? उरुणसौ दीर्घनासिकायुक्तौ असुतृपौ परकीयैः प्राणैः स्तृप्यन्तौ उदुम्बलौ उरु बलौ बलयुक्तौ (तौ उभौ दूतौ दृशये सूर्याय) सूर्यस्य दर्शनार्थम् अद्य भद्रम् असुं प्राणं पुनरस्मभ्यं दाताम् दद्यास्ताम्।

व्याकरणम्—उरुणसौ उरू विस्तीर्णे नासिके ययोः। तौ। असुतृपौ—असुभिः तृप्यतः—असु + तृप + क्विप्। द्विवचने। उदुम्बलौ—उरु बलं ययोस्तौ। रेफस्य दकारो मुमागमश्च। दृशये—दृश + कि = चतुर्थी। दाताम्—दत्तामिति स्थाने प्रयोगः।

मैक्डानल ने 'जनाँ अनु' का अर्थ किया है मनुष्यों के बीच में। भद्रमसुम् का अर्थ किया है—श्रेष्ठ जीवन। पीटर्सन ने उदुम्बलौ का अर्थ 'कृष्ण वर्ण वाले' किया है।

'पुनर्दाताम्'—यह कहकर पुनर्जन्म की सिद्धि को प्रामाणिक आधार दिया गया है।

हिन्दी-व्याख्या—(यमस्य दूतौ चरतो जनान् अनु) मनुष्यों को लक्षित करके यम के ये दोनों दूत निर्बाध गति से विचरते रहते हैं। ये दूत (उरुणसो असुतृपा उदुम्बलो) लम्बी नाक वाले, प्राणियों के प्राणों से तृप्ति पाने वाले और महान् बलशाली हैं। (दृशये सूर्याय) सूर्य भगवान् के रमणीय दर्शन के निमित्त वे (अस्मभ्यम् असुं भद्रम् अद्य पुन दाताम्) हमें प्राणप्रद शक्ति से सम्पन्न करें जिससे कि हम पुनः जीवन का नव संचार पा सकें।

१३—

यमाय सोमं सुनुत यमाय जुहुता हविः।

यमं ह यज्ञो गच्छत्यग्नि दूतो अरङ्कृत ॥१३॥

पद-पाठः—यमाय। सोमम्। सुनुत। यमाय। जुहुत। हविः। यमम्। ह। यज्ञः। गच्छति। अग्नि ऽ दूतः। अरम् ऽ कृतः ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—हे ऋत्विजः! यमाय यममेव देवं लक्ष्यीकृत्य सोमं सुनुत सोममभिषुणुत! यमार्थं च हवि र्जुहुत। अग्निरेव दूतस्थानीयो यस्मिन् सोऽग्निदूतः 'अग्नि र्हि देवानां दूत आसीत्'। इत्यन्यत्राप्याम्नातम्। अरंकृतः बहुद्रव्यैरलङ्कृतस्तादृशो यज्ञो यमं ह यममेव प्राप्नोति।

व्याकरणम्—सुनुत—'षुञ् अभिषवे' लोट् मध्यमपुरुषैकवचने। अरंकृतः अलङ्कृतः। अरम्+कृ+क्त।

मैकडानल ने अरंकृतः का अर्थ 'भली प्रकार किया गया' किया है।

हिन्दी-व्याख्या—हे ऋत्विग्—गण! आप लोग यम के लिए ही सोम का सम्पादन कीजिये। (यमाय जुहुत हविः) और नाना प्रकार के हवि से यम को ही उद्देश्य मानकर हवन कीजिये। अग्नि रूप दूत से अलङ्कृत तथा विविध प्रकार की सामग्री से सुसज्जित यज्ञ यम को ही प्राप्त होता है।

१४—

यमाय घृतवद्धवि र्जुहोत प्र च तिष्ठत।

स नो देवेष्वा यमद्दीर्घमायुः प्र जीवसे ॥१४॥

पद-पाठः—यमाय । घृत ऽ वत् । हविः । जुहोत । प्र । च । तिष्ठत । सः ।
देवेषु । आ । यमत् । दीर्घम् । आयुः । प्र । जीवसे ।।१४।।

संस्कृत-व्याख्या—(यमाय घृतवद् हवि जुहोत) हे ऋत्विजः ! यूयं पुरोडाशा हविषा यमाय घृतवद् घृतेन संयुक्तं च हवि र्जुहुत । (प्र च तिष्ठत) तमेव लक्षीकृत्य उपतिष्ठध्वं च । (स नो देवेषु प्रजीवसे दीर्घमायुः आ यमत्) देवेषु श्रेष्ठतमः सः यमो देवः प्रजीवसे उत्कृष्टजीवन प्राप्तये नोऽस्माकं दीर्घमायुः आयमत् यच्छतु ।

व्याकरणम्—प्रतिष्ठत—प्र + स्था + लोट् । मध्यम पुरुष बहुवचने । आ यम्—लोट्—आयच्छतु । प्रजीवसे - तुमुनर्थे असे प्रत्ययः । प्रजीवनाय ।

पीटर्सन ने 'प्रतिष्ठत' का अर्थ निकट पहुंचना । मैक्डानल ने घृतवत् का घृत सम्पन्न किया है ।

हिन्दी व्याख्या - हे ऋत्विक् लोगों ! आप (यमाय) यम देवता के लिये (घृतवद् हवि) घृत से सम्पन्न आहुति देकर प्रसन्न करें । (प्र च तिष्ठत) यम के ही उपासना करें । (स नो देवेषु) वही हमारे देवों में श्रेष्ठतम देव हैं । (दीर्घम् आयुः प्रजीवसे स नो आ यमत्) वही प्रसन्न होकर श्रेष्ठ जीवन तथा दीर्घायुष्य प्रदान करते हैं ।

१५- यमाय मधुमत्तमं राज्ञे हव्यं जुहोतन ।

इदं नम ऋषिभ्यः पूर्वजेभ्यः पूर्वेभ्यः पथिकृद्भ्यः ।।१५।।

पद-पाठ—यमाय । मधुमत् ऽ तमम् । राज्ञे । हव्यम् । जुहोतन । इदम् ।
ऋषिभ्यः । पूर्व ऽ जेभ्यः । पूर्वेभ्यः । पथिकृद्भ्यः ।।१५।।

संस्कृत-व्याख्या—हे ऋत्विजः ! (यमाय मधुमत्तमं राज्ञे हव्यं जुहोतन) अतिमधुरं पुरोडाशारिकं हव्यं जुहोतन जुहुत । (पूर्वेभ्यः पूर्वजेभ्यः पथिकृद्भ्यः इदं नमोऽस्तु) पूर्वजेभ्यः सृष्ट्यादा वुत्पन्नेभ्योऽस्मत्पूर्वेभ्यः पथिकृद्भ्यः जीवनसम्पादकेभ्यः ऋषिभ्यः श्रद्धया इदं नमो भवतु । यैरस्माकं जीवनमार्ग कृतः ।

व्याकरणम्—मधुमत्तमम्—मधु + मतुप् + तमप् । हव्यम्—हु + यत्।
जुहोतन—जुहुत छन्दसि जुहोतन । पथिकृद्भ्यः—पथिन् + कृ + क्विप् ।

हिन्दी-व्याख्या--(यमाय मधुमत्तमं राज्ञे हव्यं जुहोतन) हे ऋत्विग्-गण!
आप राजा यम के लिए अतिशय मधु हव्य-सामग्री से हवन करें। (पूर्वजेभ्यः
पूर्वेभ्यः पथिकृद्भ्य इदं नमोऽस्तु) सृष्टि के आदि से ही हमारे मार्ग का प्रदर्शन
करने वाले उन श्रेष्ठ ऋषियों हमारे पूर्व-पूर्वजों को हमारा नमन स्वीकार हो
जिन्होंने हमारी पवित्र एवं प्रसिद्ध जीवन-प्रणाली निर्धारित की है।

१६- त्रिकद्रुकेभिः पतति षड्वीरेकमिद् बृहत् ।

त्रिष्टुब् गायत्री छन्दांसि सर्वा ता यम आहिता ॥१६॥

पद-पाठः—त्रि ऽ कद्रुकेभिः पतति । षट् । उर्वीः । एकम् । इत् । बृहत् ।
त्रि ऽ स्तुप् । गायत्री । छन्दांसि । सर्वा । ता । यमे । आहिता ॥१६॥

संस्कृत-व्याख्या—कौमारं यौवनं जरा इति त्रिकद्रुकान् । (पतति) तान्
प्रत्यङ्ग भावाय संरक्षणार्थं च पतति । अथवा त्रिकद्रुका यागविशेषा ज्योतिरायुर्गौ-
रिति ख्याताः, तान् यमः प्राप्नोति । षडुर्वीः षट्पदी षड्बाधा तद्यथा—उत्पन्नस्य
क्षुत्पिपासे प्ररूढस्य शोकमोहौ वृद्धस्य जरामृत्यू—ता एताः षडुर्वीरिति प्रसिद्धाः
अथवा षण्मा उर्वीरंहसस्पान्तु द्यौश्च पृथिवी चापश्चौषधयश्चोर्क् च सूनृता चेति
तत्र एक भित् बृहत् महज्जगत् परिपालनीयं यमश्च प्रतिपालनीयः अथ च यानि
त्रिष्टुप् गायत्र्यादीनि छन्दांसि सन्ति तानि सर्वाणि (सर्वा ता यम आ हिता) यमे एव
आहितानि स्तुतित्वेन तत्रैव अवस्थितानि सन्ति ।

व्याकरणम्—त्रिकद्रुकेभिः–त्रि + कद्रु + कन् । तृतीया बहुवचने । आ हिता
= आ + धा + क्त । आ हितानि । सर्वा ता आ हिता = सर्वाणि तानि आ हितानि ।

मैक्डानल ने त्रिकद्रुक का अर्थ किया है—सोम योग के तीन दिन । यही
अर्थ ग्रिफिथ और पीटर्सन ने भी किये हैं । ग्रिफिथ ने इसे 'अभिप्लोव' भी कहा है ।
षडुर्वी का अर्थ गेल्डनर और मैक्डानल ने तीन स्वर्ग लोक और तीन पृथ्वी लोकों
की गणना की है ।

हिन्दी-व्याख्या–(त्रिकद्रुकेभिः पतति षडुर्वीः एकमित् बृहत्) कुमारावस्था,
यौवनावस्था तथा वृद्धावस्था को त्रिकद्रुक कहा गया है । अथवा-ज्योति-आयु और

जो याग विशेष हैं उन्हें त्रिकद्रुक कहा गया है। षडुर्वी को षट्पदी भी
है—क्षुधा—पिपासा, क्रोध—मोह, जरा और मृत्यु; अथवा द्यौ - पृथिवी,
—ओषधि, उर्क और सूनृता; ये षट् भूमियाँ कही गयी हैं। इनसे युक्त
एक संसार परिपालन के योग्य है अथवा यह अधिष्ठाता रूप में विराजमान
की उपासना के योग्य हैं। त्रिष्टुप्—गायत्री आदि छन्द सब कुछ यम के ही
अंत सन्निहित रहते हैं। वही सुख-दुःख का एक मात्र प्रशासक अधिष्ठाता है।

१०-३४

अक्ष-सूक्तम्

ऋषि—कवष ऐलूषः। ऋक्षो वा मौजवान्। देवता—अक्ष-- कृषि छन्द —
। ७ जगती।

प्रावेपामा बृहतो मादयन्ति

प्रवातेजा इरिणे वर्वृतानाः।

सोमस्येव मौजवतस्य भक्षो-

बिभीदको जागृवि र्मह्यमच्छान्॥१॥

पद-पाठः—प्रावेपाः। मा। बृहतः। मादयन्ति। प्रवाते ऽ जाः। इरिणे।
ताः। सोमस्य ऽ इव। मौज ऽ वतस्य। भक्षः। बि ऽ भीदकः जागृविः।
अच्छान् ॥१॥

संस्कृत-व्याख्या—(एते बृहतो मा मादयन्ति) एते बृहतो बिभीतकस्य फल-
भूताना अक्षा मां मादयन्ति। कीदृशा अक्षाः (प्रावेणः, इरिणेवर्वृतानाः)

प्रावेपाः प्रवेपिणः कम्पनशीलाः इरिणे ववृ ताना: स्फारे देशे वर्तमानाः । (प्रवातेजाः) प्रवणे देशे जाताः । एते हर्षयन्तो मां मोहाकुलं विदधति । (जागृविः विभीदकः) जयपराजयाभ्यां हर्ष— शोकदानेन विभीदको विभीतकविकारोऽक्षो (मह्यम् अच्छान्) मह्यम् अचच्छदत् अत्यर्थं मादयति । सोमस्येव मौजवतस्य मुजवति पर्वते जातो मौजवतः, तत्र हि उत्तमसोमोत्पत्तिः । भक्षः पानं देवान् यजमानांश्च मादयति, तद्वत् ।

व्याकरणम्—जागृविः—जागृ + विन् । अच्छान् = अचच्छदत् । मौजवतस्य मुजवति जातस्य ।

टिप्पणी – मैक्डानल ने जागृवि का अर्थ स्फूर्तिदायक और अच्छान् का अर्थ 'प्रसन्नकारी' किया है ।

हिन्दी-व्याख्या—(प्रावेपा मा बृहतो मादयन्ति प्रवातेजा इरिणे ववृ तानाः) बृहत् विभीतक के फलरूप में विद्यमान प्रवातेजाः पवन-प्रकम्पित विस्तीर्ण भूमि में उत्पन्न ये अक्ष मुझे मद-मत्त बना रहे हैं । जय और पराजय के कारण हर्ष-शोक के चढ़ाव-उतार में यह द्यूत (जागृवि) सदा ही मुझे जगाता रहता है और अच्छान् = सदा ही मूढ-मद से आच्छादित करता रहता है (सोमस्येव मौजवतस्य भक्षः) मुञ्जवान् पर्वत पर उत्पन्न उत्कृष्ट सोम के समान यह अक्ष (=द्यूत) मुझे सोम-पान के समान ही हर्षोत्कर्ष में डुबाता रहता है ।

४| २– **न मा मिमेथ न जिहीड एषा**

शिवा सखिभ्य उत मह्यमासीत् ।

अक्षस्याहमेकपरस्य हेतो-

रनुव्रतामप जायामरोधम् ॥२॥

पद-पाठः—न । मा । मिमेथ । न । जिहीडे । एषा । शिवा । सखिऽभ्यः । उत । मह्यम् । आसीत् । अक्षस्य । अहम् । एकऽपरस्य । हेतोः । अनुऽव्रताम् ।

अप । जायाम् । अरोधम् ।।२।।

संस्कृत-व्याख्या—(एषा मदीया जाया न मा मिमेथ न जिहीडे) इयं मदीया धर्मानुरागिणी पत्नी न कदापि मां प्रति मिमेथ उल्लंघनं कृतवती नैव च जिहीडे प्रियाकांक्षायां संकोचं कृतवती। अपि चेयं (शिवा सखिभ्य उत मह्यमासीत्) मम सन्हचरेभ्यो मह्यं चातीवोदारहस्ता प्रसन्नाऽनुकूला चासीत्। (अक्षस्याहम् एकपरस्य हेतोः) स एवंविधोऽपि प्राप्तसमग्रसुखोऽपि शुभजानिरपि एकेनैव अक्ष प्रधानेन दोषेण दूषितः सन् (अनुव्रतां जायामप अरोधम्) अनुव्रतां शिवामपि तादृशीं पत्नीं दुर्भाग्य-परवशां कृतवानस्मि।

व्याकरणम्—एकपरस्य—एकः परः प्रधानं यस्य तस्य।

टिप्पणी—मैक्डानल ने मिमेथ का अर्थ तर्जना देना तथा जिहीडे का अर्थ कुपित होना किया है।

हिन्दी-व्याख्या—(एषा मदीया जाया न मिमेथ न जिहीडे) यह मेरी धर्मानुरागिणी पत्नी कभी भी मेरी बात का उल्लंघन नहीं करती थी और न तो प्रियकारी कार्य में किसी प्रकार का संकोच ही करती थी। (शिवा सखिभ्य उत मह्यमासीत्) और मेरे लिये तथा मेरे मित्रों के लिये सदैव सोत्साह तथा प्रसन्न रहती थी पर बड़े खेद की बात है कि केवल एक जुवे के ही दोष के कारण आज मैं अपनी ऐसी अनुकूल धर्मपरायण पत्नी से भी बिछुड़ गया हूं (अक्षस्याहमेकपरस्य हेतोः अनुव्रताम् जायाम् अप अरोधम्।

३— **द्वेष्टि श्वश्रूरप जाया रुणद्धि**

न नाथितो विन्दते मर्डितारम्।

अश्वस्येव जरतो वस्न्यस्य

नाहं विन्दामि कितवस्य भोगम् ।।३।।

पद-पाठः—द्वेष्टि । श्वश्रूः । अप । जाया । रुणद्धि । न । नाथितः । विन्दते

मंडितारम् । अश्वस्य ऽइव । जरतः । वस्न्यस्य । न । अहम् । विन्दामि ।

कितवस्य । भोगम् ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—(द्वेष्टि श्वश्रूः) जायाया माता खल्वपि द्वेषभावमाचरति (जाया अप रुणद्धि) गृहाभिमुखमागच्छन्तं मां दृष्ट्वा सा तादृशी जायापि द्वारपिधानं करोति। (न नाथितो विन्दते मंडितारम्) परयन्त्रप्रपीडितः कितवो न कुतोऽपि सुखयितारं सहायकमाप्नोति। (जरतो वस्न्यस्य अश्वस्य इव कितवस्य भोगं नाहं विन्दामि) मूल्यपतितस्य वृद्धाश्वस्य इव कितवस्य न क्वापि भोगसुखं खलु जानाम्यहम्। सर्वथा निकृष्टतां गतः कितवः खलु भवति वृद्धाश्व इव।

व्याकरणम्—वस्न्यस्य—वस्नं मूल्य तदर्हति वस्न्यस्य। नाथितः = याचितः, उपतप्त्यः।

टिप्पणी – मैक्डानल ने 'अपरुणद्धि' का अर्थ 'भगा देती है' और वस्न्य का अर्थ 'विक्रयार्थ ले जाया गया' किया है।

हिन्दी-व्याख्या—(द्वेष्टि श्वश्रूः) पत्नी की मां भी जुवारी से घृणा करने लगती है और (जाया अप रुणद्धि) पत्नी भी आते हुए देखकर घर के क्विाड़ बन्द कर लेती है। ऋणदाताओं की ओर से (न नाथितो विन्दते मंडितारम्) पीड़ित होने पर कहीं भी सुखदाता सहायक उसे नहीं मिलता। जुवारी की दशा उस घोड़े के सदृश है जो कभी बहुत मूल्यवान् आंका जाता था पर (अश्वस्य इव जरतो वस्न्यस्य) आज बूढ़ा हो चला है और अब उसका मूल्य वृद्धत्व के कारण घट गया है। जुवारी भी जूवे में हार जाने के कारण जीवन के समस्त मूल्यवान् क्षणों से हार जाता है। (नाहं विन्दामि कितवस्य भोगम्) अब रक्खा ही क्या है, कहीं द्यूतकर के लिये भोग-सुख की कल्पना मैं नहीं कर सकता।

77 84

४- अन्ये जायां परिमृशन्त्यस्य

यस्यागृधद् वेदने वाज्य१क्षः।

पिता माता भ्रातर एनमाहु-

र्न जानीमो नयता बद्धमेतम् ॥४॥

पद-पाठः—अन्ये । जायाम् । परि । मृशन्ति । अस्य । यस्य । अगृधत् । वेदने । वाजी । अक्षः । पिता । माता । भ्रातरः । एनम् । आहुः । न जानीमः । नयत । बद्धम् । एतम् ॥४॥

संस्कृत-व्याख्या— (यस्य वेदने वाजी अक्षः अग्रधत्) यस्य कितवस्य वेदने धनमभिलक्ष्य वाजी बलवान् अक्षः अगृधत् गृद्धदृष्टिं निक्षिपति तस्य (अन्ये कितवा अस्य जायां परिमृशन्ति) वस्त्रकेशाद्याकर्षण दुर्भाषणादिना परिसृशन्ति पराभवदृष्टया संस्पर्शं कुर्वन्ति । न तावदेतावदेव अपितु (पिता माता भ्रातर एन माहु र्न जानीमः नयत एतं बद्धम) अनुकम्पनशीलः पिताऽपि स्नेहैकहृदया मातापि सोदर्य प्रीतिपुष्टा भ्रातरो ऽपि जल्पन्ति 'न वयमेनं जानीमः, यत्र कुत्रचिदिच्छथ बद्धमेनं तत्र-तत्र नयत ।

टिप्पणी—मैक्डानल ने वाजी का अर्थ 'विजयी' किया है तथा परिमृशन्ति का अर्थ—'आलिंगन करते हैं' ।

हिन्दी व्याख्या—(यस्य वेदने वाजी अक्षः अगृधत्) जिसके धन की ओर लालच भरी गृद्धदृष्टि से बलवान् जुआ निहारता है उस जुवारी की (जायाम्) पत्नी को (अन्ये परिमृशन्ति) दूसरे जुवारी वस्त्र-केशाकर्षणा आदि कष्ट से अपमान-पूर्वक संस्पर्श करते हैं । अन्य की तो बात ही क्या है ? (पिता, माता भ्रातर एनम् आहुः) स्नेहसौजन्य की मूर्ति बने पिता भी, माता भी और भ्राता भी कह देते हैं (न जानीम्ः) हम इसे नहीं पहचानते । जहाँ चाहो (नयत बद्धमेतम्) इसे बाँध कर ले जाओ । इससे हमारा कोई प्रयोजन नहीं है ।

५—

यदादीध्ये न दविषाण्येभिः

परायद्भ्यो ऽव हीये सखिभ्यः ।

न्युप्ताश्च बभ्रवो वाचमक्रतं-

एमीदेषां निष्कृतं जारिणीव ॥५॥

पद-पाठः—यत् । आ ऽ दीध्ये । न । दविषाणि । एभिः । परायत् ऽ भ्यः । अव । हीये । सखि ऽ भ्यः । नि ऽ उप्ताः । च बभ्रवः । वाचम् । अक्रत । एमि । इत् एषाम् । निः ऽ कृतम् । जारिणी ऽ इव ॥५॥

संस्कृत-व्याख्या—(यद् आदीध्ये) यदा—यदाऽहंध्यायामि चिन्तापरवशो भवमि (न दविषाणि एभिः) नाहं पुनः अक्षैः सह देविष्यामि । अथ च (परायद्भ्यः सखिभ्यः अवहीये) स्वयमेव परागच्छद्भ्यः सखिभ्यः अवहीयेऽवहितो भविष्यामि। पृथग्भूतः सन् स्थास्यामि परं (एते बभ्रवः अक्षाः न्युप्ताः सन्तः वाचम् अक्रत) बभ्रु-वर्णाः कितवैराक्षिप्ता अक्षाः शब्दं कुर्वाणा माम् आह्वयन्तीव दरीदृश्यन्ते । परवशोऽहं (जारिणी इव) स्वच्छन्दचारिणी योषिदिवाहं व्यसनाभिभूतः सन् एमीत् गच्छाम्येव एषामक्षाणां निष्कृतं स्थानम् ।

टिप्पणी—मैक्डानल ने 'इत्' का अर्थ सीधा किया है । एमीत् मैं सीधे वहाँ चला जाता हूं ।

हिन्दी-व्याख्या—(यद् आदीध्ये) मैं जब-जब चिन्तन करता हूं कि (न दविषाणि एभिः) इन पासों से अब नहीं खेलूंगा और (परायद्भ्यः सखिभ्योऽवहीये) इस मित्र मण्डली से दूर ही रहूंगा । पर विडम्बना देखिये कि (बभ्रवः न्युप्ताश्च वाचम् अक्रत) जब ये भूरे वर्ण वाले शब्द करने लगते हैं तब मैं विवश होकर (एषां निष्कृतं जारिणी इव एमि इत्) इनके स्थान पर स्वच्छचारिणी कुलटा के समान व्यसनाभिभूत होकर चला ही जाता हूं ।

६—

सभामेति कितवः पृच्छमानो-

जेष्यामीति तन्वा ३ शूशुजानः ।

अक्षासो अस्य वितिरन्ति कामं

प्रतिदीव्ने दधत आ कृतानि ॥६॥

पद-पाठः—सभाम् एति । कितवः । पृच्छमानः । जेष्यामि । इति । तन्वा । शूशुजानः अक्षासः । अस्य । वि । तिरन्ति । कामम् । प्रति ऽ दीव्ने । दधत । आ । कृतानि ।।६।।

संस्कृत-व्याख्या—(तन्वा शूशुजानः कितवः सभामेति) तन्वा शरीरेण शूशुजानः शोशुचानः कितवः दीप्यमानः पुलकपूर्ण विकसित शरीरः सभां प्राप्नोति । क्व वर्तते विजेता (जेष्यामि इति पृच्छमानः) इतस्ततः पृच्छन् जेष्यामि-जेष्यामि-इत्येव कितवस्य चेतसि संकल्पः । (तत्र प्रतिदीव्ने) प्रतिदेवित्रे कितवाय (कृतानि) देवनोपयुक्तानि कर्माणि (आदधतः) जयार्थं धारयतः (अस्य) कितवस्य (अक्षासः कामं वितिरन्ति) अक्षाः कामं संकल्पं संवर्धयन्तियेन उल्लासं तन्वन्नसौ क्रीडत्येव न विरतिं गच्छति ।

टिप्पणी—मैक्डानल ने 'तन्वा शूशुजानः' का अर्थ किया है 'लड़खड़ाता हुआ' । कामं वितिरन्ति=इच्छानुसार पासे पड़ते हैं । कृतानि का अर्थ किया है—भाग्यशाली पासों का पड़ना ।

हिन्दी-व्याख्या—(तन्वा शूशुजानः पृच्छमानः कितवः) द्यूतकर धन की गर्मी में दमकता हुआ—मेरा मित्र कहाँ गया—ललकारता हुआ (सभाम् एति) जूवे के रंग-मंच पर उतरता है (जेष्यामि इति) साहस उसे उत्तेजित करता रहता है, जयशील भावना उसे उकसाती रहती हैं 'आज तो जीतूंगा ही ।' (=क्यों नहीं, मानों ओझे की मुद्रिका पहन आया है !) (प्रतिदीव्ने दधत आ कृतानि) उस समय दूसरे जुवारी के साथ खेलते-खेलते (अक्षासः अस्य कामं वितिरन्ति) इसकी विजयिनी इच्छा को पासे और भी उन्मादित करते हैं । वह इस उन्माद का पिंजर-पंछी बन जाता है ।

७-

अक्षास इदङ्कुशिनो नितोदिनो-

नि कृत्वानस्तपना स्तापयिष्णवः ।

कुमारदेष्णा जयतः पुनर्हणो

मध्वा संपृक्ताः कितवस्य बर्हणा ।।७।।

पद-पाठः—अक्षासः । इत् । अङ्कुशिनः । नि ऽ तोदिनः । नि ऽ कृत्वानः । तपनाः । तापयिष्णवः । कुमार ऽ देष्णाः । जयतः । पुनः ऽ हनः । मध्वा । सम् ऽ पृक्ताः । कितवस्य बर्हणा ॥ ७॥

संस्कृत-व्याख्या—अक्षास इत् अंकुशिनः) एते अक्षा अंकुशवन्तः (नितोदिनः निकृत्वानः तपनाः तापयिष्णवः) कितवगजस्योपरि अंकुशा इव नितोदिनः व्यथाकारकाः कशा इव, निकृत्वानः निकर्तनशीलाः तापयिष्णवः समस्तमेव कुटुम्बं संतापयुक्तं विदधति तपना दहनशीलाः । (कुमारदेष्णाः) जयशीलस्य कितवस्य गृहे जातवत्सोत्सवाः खल्वक्षा धनवृद्धया कुमारदायिनो भवन्ति परं (जयतः पुनर्हणः) जयिनोऽपि कितवस्य पुनः नाशनशीलाः (कितवस्य बर्हणा मध्वा संपृक्ताः) बर्हणा सर्वस्व हरणेनापि एते मधुना संपृक्ताः सन्ति । विषकुम्भा पयोमुखाः ।

टिप्पणी—मैक्डानल ने अंकुशिनः का अर्थ नोकदार किया है । निकृत्वानः= प्रवंचना करने वाले और बर्हणा का अर्थ इन्द्रजाल की शक्ति से किया है ।

हिन्दी-व्याख्या—(अक्षासः इत् अंकुशिनः नितोदिनः निकृत्वानः तपनाः तापयिष्णवः) ये जूवे निश्चय ही जुवारी रूपी हाथी के लिए अंकुश हैं, जुवारी रूपी घोड़ के लिये क्षण-मात्र को उल्लसित करने वाले चाबुक हैं । ये हृदय पर चलने वाले तीक्ष्ण कर्त्तनशील आरे हैं और निरन्तर दाह देने वाले ठण्डे अंगारे हैं, सारे कुटुम्ब को झुलसा देने वाले प्रचण्ड आग हैं । (कुमारदेष्णाः जयतः पुनर्हणः) जीतने वाले जुवारी के लिये ये पासे पुत्रोत्सव-सा आनन्द देते हैं और धन की अज्ञात वृद्धि से पुत्रानन्द का भी सम्पादन करते हैं परन्तु अन्त में पुन र्नाश ही करते हैं । सर्वस्व (मध्वा संपृक्ताः कितवस्य बर्हणा) हरण कर लेने पर भी ये पाशें मधु से संसृष्ट जान पड़ते हैं—मधु से पूर्ण गरल-घट जैसे ।

८—

त्रिपञ्चाशः क्रीडति व्रात एषां

देव इव सविता सत्य धर्मा ।

उग्रस्य चि न्मन्यवे ना नमन्ते

राजा चिदेभ्यो नम इत्कृणोति ॥८॥

पद-पाठः—त्रि । पंचाशः । क्रीडति । व्रात । एषाम् । देवः ऽ इव । सविता । सत्य ऽ धर्मा । उग्रस्य । चित् । मन्यवे । न । नमन्ते । राजा चित् । एभ्यः । नमः ऽ इत् । कृणोति ॥८॥

संस्कृत-व्याख्या—(एषां व्रातः त्रिपंचाशः क्रीडति) एषाम् अक्षाणां संघः त्रिपंचाशः आस्फारे क्रीडति विहरं तनुते (सत्य धर्मा सविता देव इव) सत्यधारकः सर्वप्रेरकः सूर्यदेव इव ।। (उग्रस्य चित् मन्यवे ना नमन्ते) एते अक्षाः क्रूरस्यापि कोपाय न नम्रा भवन्ति । (राजा चिद् एभ्यो नम् इत् कृणोति) राजा खल्वपि प्रशासकोऽपि यदि कितवसक्त स्तदा सोऽपि एभ्यो नमस्कारमेव करोति । नैते वशवर्तिनः कस्यापि ।

हिन्दी-व्याख्या—(त्रिपंचाशः=एषां व्रातः क्रीडति देव इव सविता सत्य धर्मा) सत्य के धारक सूर्य भगवान् के समान इन जुवारियों के ५३ तिरपन लोगों का संघ जुवा में क्रीडा-विहार करता है । (उग्रस्य चित् मन्यवे ना नमन्ते) उग्र कर्कश क्रोधी के भी सामने नहीं झुकते हैं (राजा चिद् एभ्यो नम इत् कृणोति) राजा को भी इनके सामने हाथ जोड़ते ही बनता है । जुवा किसी के वश में नहीं रहता, सबको अपने वश में ही रखता है ।

९—

नीचा वर्तन्त उपरि स्फुरन्ति-

अहस्तासो हस्तवन्तं सहन्ते ।

दिव्या अङ्गारा इरिणे न्युप्ताः

शीताः सन्तो हृदयं निर्दहन्ति ॥९॥

पद-पाठः— नीचाः । वर्तन्ते । उपरि । स्फुरन्ति । अहस्तासः । हस्त ऽ वन्तम् । सहन्ते । दिव्याः । अङ्गाराः । इरिणे । नि ऽ उप्ताः । शीताः । सन्तः ।

हृदयम् । निः । दहन्ति ॥९॥

संस्कृत-व्याख्या—(नीचा वर्तन्ते) एते निचीनस्थले वर्तमाना अथापि (उपरि स्फुरन्ति) सर्वोपरि चमत्कुर्वन्ति । एते (अहस्तासः खल्वपि हस्तवन्तं सहन्ते) स्वयं खलु हस्तरहिता अथापि पराजयदानेन सिद्धहस्तमपि पुरुषं तिरस्कुर्वन्ति । (दिव्या अङ्गारा इरिणे न्युप्ताः) इन्धनरहिते आस्फारे उप्ता एते अक्षा दिव्या विलक्षणाः खलु; (शीताः सन्तो हृदयं निर्दहन्ति) शीतस्पर्शाः सन्तोऽपि हृदयं निर्दहन्ति, दग्धं कुर्वन्ति ।

टिप्पणी—मैक्डानल ने—उपरि स्फुरन्ति का अर्थ किया है—ऊपर को उछलते हैं ।

हिन्दी-व्याख्या—(नीचा वर्तन्त उपरि स्फुरन्ति) ये पासे नीचे अक्ष-पट पर लहराते हैं पर नीचे रहते हुए भी ऊपर उछलते हैं । (अहस्तासो हस्तवन्तं सहन्ते) बिना हाथ के हैं फिर भी बड़े-बड़े हाथ वालों पर अपने हाथ दिखा देते हैं । (दिव्या अङ्गारा इरिणे न्युप्ताः) जुवा के ये पासे बहुत विलक्षण है, ये दिव्य अंगारे हैं जो अक्ष-पट पर फेंके जाते हुए (शीताः सन्तो हृदयं निर्दहन्ति) शीतल स्पर्श देते हैं पर हृदय को दग्ध कर देते हैं ।

१०—

जाया तप्यते कितवस्य हीना

माता पुत्रस्य चरतः क्व स्वित् ।

ऋणावा बिभ्यद्धनमिच्छमानो-

ऽन्येषामस्तमुप नक्तमेति ॥१०॥

पद-पाठः—जाया । तप्यते । कितवस्य । हीना । माता । पुत्रस्य । चरतः । क्व । स्वित् । ऋणऽवा । बिभ्यत् । धनम् । इच्छमानः । अन्येषाम् । अस्तम् । उप । नक्तम् । एति ॥१०॥

संस्कृत-व्याख्या— (कितवस्य हीना जाया तप्यते) द्यूतकरस्य पत्नी सर्वथा र्वदभावमापन्ना दैन्यमनुभवन्ती अभावग्रस्ता त्रस्ता सती पीड्यते सन्तप्ता भवति । स्वित् चरतः पुत्रस्य माता खल्वपि) क्व सम्प्रति कथं वा भविष्यतीति चिन्ता-ा तस्य माता खल्वपि नितरां पीडामनुभवति । (धनमिच्छमानश्च ऋणावा यत्) अक्षपराजयाद् इतस्ततो धनमिच्छन् स ऋणवान् सर्वतो बिभेति । न्येषां चास्तमुपनक्तमेति) रात्रौ च प्राप्तायां धनार्थी च चोरकार्यं कर्तुमन्येषां ं प्रति दत्त दृष्टि र्भवति ।

टिप्पणी—मैक्डानल ने बिभ्यत् का अर्थ डरता हुआ किया है ।

हिन्दी-व्याख्या— जुवारी की पत्नी (जाया तप्यते कितवस्य हीना) हीनावस्था अभावग्रस्त होकर निरन्तर पीड़ित रहती है (माता पुत्रस्य चरतः क्व स्वित्) की माता भी पुत्र की चिन्ता में व्याकुल रहती है— न जाने इस समय कहां पर गा? (ऋणावा बिभ्यद् धनमिच्छमानः) जूवे में पराजय पाने के कारण ऋण के र से सदा दबा रहता है और धन की इच्छा से (अन्येषाम् अस्तम् उपनक्तम् एति) री करने के लिए अन्य घरों पर दृष्टि डालता रहता है ।

विशेष—ऋणावा = ऋणवान् । अस्तम = गृहम् ।

११—

स्त्रियं दृष्ट्वाय कितवं ततापा-

अन्येषां जायां सुकृतं च योनिम् ।

पूर्वाह्णे अश्वान् युयुजे हि बभ्रून्

सो अग्ने रन्ते वृषलः पपाद ॥११॥

पद-पाठः—स्त्रियम् । दृष्ट्वाय । कितवम् । ततापा । अन्येषाम् । जायाम् । कृतम् । च । योनिम् । पूर्वाह्णे । अश्वान् । युयुजे । हि । बभ्रून् । सः । अग्नेः । न्तै । वृषलः । पपाद ॥११॥

संस्कृत-व्याख्या—(स्त्रियं दृष्ट्वाय कितवं तताप अन्येषां जायां सुकृतं च योनिम्) परनारीं साध्वलङ्कृतां शोभमानां सुभूषितं तस्या गृहं स्वभावमधुरं चतुर विलासं च दृष्ट्वा नितरां संतापं प्राप्नोति। तस्य पत्नी धनाभावादसत्कृता गृहं चाव्यवस्थितं चेति कामयमानः। अयं स एव द्यूतकरः (पूर्वाह्णे, अश्वान् युयुजे हि बभ्रून) यः बभ्रुवर्णान् रमणीयान् अश्वान् पूर्वप्रहरे अक्षपटेऽक्षान् युयुजे स एव सम्प्रति (सोऽग्नेरन्ते वृषलः पपाद; रात्रौ वृषलधर्मा अग्ने निकटे शीत पीडितः समयं गमयति।

टिप्पणी—मैक्डानल ने अश्वान् का अर्थ घोड़े तथा वृषल का अर्थ भिखारी किया है।

हिन्दी-व्याख्या—(स्त्रियं दृष्ट्वाय कितवं ततापान्येषां जायां सुकृतं च योनिम्) जुवारी संस्कृत तथा अलंकृत पर नारी को तथा उसके व्यवस्थित घर को देखकर अपनी शोचनीय दशा पर आँसू बहाता है। (पूर्वाह्णे अश्वान् युयुजे हि बभ्रून) जो दिन के पहले पहर में भूरे वर्ण वाले पासों से क्रीडा-विहार करता था वही अब (सोऽग्नेरन्ते वृषलः पपाद) अग्नि के किनारे धर्महीन होकर रात काट रहा है।

१२—

यो वः सेनानी महतो गणस्य

राजा व्रातस्य प्रथमो बभूव।

तस्मै कृणोमि न धना रुणध्मि

दशाहं प्राचीस्तदृतं वदामि ॥१२॥

पद-पाठः—यः। वः। सेनाऽनीः। महतः। गणस्य। राजा। व्रातस्य। प्रथमः। बभूव। तस्मै। कृणोमि। न। धना। रुणध्मि। दश। अहम्। प्राचीः। तत्। ऋतम्। वदामि ॥१२॥

संस्कृत व्याख्या—(यो वः सेनानीः महतो गणस्य राजा व्रातस्य प्रथमो बभूव) अधुना द्यूतकरः पुनः दृढं संकल्पं प्रथयति, हे अक्ष राजन्! महतो गणस्य यो राजा व्रातस्य चास्य प्रमुखः (तस्मै दश प्राचीः अहं कृणोमि) तस्मै दशभिरंगुलीभिः

युक्तमञ्जललिमहं बध्नामि नेत: परमहं (धना रुणध्मि) द्यूतार्थं धनसंग्रहं करिष्यामि। (तदहमृतं वदामि) सत्यमेव तद् यदहं सम्प्रति निश्चयेन ब्रवीमि।

टिप्पणी—गणव्रातयोर्मध्येऽल्पीयानेव भेद:।

हिन्दी-व्याख्या—(यो व: सेनानी: महतो गणस्य राजा व्रातस्य प्रथमो बभूव) हे अक्षाधिराज ! तुम्हारे गण का जो राजप्रमुख है, (तस्मै कृणोमि दश प्राची: अहम्) उसके लिए दश अंगुलियों से युक्त मैं अब अंजली जोड़ रहा हूं। अब बहुत हो चुका। अब आगे जूवे के लिये मैं (न धना रुणध्मि) धनावरोध नहीं करूँगा। (तद् ऋतं वदामि) यह मैं सत्य ही कह रहा हूं। आज से द्यूत कर्म से मैं अपने आपको विरत करता हूं।

विशेष—मैक्डानल ने 'राजा' का अर्थ राजा के तुल्य किया है और रुणध्मि का अर्थ किया है—रोकता हूं।

१३—

अक्षैर्मा दीव्य: कृषिमित्कृषस्व

वित्ते रमस्व बहु मन्यमान:।

तत्र गाव: कितव तत्र जाया

तन्मे विचष्टे सवितायमर्य: ॥१३॥

पद-पाठ:—अक्षै:। मा। दीव्य:। कृषिम्। इत्। कृषस्व। वित्ते। रमस्व। बहु। मन्यमान:। तत्र। गाव: कितव। तत्र। जाया। तत्। मे। वि। चष्टे। सविता। अयम्। अर्य: ॥१३॥

संस्कृत-व्याख्या:—(बहु मन्यमान:) मम वचने विश्वास प्रकटयन् (अक्षै: मा दीव्य:) द्यूत मा कुरु। (कृषिमित् कृषस्व) कृषि मेव कुरु। (वित्ते रमस्व) कृष्यादिना सम्पादिते धने शुभं लभस्व। (तत्र गाव: कितव तत्र जाया) तत्र नियमपूर्वकं सम्पादितायां कृषिक्रियायां गावो विलसन्ति जाया खल्वपि सस्नेहं सुखम् उत्पादयति। (सविताऽयमर्य: तन्मे विचष्टे) सविता सर्वस्य प्रेरक: खलु महेश्वर: अयम् एवं विचष्टे विविधप्रकारेण आख्यापयति।

संस्कृत-व्याख्या—(देवानां नु वयं जाना प्रवोचाम) अदिति र्दाक्षायणी बृहस्पति र्वा ऽऽ दित्योत्पत्तिप्रकारं ब्रूते—वयं देवानाम् आदित्यानां जाना जन्मानि प्रवोचाम प्रवक्तुं प्रवृत्ता भवाम। (विपन्यया) विश्वासार्थं वचनम्, विपन्यया वाचा स्पष्टया व्यवहारदक्षया वाण्या। (उत्तरे युगे) अनन्तरं वर्तमानं (उक्थेषु शस्यमानेषु) यागेष्वनुष्ठीयमानेषु स्तोतारं स्तुवन्तं (यः पश्यात्) यो देवगणः पश्यति।

टिप्पणी—विपन्यया = वि + पन्य + अच् + टाप। तृतीया।

जाना—जन्मानि छान्दसः प्रयोगः।

पश्यात्—पश्यति। लेट् प्रयोगः।

(२) पीटर्सन ने विपन्यया का अर्थ 'चमत्कृत शब्द-चित्र में सुन्दर प्रणाली से कहना' किया है। ग्रिफिथ ने 'ध्वन्यात्मक-वक्रोक्ति-विषय में वर्णन' किया है।

हिन्दी-व्याख्या—अदिति अथवा बृहस्पति देवोत्पत्ति (आदित्य आदि की) के विषय में कहते हैं (देवानां नु वयं जाना) हम देवों के जन्मों के विषय में (विपन्यया) दक्षतापूर्ण वाणी में (प्रवोचाम) कहने को प्रवृत्त होते हैं। (यः) जो देवों का समूह (उक्थेषु शस्यमानेषु) यागों के अनुष्ठान के समय में (उत्तरे युगे) अनन्तर समय में स्तोतृजनों को (स्तुति करने वाले महापुरुषों को) देखता है।

२—

ब्रह्मणस्पतिरेता सं कर्मार इवाधमत्।

देवानां पूर्व्ये युगे ऽसतः सदजायत ॥२॥

पद-पाठः—ब्रह्मणः। पतिः। एता। सम्। कर्मार ऽ इव। अधमत्। देवानाम्। पूर्व्ये। युगे। असतः। सत्। अजायत ॥२॥

संस्कृत-व्याख्या—(ब्रह्मणस्पतिः एता कर्मार इव समधमत्) ब्रह्मणः अन्नस्य-पतिः अदितिः एता एतानि देवानां जन्मानि कर्मार इव स्वर्णकार इव स यथा भस्त्रायामग्निमुपधमति तथा अदितिः देवानां प्रज्वलनार्थम् आदिसृष्टौ उदपादयत्। देवानां पूर्व्ये युगे ऽसतः सद् अजायत) अस्मात् कार्यव्यापाररूपात् संसारात् प्राक् नामरूपादिरहिताद् ब्रह्मणः सकाशाद् असद् रूपात् इदं सद् अजायत नामरूपादिकं जगद् अजायत निष्पन्नं जातम्।

टिप्पणी—अधमत्—ध्मा धातो धर्मादेशः। लङ् प्रथमपुरुषैकवचनम्। ब्रह्म = अन्नम्।

(२) पाश्चात्य विद्वान् असत् का अर्थ करते हैं 'जिसकी सत्ता न हो'। सत् का अर्थ करते हैं 'जिसकी सत्ता हो'।

(३) लुडविग ने 'एता' का अर्थ 'इमान् लोकान्' किया है जो उचित नहीं है।

(४) पूर्व्ये युगे का अर्थ ग्रिफिथ ने 'देवताओं के आरम्भिक युग में' तथा पीटर्सन ने 'सर्जना के आरम्भ में' किया है।

(५) तै० उ० २-७ में असत् से सत् की उत्पत्ति तथा छान्दोग्य ६-२-२ में सत् से ही सत् की उत्पत्ति का प्रतिपादन हुआ है। इसका समाधान यह है कि नाम-रूप आदि योजना से शून्य (अव्याकृत-अवस्था) तथा नाम-रूप आदि योजना से युक्त (व्याकृत-अवस्था) अवस्थाओं का यहाँ निदर्शन है।

हिन्दी-व्याख्या—(ब्रह्मणः पतिः) अन्नदाता परमात्मा ने (एता) इन देवों के जन्म-संस्कार को प्रोज्ज्वल बनाने के लिए (कर्मार इव सम् अधमत्) स्वर्णकार के समान (=वह जिस प्रकार भट्टी में अग्नि को धौंकनी से शुद्ध करता है, उसी प्रकार) दीप्त किया। (देवानां पूर्व्ये युगे) इस दिव्य-सृष्टि के आदि में (असतः सत् अजायत) असत् से सत् की उत्पत्ति हुई। असत् से सत् की सृष्टि का अभिप्राय यही है कि यह कार्यरूप में दृष्टिगोचर जगत् पहले अपने कारणरूप जगत् में जिसकी व्याख्या नाम-रूप देकर नहीं हो सकती थी—उस असत् से सत् की सृष्टि हुई।

३—

देवानां युगे प्रथमेऽसतः सदजायत।

तदाशा अन्वजायन्त तदुत्तानपदस्परि ॥३॥

पद-पाठः—देवानाम्। युगे। प्रथमे। असतः। सत्। अजायत। तत्। आशाः। अनु। अजायन्त। तत्। उत्तानऽपदः। परि ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—(प्रथमे युगे देवानाम्) प्रकृष्टतमे तस्मिन् देवानां प्रथम-सृष्टिप्रसरे तेषामुपादानभूतात् कारणात् (असतः) असत्समानात् स्रष्टुः सद् अजायत देवादिकमुत्पन्नम्। (तद् अनु) आशाः दिशो (अजायन्त) ततोऽनन्तरं च (उत्तानपदः) ऊर्ध्वशाखाः वृक्षा अजायन्त उत्पन्नाः।

टिप्पणी—(१) उत्तानपदः—उत्तानाः पादा येषां ते, उत्तानपदः। ते ह उत्तानाः उच्यन्ते। उत्तान+पद+क्विप्।

(२) असतः सद् अजायत। ततः सतः आशा दिशः, ततश्च वृक्षादिकम् उत्पन्नम्।

(३) ओल्डेन वर्ग ने 'उत्तानपदः' का अर्थ 'ऊर्ध्व विस्तीर्ण' किया है। ग्रिफिथ ने जगत्-जननी अदिति को 'उत्तानपदः' कहा है जिसका अर्थ 'ऊपर को

फैल गए हैं चरण जिसके' किया है । पीटर्सन ने भी इसी अर्थ का समर्थन किया है। वालिम ने सायण का समर्थन करते हुए अर्थ किया है 'ऊर्ध्व-विस्तीर्ण वृक्ष' किया है ।

(४) आशा: = दिश: ।

हिन्दी-व्याख्या—(देवानां प्रथमे युगे) देवों की उस प्रोज्ज्वल आदि-सृष्टि की पावन-बेला में (असत: सद् अजायत) असत् से ही सत् की सृष्टि हुई। कारण—जगत् से कार्य-जगत् का प्रादुर्भाव हुआ । जो दृग्गोचर नहीं हो रहा था वह अनुभूयमान स्थिति में आया । (तद् अनु आशा अजायन्त) उसके अनन्तर उस अनुभूयमान अवस्था के अनन्तर दिशाओं की सृष्टि की अनुभूति हुई । (तद् उत्तानपद: परि) दिशा की सर्जना के अनन्तर ऊपर की ओर शाखाओं वाले वृक्षों की सृष्टि हुई ।

४—

भूर्जज्ञ उत्तानपदो भुव आशा अजायन्त ।

अदितेर्दक्षो अजायत दक्षाद्वदिति: परि ॥४॥

पद-पाठ:—भू: । जज्ञे । उत्तान ऽ पद: । भुव: । आशा: । अजायन्त । अदिते: । दक्ष: । अजायत । दक्षात् । ऊँ इति । अदिति: । परि ॥४॥

संस्कृत-व्याख्या—(उत्तानपद:) ऊर्ध्वविस्तीर्णात् तत: सत: (भू: जज्ञे) पृथिवी प्रादुर्भूता । 'भुव आशा अजायन्त' पृथिवीसृष्टेरनन्तरम् आशा दिश: प्रादुर्भूता: । 'अदिते: दक्ष: अजायत' अदिति रेव दक्षजननी ततस्तस्य प्रादुर्भावात् (दक्षात् उ अदिति: परि) दक्ष देव वा अदितिरुत्पन्ना । नोत्पन्नं कार्यं स्वस्यैव कारणम् संभवति विरोधात् । उपपन्नमेतत् एकप्रकृतीनां देवानाम्, इतरेतरजन्मानो हि देवा आत्म-दृष्ट्या समग्रमुपपन्नम् ।

टिप्पणी—उत्तानपद: का अर्थ करते समय बहुत से लोग भ्रान्त हो जाते हैं जगत् को देखकर ही सृष्टि-प्रपंच को देखना-समझना है तो सादृश्य अर्थ लगाकर समझें । जैसे कि हम वृक्ष-धर्म देखते हैं कि ऊपर को फैला है, इसी प्रकार इस आकार वृक्ष को देखें जो कि ऊपर को विस्तीर्ण होकर फैला है ।

(२) अदिति से दक्ष और दक्ष से अदिति यह सृष्टि-व्यापार की अनिर्वचनीयता प्रतीत होती है जो आजकल भी चलती है कि पहले बीज उत्पन्न हुआ या वृक्ष ? यह सृष्टि-प्रक्रिया का नैरन्तर्य प्रतिपादित है जैसा कि नासदीय प्रकरण में कहा गया है' कामस्तदग्रे०' ।

(३) यास्क ने भी इसे इसी प्रकार समझाया है—'समानजन्मानौ वा स्यातामित्यपित्रा देवधर्मेणेतरजन्मानौ स्यातामितरेतरप्रकृती ? (नि० ११-२३) इति।

हिन्दी-व्याख्या— (उत्तानपदः भूः जज्ञे) ऊर्ध्वविस्तीर्ण उस आकाश-वृक्ष से यह पृथिवी प्रकट हुई। (भुवः आशा अजायन्त) इस पृथ्वी से दिशायें जानी गयीं। (अदितेः दक्षः अजायत) अदिति से दक्ष (दक्षात् उ अदितिः परि) और दक्ष से भी अदिति का जन्म हुआ। कहीं भी उत्पन्न कार्य अपने ही लिए उत्पादक नहीं बनता, अतएव दिव्य-सृष्टि के कारण सदैव कारण-कार्य समन्वय रहता है। प्रत्येक ज्ञात अज्ञात की ओर तथा अज्ञात ज्ञात की ओर उन्मुख रहता है इसी को असत्-सद्विलक्षण कहा गया है।

अदिति र्ह्यजनिष्ट दक्ष या दुहिता तव।

तां देवा अन्वजायन्त भद्रा अमृतबन्धवः ॥५॥

पद पाठः—अदितिः। हि। अजनिष्ट। दक्ष। या। दुहिता। तव। ताम्। देवाः। अनु। अजायन्त। भद्राः। अमृत ऽ बन्धवः ॥५॥

संस्कृत-व्याख्या—हे दक्ष! (या तव दुहिता) या तव दोहन कर्त्री पुत्री-स्थानीया अदितिरभूत् सैव (अदितिः अजनिष्ट) स्वजन्मनाऽन्यानपि भावयामास। (ताम् अनु एव देवाः अमृतबन्धवः भद्रा अजायन्त) ततोऽनन्तरं जनमीमनु भद्रा भजन-स्वभावा अमृतबन्धवः अमृतबन्धना देवाः प्रादुर्भूताः।

टिप्पणी—अमृतबन्धवः=अमृतबन्धनाः। अमृतेमेव बन्धु येषां ते। बन्धु=बन्धकम्।

(१) दक्ष की पुत्री अदिति और अदिति को देवों की भगिनी कहा गया है, ऐसा पीटर्सन मानते हैं पर सर्वत्र अदिति को देवमाता ही कहा गया है। जैसा कि इसी सूक्त में आठवाँ मंत्र।

(३) अमृतबन्धवः का अर्थ मैक्समूलर तथा ग्रिफिथ ने अमरजीवन के संगी, ग्रासमान और पीटर्सन ने अमरजीवन के लब्धप्रतिष्ठ किया है। वर्गन ने अमृत जीवन में भागीदार बताया है।

हिन्दी-व्याख्या—हे दक्ष (या तव दुहिता अदितिः) जो आपकी पुत्री (रस-दोहनी) अदिति है। उसने ही (देवान् आदित्यान् हि अजनिष्ट) समग्र आदित्यों को प्रकट किया। और उसी की कृपा से (ताम् अनु) (देवा अजायन्त) समग्र देवों का

प्रादुर्भाव हुआ । कैसे हैं वे देव ? (भद्राः) कल्याण करने वाले एवं स्तुतियों से पूजा योग्य हैं और (अमृतबन्धवः) अमर-बन्धु-स्नेह से पुलकित रहने वाले हैं ।

६—

यद् देवा अदः सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत ।

अत्रा वो नृत्यतामिव तीव्रो रेणुरपायत ॥६॥

पद-पाठः—यत् । देवाः । अदः । सलिले । सु ऽ संरब्धाः । अतिष्ठत । अत्र । वः : नृत्यताम् ऽ इव । तीव्रः । रेणुः । अप । आयत ॥६॥

संस्कृत-व्याख्या—(अदः सलिले यद् देवाः) अदः अस्मिन् सलिले सलिलवद् विद्यमाने शान्ते ब्रह्मणि देवाः (सुसंरब्धाः) लब्धधियः (अतिष्ठत) स्थिता यूयम् । (नृत्यताम् इव) अभिनयवतां गात्रविक्षेपणशीलानां वः युष्माकं (अत्र वः तीव्रः रेणुः अपायत) तीव्रो धूलिसमूहः अपायत उदञ्चत् ।

टिप्पणी—(१) नृती गात्रविक्षेपे शतृ नृत्यताम् । इव । उत्प्रेक्षालङ्कारः । सुसंरब्धाः—सुसम् पूर्वस्य रमधातो निष्ठा ।

(२) आपो वा इदं सर्वम् । तै० आ० १०—१२ । अप एव ससर्जादौ—मनु० ।

(३) सायणः प्रतिपादयति—अस्मिन मंत्रेऽग्रे चादित्याः स्तूयन्ते ।

(४) पीटर्सन कहते हैं कि इस मंत्र में देवों को विश्वोत्पादक-शक्ति से युक्त दर्शाया गया है । वालिस ने नृत्य करते हुए ही सहज भाव से उन परमाणु शक्तियों का उद्बोधन किया जिनसे कि पृथ्वी की सृष्टि हुई । ग्रिफिथ ने कहा है कि देवगण यहाँ नटरूप में चित्रित किये गए हैं, उनके चमत्कारपूर्ण नृत्य-झनकार से घनीभूत रेणु-मेघ उठ पड़े ।

हिन्दी-व्याख्या—(अदः सलिले यद् देवाः) इस सलिल के समान शान्त शुभ्र ब्रह्म में हे देवगण ! (सुसंरब्धा अतिष्ठत) आप ध्यानस्थ होकर स्थित हुए और (अत्र वः नृत्यतामिव) नाट्य-कला कुशल आपके अभिनव-गात्र-विक्षेप से मानों (तीव्रो रेणुः अप आयत) धूलि-समूह का तीव्र-संघात उदञ्चित हुआ । उठ पड़ा ।

७—

यद् देवा यतयो यथा भुवनान्य पिन्वत ।

अत्रा समुद्रआगूढ मा सूर्यमजभर्तनः ॥७॥

पद-पाठः — यत् । देवाः । यतयः । यथा । भुवनानि । अपिन्वत । अत्र । समुद्रे । आ । गूढम् । आ । सूर्यम् । अजभर्तन ॥७॥

संस्कृत-व्याख्या—हे देवाः ! यथा यतयो मेघा जलवर्षणेन भुवनानि अपिन्वत पूरयन्ति तद्वद् यूयमपि स्वकर्मभि र्भुवनानि प्रपूरयथ । तथा च सूर्यं समुद्रे आगूढं तिरोहितं मग्नं यूयम् आ अजभर्तन आहृतवन्तः ।

टिप्पणी—(१) यत् = यदा । देवाः = सम्बोधनम् अत्र । यतयः—यम धातोः ...न् । बहुवचने । मेघाः—वर्षणेन नियमयन्ति ।

(२) पीटर्सन ने अजभर्तन का अर्थ किया है—दूध को मथकर बाहर निकालना अर्थात् जिस प्रकार दूध को मथकर मक्खन बाहर निकाल लेते हैं उसी प्रकार समुद्र-मन्थन के द्वारा देवों ने सूर्य को बाहर निकाला ।

(३) यतयः का अर्थ सायण ने मेघ किया है । पीटर्सन 'ग्वाला' अर्थ करते हैं । ग्रिफिथ ने 'ईश्वर-पूजक' अर्थ किया है ।

हिन्दी-व्याख्या—(यतयो यथा भुवनानि अपिन्वत) जिस प्रकार घने मेघ भुवनों को नियंत्रित करते हैं अथवा जल-वर्षा से प्रेरणा देते हैं, उसी प्रकार (यद् देवाः) हे देवगण ! आप भी अपने तेजस्वी क्रिया-कलाप से भुवनों को पूर्ण कर देते हैं । आपने ही (समुद्रे आ गूढं सूर्यम्) समुद्र के अन्तराल में अन्तर्निहित सूर्य को अपने सामर्थ्य से (आ अजभर्तन) बाहर निकाला है ।

८—

अष्टौ पुत्रासो अदिते र्ये जाता स्तन्व१स्परि ।

देवाँ उपप्रैत् सप्तभिः परा मार्ताण्डमास्यत् ॥८॥

पद-पाठः—अष्टौ । पुत्रासः । अदितेः । ये । जाताः । तन्वः । परि । देवान् । उप । प्र । ऐत् । सप्त ऽ भिः । परा । मार्ताण्डम् । आस्यत् ॥८॥

संस्कृत-व्याख्या—(अदितेः अष्टौ पुत्रासः ये जाताः तन्वः परि) अदितेः मित्रादयः अष्टौ पुत्राः तन्वः परि शरीराज्जाताः । सा सप्तभिः पुत्रैः देवान् उपप्रैत् उपागच्छत् । अष्टमं च पुत्रं मार्ताण्डं सूर्यम् उपरि परास्यत् प्राक्षिपत् ।

टिप्पणी—(१) अष्टौ पुत्रासः = ताननुक्रमिष्यामः, मित्रश्च वरुणश्च, धाता चार्यमा च अंशश्च भगश्च । विवस्वानादित्यश्च । तै० स० ६-५-६-१ ।

पुत्रासः—पुत्राः आज्जसेरसुक् । आस्यत्—असु क्षेपणे—आ + अस्यत् ।

(२) पीटर्सन ने मार्ताण्ड का अर्थ 'मृतम् + अण्डम्' किया है जिसे अदिति ने मरा अण्डा (मृत-पक्षी) समझकर फेंक दिया । उनके अनुसार ऋ० २-३८-८ में भी यह विवरण दिया गया है ।

(३) ग्रिफिथ ने परा आस्यत् का अर्थ किया है—'दूर फेंक दिया'।

हिन्दी व्याख्या—(अदितेः तन्वः परि अष्टौ पुत्रासः जाताः) अदिति के शरीर से आठ पुत्र निष्पन्न हुए । उनमें से (सप्तभिः पुत्रैः देवान् उप प्रैत्) सात पुत्रों के साथ वह देवों से मिलने गयी और आठवें पुत्र मार्तण्ड को (मार्ताण्डं परा ऽऽस्यत्) अलग फेंक दिया । मित्र, वरुण, धाता, अर्यमा, अंश, भग, विवस्वान् और आदित्य अदिति के आठ पुत्र हैं ।

९—

सप्तभिः पुत्रैरदितिरुपप्रैत्पूर्व्यं युगम् ।

प्रजायै मृत्यवे त्वत्पुन र्मार्ताण्डमाभरत् ॥९॥

पद-पाठः—सप्त ऽ भिः । पुत्रैः । अदितिः । उप । प्र । ऐत् । पूर्व्यम् । युगम् । प्रजायै । मृत्यवे । त्वत् । पुनः । मार्ताण्डम् । आ । अभरत् ॥९॥

संस्कृत-व्याख्या—(अदितिः सप्तभिः पुत्रैः) अदितिः तैः मित्रादिभिः सप्तभिः पुत्रैः (पूर्व्यं युगम् उप प्रैत्) पुराणं युगं प्राप्ता । (प्रजायै मृत्यवे त्वत्) प्राणिनां प्रजाया: प्रजननार्थं मरणार्थं च (मार्ताण्डम्) मृतादण्डाज्जातं सूर्यं (पुनः आभरत्) आहृत्य द्युलोके स्थापितवती । उदयास्तवेलाभिः सूर्य एव जन्ममरणावधारकः । तै० सं० ६-५-६-१ ।

टिप्पणी—पीटर्सन लिखते हैं कि अदिति ने उस फेंके हुए पक्षी को फिर उठा लिया और जनन-मरण रूप परिवर्तन के लिए पुनः उसे स्थापित किया ।

पूर्व्यम्—पूर्वे भवम् = पूर्व्यम् । यत् प्रत्ययः ।

हिन्दी-व्याख्या—(अदितिः सप्तभिः पुत्रैः) अदिति उन सप्त पुत्रों के साथ (पूर्व्यं युगम् उप प्रैत्) उन पूर्व युग के देवताओं के पास मिलने गयी । और (प्रजायै मृत्यवे त्वत्) प्रजाओं की उत्पत्ति और विनाश के लिए (पुनः मार्ताण्डम् आभरत्) द्युलोक में उसने सूर्य को सुबद्ध किया । सूर्य ही अपने उदय-अस्त रूप प्रपंच से प्राणियों में जन्मोत्साह तथा मरण-भय स्थापित करता है ।

मण्डल १०

पुरुष-सूक्तम्

सूक्त ९०

ऋषिः—नारायणः। देवता—पुरुषः

छन्द—१—१६ अनुष्टुप्—१५—त्रिष्टुप्

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्।

स भूमिं विश्वतो वृत्वा त्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ॥१॥

पद-पाठः—सहस्र ऽ शीर्षा । पुरुषः । सहस्र ऽ अक्षः । सहस्र ऽ पात् । स । [भू]मिम् । विश्वतः । वृत्वा । अति । अतिष्ठत् । दश ऽ अङ्गुलम् ॥१॥

संस्कृत-व्याख्या—समष्टिरूपेणावस्थितो यो ऽयं ब्रह्माण्डशरीरः पुरुषः स [सह]स्रशीर्षा सहस्राण्यसंख्यातानि शिरांसि यस्य सो ऽयं सहस्रशीर्षा । सहस्र-[श]ब्दो ऽत्रोपलक्षणम् । सर्वप्राणिनां शिरांसि तद्देहान्तर्गतत्वात्तस्यैव तानि । एवमेव [सह]स्राण्यसंख्यातानि अक्षीणि नेत्राणि यस्य, सहस्राण्यसंख्याताः पादा यस्येति च । [स] विराट् पुरुषः भूमिं ब्रह्माण्डगोलकं विश्वतो वृत्वा सर्वतः समावेष्ट्य दशाङ्गु-[लप]रिमाणं देशमधिष्ठाय अत्यतिष्ठत्—अतिक्रम्य उपस्थितः । दशाङ्गुलमिति चोप-[लक्ष]णम् । ततो ऽपि बहि र्वर्तते इत्यर्थः ।

व्याकरणम्—सहस्र शीर्षा, सहस्राक्षः, सहस्रपात्=सहस्राणि शिरांसि यस्य [स] सहस्रशीर्षा, सहस्राणि अक्षीणि यस्य स सहस्राक्षः, सहस्राणि असंख्याताः पादा [य]स्य स सहस्रपात् । पुरुषः—पुरि शेते । दशाङ्गुलम्=दशानामङ्गुलीनां समाहारः । [दश]+अंगुली+अच् (समासान्तः) रि लोपः । दशाङ्गुलम् ।

टिप्पणी—वृत्वा के स्थान पर स्पृत्वा का भी पाठ मिलता है ।

हिन्दी-व्याख्या—यह परम् विराट् पुरुष् सहस्रों शिर, नेत्र, पैर वाला है । [सम]स्त प्राणियों के अन्तर्गत विराजमान होने के कारण सबके सिर, सबकी आंखें, [स]बके चरणः उसी के सिर, उसी के नेत्र और उसी के चरण हैं । वह (स भूमिं [वि]श्वतो वृत्वा) इस समग्र ब्रह्माण्डगोलक को सभी ओर से आवृत करके इसे परे

पार भी दशाङ्गुल बढ़ा हुआ है। वह सबके भीतर विद्यमान होने पर भी सबसे बाहर अवस्थित है।

२— पुरुष एवेदं सर्वं यद् भूतं यच्च भाव्यम्।

उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनाति रोहति ॥२॥

पद-पाठः—पुरुषः । एव । इदम् । सर्वम् । यत् । भूतम् । यत् । च । भाव्यम् । उत । अमृत ऽ त्वस्य । ईशानः । यत् । अन्नेन । अति ऽ रोहति ॥२॥

संस्कृत-व्याख्या—(इदं सर्वं विद्यमानं जगत् तत्सर्वं पुरुष एव) यदिदं दृश्यमानं जगत् विराजते ऽत्र अस्ति-भाति-प्रीणातिरूपः पुरुष एव। तस्यैव सत्तया इदं भाति-प्रीणाति = तस्य भासा सर्वमिदं विभातीत्युक्तत्वात्। यदतीतं यच्चानागतं (यद् भूतं यच्च भाव्यम्) तदपि सर्वं पुरुष एव (यच्चान्यत्त्रिकालातीतं तत् सर्वमोङ्कार एव)। यथा ऽस्मिन् कल्पे सर्वे प्राणिनस्तस्यैव पुरुषस्यावयवास्तथैवातीतानागतयोरपि कल्पयोर्ज्ञातव्यम्। (उत अमृतत्वस्य ईशानः) अपि चायमेव पुरुषो देवत्वे कर्मणि ईशानः स्वामी, अमृतत्वस्य तदधीनत्वात्। (यद् अन्नेन अतिरोहति) यद् यस्माद् हेतोरयम् अन्नेन भोग्येन प्रपंचेन स्वीयां कारणावस्थामतिहाय अतिरोहति प्राणिनां कर्मफलभोगाय जगदवस्थां स्वीकरोति।

टिप्पणी—(१) भाव्यम्—भू + ण्यत्। ईशानः—ईश् + शानच्।

(२) पीटर्सन ने 'यदन्नेनातिरोहति' का अर्थ किया है—जो वस्तु अन्न से उत्पन्न होती अथवा पुष्ट होती है, पुरुष उसका स्वामी है।

(३) अमृत शब्द इसी मंत्र के साथ अन्यत्र भी आया है। अथर्ववेद—१९-६-४ में भी आया है। अमृत शब्द अमृत (सुधा) अन्न और जल का वाचक है। अर्थात् स्थलवर्ती, जलवर्ती तथा अन्तरिक्षवर्ती जड़-चेतन (चराचर जगत्) का वही एकमात्र ईशान (= प्रभु, स्वामी) है।

हिन्दी-व्याख्या—(यत् भूतं यच्च भाव्यं तस्य सर्वस्य स एव स्वामी = इदं सर्वं पुरुष एव) जो यह वर्तमान् जगत् दृष्टिगोचर होता है, यह सब उस पुरुष का ही उल्लास है। इसी प्रकार इसी प्रमाण से सहजतया यह जान लेना चाहिये कि भूत-भविष्यत् का भी नियंत्रक वही एक पुरुष है। वही अन्न, जल तथा सुधा का दान करके अमृतत्व का सम्पादक है, पर वही (उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनाति रोहति)

प्राणियों के भोग्य प्रपंचरूप अन्न का सम्पादन करने के लिए कारणावस्था का उल्लंघन करके जगदवस्था को स्वीकार करता है।

३—

एतावानस्य महिमा तो ज्यायां ऽ च पूरुषः।

पादो ऽ स्य विश्वाभूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि ॥३॥

पद-पाठः—एतावान् । अस्य । महिमा । अतः । ज्यायान् । च । पुरुषः ।

पादः । अस्य । विश्वा । भूतानि । त्रि ऽ पात् । अस्य । अमृतम् । दिवि ।।३।।

संस्कृत-व्याख्या—(एतवान् अस्य महिमा अतो ज्यायान् च स पुरुषः) अतीत-वर्तमान-अनागतरूपं यावज्जगदस्ति स सर्वो ऽ प्यस्यैव महिमा—ऐश्वर्यचमत्कारः। स पुरुषो नैवावधारित रूपः अतो ज्यायानपि अतो ऽ प्युल्लघ्य स्थितः। (पादो ऽ स्य विश्वाभूतानि) एतानि समग्राणि भूतजातानि अस्य पादमात्रतां भजन्ते, चतुर्थ एवांशे स्थितमिदं जगत्। (त्रिपादस्यामृत दिवि) अवशिष्टं च त्रिपास्वरूपम् तदमृतं नाशर-हितं दिवि द्योतनात्मके तस्य स्वे महिम्नि वर्तते। यद्यपि तस्य परब्रह्मणो नास्ति इयत्ता तथापि निरूपयितुमशक्यत्वात् पुरुषापेक्षया ऽ त्यल्पमिदं जगदिति द्योतयितुं श्रुतिः कामयते।

टिप्पणी—एतावान्—एतत् + सतुप्। 'आ सर्वनाम्नः'। महत् + इमनिच्—महिमा। ज्यायान्—'ज्य च' इति प्रशस्यस्य स्थाने 'ज्य' आदेशः, ईयसुनि, ईकारस्य 'आ' आदेशः त्रिपात्—त्रयाणां पादानां समाहारः, 'पादस्य लोपो०'।

मैक्डानल ने दिवि का अर्थ स्वर्ग और पीटर्सन ने आकाश किया है।

हिन्दी-व्याख्या—(एतावान् अस्य महिमा) यह भूत-भविष्यत् वर्तमान रूप समस्त जगत् उसी एक ईश्वर के आदर्श का चमत्कार है। (अतो ज्यायांश्च पुरुषः) पर वह पुरुष इतना ही सीमित नहीं है, वह इससे भी अत्यधिक है। (पादो ऽ स्य विश्वा भूतानि) यह समस्त प्राणिमात्र उसके चतुर्थांश में ही अवस्थित है पर अवशिष्ट तीन चतुर्थांश उसकी अपनी ही अमृत-विभूति में जगमगा रहा है। यद्यपि इस ब्रह्म की सीमा का वर्णन नहीं हो सकता परन्तु इतना तो कहा ही जा सकता है कि यह समस्त भुवन उस पुरुष की अपेक्षा अत्यन्त अल्प है (त्रिपादस्यामृतं दिवि)।

४— त्रिपादूर्ध्व उदैत् पुरुषः पादो ऽस्येहाभवत्पुनः ।

ततो विष्वङ् व्यक्रामत् साशनानशने अभि ॥४॥

पद-पाठः—त्रि ऽ पात् । ऊर्ध्वः । उत् । ऐत् । पुरुषः । पादः । अस्य । इह । अभवत् । पुनदिति । ततः । विष्वङ् । वि । अक्रामत् । साशनायशने इति । अभि ॥४॥

संस्कृत-व्याख्या—(त्रियादूर्ध्व उदैत् पुरुषः) अयं त्रिपात्पुरुषः ऊर्ध्व उदैत् = एतस्मात् कार्यात् संसाराद् दूरवर्ती विद्यते ऽस्पृष्टत्वात् । (पादो ऽस्येहाभवत् पुनः) अस्यायं पादः चतुर्थांश इह मायायां स्वकीयं वैभवं व्यतनोत् । पुनः पुनश्च सृष्टिदशायां स्वकीयमैश्वर्यं प्रख्यापयति । 'एकांशेन स्थितो जगत्' इति ख्यापनात् । (ततो विष्वङ् व्याक्रमत्) मायाप्रविष्टो ऽयं पुरुषो विष्वङ् देव-मनुष्यतिर्यगादिरूपेण विविधं व्याप्तवान् । कथमिव ? साशनानशने अभि—साशनानशने अभिलक्ष्य भोजनादि-व्यवहारोपेतं भोक्तृप्रपञ्चं तद्रहितं च भोग्यप्रपञ्चमुभयविधं सम्यक् संस्थाप्य अवस्थितः ।

टिप्पणी—साशनानशने—अश + ल्युट् = अशनम्, अशनेन सहितः साशनः, अनशनं च = साशनानशने ते अभिलक्ष्य साशनानशने अभि । विष्वङ्—विषु सर्वत्रा-ञ्चतीति विषु + अञ्चु + क्विप् ।

(२) मैक्डानल ने साशनानशने का अर्थ भोजन करने वाले तथा न करने वाले और पीटर्सन ने सजीव-निर्जीव जगत् किया है ।

हिन्दी-व्याख्या—(त्रिपादूर्ध्व उदैत् पुरुषः) वह पुरुष इस माया-जगत् से उत्कृष्ट = बहुत दूर है । इस जगत् के संस्पर्श से रहित होने के कारण वह सदा अपने अमृतधाम में अवस्थित रहता है । (पादो ऽस्येहाभवत् पुनः) वह अपने चतुर्थांश से ही अपनी माया-वैभव का विस्तार विविध रूप से प्रदर्शित करता रहता है। वही उत्पत्ति और प्रलय का मूल कारण है । (ततो विष्वङ् व्यक्रामत् साशनानशने अभि) वही भोक्तृ-प्रपंच तथा भोग्य प्रपंच = चेतन और जड़ रूप से समग्र सृष्टि को विधिवत् व्यवस्थापित करके इसी में अनुप्रविष्ट हो रहा है ।

५– तस्माद् विराडजायत विराजो अधिपूरुषः ।

स जातो अत्यरिच्यत पश्चाद्भूमिमथो पुरः ॥५॥ ✓

पद-पाठः—तस्मात् । वि ऽ राट् । अजायत । वि ऽ राजः । अधि । पुरुषः ।

सः । जातः । अति । अरिच्यत । पश्चात् । भूमिम् । अथो इति । पुरः ॥५॥

संस्कृत-व्याख्या—(तस्माद् विराड् अजायत) तस्मात् पुरुषात् कारणात्मनो विराड् ब्रह्माण्डदेहोऽजायत प्रादुर्भूतः । विविधानि भूतानि राजन्तेऽत्रेति विराट् । (विराजो अधिपूरुषः) तदनन्तरं विराजमधिकृत्य तद्देहाभिमानी पुरुषः प्रकटीभूतः । (स जातो अत्यरिच्यत) ततोऽतिरिक्तो व्यभवत् देवमनुष्यतिर्यग रूपपतितः कोषांश्च सृष्ट्वा प्रविश्यामूढो मूढ इव भावयन्नास्ते । (पश्चाद् भूमिम् अथो पुरः) अनन्तरमेषां जीवानां भावाय भूमिं सृष्टवान् पुनः जीवानां पुरः पूर्यन्तेऽत्र कामाः, पूर्यन्ते धातुभिरिति पुरः शरीराणि सृष्टवान् ।

टिप्पणी—विराट्—विविधं राजते, राज् + क्विप् । पुरः =पूः—पुरौ—पुरः पॄ + क्विप् । पूर्यन्तेऽत्र कामाः, पुरः शरीराणि ।

हिन्दी-व्याख्या—(तस्माद् विराड् अजायत) उस आदि पुरुष से विराड्-देह उत्पन्न हुआ, यही ब्रह्माण्ड अथवा यह व्यक्त संसार है (विराजो अधि पूरुषः) उस ब्रह्माण्ड रूप विराट् का आश्रय लेकर पुरुष-सृष्टि हुई । (स जातो अत्यरिच्यत) वह उत्पन्न पुरुष सृष्टि के अन्य प्रपंचों से अतिरिक्त हो गया । चेतनता के कारण वह भोक्तृरूप से सृष्टि का संचालक बना । (पश्चाद् भूमिम् अथो पुरः) इसके अनन्तर इस भोग्य प्रपंच के रूप में भूमि-जल आदि का विस्तार हुआ तथा नाना कामनाओं की पूर्ति जिससे सम्भव हो सके उन शरीरों की रचना सम्भव हुई ।

६– यत्पुरुषेण हविषा देवा यज्ञमतन्वत ।

वसन्तो अस्यासीदाज्यं ग्रीष्म इध्म शरद्धविः ॥६॥

पद-पाठः—यत् । पुरुषेण । हविषा । देवाः । यज्ञम् । अतन्वत । वसन्तः ।

अस्य । आसीत् । आज्यम् । ग्रीष्मः । इध्मः । शरद् । हविः ॥६॥

संस्कृत-व्याख्या—(देवा यत् पुरुषेण हविषा यज्ञम् अतन्वत) बाह्यद्रव्याभावात् पुनः सृष्टिसिद्ध्यर्थं मनसा हविर्भावं तु संकल्प्य पुरुषेणैव पुरुषाख्येन हविषा मानसं यज्ञम् अतन्वत—अन्वतिष्ठन् । (वसन्तो अस्यासीद् आज्यम्) वसन्तमृतुमेव देवा आज्यत्वेन घृतत्वेन संकल्पितवन्तः । (ग्रीष्म इध्मः) ग्रीष्मश्चेध्मस्थानीय आसीत्। तेषां (शरद् हविः) शरच्च हवि र्भूता । हवी रूपेण पूर्वं पुरुष एव सामान्यरूपेण संकल्पितः, पुनश्च वसन्तादय आज्यादिविशेषरूपतया सम्पादिताः ।

टिप्पणी—यत् = यदा । अतन्वत—तनु—लङ् । प्रथमपुरुषैकवचने । आज्यम्—घृतम् । अञ्जू + ण्यत् । इध्मः—इन्ध—निपातनात् ।

(२) उव्वटः कथयति—वसन्त—ग्रीष्म—शरत् = एते ऋतवः सत्त्वरजस्तमोऽभिव्यञ्जकास्तत एव सृष्टेः प्रादुर्भावात् ।

हिन्दी-व्याख्या—(यत् पुरुषेण हविषा देवा यज्ञम् अतन्वत) जब देवताओं ने सृष्टि-प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए पुरुषरूप हवि से मानस-यज्ञ का संकल्प किया। उस समय वसन्त को घृत, ग्रीष्म को समिधा तथा शरत् को हवि का रूप दिया। अर्थात् पहले सामान्य रूप से पुरुष को ही हवि का रूप दिया । इसके अनन्तर वसन्त आदि ऋतुओं को विशेषरूपता प्राप्त हुई ।

७-

तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः ।

तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये ॥७॥

पद-पाठः - तम् । यज्ञम् । बर्हिषि । प्र । औक्षन् । पुरुषम् । जातम् । अग्रतः । तेन । देवाः । अयजन्त । साध्याः । ऋषयः । च । ये ॥७॥

संस्कृत-व्याख्या—(तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन्) यज्ञरूपं तं पुरुषं बर्हिषि मानसे संकल्परूपे यज्ञे प्रोक्षितवन्तः । (तेन देवा अयजन्त) तं जातं पुरुषम् अग्रतः कृत्वा देवास्तं मानसं यज्ञं सम्पादितवन्तः । के ते देवा आसन् ? साध्याः सृष्टिव्यवहारहेतवः प्रजापति प्रमुखाः, ऋषयो मंत्रद्रष्टरश्च ये आसन् सर्वे ते मिलित्वाऽयजन्त ।

टिप्पणी—प्रौक्षन्—प्र + उक्ष + लङ् बहुवचने । साध्याः साध + ण्यत् ।

(२) ग्रिफिथ और पीटर्सन ने 'साध्याः' का अर्थ किया है देवों की विशेष श्रेणी, सर्वप्रथम हविष्य निरूपण करने वाले ।

हिन्दी-व्याख्या—(पुरुषं जातम् अग्रतः) इस पुरुष की सृष्टि के बारे में पहले ...देश किया जा चुका है। उसी पुरुष को लेकर (तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन्) देवों ने ...रूप मानस-यज्ञ में जल-प्रोक्षण से सिद्ध किया और (तेन देवा अयजन्त) उसी ...से मानस-यज्ञ का सम्पादन किया गया। कौन थे जिन्होंने इस यज्ञ का इस रूप ...सम्पादन किया? (साध्या: ऋषयश्च ये) ये हमारे सृष्टि व्यवहार को कुशल ...देने वाले साध्य श्रेणी के देवगण थे और मंत्रों के आदि द्रष्टा मनीषी ऋषि ...ग थे।

८—

तस्माद्यज्ञात् सर्वहुतः संभृतं पृषदाज्यम्।

पशून् ताँश्चक्रे वायव्यानारण्यान् ग्राम्याश्च ये ॥८॥

पद-पाठः—तस्मात्। यज्ञात्। सर्व ऽ हुतः। सम् ऽ भृतम्। पृषत् ऽ ...ज्यम। पशून्। तान्। चक्रे। वायव्यान्। आरण्यान् ग्राम्याः। च। ये ॥८॥

संस्कृत-व्याख्या—(तस्माद् यज्ञात् सर्वहुतः) तादृशात् मानस-रूपाद् यज्ञात् ...भृतं पृषदाज्यम्) सर्वहुतः पुरुषात् पृषदाज्यं दधिमिश्रितमाज्यं संभृतम्। दधि च ...ज्यं च यद् भोग्यजातं तत्सर्वं सम्पादितम्। (पशून् तान् चक्रे वायव्यान् आरण्यान् ...म्याश्च ये) तथा च वायव्यान् वायुदेवता सम्बन्धिनः पशून् उत्पादितवान्। ...रण्यका हरिणादयः ग्राम्याश्च गवादयः तान् सर्वानपि चक्रे उत्पादितवान्।

टिप्पणी—सर्वहुतः—सर्व + हु + क्विप्। पृषदाज्यम् = पृषच्च आज्यं च ...दाज्यम्। वायव्यान्, ग्राम्याः, यत् प्रत्ययः। आरण्यान्—ण प्रत्ययः।

(२) वायव्य कहकर वन्यचारी तथा आकाशचारी प्राणियों का ग्रहण है। ...ण्य तथा ग्राम्य प्राणियों का पृथक् ग्रहण किया गया है।

हिन्दी-व्याख्या—(तस्माद् यज्ञात् सर्वहुतः) सर्वव्यापक उस पुरुष रूप मानस-...ज्ञ से (पृषद्—आज्यं संभृतम्) दधि और घृत का सम्पादन हुआ। दधि और घृत ...के कथन से सभी प्रकार के भोग्य-पदार्थों का सृजन हुआ, यह सूचना मिलती है। (पशून् तान् चक्रे वायव्यान् आरण्यान् ग्राम्याश्च ये) इसके साथ ही वायु-सम्बन्धी ...णी उत्पन्न हुए और वे भी पशु उत्पन्न हुए जो कि वन में ही रहते हैं तथा गौ-अश्व ...आदि ग्रामीण पशुओं की भी सृष्टि हुई।

९—

तस्माद् यज्ञात् सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे ।

छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजु स्तस्माद जायत ॥९॥

पद-पाठः—तस्मात् । यज्ञात् । सर्व ऽ हुतः । ऋचः । सामानि । जज्ञिरे । छन्दांसि । जज्ञिरे । तस्मात् । यजुः । तस्मात् । अजायत ॥९॥

संस्कृत-व्याख्या—(सर्वहुतः तस्मात् यज्ञात् ऋचः सामानि जज्ञिरे) सर्वद्रष्टा सर्वव्यापकः पुरुषो यस्मिन् यज्ञे हुतः तस्मात् पुरुषरूपात् यज्ञादेव ऋचः सामानि च जज्ञिरे उत्पन्नानि । तस्मादेव (छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात् यजुः तस्माद् अजायत) छन्दांसि गायत्र्यादीनि यज्ञाच्छन्दांसि जज्ञिरे तस्मादेव यज्ञाद् यजुरप्यजायत ।

टिप्पणी—ऋचः = ऋग्वेदः, सामानि = सामवेदः, छन्दांसि = अथर्ववेदः, यजुः = यजुर्वेदः । ऋचः = ऋच् + क्विप् । बहुवचनम् । जज्ञिरे = जनी + लिट् । अजायत = जनी + लङ् ।

हिन्दी व्याख्या—(सर्वहुतः तस्मात् यज्ञात् ऋचः सामानि जज्ञिरे) सर्वद्रष्टा, सर्वव्यापक पुरुष जिस संकल्पात्मक यज्ञ में हवन कर दिया गया, उसी से ऋग्वेद, सामवेद उत्पन्न हुए । (छन्दांसि जज्ञिरे तस्मात् यजुः तस्माद् अजायत) अथर्ववेद तथा गायत्र्यादि नाना प्रकार के छन्द और यजुर्वेद भी उसी पुरुष से प्रकट हुए ।

१०—

तस्मादश्वा अजायन्त ये के चोभयादतः ।

गावो ह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः ॥१०॥

पद-पाठः—तस्मात् । अश्वाः । अजायन्त । ये । के । च । उभयादतः । गावः । ह । जज्ञिरे । तस्मात् । तस्मात् । जाताः । अजावयः ॥१०॥

संस्कृत-व्याख्या – (तस्माद् अश्वा अजायन्त उसी यज्ञ रूप पुरुष से अश्व उत्पन्न हुए । (ये के चोभयादतः) ऊर्ध्वाधोभागयोर्दन्तयुक्ताः प्राणिनो ऽप्युत्पन्ना । (गावो ह जजिरे तस्मात् तस्माज् जाता अजावयः) तस्मादेव यज्ञरूपाद् ब्रह्मणः सकाशाद् गाव उत्पन्नाः अजाश्च अवयश्च जाताः ।

टिप्पणी—उभयादतः—उभयतो दन्ता येषां ते उभयादतः । दन्तस्य दत्—
दसो दीर्घश्च ।

हिन्दी-व्याख्या—(तस्माद् अश्वा अजायन्त ये के च उभयादतः) उस यज्ञरूप
से अश्व उत्पन्न हुए । दोनों ओर दाँत वाले पशु प्रकट हुए । (गावो ह जज्ञिरे
मात्) गायें उत्पन्न हुई और (तस्माज् जाता अजावयः) बकरी, भेड़, गधा,
र, ऊँट आदि पशु उसी से उत्पन्न हुए ।

११—

यत्पुरुषं व्यदधुः कतिधा व्यकल्पयन् ।

मुखं किमस्य कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते ॥११॥

पद-पाठः—यत् । पुरुषम् । वि । अदधुः । कतिधा । वि । अकल्पयन् ।
म् । किम् । अस्य । कौ । बाहू इति । कौ । ऊरू । इति । पादौ । उच्येते
॥११॥

संस्कृत-व्याख्या—अधुना प्रश्नोत्तररूपेण ब्राह्मणादिसृष्टि विषये वक्तुं प्रारभते—
पुरुषं व्यदधुः) प्रजापतेः प्राणभूता देवा यदा पुरुषं संकल्पेनोत्पादयामासुः तदानीं
तिधा व्यकल्पयन्) कियद्भिः प्रकारैः विविधं कल्पितवन्तः ? (मुखं किमस्य कौ
का ऊरू पादा उच्येते) अस्य पुरुषस्य किम् मुखमासीत् ? बाहुरूपेण कौ
ताम् ? का ऊरू ? कौ च पादौ जातौ ?

टिप्पणी—प्रथमतस्तु सामान्यरूपेण प्रश्नः कृतः पुनः मुखं किमित्यादिना
शिष्टाः प्रश्नाः कृताः ।

(२) कति + धा । प्रकारार्थे धा ।

हिन्दी-व्याख्या—(यत् पुरुषं व्यदधुः) जब देवों ने उस विराट् पुरुष को
क्त किया तब (कतिधा व्यकल्पयन्) कितने प्रकार से विकल्पित किया ? इस
का मुख कौन था (मुखं किमस्य, कौ बाहू का ऊरू पादा उच्येते) भुजा के रूप
कौन था ? ऊरू तथा पैर के स्थान में कौन-कौन उपयुक्त माने गये ।

१२—

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः ।

ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत ॥१२॥

पद-पाठ—ब्राह्मणः । अस्य । मुखम् । आसीत् । बाहू इति । राजन्यः । कृतः । ऊरू इति । तत् । अस्य । यत् । वैश्यः । पत्ऽभ्याम् । शूद्रः । अजायत ।।१२।।

संस्कृत-व्याख्या—अधुनोक्तप्रश्नानामुत्तराणि दीयन्ते—(ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्) अस्य प्रजापतिरूपस्य पुरुषस्य ब्राह्मण एव मुखस्थानीयः । (बाहू राजन्यः कृतः) राजन्यः क्षत्रियश्च बाहूकृतः । प्रजायतेः (ऊरू तदस्य यद्वैश्यः) ऊरुभूतो वैश्यः सम्पन्नः । (पद्भ्यां शूद्रोऽजायत) पादाभ्यां च शूद्रो जातः ।

टिप्पणी—चारों वर्णों की रचना का विकास-क्रम यहां देखने को मिलता है । यजुर्वेद में भी इसका स्पष्ट निर्देश है । अवेस्ता में भी इसी प्रकार वर्णों का विभाजन किया गया है ।

(२) राजन्यः—राजन् (राजश्वसुराद्यत्) यत् प्रत्ययः ।

(३) ब्रह्मन् + अण् = ब्राह्मणः ।

हिन्दी-व्याख्या—(ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्) उस प्रजापति रूप ब्रह्म का मुखस्थानीय ब्राह्मण बना । (बाहू राजन्यः कृतः) भुजा बन कर क्षत्रिय उत्पन्न हुआ । (ऊरू तदस्य यद् वैश्यः) ऊरु के स्थान पर वैश्य तथा पद्भ्यां शूद्रोऽजायत) चरण-स्थानीय शूद्र हुआ ।

१३–

चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत ।

मुखादिन्द्रश्चाग्निश्च प्राणाद् वायुरजायत ।।१३।।

पद-पाठः—चन्द्रमाः । मनसः । जातः । चक्षोः । सूर्यः । अजायत । मुखात् । इन्द्रः । च । अग्निः । च । प्राणात् । वायुः । अजायत ।।१३।।

संस्कृत-व्याख्या—यथा दध्याज्यादीनि द्रव्याणि गवादयः पशवः ऋगादयो वेदाः ब्राह्मणादयो मानवाः स्तस्माद्यज्ञरूपात् पुरुषात् उत्पन्नाः, एवम् (चन्द्रमा मनसो जातः) प्रजापते मनसः सकाशात् चन्द्रमा उत्पन्नः । (चक्षोः सूर्योऽजायत) चक्षुषः सूर्य उत्पन्नः । अस्य प्रजापते मुखाद् इन्द्रश्च अग्निश्च देवौ प्रादुर्भूतौ (प्राणाद् वायुरजायत) प्राणाच्च वायुरुत्पन्नः ।

टिप्पणी—पुरुषस्य मनसि या शान्तिः स चन्द्रगुणः चक्षुषि यः प्रकाशः स

सूर्यगुणः वाचि या प्रकाशनात्मिका शक्तिः सा चाग्नेः प्राणे च वायोः पक्षपातशून्यता दृश्यते ।

(२) चक्षोः—चक्षुषः इति स्थाने ।

हिन्दी-व्याख्या—जिस प्रजापति से दधि-घृत आदि पदार्थ, गाय आदि पशु, ऋग् आदि वेद, ब्राह्मण आदि मानव उत्पन्न हुए उसी यज्ञ-पुरुष से (चन्द्रमा मनसो जातः) मानस शक्ति द्वारा चन्द्रमा उत्पन्न हुआ । (चक्षोः सूर्योऽजायत) चक्षु से सूर्य उत्पन्न हुआ । मुख शक्ति से इन्द्र और अग्नि उत्पन्न हुए और प्राण-शक्ति से वायु उत्पन्न हुआ ।

१४–

मंत्र—नाभ्या आसीदन्तरिक्षं शीर्ष्णो द्यौः समवर्तत ।

पद्भ्यां भूमि दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ अकल्पयन् ।।१४।।

पद-पाठः—नाभ्याः । आसीत् । अन्तरिक्षम् । शीर्ष्णः । द्यौः । सम् । अवर्तत । पत्ऽभ्याम् । भूमिः । दिशः । श्रोत्रात् । तथा । लोकान् अकल्पयन् ।।१४।।

संस्कृत-व्याख्या—यथा यज्ञ पुरुषस्य मनः प्रभृतिभ्यः चन्द्रादीन् अकल्पयंस्तथा (नाभ्या आसीद् अन्तरिक्षम्) प्रजापतेः नाभेः अन्तरिक्षं जातम्, शीर्ष्णः शिरसः सकाशात् शिरःस्थानीया द्यौरुत्पन्ना । (पद्भ्यां भूमिः दिशः श्रोत्रात्) पादाभ्यां भूमिरुत्पन्ना श्रोत्राच्चास्य दिश उत्पन्नाः । एवम् अस्य पुरुषस्य सामर्थ्यात लोका उत्पन्नाः ।

टिप्पणी—नाभ्याः—नाभि शब्दात्पंचमी । शीर्ष्णः—शिरसः शीर्षन् आदेशः ।

हिन्दी-व्याख्या-(नाभ्या आसीदन्तरिक्षम्) उस यज्ञ पुरुष की नाभि से अन्तरिक्ष, सिर से द्युलोक, चरण से भूमि और श्रोत्र से दिशायें उत्पन्न हुईं । इसी प्रकार लोकों की भी रचना हुई ।

१५–

मंत्र—सप्तास्यासन् परिधय स्त्रिः सप्त समिधः कृता ।

देवा यद्यज्ञं तन्वाना अबध्नन् पुरुषं पशुम् ।।१५।।

पद-पाठः—सप्त । अस्य । आसन् । परि ऽधयः । त्रिः । सप्त । सम् ऽ

इधः । कृताः । देवाः । यत् । यज्ञम् । तन्वानाः । अबध्नन् । पुरुषम् । पशुम् ॥१५॥

संस्कृत-व्याख्या—(सप्तास्य आसन् परिधयः) अस्य यज्ञपुरुषस्य गायत्र्यादीनि सप्तच्छन्दांसि परिधय आसन् । सप्त परिधयोऽत्र सप्तच्छन्दोरूपाः । तथा समिधः त्रिः सप्त त्रिगुणिताः सप्त-संख्याका एकविंशतिः कृताः । द्वादश मासाः, षडृतवः त्रयो लोका इत्येकविंशतिः । (यद् यज्ञं तन्वाना देवाः पुरुषं पशुम् अबध्नन्) देवाः प्रजापतिप्राणेन्द्रियरूपा यज्ञं तन्वानाः तं मानसं यज्ञं कुर्वाणाः विराट् पुरुषमेव पशुत्वेन कल्पितवन्तः ।

टिप्पणी—परिधि—परि + धा + किः । परिधयः । समिधः सम्-इन्ध-क्विप् । बहुवचने । तन्वानाः—तनु + उ + शानच् । बहुवचने ।

हिन्दी व्याख्या—इस प्रकार सर्वद्रष्टा पुरुष को देवों ने अपने विचार-बन्धन में सम्पादन किया । (सप्तास्यासन् परिधयः) गायत्री आदि सात छन्द ही इस यज्ञ-पुरुष के परिधि बने और (त्रिः सप्त समिधः कृताः) द्वादश—मास, षट् ऋतु, तीन लोक = मिलकर इक्कीस समिधायें इस यज्ञ की बनी (= सायण ने १२मास + ५ ऋतु + ३ लोक और १ सूर्य को गिनकर २१ भेद बताये हैं) देवों ने (प्रजापति—प्राण तथा इन्द्रिय) इस प्रकार यज्ञ का विस्तार करते हुए विराट पुरुष को ही पशु रूप में भावित किया ।

१६— 22

यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवा-

स्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ।

ते ह नाकं महिमानः सचन्त

यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः ॥१६॥

पद-पाठः—यज्ञेन । यज्ञम् । अयजन्त । देवाः । तानि । धर्माणि । प्रथमानि ।

आसन् । ते । ह । नाकम् । महिमानः । सचन्त । यत्र । पूर्वे । साध्याः सन्ति । देवा ॥१६॥

संस्कृत-व्याख्या—(यज्ञेन देवा यज्ञम् अयजन्त) ते देवाः मानससंकल्पेन यज्ञं तं पूजनीयं प्रजापतिं यथोक्तम् अयजन्त, पूजितवन्तः । (तानि धर्माणि प्रथमानि आसन्) तस्मात् तानि प्रसिद्धानि धर्माणि धारकाणि जगद्रूपविकाराणां पोषकाणि तत्वानि प्रथमानि मुख्यानि आसन् । एतान्येव सृष्टिप्रतिपादनपराणि मुख्यानि सूक्तानि अधुना उपासना तत्फलानुवादश्च संगृह्यते । (यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः) यत्र विराट् प्राप्तिरूपे दुःखाभाव—जनके जाके पूर्वे साध्याः विराडुपासनतत्पराः साधकाः देवाः सन्ति ते देवाः (महिमानः सचन्त) विराट् प्राप्तिरूपं ते समासाद्य महिमानस्तदुपासका महात्मानः स्वर्गं सचन्ते प्राप्नुवन्ति ।

टिप्पणी—धृ—मनिन् । प्रथमा बहुवचन । नाकम्—कमिति सुखनाम, तत्प्रतिषेधः, अकम्, न अकम् नाकम् । महिमानः – महद् + इम निच् । प्रथमा—बहुवचन । सचन्त – षच + लङ्, अडभावः । साध्याः, साध + ण्यत् ।

(२) विराट् का अर्थ मैक्डानल ने यज्ञ-शक्ति किया है ।

हिन्दी-व्याख्या—(यज्ञेन देवा यज्ञम् अयजन्त) उन देवों ने यज्ञ रूप उस प्रजापति की पूजा की । (तानि धर्माणि प्रथमानि आसन्) जगत् रूप विकारों के धारक वे तत्व ही मुख्य थे । यह सृष्टि-प्रतिपादन के विषय में कहा गया । अब उसके फल के रूप में (उपासना और उपासना के फल को दिखाते हैं) जहाँ पर दुख की अत्यन्ताभाव रूपी दशा में उपासना तत्पर साध्य लोग अपनी महिमा का सम्पादन करते हुए ब्रह्मानन्द को प्राप्त करते हैं ।

१०-१२१

हिरण्यगर्भ-सूक्तम्

ऋषि—हिरण्यगर्भः । देवता—कः, प्रजापतिः । छन्दः—त्रिष्टुप् ।

१—

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे

भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् ।

स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां

कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥१॥

पद-पाठः—हिरण्य ऽ गर्भः । सम् । अवर्तत । अग्रे । भूतस्य । जातः । पतिः । एकः । आसीत् । सः । दाधार । पृथिवीम् । द्याम् । उत । इमाम् । कस्मै । देवाय । हविषा । विधेम ॥१॥

संस्कृत-व्याख्या—(हिरण्यगर्भः समवर्तत अग्रे) हिरण्यानि हिरण्यवद्वर्तमानानि सूर्यचन्द्रग्रहनक्षत्रादीनि गर्भे विद्यमानानि यस्यासौ सूत्रात्मा परमात्मा हिरण्यगर्भः । स एवाग्रे समजायत मायाध्यक्षत्वेनात्म न प्रकटयामास । (भूतस्य जातः पतिरेक-आसीत्) स एव जातमात्रः सन्नेको ऽ द्वितीयः पतिरासीत् । (स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमाम्) स एव इमां पृथिवी दिवं च धारयति (कस्मै देवाय हविषा विधेम) तं देवं प्रजापतिं वयं हविषा विधेम परि-चरेम ।

टिप्पणी—कस्मै = कम् (क्रिया ग्रहणं कर्त्तव्यम कर्मणः सम्प्रदानत्वाच्चतुर्थी कः = प्रजापतिः, सुखस्वरूपः, अनिर्ज्ञातरूपः प्रजापतिः, कस्मै देवाय = कं देवमभिलक्ष्य ।

(२) पीटर्सन ने हिरण्यगर्भ का अर्थ 'स्वर्ण-बीज' किया है ।

हिन्दी व्याख्या—(हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे) सृष्टि के आदि में परमात्मा ने (हिरण्यगर्भ) रूप में सर्वप्रथम अपने को अभिव्यक्त किया । अंधकारावृत्त लोक में ग्रह-नक्षत्र, सूर्य-चन्द्र, स्वर्ण आदि रमणीय-वमनीय पदार्थों में सर्व-प्रथम चमक-दमक जानी गयी । (भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्) वही एकमात्र जगत् का आदि नियन्ता था । (स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमाम्) वही पृथिवी और द्यौलोक को निरन्तर धारण कर रहा है । (कस्मै देवाय हविषा विधेम) उसी सुखस्वरूप देव की हम नित्य ही परिचर्या करें ।

य आत्मदा बलदा यस्य विश्व

उपासते प्रशिषं यस्य देवाः ।

यस्य च्छायामृतं यस्य मृत्युः

कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥२॥

पद-पाठः—यः । आत्म ऽ दा । बल ऽ दा । यस्य । विश्वे । उप ऽ आसते । प्र ऽ शिषम् । यस्य । देवाः । यस्य । छाया । अमृतम् । यस्य । मृत्युः । कस्मै । देवाय । हविषा विधेम ॥२॥

संस्कृत-व्याख्या—(य आत्मदा) यः प्रजापतिः आत्मनां शोधयिताऽस्ति)। (बलदा)=बलस्य दाता शोधयिता वा । (यस्य विश्वे उपासते प्रशिषम्) यस्य प्रशिषं प्रकृष्टं शासनमाज्ञां विश्वे सर्वे प्राणिन उपासते प्रार्थयन्ते । (यस्य देवाः) देवाः अपि यस्याज्ञां सेवन्ते । (यस्यच्छायामृतम्) यस्यामृतं सुधा छायेव वशवर्ति विद्यते (यस्य मृत्युः) मृत्युश्च यस्यच्छायेव विद्यते तस्मै कस्मै देवाय हविषा परिचरेम ।

टिप्पणी—प्रशिषम्—प्र+शास्+क्विप् । 'शास इदङ्हलोः' इतीत्वं, 'शासिवसिघसीनां च' इति षत्वम् ।

आत्मदा—बलदा=दैप् शोधने—क्विप् ।

अमृतम्=सुधा, मोक्षः, नास्ति मृतं मरणम्=अमृतम् ।

(२) आत्मदा-बलदा का अर्थ सायण ने आत्मा अथवा बल को देने वाला अथवा शोधन करने वाला किया है । उव्वट और महीधर ने भुक्ति-मुक्ति का प्रदाता माना है 'यस्य च्छायामृतं यस्य मृत्युः' का अर्थ दयानन्द, उव्वट और महीधर ने किया है—'जिसकी कृपा अमृतरूप मोक्ष का कारण है तथा जिसकी अकृपा ही मृत्युरूप आवागमन का कारण है ।'

(३) पीटर्सन ने 'आत्मदा' का अर्थ 'प्राणदाता' तथा उव्वट और महीधर ने 'आयुष्य प्रदान करने वाला' किया है ।

हिन्दी-व्याख्या—जो परमात्मा (आत्मदा बलदा) प्रत्येक प्राणी में जीवन का संचार करके शुद्धि देता है, जो सबमें बलाधायक है । (यस्य प्रशिषं विश्वे उपासते यस्य देवाः) जिसकी आज्ञा के पालन और सम्पादन में सभी प्राणी लगे रहते हैं जिसकी देवगण भी सेवा में लगे लगते हैं । (यस्य च्छायाऽमृतम्, यस्य मृत्युः) अमृत-रूप आनन्द छाया के समान जिसके वशवर्ती हैं और मृत्यु भी जिसकी छाया के समान है, उस आनन्दप्रद प्रभु की हम परिचर्या सदा करते रहें ।

३— य: प्राणतो निमिषतो महित्वैक—

इद्राजा जगतो बभूव ।

य ईशे अस्य द्विपद श्चतुष्पद:

कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥३॥

पद-पाठः—यः । प्राणतः । नि ऽ मिषतः । महि ऽ त्वा । एकः । इत् । राजा । जगतः । बभूव । यः । ईशे । अस्य । द्वि ऽ पदः । चतुः ऽ पदः । कस्मै । देवाय । हविषा विधेम ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—यः परमात्मा (प्राणतः निमिषतः जगतः महित्वा एक इत् राजा बभूव) समग्रस्य प्राणिजातस्य स्वकीयेन महत्वेन एक एव राजा महेश्वरो ऽस्ति । (अस्य द्विपदः चतुष्पदः य ईशे) यश्च पादद्वय युक्तस्य मनुष्यादेः पादचतुष्टयोपेतस्य च गावादेश्च यः परमात्मा शासको ऽस्ति । तस्मै कस्मै सुखस्वरूपाय देवाय हविषा परिचरेम ।

टिप्पणी—प्राणतः का अर्थ श्वास—प्रश्वास लेने वाले अर्थात् चेतन और निमिषतः का अर्थ सोने वाले अर्थात् अन्तः संज्ञा वाले अचेतन वृक्षादि; पीटर्सन भी कहते हैं—जो सक्रिय हैं अर्थात् जो सांस लेते हैं, जो निद्रिय हैं अर्थात् सोते हैं ।

(२) प्राणतः, निमिषतः—शतृ प्रत्ययः ।

(३) महित्वा— महत्व । तृतीया छान्दसः प्रयोगः । द्विपदः चतुष्पदः द्वौ पादौ यस्य = द्विपात्, षष्ठ्येकवचने । तथा चतुष्पदः । चत्वारः पादा यस्य । ईशे—ईष्टे—तकार लोपश्छान्दसः ।

हिन्दी-व्याख्या—(यः प्रणतो निमिषतो महित्वा एक इद्राजा जगतो बभूव) जो श्वास लेने अथवा न लेने वाले (=केवल सोने वाले) प्राणियों (जड़-चेतन प्राणियों) का एक मात्र व्यवस्थापक राजा है और अपनी ही महिमा से सब पर छाया हुआ है (य ईशे अस्य द्विपदः चतुष्पदः) जो दो पैर वालों तथा चार पैर वालों

(समस्त मनुष्य-पक्षी-पशु आदि प्राणियों) का एक मात्र ईश्वर है, उसी सुख स्वरूप देव की हम सब स्तुति—उपासना आदि करें—करते रहें।

४–

यस्येमे हिमवन्तो महित्वा

यस्य समुद्रं रसया सहाहुः।

यस्येमाः प्रदिशो यस्य बाहू—

कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥४॥

पद-पाठ—यस्य । इमे । हिम ऽ वन्तः । महित्वा । यस्य । समुद्रम् । रसया । सह । आहुः । यस्य । इमाः । प्र ऽ दिशः । यस्य । बाहू इति । कस्मै । देवाय । हविषा । विधेम ॥४॥

संस्कृत-व्याख्या—(यस्य इमे हिमवन्तः महित्वा यस्य समुद्रं रसया सह आहुः) हिमसम्बन्धिन एते महान्तः प्रलयाद्रयः यस्य महत्वमैश्वर्य माहात्म्यमाहुः कथयन्ति। (रसया सह यस्य समुद्रम् आहुः) रसाभिर्नदीभिः सह सर्वान् समुद्रान् यस्य माहात्म्यम् आहुः। (यस्य इमाः प्रदिशो यस्य बाहू) यस्य इमा दिशः प्रदिश बाहवः सन्ति। तस्मै सुखस्वरूपाय देवाय हविषा विधेम परिचरेम।

टिप्पणी—हिम + मतुप्—बहुवचने—हिमवन्तः। रसया = रसो जलम् यस्या अस्तीति रसा नदी (मतुवर्थेऽच्) जातावेकवचनम्। समुद्रम् इत्यत्रापि जातावेकवचनम्। 'बाहू' द्विवचन प्रयोगो बहुवचनार्थे।

(२) 'रसा' एक नदी का नाम है, ऐसा पीटर्सन कहते हैं। हिमवन्तः का अर्थ उन्होंने 'हिमयुक्त पर्वत' किया है।

हिन्दी-व्याख्या—(हिमवन्तः यस्य इमे महित्वा आहुः यस्य च समुद्रं रसया सह आहुः) बड़े-बड़े हिमवान् पर्वत जिसके महत्व का प्रतिपादन करते हैं और बड़ी-बड़ी नदियों के साथ ये महान महासागर जिसके सौभाग्य के प्रतीक हैं। (यस्य इमाः प्रदिशो यस्य बाहू) विशाल व्यापक दिशायें जिसकी भुजा बन कर कीर्ति का ख्यापन कर रही हैं। हम सब उसी आनन्दमात्र कमनीय प्रजापति को स्तुतियों द्वारा हवि प्रदान करें।

५— येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा

येन स्वः स्तभितं येन नाकः ।

यो अन्तरिक्षे रजसो विमानः

कस्मै देवाय हविषा विधेम ।।५।।

पद-पाठ—येन । द्यौः । उग्रा । पृथिवी । च । दृढा । येन । स्व १ रिति स्वः । स्तभितम् । येन । नाकः । यः । अन्तरिक्षे । रजसः । वि ऽ मानः । कस्मै । देवाय । हविषा । विधेम ।।५।।

संस्कृत-व्याख्या—(येन द्यौः उग्रा पृथिवी च दृढा) येन सर्वशक्तिमता परमात्मना इयमुग्रा द्यौः स्थिरीकृता पृथिवी च गहनेयं स्वतेजोभिः स्थापिता (येन स्वः स्तभितं येन नाकः) स्वर्गश्च येन दृढीकृतः सूर्यश्च येनोपरि स्थापितः । (यो ऽन्तरिक्षे रजसो विमानः) यो ऽन्तरिक्षे लोके रजसः उदकस्य निर्माता विद्यते तस्मै कस्मै सुखस्वरूपाय देवाय हविषा तृप्तिं सम्पादयेम ।

टिप्पणी—उग्रा – उद् + गुरी उद्यमने, क प्रत्ययः । टाप् । स्तभितम्—स्तब्धम् । निपातनात् । विद्यमानः = विविध मानं निर्माणं यस्यासौ विमानः । वि + मा + ल्युट् ।

(२) सायणः उग्रेति पृथिव्या विशेषणं मनुते, उव्वटमहीधरौ वृष्टिदात्री द्यौरिति । पीटर्सनः उग्रा = महती इति अर्थं करोति । स्वः इत्यस्य सायणः स्वर्गः, महीधर आदित्यः, पीटर्सनः विस्तृत आकाश इति अर्थं मन्वते । नाकः इत्यस्य सायणः आदित्य इति महीधरः स्वर्गो लोक इति अर्थं कुर्वाते ।

हिन्दी-व्याख्या—(येन द्यौः उग्रा पृथिवी च दृढा) सर्वशक्तिमान् जिस परमात्मा ने विशाल द्यौः लोक का निर्माण किया है और पृथ्वी लोक को अपने नियम में दृढ़ किया है । जिसने स्वर्ग लोक का सृजन किया है । अन्तरिक्ष लोक में जो उदक-संघात का निर्माता है, उसी सुख स्वरूप दिव देन की हम सदा पूजा-उपासना आदि किया करें ।

यं क्रन्दसी अवसा तस्तभाने

अभ्यैक्षेतां मनसा रेजमाने ।

यत्राधि सूर उदितो विभाति

कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥६॥

पद-पाठ—यम् । क्रन्दसी इति । अवसा । तस्तभाने इति । अभि । ऐक्षेताम् । मनसा । रेजमाने इति । यत्र । अधि । सूरः । उत् ऽ इतः । वि ऽ भाति । कस्मै । देवाय । हविषा । विधेम ।

संस्कृत व्याख्या-(तस्तभाने क्रन्दसी अवसा यम् अभ्यैक्षेताम् मनसा रेजमाने) राजमाने दीप्यमाने द्यावापृथिव्यौ क्रन्दन शीले अवसा रक्षणेन यम् निरन्तरं पश्यत इव दृश्येते । (यत्राधि सूर उदितः विभाति) आधारभूते च यस्मिन् प्राजापतौ उदयं प्राप्तोऽयं सूरः सूर्य विभाति राजते, तस्मै परमात्मने हविषा विधेम ।

टिप्पणी—क्रन्दसी—क्रन्दतेः असुन् स्त्रियां द्विवचने । तस्तभाने—स्तम्भ + शानच् + टापि, प्रथमा द्विवचने । रेजमाने—राजृ + शानच् । उपधा—एकारः ।

(२) 'अवसा' इत्यस्य रक्षणेन सायणः, हविषाऽन्नेन च उव्वट महीधरौ कृतोऽर्थम् । रेजमाने इत्यस्यार्थं सायणः करोति (दीप्यमाने) महीधरश्च 'शोभमाने' उव्वटश्च 'कम्पनशीले' ।

हिन्दी-व्याख्या—जिस परमात्मा को यह क्रन्दनशील पृथिवी और आकाश देखते रहते-से प्रतीत होते हैं । जो परमात्मा के नियम में स्थिर-से हैं और सदा शोभायमान (=सुहावने से) लगते हैं । जिस परमात्मा के स्वामित्व में यह उदित होता हुआ सूर्य जगमगा रहा है । उसी सुख प्रदाता परमेश्वर के लिये हम सेवा किया करें ।

७— आपो ह यद् बृहती विश्वमायन्

गर्भं दधाना जनयन्तीरग्निम् ।

ततो देवानां समवर्ततासुरेकः

कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥७॥

पद-पाठ—आपः । ह । यत् । बृहतीः । विश्वम् । आयन् । गर्भम् । दधानाः । जनयन्तीः । अग्निम् । ततः । देवानाम् । सम् । अवर्तत । असुः । एकः । कस्मै । देवाय । हविषा । विधेम ॥७॥

संस्कृत-व्याख्या—(आपः ह यद् बृहतीः विश्वम् आयन् गर्भं दधाना जनयन्तीः अग्निम् । आप एव बृहत्यः महत्यः अग्निं जनयन्तीः (आकाश-वायु-अग्निप्रभृतीन् उत्पादयन्त्यः गर्भं दधानाः गर्भभूतं प्रजापतिं दधाना धारयन्त्यः प्रथमतएव महति ब्रह्माण्डे सर्वं जगद् व्याप्नुवन् । (ततो देवानाम् असुः एकः समवर्तत) आप एव विश्वमायन् विश्वात्मनावस्थिताः, अनन्तरं प्रजापतेः सकाशाद् देवानां प्राणभूतो वायुः समवर्तत अजायत । अथवा तत् एव अद्भ्यः असुः प्राणात्मकः प्रजापति निष्क्रान्तः ।

टिप्पणी—गर्भ का अर्थ पीटर्सन ने बीज किया है । बृहतीः बृहत्यः के स्थान पर वैदिक प्रयोग । आयन्—इण् गतौ—प्रथमपुरुष लङ् बहुवचन ।

हिन्दी-व्याख्या—विश्व में जलीय-शक्तियाँ (आपः) ही अपने बृहत् रूप में व्याप्त हो गयीं । (गर्भं दधाना जनयन्ती : अग्निम) अग्नि आदि पाँचों भूतों को अभिव्यक्त करती हुई और अपने अन्तराल में गर्भ रूप प्रजापति का इन जलीय-तत्वों ने ही प्रथम अनावरण किया । (ततो असुः एकः) उन जलीय-शक्तियों से ही देवों ने प्राणात्मक वायु का स्पन्दन किया । उस दिव्य विधान धारण करने वाले विश्वात्मा प्रजापति के लिए हवि का श्रद्धापूर्वक हम सम्पादन करें ।

८– य श्चिदापो महिना पर्यपश्यद्—

दक्षं दधाना जनयन्ती र्यज्ञम् ।

यो देवेष्वधि देव एक आसीत्

कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥८॥

पद-पाठः—यः । चित् । आपः । महिना । परि ऽ अपश्यत् । दक्षम् ।
दधानाः । जनयन्तीः । यज्ञम् । यः । देवेषु । अधि । देवः । एकः । आसीत् ।
कस्मै । देवाय हविषा विधेम ॥८॥

संस्कृत--व्याख्या—(यज्ञं जनयन्तीः) समस्त जगद् व्यापार रूप विकार की सृष्टि करती हुई (दक्षं दधानाः) प्रपंचात्मा वर्धिष्णुं दक्षं प्रजापतिं धारणशीला: आपः यः महिना स्वकीयेन माहात्म्येन स्वयमेव पर्यपश्यत् परितो दृष्टवान् । यश्च देवेष्वपि ईश्वरत्वेनाधिष्ठाता सन् एक एवाद्वितीय आसीत् विद्यते तस्मै सुखात्मने परमात्मेन वयं हविषा विधेम ॥

टिप्पणी—महिना–महिम्ना । आपः=अपः व्यत्ययेन प्रयोगः । द्वितीया बहुवचनमिष्टं पर्यपश्यत्=अपः दृष्टवान् । आसीत् इति भूतकालः छान्दसः प्रयोगः अस्ति, आसीत्, भविष्यति ।

(२) निहारिका रूपाणि जलान्येवात्र कारणत्वेनोक्तानि । यथा च ऋग्वेदे १०–१२९–३ इत्यत्र (सलिलं सर्वमा इदम्) यत्र तत्र सर्वत्र समुद्र एवासीत् प्रकाश-रहितः 'तम् आसीत्' ।

(३) दक्ष का अर्थ सायण ने 'प्रपंचात्मक वर्धिष्णु प्रजापति' महीधर ने कुशल प्रजापति, पीटर्सन ने 'उत्साह-शक्ति' किया है । यज्ञ का अर्थ सायण ने 'यज्ञ रूप विकार–प्रपंच' महीधर ने 'सृष्टि-यज्ञ' पीटर्सन ने 'यज्ञ' ही किया है ।

हिन्दी-व्याख्या—'दक्षं दधाना जनयन्तीः यज्ञम् । प्रजापति रूप दक्षता को धारण करने वाली तथा विश्वप्रपंच को प्रकट करने वाली जिन (आपः महिना परि अपश्यत्) जल शक्तियों को अपनी ही महिमा से प्रथम जिस परमात्मा ने साक्षात्

देखा (यो देवेषु अधि देव एक आसीत्) जो समग्र देवों में एक अद्‌भुत अधिष्ठाता है। उसी आनन्दमय परमात्मा की हम सदा भक्ति-उपासना आदि किया करें।

९-

मा नो हिंसी ज्जनिता यः पृथिव्या—

यो वा दिवं सत्यधर्मा जजान।

यश्चापश्चन्द्रा बृहती र्जजान—

कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥९॥

पद-पाठः—मा। नः। हिंसीत्। जनिता। यः। पृथिव्याः। यः। वा। दिवम्। सत्य ऽ धर्मा। जनान। यः। च। अपः। चन्द्राः। बृहतीः। जजान। कस्मै। देवाय। हविषा विधेम ॥९॥

संस्कृत-व्याख्या—(मा नः हिंसीत् जनिता यः पृथिव्याः)। यः परमात्मा पृथिव्या जनिता जनियता उत्पादकोऽस्ति स नोऽस्मान् मा हिंसीत् न कदापि बाधताम्।(यः सत्य धर्मा दिवं जजान) यः सत्य धर्मा समस्तस्य जगत आधारत्वेन धारकः यो वा समस्तम् आकाशं वायुम् अग्निं जलं चोत्पादयामास। (यः बृहतीः चन्द्राः अपः जजान) यश्च आह्लादनस्वभावा बृहतीः अपः जनयामास। तस्मै परमेश्वराय वयं हविषा विधेम।

टिप्पणी—मा हिंसीत्-(न- माङ् योगे) इत्यद्रभावः। जनिता-जनयिता। 'जनिता मन्त्रे' इति निपातनात्। चन्द्राः-चदि-अचि नुमागमः।

सत्यधर्मा-सत्यं धर्मोयस्य। धर्मः जगतो धारणरूपं कर्मयस्य।

(२) पीटर्सन ने सत्यधर्मा का अर्थ 'विश्वसनीय' किया है।

हिन्दी-व्याख्या—(मानो हिंसीत् जनिता यः पृथिव्याः) पृथ्वी का जनक हमें विध्वंस न करे। (यो वा दिवं सत्य धर्मा जजान) जिस परमात्मा ने आकाश-वायु-अग्नि-जल आदि चमत्कार पूर्ण भूत प्रपंच की रचना की है वह परमेश्वर हमें अबाधित सुख देता रहे। (यश्चापः चन्द्राः बृहती र्जजान) जिस प्रजापति की कृपा से आनन्ददायक जलीय-तत्व की सृष्टि हुई है, उसी प्रभु की लीलाओं का गुण-गान करते हुये सेवा किया करें।

१०— प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो

विश्वा जातानि परि ता बभूव ।

यत्कामास्ते जुहुम स्तन्नो अस्तु

वयं स्याम पतयो रयीणाम् ॥१०॥

पद-पाठ—प्रजापते । न । त्वत् । एतानि । अन्यः । विश्वा । जातानि । परि । ता । बभूव । यत् ऽ कामाः । ते । जुहुमः । तत् । नः । अस्तु । वयम् । स्याम । पतयः । रयीणाम् ॥१०॥

संस्कृत व्याख्या—(प्रजापते न त्वद् एतानि अन्यः विश्वानि जातानि परि बभूव) त्वां विहाय हे जगदात्मन् ! नास्ति कस्याप्यपरस्य शक्ति र्यः इमानि सर्वाणि चराचररूपेणावस्थितानि समग्र-विकारभाज्जि भूतजातानि परि भवति परितो व्याप्य स्थितो भवति । त्वमेव खल्वेतादृशः । त्वमेव विधाता विधर्ता च । (वयं यत्कामाः यत्-यत् कामयमाना वयं ते तुभ्यं जुहुमः हवींषि प्रयच्छामः । (तत् नोऽस्तु) स स कामः अस्माकं सफलो भवतु शुभपरिणामः । तथा (वयं स्याम पतयः रयीणाम्) वयमभ्युदय निःश्रेयस-धनानामधिपतयो भूयास्म ।

टिप्पणी—विश्वा = विश्वानि । ता = तानि । 'शेश्छन्दसि बहुलम्बी ।

(२) जुहुमः का अर्थ भारतीय व्याख्याकारों ने हवि प्रदान करते हैं, पीटर्सन ने 'पुकारते हैं' अर्थ क्रिया है ।

हिन्दी व्याख्या—हे प्रजाओं के स्वामिन् ! (विश्वा जातानि एतानि न त्वद् अन्यः परिवभूव) अन्य किसी में ऐसा सामर्थ्य नहीं है जो कि इस समस्त भवनों के की रचना प्रपंच में अधिव्याप्त हो सके । आप ही अपनी लीला-सामर्थ्य से सहज स्वभाव से ही इन समस्त भुवनों को धारण करके प्रकाशित कर रहे हैं । (यत् कामास्ते जुहुमः) जिस-जिस संकल्प को हृदय में रखकर हम आपकी स्तुति-पूजा-उपासना हवि-सम्प्रदान आदि करते हैं (तद् नोस्तु) वह-वह हमारी कामनयें आपकी असीम कृपा से परिपूर्ण हों । (वयं स्याम पतयो रयीणाम्) हम सब इस संसार में अभ्युदय प्राप्त करें और आध्यात्मिक शान्ति भी हम परमानन्द के साथ प्राप्त हो ।

१०-१२५

वाक्-सूक्तम्

अस्य सूक्तस्य देवता परमात्मा। ऋषि र्वाक् (अम्भृणस्यापत्यं स्त्री) छन्दः-त्रिष्टुप्, द्वितीये तु जगती।

१- अहं रुद्रेभि र्वसुभिश्चरामि-

अहमादित्यैरुत विश्वदेवैः।

अहं मित्रावरुणोभा बिभर्मि-

अहमिन्द्राग्नी अहमश्विनोभा ॥१॥

पद-पाठः—अहम्। रुद्रेभिः। वसुभिः। चरामि। अहम्। आदित्यैः। उत। विश्वदेवैः। अहम्। मित्रा वरुणा। उभा। बिभर्मि। अहम्। इन्द्राग्नी इति। अहम्। अश्विना। उभा ॥१॥

संस्कृत व्याख्या—जगत्वकारणं ब्रह्म, तद्रूपा वाक् सा चैवंभूता रुद्रैरेकादशभिः अहं तदात्मना चरामि, विचरामि। एवं चाहं वसुभिरपि तदात्मना चरामि। अथ च मित्रं च वरुणं च ब्रह्मीभूताऽहमेव बिभर्मि, धारयामि। अहमेव च इन्द्रम् अग्निं च धारयामि। उभौ चाश्विनावपि अहमेव धारयामि। मयि हि सर्वं जगत् ओतं प्रोतं च। वागेव जगदाकारेण विपरिणमते। एतादृश्यां वाचि चाधारत्वेन स्थितायां सर्वस्य जगत उत्पत्तिः।

व्याकरणम्—रुद्रैः इत्यस्य स्थाने रुद्रेभिः। मित्रावरुणा, उभा, अश्विना इत्यत्र लोके भाषायां मित्रावरुणौ, उभौ, अश्विनौ इति प्रयोगः।

हिन्दी व्याख्या—अम्भृण ऋषि की पुत्री वाक् ब्रह्म के साथ तादात्म्य अनुभव करती हुई कहती है (अहं रुद्रेभिर्वसुभिः चरामि) मैं ही रुद्रों, वसुओं के साथ विच-

करती हूं। (एकादश रुद्र, आठ वसु, द्वादश आदित्य और युगलमूर्ति अश्विनी
जाते हैं) (अहम् आदित्यैः उत विश्वदेवैः) मैं ही आदित्यों और विश्वदेवों के
में विचरण करती हूं। (अहं मित्रा वरुणोभा बिभर्मि) मित्र और वरुण देवताओं
मैं ही धारण करती हूं। (अहम् इन्द्राग्नी अहम् अश्विनोभा) मैं ही इन्द्र और
को तथा अश्वि देवताओं को भी मैं ही धारण करती हूं।

२-

अहं सोममाहनसं बिभर्मि--

अहं त्वष्टारमुत पूषणं भगम्।

अहं दधामि द्रविणं हविष्मते

सुप्राव्येउ यजमानाय सुन्वते ॥२॥

पद-पाठः—अहम्। सोमम्। आहनसम्। बिभर्मि। अहम्। त्वष्टारम्।
। पूषणम्। भगम्। अहम्। दधामि द्रविणम्। हविष्मते। सु प्र। आव्ये।
मानाय सुन्वते ॥२॥

संस्कृत-व्याख्या—(आहनसं सोमम् अहम् बिभर्मि) आहन्तव्यम् अभिषोतव्यं
आहन्तारं वा शत्रूणाम् आत्मानं द्योतनात्मके दिवि वर्तमानम् अहमेव बिभर्मि
मि। त्वष्टारं पूषणं भगं चाहमेव बिभर्मि। (अहं दधामि द्रविणं हविष्मते)
हविष्मते हविर्भि र्युक्ताय (सुप्राव्ये यजमानाय सुन्वते) सोमाभिषवं कुर्वते शोभनं
प्रापयित्रे तर्पयित्रे यजमानाय भागफलरूपं प्रविणं धनम् अहमेव दधामि
मि ब्रह्मैव सर्वथाऽत्र फलदातृत्वेन समर्थितम्।

हिन्दी-व्याख्या—आहनन करके अभिषव करने योग्य सोम-रस को अथवा
करने वाले सोम देवता को मैं ही धारण करती हूँ। व्याप्त होने वाले त्वष्टा
को, पोषण करने वाले सूर्य देवता को तथा भजनीय ऐश्वर्य के देवता को भी
धारण करती हूं। (सु प्राव्ये यजमानाय हविष्मते) देवताओं को तृप्त प्रसन्न
वाले एवं सुन्दर हवि पहुंचाने वाले यजमान के लिये फलस्वरुप मैं ही धनवैभव
एवं वृद्धि करती हूँ।

व्याकरणम्—आहनसम्—आहन्तव्यम्। आङ् पूर्वक हन् धातोरसुन्। द्वितीयायाम्। त्वष्टारम्—तृच्, द्वितीया। हविष्मते—हविष्—मतुपि, चतुर्थी। सुप्राव्ये—सुप्रपूर्वकस्य अवधातोः ई प्रत्ययः। चतुर्थी।

सुप्राव्ये का अर्थ पीटर्सन ने 'धार्मिक', राथ ने सतर्क एवं उत्साही किया है।

३-

अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां

चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्।

तां मा देवा व्यदधुः पुरुत्रा—

भूरिस्थात्रां भूर्यावेशयन्तीम् ॥३॥

पद-पाठः—अहम्। राष्ट्री। सम् ऽ गमनी। वसूनाम्। चिकितुषी। प्रथमा यज्ञियानाम्। ताम्। मा। देवाः। वि। अदधुः। पुरु ऽ त्रा। भूरि ऽ स्थात्राम् भूरि। आ ऽ वेशयन्तीम् ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—अहं सर्वस्य संसारस्य राष्ट्री राष्ट्राभिमानिनी देवता तथा वसूनां निवासहेतूनां धनानां भक्तानां वा संगमनी गमयित्री प्रापयित्री। चिकितुषी। चेतनाविषयं यत् परं ब्रह्मचैतन्यं तद्विषयकज्ञानवती साक्षात्कारिणी। अत एव यज्ञार्हा देवा स्तेषु प्रथमा उत्तमा। तामेवं विधां मां भूरिस्थात्रां बहुधाप्रकारे प्रपञ्चात्मनाऽवस्थितां भूरि भूरीणि बहूनि भूतजातानि जीवभावेन आत्मानं प्रवेशयन्ती मामीदृशीं पुरुत्रा बहुषु स्थानेषु देवा व्यदधुः। विदधति परिचरन्ति। विश्वरूपता मास्थाय विराजमानत्वात्। यत् किमपि ते कुर्वन्ति तत्सर्वं कृत्वा मामेव परिचरन्ति।

व्याकरण—राष्ट्री मतुबर्थे इनि। स्त्री लिंगम्। संगमनी–संपूर्वागमे—ल्युट् ङीप्। चिकितुषी—कित–निवासे क्वसु, ङीप्। यज्ञियानाम्—यज्ञमर्हति, घ। इय् पुरुत्रा—त्रल् –टाप्। भूरिस्थात्राम्—स्था–तृच्––टाप्। लोके दीप्–भूरिस्थात्री राथ, लुड विग, ग्रासमान ने चिकितुषी का अर्थ जानने वाली किया है। यज्ञिय का अर्थ 'देवता' करते हैं।

हिन्दी-व्याख्या—(अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्) मैं ही सारे जगत की ...ष्ट्राभिमानिनी देवता हूँ। निवास चाहने वाले भक्तों, उपासकों एवं समग्र ऐश्वर्यों ...मैं ही अधिष्ठात्री (=प्रापयित्री, संगमन कराने वाली हूं।) (चिकितुषी प्रथमा ...ज्ञियानाम्) समस्त देवों में सर्वोत्तम मैं हूं क्योंकि मैं ही प्रथम ब्रह्म का साक्षात करने ...ली हूं। (भूरि स्थात्रां भूरि आवेशयन्तीं तां मा देवाः पुरुत्रा व्यदधुः) बहुत से ...लों पर रहने वाली तथा सब कुछ अपने में समेट लेने वाली ही मुझको जानकर ...ों में सर्वत्र ही मुझे स्थान दिया है। सर्वत्र मेरी ही पूजा-प्रशंसा होती है।

४—

मया सो अन्नमत्ति यो विपश्यति,

यः प्राणिति य ईं शृणोत्युक्तम्।

अमन्तवो मां त उपक्षियन्ति,

श्रुधि श्रुत श्रद्धिवं ते वदामि ॥४॥

पद-पाठः—मया। सः। अन्नम्। अत्ति। यः। वि ऽ पश्यति। यः। ...णिति। यः। ईम्। शृणोति। उक्तम्। अमन्तवः। माम्। ते। उप। क्षियन्ति। ...धि। श्रुत। श्रद्धिवम्। ते। वदामि ॥४॥

संस्कृ-व्याख्या—यो ऽयि भोग्यं भुनक्ति स भोक्तृ शक्ति परया मयैव शक्ति-...साद्य अन्नमत्ति। न मया विना कोऽपि उपस्थितमपि भोगं भोक्तुं समर्थः। यो ...पश्यति यो वा प्राणिति यो वा उक्तं शृणोति एते सर्व एव द्रष्टारः श्वासव्यापार-...राः श्रोतारो वा मत्त एव शक्तिमासाद्य विविधं पश्यन्ति जिघ्रति शृण्वन्ति वा। ...मीमन्तर्यामितया सर्वशक्ति शालिनीं मां ये अमन्तवः अमन्यमानास्त उपक्षियन्ति ...क्षीणा भवन्ति। मद्विषयकज्ञानरहिताः संसारदशायां क्षीणाः सन्तो दुःख माप्नु-...न्ति। अत एव हे श्रुत! बहुश्रुत! विश्वासयोग्य मे वचनं शृणु। मदीयं वचनं ...द्धिवम्=श्रद्धायुक्तम्। ईदृशं श्रद्धालभ्यं प्रयत्नेन प्राप्यं वस्तु ब्रह्मात्मकं त उप-...दामि।

व्याकरणम्—अमन्तवः-नञ्पूर्वस्य मन्धातोः तुः, बहुवचने। श्रुधि—श्रु धातो र्लोटि मध्यमपुरुषैकवचने वैदिकं रूपम्। श्रद्धिवम्=श्रदा—श्रद्धि—मतुवर्थे व प्रत्ययः। केशवः, अर्णव इति यथा।

लुडविग, ग्रासमान, राथ ने श्रुत और श्रद्धिव को जोड़कर कर्मधारय माना है। उनका अर्थ—जो प्राचीन परम्परा से श्रुत एवं श्रद्धा के योग्य है।

हिन्दी-व्याख्या—यो विपश्यति, यः प्राणिति, य ईं शृणोति—उक्तम् इस संसार में जो कि विविध प्रकार से देखता है, जो सत्ता के लिये श्वासधारी है अथवा जो कही गयी बात को श्रवण-शक्ति से सुनता है; यह सब सारा व्यापार मेरे ही कारण से होता है। मैं ही शक्ति देती हूं तभी (मयासोऽन्नमत्ति) प्राणी अन्न-भोग में सामर्थ्य पाते हैं। (अमन्तवो मां त उपक्षियन्ति) जो इस प्रकार अन्तर्यामिरूप अन्तस्थित होकर शक्ति प्रदान करने वाली मुझको नही मानते वे नाना प्रकार से उपक्षीण होकर दुःख उठाते हैं। (श्रुत श्रुधि श्रद्धिवं ते वदामि) श्रवण में निपुण हे मानव! तू सुन। तेरे लिये श्रद्धामय वचन मैं बोल रही हूं।

५—

अहमेव स्वयमिदं वदामि

जुष्टं देवेभिरुत मानुषेभिः।

यं कामये तं तमुग्रं कृणोमि

तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम् ॥५॥

पद-पाठः—अहम्। एव। स्वयम्। इदम्। वदामि। जुष्टम्। देवेभिः। उत। मानुषेभिः। यम्। कामये। तम्ऽतम्। उग्रम्। कृणोमि। तम्। ब्रह्माणम्। तम्। ऋषिम्। तम्। सुऽमेधाम् ॥५॥

संस्कृत-व्याख्या—अहमेव स्वयं ब्रह्मात्मकमिदं प्रीत्यासेवन-योग्यं वदामि—उपदिशामि। ममैतद्वचनं देवैरिन्द्रादिभिः मानवैश्च सम्यक् सेवितम्। यं यं रक्षितुमहमिच्छामि तं तं पुरुषमहमुग्रं प्रकर्षं करोमि। तं ब्रह्माणं स्रष्टे विधातारं तं

व ऋषिं कृणोमि येनासौ अतीन्द्रियानपि पदार्थान् पश्यति। तमेव सुमेधां शोभन-प्रज्ञानं संपादयामि।

व्याकरणम्—जुष्टम्—जुष धातोः क्तः। देवेभिः मानुषेभिः देवैः, मानुषैः। वैदिकप्रयोग। सुमेधाम्—सुमेधसम्।

हिन्दी-व्याख्या—इन्द्र आदि देवता तथा श्रेष्ठ मानव जिस ब्रह्म की प्रीति-पूर्वक सेवा करते हैं, उस आदि ब्रह्म का निर्देश मेरे द्वारा ही होता है। यह मेरी (वाग्देवी) की ही कृपा है कि जिसको-जिसको मैं चाहती हूं उसको-उसको बलाधिक बना देती हूं। विधाता की शक्ति, ऋषि की दृष्टि और देवता की प्रज्ञा मैं ही तो हूं।

६—

अहं रुद्राय धनुरातनोमि

ब्रह्मद्विषे शरवे हन्तवा उ।

अहं जनाय समदं कृणोमि—

अहं द्यावापृथिवी आ विवेश ॥६॥

पद-पाठः—अहम्। रुद्राय। धनुः। आ। तनोमि। ब्रह्म ऽ द्विषे। शरवे। हन्तवै। ॐ इति। अहम्। जनाय। स ऽ मदम्। कृणोमि। अहम्। द्यावाप्रथिवी। इति। आ। विवेश ॥६॥

संस्कृत-व्याख्या—अपकारिषु रुद्राय अहमेव धनुष्सुसंधानं करोमि येन समर्थः सन्नसौ ब्रह्मद्विषे ब्रह्म विद्वेषिणे हननप्रबलो भवति। त्रिपुर निवासिनो ऽसुराश्च विहता भवन्ति। स्तोतृजयार्थं संग्राममहमेव करोमि। दिवं च पृथिवी च व्यापितया ऽ हमेव प्रविश्य स्थिता वर्ते।

व्याकरणम्—रुद्राय—षष्ठ्यर्थे चतुर्थी। ब्रह्मद्विषे—ब्रह्म + द्विष् + क्विप्। चतुर्थी। शरवे—शृ हिंसायाम्—उ प्रत्ययः। चतुर्थी। हन्तवै—तुमर्थे तवै। समदम्-समानं माद्यन्त्यस्मिन्निति समत्संग्रामः।

पीटर्सन ने ब्रह्म का अर्थ परमात्मा, शरु का अर्थ वाण किया है।

हिन्दी व्याख्या— ब्रह्म द्वेषी असुरों के वध के लिये मैं ही रुद्र की प्रत्यंचा को चढ़ाती हूँ। मैं ही उपासकों के कल्याण के लिये संग्राम करती हूँ। मैं ही द्यु लोक तथा पृथ्वी लोक में व्याप्त हूँ। त्रिपुर निवासी असुरों का विध्वंस मैं ही करती हूँ।

७-

अहं सुवे पितरमस्य मूर्धन्,

मम योनिरप्स्व १ न्तः समुद्रे।

ततो वितिष्ठे भुवनानु विश्वा—

उतामूं द्यां वर्ष्मणोपस्पृशामि ॥७॥

पद पाठः—अहम्। सुवे। पितरम्। अस्य। मूर्धन्। मम। योनिः। अप् ऽसु। अंन्तरिति। समुद्रे। ततः। वितिष्ठे। भुवना। अनु। विश्वा। उत। अमूम्। द्याम्। वृष्मणा। उप। स्पृशामि ॥७॥

संस्कृत व्याख्या— अहं पितरं दिवं प्रसुवे उत्पादयामि। द्यौः पिता। समुद्रवन्ति भूतजातान्यस्मादिति समुद्रः परमात्मा। अस्य परमात्मनो मूर्धनि परम-कारण भूतेऽन्तरिक्षादि कार्यजात तन्तुषु पट इवाहं जनयामि तत्राप्सु व्यापनशीलासु धीवृत्तिष्वन्तर्मध्ये यद् ब्रह्म चैतन्यं तदे मम योनिः कारणम्। एवंभूताऽहं विश्वानि भुवनानि सम्यगनुप्रविश्य विविधं व्याप्य तिष्ठामि। उतापि च स्वकीयेन वर्ष्मणा कारणभूतेन मायात्मकेन शरीरेण समग्रं विकार जातमुपस्पृशामि यद्वा—अस्य भूत-मात्रस्य मूर्धनि पितरमाकाशमह मुत्पादया समुद्रे चोदकेषु मम कारणभूतोऽम्मयेषु देवशरीरेषु परम विद्यते। एवं कारणात्मिका सती सर्वाणि भुवनान्यह जनयामि।

व्याकरणम्—मूर्धन्—मूर्धनि। वर्ष्मणा शरीरेण—वृषु सेचन मनिन्। तृतीया।

राथ ने वर्ष्मणा का अर्थ उच्चतम स्थान किया है।

हिन्दी-व्याख्या—इस भूत मात्र की मूर्धा पर मैं आकाश को देती हूँ जो कि जगत् का आदि पिता है। मेरा मूल कारण ब्रह्म है कि प्राणिमात्र का मूल कारण है। परमकारण रूप आकाश से ही तन्तुओं से पट के समान जगत की सृष्टि होती है। मैं ही किसी प्रकार से व्याप्त होकर सकल भुवन में अनुप्रवेश कर रही हूं। मैं ही अपने मायामय शरीर से समग्र विकारों का स्पर्श कर रही हूं।

८—

अहमेव वात इव प्रवामि—

आरभमाणा भुवनानि विश्वा।

परो दिवा पर एना पृथिव्या—

एतावती महिना सबभूव ॥८॥

पद-पाठः—अहम् । एव । वातः ऽ इव । प्र । वामि । आ ऽ रभमाणा । भुवनानि । विश्वा । परः । दिवा । परः । एना । पृथिव्या । एतावती । महिना । सम् । बभूव ॥८॥

संस्कृत-व्याख्या—(अहम् एव वात इव प्रवामि) यह वातः परेणा—प्रेरितोऽपि स्वेच्छयैव प्रवाति तथाऽहमपि सर्वाणि भूतजातानि कार्याणि आरभमाणा कारणरूपेण जनमन्ती स्वयमेवाप्रेरिता सती प्रवृत्ता भवामि। दिव आकाशस्य परस्तात् अस्याः पृथिव्याः च परस्तात्=एतत्सहिता, समस्तादेव विकारजातात् सङ्गोदासीनकूटस्थब्रह्म चैतन्यरूपा ऽहं स्वकीयेन महिना महिम्ना एतावती संबभूव सर्वजगदात्मनाऽहं संभूता प्रवृत्ता चास्ति।

व्याकरणम्—आरभमाण—आपूर्वस्य रभेः शानच्, टाप्। परः परस्तर्थें। एना—इदम् शब्दस्यान्वादेशे एना—एनेन। तृतीय एतावती—एतत्—मतुप्—ङीप्। 'आ सर्वनाम्नः' इत्याकारादेशः महिना—महत् इमनिच्। तृतीया। महिम्ना।

हिन्दी-व्याख्या—किसी भी प्रेरणा के बिना ही मैं पवन के समान स्वेच्छा से कारण रूप में अवस्थित होकर समस्त भूतमात्र का सृजन करती हूँ। पृथ्वी से भी आगे और आकाश से भी आगे व्याप्त होकर ब्रह्म चैतन्य रूप में अवस्थित मैं अपने कार्य में व्यापृत और प्रवृत्त होती हूँ। अपनी ही स्वयम्भू नाम से मैं सबको अतिक्रान्त करती हुई महान् परिणाम कार्य करती हूँ।

नासदीय-सूक्तम्

अस्यां सृष्टेः प्रागवस्थायां शास्त्रकारा विवादं तन्वते। केचन् तावदाहुः असतः सज्जायते नानुपमृद्य प्रादुर्भावात्। अर्थात् क्षेत्रे निर्गलितादेव बीजाद् अङ्कुरोत्पत्ति दृश्यते, ते मन्यामहे असतएव कारणात्सज्जायते। बौद्धानां वचनं मण्डयन्तः खण्डयन्तश्च नैयायिका आहुः—असत एव सज्जायते, यतः कार्या, प्रागवस्थायां कार्यमसद्रूपेणैवावस्थितमासीत् यद्यभविष्यत्कार्यं तदा कारणसामग्रया आवश्यकतैव का? अतो निमित्तरूपेणोपादानरूपेणावस्थितया कारणशक्त्या किमपि व्यापारदृशा कार्यं सम्पादितमतः कार्यरूपस्य जगत उत्पत्तिर्जाता। वेदान्तिनस्त्वाहुः एकं समग्रं ब्रह्मैव सद्वस्तु, अन्यत् सर्वम् असत् अतः सतः खल्वसज्जायते। सांख्यवृद्धास्त्वाहुः सत एव सज्जायते यतो हि पूर्वोक्तेषु सिद्धान्तेषु प्रधानं न सिद्ध्यति—प्रधीयते ऽस्मिन् कारणसामग्रीति। अतः सतः कारणात् सद्रूपा सृष्टिरुचिता यथा दुग्धाद् दधि, तिलात् तैलम्, काष्ठाद् अग्निरिति।

एवं दर्शनबीजमुदभावयन्ती श्रुति राह—

प्रस्तावना—हिन्दी—इस सृष्टि की प्रागवस्था के बारे में शास्त्रकारों ने बहुत से सम्भावित प्रश्न उठाये हैं। बौद्धों का कहना है कि 'असत् से ही सत् की उत्पत्ति होती है। बीज जब तक गल नहीं जाता अंकुर की उत्पत्ति नहीं हो सकती। इसी प्रकार सृष्टि की प्रागवस्था असद् रूप में ही थी। नैयायिक कहते हैं कि असत् से ही सत् की उत्पत्ति होती है क्योंकि कार्य व्यापार से पहले यह कार्य-जगत् नहीं था। यदि था तो सृष्टि की आवश्यकता ही क्या थी? अतः यह प्रमाणित होता है कि कारण सामग्री ने निमित्त रूप से अथवा उपादान रूप से कुछ कार्य प्रस्तुत किया जिससे कि सृष्टि की उपस्थिति हुई। वेदान्ती इन समस्त पक्षों का विरोध करते हैं। उनका कहना है कि सृष्टि की यह सद्रूपता असद्रूपता का ही उल्लास है क्योंकि ब्रह्म ही एक सद्वस्तु है। यह अस्ति-भाति-प्रीणाति रूप जो

सृष्टि का है, यह सब ब्रह्म ही के कारण है। यह जगत् शिव के बिना शव है। अतः सत् से असत् की उत्पत्ति होती है। सांख्याचार्य इन सभी पक्षों का विरोध करते हैं। उक्त तीन कल्पों को स्वीकार कर लेने पर 'प्रधान' की सिद्धि नहीं हो सकती क्योंकि प्रधान उसे कहते हैं जिसमें कारण सामग्री रक्खी जाये। इस कारण सत् से ही सत् की उत्पत्ति माननी चाहिये जैसा कि दूध से दही, तिल से तेल तथा काष्ठ से अग्नि की सिद्धि मानी जाती है।

१– **नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं**

नासीद्रजो नो व्योमा परोयत्।

किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्-

नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम् ॥१॥

पद-पाठः—न। असत्। आसीत्। नो इति। सत्। आसीत्। तदानीम्। आसीत्। रजः। नो इति। वि ऽ ओम। परः। यत्। किम्। आ। अवरीवरिति। कुह। कस्य। शर्मन्। अम्भः। किम्। आसीत्। गहनम्। गभीरम् ॥१॥

संस्कृत-व्याख्या—इदानीं निरस्तसमस्तप्रपञ्चा प्रलयावस्था सृष्टेः प्रागवस्था वा वर्ण्यते। तदानीं प्रलयकालीने समये जगतो मूलं कारणं यदासीत्तदसद् रूपेण विद्यमानं नासीत्। न खलु तस्मात्तादृशादसतः कारणात् सद्रूपेण विद्यमानस्य जगतः सृष्टिः सम्भवति। अस्तु तर्हि 'सदेव सोम्य' इति निर्देशात् सदात्मकं निर्वाच्यं कारणं स्यात्। श्रुतिराह—नो सदासीत् तदानीम्' तदानीं सृष्ट्युत्पन्न वेलायां कल्याणप्रचुरं कारणं सदात्मभूतमपि नो नैवासीत्। सदसदात्मकं विलक्षणमेव सृष्टिप्रपञ्चरूपमेतत्। तम—आसीत्तमसा गूढमिति प्रतिपादयिष्यते। पृथिव्यादीनां भावानां सत्ता तदा स्वीकारात् कथं 'नो सद' इत्युच्यते? तत्राह—'नासीद् रज' इति 'लोका रजांस्युच्यन्ते' (निरु० ४-१९) सामान्येनैकवचननिर्देशः। पृथिव्यन्ताः सर्वे लोका नासन्नित्यर्थः। अथ च व्योम आकाशं तदपि नो नैवासीत्। परो व्योम्न आकाशादपि परः परस्तात् किमपि नासीत्। अनेन लीलाभाञ्जि चतुर्दश भुवनानि

ब्रह्माण्डरूपाणि सर्वाण्ये सद्रूपेण निषिद्धानि । एवम् आवार्यरूपं किमपि नासीत् तर्हि तस्यावरकरूपमपि निषिद्धं भवति । 'किमावरीवः' इति । आव्रियमाणरूपमावरकरूपं किमपि तत्वं तदा नासीत् । 'कुह' कुत्र देशे स्थित्वाऽऽवरकतत्वमावृणुयात् ? कोऽप्याधारोऽपि नासीदित्यर्थः 'कस्य शर्मन्' कस्य भोक्तुर्जीवस्य सुखदुःखसाक्षात्कारा‌य शर्मणि निमित्तमासाद्य तदावरकं तत्वमावृणुयात् ! भोक्तृ प्रपञ्चस्य भोगार्था हि सृष्टिः । सत्यामेव सृष्टौ ब्रह्माण्डस्य भूतैरावरणमुचितम् । प्रलयदशायां तु जीवाः प्रलयं गता उपाधेरयावात् । अतो न कश्चिद् भोक्ता नापि भोग्यम् । भोक्तृप्रपञ्च भोग्यप्रपञ्चे तदा नैवास्ताम् । 'इदमग्रे सलिलमासीत्' (तै० स० ७-१-५-१) इति श्रुत्या सलिलस्य सद्भावोऽपि नासीदित्युक्तम् -- अम्भः किमासीत् गहनं गभीरं किमम्भस्तदानीमगाधमासीत् । नैवासीत् । सृष्टेरनन्तमेव सलिलं न ततः प्रागिति ।

व्याकरण्—किमावरीवः वृणोते र्यङ्लुङन्ताच्छन्दसि लङि तिपि । कुह किं शब्दात् सप्तम्यर्थे ह प्रत्ययः । कु तिहोः (७-२-१०४) शर्मन् शर्मणि । सप्तम्या लुक् 'सुपां सुलुक्' ।

मैक्डानल ने 'रजः' का अर्थ वायु और 'शर्मन्' का अर्थ रक्षा किया है ।

हिन्दी व्याख्या— इस सूक्त का परमेष्ठी प्रजापति ऋषि है, देवता— परमात्मा (उत्पत्ति-स्थिति-प्रलय का कर्ता) छन्दः—त्रिष्टुप् ।

'तदानीं न असद् आसीत्' सृष्टि उत्पत्ति से पहले प्रलयावस्था में 'असत्' अभाव रूप कुछ भी तत्व नहीं था । (न सद् आसीत्) और सत्ता रूप में भी विराजमान कोई तत्व नहीं था । (न रजः आसीत्) पृथ्वी आदि कोई लोक सत्ता में नहीं थे । (न व्योमा परो यत्) आकाश और आकाश से परे भी कुछ नहीं था । (किम् आवरीवः) आवरण करने वाला तत्व भी नहीं था । 'कुह' किस आधार पर अवस्थित होकर आवरक-तत्व आव्रियमाण-तत्व का आवरण करें ? (=न कोई ढकने योग्य वस्तु ही थी और न तो उसका कोई ढक्कन ही था) 'कस्य शर्मन्' किसकी सुख-सुविधा के लिये यह सृष्टि कार्य करे जबकि सभी जीव अपने-अपने कारण में लीन थे ? यद्यपि सावरण ब्रह्माण्ड का निषेध हो जाने से उसके अन्तर्गत सलिल तत्व का भी निराकरण हो गया फिर भी सृष्टि के आदि में जल तत्व की सत्ता का वर्णन आता है अतः जल की सत्ता की भी आशंका दूर करते हैं 'किं गहनं गभीरम् अम्भः आसीत्) यह गहन-गंभीर सलिल क्या था ? वह भी नहीं था । सृष्टि के अनन्तर ही सलिल आदि की सत्ता का निरूपण हो सकता है. पहले नहीं ।

२—

न मृत्यु रासीदमृतं न तर्हि

न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः ।

आनीदवातं स्वधया तदेकं

तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास ॥२॥

पद-पाठः—न । मृत्यु । आसीत् । अमृतम् । न । तर्हि । न । रात्र्याः । अह्नः । आसीत् । प्र ऽ केतः । आनीत् । अवातम् । स्वधया । तत् । एकम् । तस्मात् । ह । अन्यत् । न । परः । किम् । चन । आस ॥२॥

संस्कृत-व्याख्या—अस्याः सृष्टेः संहारदशायां सर्वमेवादर्शनं गतमित्युक्तम् । तर्हि कोऽपि संहर्ता सृष्टेः कवलयिता कोऽपि महाकालः स्यात् । स च प्रधानभूतो मृत्यु विद्यत एव । आह—'न मृत्युः आसीत्' कुतः संहर्त्रपेक्षा ? मृत्यु रेव नासीत् । एवं तर्हिः मृत्योरभावरूपम् अमृतं स्यात् ? श्रुतिराह—(अमृतं न तर्हि) तदानीम् मृत्योरभावात्मकं तत्दम् अमृतमपि नासीत् । अस्तु तर्हि महाकालरूपा रात्रिः स्याद् अथवा प्रकाशात्मकं दिनं स्यात् 'न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः) प्रकेतः प्रज्ञानं तदानीं रात्र्या अह्नो वा प्रज्ञानं नासीत् । तद्धेतुभूतयोः सूर्याचन्द्रमसोरभावात् सर्वेषां प्राणिनां भोगहेतुभूतं परिपक्वं कर्म फलोपमुक्तमासीत् तदानीं भोगाभावाद् भोक्तृ-प्रपंचस्य प्रलीनाच्च सर्व भोग्यं निष्प्रयोजनमेवासीत् । तदैव संजिहीर्षा जायते । अत एवोक्तम्—

यस्य ब्रह्म च क्षत्रं चोभे भवत ओदनम् ।
मृत्युर्यस्योपसेचनं क इत्था वेद यत्र सः ॥ क० उ० ३–२५

(आनीत् अवातम्) तदा एकमेवाद्वितीये ब्रह्म प्राणितवत् । ननु प्राणन क्रिया जीव धर्म इति कथं ब्रह्मणि निरूप्यते ? आह—'आनीत्' इति कथनेन क्रियाव्यापारः, तत्कारणं, कालसम्बन्धश्च द्योतन्ते । 'अप्राणो ह्यमनाः शुद्ध' इति निर्देशात्' स शुद्धः प्राणसम्बन्धाभावात् । इदानीमिति कीर्तितं यद् ब्रह्म तस्यैव प्रागपि सत्ता विधीयते । एवं तर्हि एवं विधस्य ब्रह्मणो मायया सह सम्बन्धाभावात् सांख्याचार्यैरभिमता स्वतंत्रा सद्रूपा प्रकृतिरेव सत्वरजस्तमोबहुनाऽन्वाख्यातेति चेत् कथं 'नो सत्' इत्युच्यते । उच्यते—'स्वधया तदेकम्' स्वस्मिन् धीयते ध्रियते आश्रित्य वर्तते इति स्वधा माया । तया तद् ब्रह्म एक मिश्रीभूतम् अविभागापन्नमासीत् । ननु—आनीदवातमिति स्वधया इति दग्—दृश्यरूपमुभयं स्वीक्रियते चेत् 'नासीद् रजः' इत्यादिना कथं प्रतिषेधः क्रियते ? अत आह—'तस्माद्धान्यन् न परः किंचन आस ।

तस्मात् स्वधा (माया) सहिताद् ब्रह्मणो नान्यत् किंचन वस्तुतत्वमासीत्। परः परस्मात् वर्तमानमिदं जगत् तदानीं नैवासीत्।

व्याकरणम्—प्रकेतः—प्र + कित ज्ञाने घञ्। स्वधया तदेकम्—सह युक्ते ऽप्रधाने (२-३-१९) इति तृतीया। सह शब्दयोगाभावे ऽपि वृद्धो यूना (१-२-६५) इति निर्देशात्।

मैक्डानल के अनुसार आनीत का अर्थ श्वास लेने वाला। अवातम् का अर्थ वायु से रहित। स्वेधया का अर्थ अपनी शक्ति से।

हिन्दी-व्याख्या—(न मृत्युः आसीद् अमृतं न तर्हि) उस प्रलय काल में जगत का संहार करने वाली मृत्यु नहीं थी और न तो मृत्यु का अभाव रूप अमृत ही था। रात्रि और दिन का भी कोई संकेत नहीं मिल रहा था (न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः) क्योंकि सूर्य-चन्द्र का भी कहीं पता नहीं था। फिर भी यह तदानीम् = उस समय यह प्रयोग गौणरूप से ही किया गया है। (आनीद् अवातम् स्वधया तद् एकम्) केवल एक ब्रह्म तत्व ही निष्क्रिय होकर प्राणवान् स्थिति में अपनी माया के साथ मिश्रित था = पृथक्-पृथक् इनका विभाग नहीं हो रहा था। अविभक्त होकर दोनों 'एक' में अवस्थित थे। (तस्माद् ह अन्यत् न परः किंचन आस) उस मायामिश्रित ब्रह्म से भिन्न कुछ भी अनुभूयमान नहीं था। उससे आगे भी अविभागापन्न अवस्था के कारण कुछ भी प्रतीत नहीं होता था।

३—

तम आसीत्तमसा गूल्हमग्रे—

ऽप्रकेतं सलिल सर्वमा इदम्।

तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत्

तपसस्तन्महिना जायतैकम् ॥३॥

पद-पाठः—तमः। आसीत्। तमसा। गूल्हम्। अग्रे। अ प्र ऽकेतम्। सलिलम्। सर्वम्। आः। इदम्। तुच्छ्येन। आभु। अपि ऽहितम्। यत्। आसीत्। तपसः। तत्। महिना। अजायत। एकम् ॥३॥

संस्कृत-व्याख्या—'अग्रे' सृष्टेः प्रागवस्था या मिदं जगत् (तमसा गूढम तम ...सीत्) आसीददं तमोभूतमिति मनो निर्देशात् । तमसा ऽ अन्धकारेण गूढम् आवृतं ...एव आसीत् । अत्र शङ्कोदेति—यदि जगदिदं नासीत कथं तर्हि जगतो जन्म ...जनि ? कारणस्य च नियतपूर्ववर्तित्वात् सर्व एव भोग्य प्रपंचो भोक्तृप्रपञ्चश्च ...द्धो भवति । उच्चते='स्वधया तदेकम्' इति प्रतिपिपादयिषया सृष्टेः कारणं ...इति प्रतिपादितम् अधुना तदेव सप्रपञ्चं निरूप्यते । तम एव भावरूपम् अज्ञान ...कारणनावस्थितम् आसीत् (अप्रकेतं सलिलं सर्वम आ इदम्) तच्च तमः अप्रकेतम् ...ज्ञायमानम् सलिलम् सरणशीलं जलमिवेदं सर्वं दृश्यमानं जगद् आः आसीत्) ...च्छयेन आभु अपिहितं यद् आसीत्) आसमन्ताद् भवतीति आभु, तुच्छयेन तुच्छ-...येन निःसारेण भावरूपात्यकेन अज्ञानेन अपिहितम् आच्छादितम् एकम् एकीभूतम् ...विभागापन्नम् विद्यमानम् आसीत् । कारणरूपेण तमसा पृथाभूतं न ज्ञायतेस्म । ...पसः तद् महिना अजायत एकम्) सृष्टि व्यापारपर्यालोचनरूपस्य तपसः महिना ...म्ना महात्म्येय तद् एकीभूतम् अजायत प्रज्ञायमानायाम् अवस्था यामागातम् ।

व्याकरणम्—सलिलम्—षल गतौ—इलच् । आः अस्ते—

मैक्डानल ने लँङि 'आः इदम्' का अर्थ भावरूप में आने वाला किया है । ...पसः' का अर्थ उष्णता तथा महिना का अर्थ शक्ति किया है ।

हिन्दी-व्याख्या—(तम आसीत् तमसा गूढम् अग्रे) पहले प्रलय दशा में सारा ...त् तम=अज्ञान से आच्छादित था । यह जगत् में मूल कारण में अवस्थित 'तम' ...में ही था, जैसा कि मनु कहते हैं—

आसीदिदं तमोभूतमप्रज्ञातमलक्षणम् ।
अप्रतर्क्यमनिर्देश्यं प्रसुप्तमिव सर्वतः ॥१—५॥

जिस प्रकार रात्रि का घना अन्धकार सारे पदार्थों को आवृत कर लेता है ...ी प्रकार दृक् शक्ति तथा दृश्य दोनों ही अन्धकार से आवृत थे । आत्मा का ...वरक होने के कारण यह अज्ञान (ज्ञान का अभाव नहीं अपितु) भावात्मक था । ...ी तम कारण के रूप में अवस्थित होकर जगत् का आच्छादक बना । उस ...च्छादक तम से पृथक् होकर नाम-रूप में इस जगत् का आविर्भाव ही इसका जन्म ...लाया । इससे कारण अवस्था में असत् रूप में अवस्थित कार्य की उत्पत्ति होती ...इस कथन का प्रत्याख्यान हो गया । असत्कार्यवादी यह कह रहे थे कि असत् से ...की उत्पत्ति होती है । यहाँ पर फिर यह शङ्का उठती है कि आवरक तो तम है ...र यह जगत् आवृत है, दोनों में (जगत् कर्म, तम कर्ता) एकात्मकता कैसे मानी ...य? इसी हेतु कहा—अप्रकेतम्=कुछ भी जाना-पहिचाना नहीं जाता था । ...पि यह बात युक्ति से सिद्ध की जा सकती है कि तम के द्वारा जगत् आवृत था ...र भी व्यवहार दशा में नाम-रूप आदि का प्रत्यक्ष दर्शन नहीं हो रहा था । ...नहीं प्रत्यक्ष दर्शन हो रहा था ? (सलिलं सर्वम् आः) सभी जगत् कारण से ...त था । विभागापन्न—अवस्था में नहीं था । जिस प्रकार दूध के साथ अवि-

भागापन्न—अवस्था में सलिल (जल) का ज्ञान सुगम नहीं है इसी प्रकार तम से मिश्रित जगत् का ज्ञान आशक्त था। तुच्छ्येन आभु अपिहितं यद् आसीत्) क्षीर के समान तम भी बलवान् है, फिर तो अशक्त जगत् का प्रादुर्भाव ही संभव नहीं—इस हेतु कहा—तुच्छ सदृश सत् और असत् से विचित्र भाव रूप अज्ञान से 'अपिहितम्' यह जगत् आच्छादित था। (तपसः तद् महिना ऽ जायत एकम्) कारण रूप तम से मिश्रित यह जगत् अपने सृष्टा के माहात्म्य से प्रकट हुआ। कहा भी है—यः सर्वज्ञः सर्वविद्यस्य ज्ञानमयं तपः।

४—

कामस्तदग्रे समवर्तताधि

मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्।

सतो बन्धुमसति निरविन्दन्

हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा ॥४॥

पद-पाठः—कामः। तत्। अग्रे। सम्। अवर्तत। अधि। मनसः। रेतः। प्रथमम्। यत्। आसीत्। सतः। बन्धुम्। असति। निः। अविन्दन्। हृदि। प्रति ऽ इष्य। कवयः। मनीषा ॥४॥

संस्कृत-व्याख्या—अधुना पुनः पृश्न उदेति जगतः पुनरुत्पत्तौ किं कारणम्? उच्यते (कामः तद् अग्रे समवर्तत) अस्य विकाररूपेणावस्थितस्य जगतः प्रागवस्थायां परमात्मनो मनसि कामः समवर्तत। काम एवाजायत। स्रष्टुश्चेतसि सर्जनाय संकल्पः समजनि। 'मनसो रेतः प्रथमं यद् आसीत्' मनसो ऽन्तः करणस्य मायायां विलीने सति वासनाशेषतया ऽन्तः करणे समवेतं रेत एव कारणपक्षे निक्षिप्तम्। अथ सामान्येनैकवचनम्। सर्वेषां प्राणिनामन्तः करणे संगृहीतम् इति यावत्। गुणो मनसो धर्मः, नात्मन इत्येतेनोक्तं भवति। तादृशं भाविनः प्रपञ्चस्य बीजभूतं रेतः कारणमासीत्। तच्च यद्यत् प्राणिभिः प्रथमे कल्पे कृतं कर्म परिणामोन्मुखमासीत्, तदेव ऋतमित्युक्तम्। (मनसो रेतः प्रथमं यद् आसीत्) तदेव परिपक्वं तत् फलोन्मुखं

वर्धमानम् आसीत् । अत एव सर्वाध्यक्षस्य सर्वसाक्षिणः परमात्मनश्चेतसि सिसृक्षा जाता उक्तं च (सो ऽकामयत बहु स्याम् तै० आ० ८-६) सतो बन्धुम् असति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्य कवयो मनीषा' सत्तात्मकस्य सर्वजनानुभूयमानस्य जगतो बन्धुं बन्धन हेतु भूतं कल्पान्तरे प्राणिभिः कृतं कर्मसमूहं कवयः क्रान्तदर्शिन ऋषयः अतीतानागतवर्तमानविषयायाभिज्ञा हृदि हृदये निरुद्धया मनीषया बुद्धया प्रतीष्य सम्यङ् निभाल्य असति सद्विलक्षणे ऽव्याकृते कारणे निरविन्दन् निष्कर्षतया-ऽलभन्त । सम्यक् प्रकारेण निष्कृष्य अजानन् ।

व्याकरणम्—प्रति + इष् ल्यप् ।

